अधिकतम 16 डिग्री से.
न्यूनतम 06 डिग्री से.
सूर्योदय 7.21
सूर्यास्त 5.43
सोना 24 कैरेट: 1,44,150.00
चांदी (प्रति किलो): 2,90,000
सेंसेक्स : 83,382.71
अमेरिका : 90.31
कैनेडियन : 65.04
आस्ट्रेलिया : 60.36

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित






वर्ष 41 | चंडीगढ़, वीरवार, 15 जनवरी, 2026 | माघ कृष्ण पक्ष: द्वादशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 15 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12







## न्यूज़ ब्रीफ

### पीएम नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय राज्यमंत्री के घर पोंगल मनाया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार सुबह केंद्रीय राज्यमंत्री एल मुरुगन के आवास पर आयोजित पोंगल समारोह में शामिल हुए। पीएम ने पूजा की। उन्होंने गाय को भी भोजन खिलाया। पीएम ने कहा कि तमिल संस्कृति दुनिया की सबसे प्राचीन जीवित सभ्यताओं में से एक है। तमिल संस्कृति सदियों को जोड़ती है। आज पोंगल एक ग्लोबल त्योहार बन गया है। पीएम मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया में तमिल समुदाय और जो लोग तमिल संस्कृति को पसंद करते हैं। पोंगल को बहुत उत्साह से मनाते हैं और मुझे उनमें से एक होने पर गर्व है। मोदी ने कहा कि पोंगल का त्योहार हमें प्रकृति, परिवार और समाज के बीच एक अच्छा संतुलन बनाए रखने का महत्व सिखाता है। जमीन और सूरज के प्रति हमारी कृतज्ञता दिखाता है।

### हरियाणा में अब आठ लाख सालाना आय वाले ईडब्ल्यूएस के दायरे में

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** हरियाणा सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए वार्षिक पारिवारिक आय सीमा को 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये कर दिया है। यह निर्णय केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिया गया है। मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से बुधवार को इस संबंध में पत्र जारी कर दिया गया है। संशोधित आय सीमा राज्य में सिविल पदों और सेवाओं में प्रत्यक्ष भर्ती तथा सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु आरक्षण पर लागू होगी। इससे पहले 25 फरवरी, 2019 को जारी आदेशों के तहत ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए सालाना आय सीमा 6 लाख रुपये निर्धारित की गई थी।




# ईरान में कुछ बड़ा होने वाला है!

## भारतीयों को तुरंत निकलने की सलाह



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**तेहरान।** ईरान में हिंसक प्रदर्शन की वजह से भारत सरकार ने बुधवार को नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि जो भी भारतीय नागरिक, चाहे वे छात्र हों, तीर्थयात्री हों, व्यापारी हों या पर्यटक, इस समय ईरान में हैं, उन्हें जल्द से जल्द वहां से निकल जाना चाहिए। इस एडवाइजरी में कहा गया है कि यह सलाह 5 जनवरी की पिछली एडवाइजरी के आगे की कड़ी है और ईरान की बदलती परिस्थितियों को देखते हुए दी गई है।

### कतर में खाली हो रहा यूएस एयरबेस

ईरान ने अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को कड़ी चेतावनी दी है, जिसके बाद कतर में मौजूद अमेरिका के सबसे बड़े सैन्य एयरबेस से कुछ कर्मियों को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। तीन राजनयिक सूत्रों के मुताबिक, कतर स्थित अमेरिकी अल-उदीद एयरबेस से कुछ सैन्य और गैर-सैन्य कर्मियों को बुधवार शाम तक वहां से हटने की सलाह दी गई है।

*ईरान में 26 साल के प्रदर्शनकारी इरफान सुलतानी को आज फांसी दी जा सकती है। उन्हें 8 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। 11 जनवरी को उन्हें मौत की सजा सुनाई गई।*

# श्री गुरु ग्रंथ साहिब के 169 गुम स्वरूप बरामद यह हमारा कर्तव्य था : मुख्यमंत्री भगवंत मान

## माघी के पवित्र अवसर पर सीएम भगवंत मान ने श्री मुक्तसर साहिब का दौरा किया

### फिर दोहराई घोषणा, बोले- महिलाओं को जल्द मिलेंगे 1000 रुपए प्रति माह

अर्थ प्रकाश नेटवर्क





**श्री मुक्तसर साहिब, 14 जनवरी।** माघी के पवित्र अवसर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने श्री मुक्तसर साहिब का दौरा किया, जहां उन्होंने गुरुद्वारा श्री टुट्टी गंढी साहिब में माथा टेका और बड़े जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के 169 गुमशुदा स्वरूपों के मिलने पर पंजाब सरकार का रुख दोहराया। सिख इतिहास और बलिदान से जुड़े इस दिन मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वरूपों की बरामदगी प्राप्ति के बजाय फर्ज का मामला है।

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि पंजाब सरकार आगामी बजट में महिलाओं के लिए एक हजार रुपए प्रति माह सहायता योजना के लिए बजट में प्रावधान करेगी। उनकी सरकार ने पंजाब के लोगों से किए हर वादे को पूरा किया है। आप नेताओं ने कहा कि माघी अवसर पर यहां हुआ समागम सरकार में लोगों के विश्वास को दर्शाता है। माघी अवसर पर एक विशाल राजनीतिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि सरकार ने अब तक पंजाब के लोगों से किए हर वादे को पूरा किया है। उन्होंने कहा, हमने लोगों से किए हर वादे का सम्मान किया है और अब हम राज्य की हर महिला को एक हजार रुपए देने की योजना शुरू करेंगे। आगामी बजट में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। यह सरकार सभी की भलाई के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और पंजाब के लोगों से किया गया हर वादा हर हाल में पूरा किया जाएगा। इस पवित्र स्थान के ऐतिहासिक महत्व को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह धरती भाई महां सिंह जी के नेतृत्व में सिख योद्धाओं के महान बलिदान की गवाह है और समूची सिख संगत उनकी शहादत को श्रद्धांजलि अर्पित कर रही है।

### लोगों की भलाई के लिए अनुकरणीय कदम उठाए : सिसोदिया

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने कहा कि पंजाब सरकार ने लोगों की भलाई के लिए अनुकरणीय कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, इस रैली में लोगों की भारी भागीदारी स्पष्ट दर्शाती है कि लोगों ने भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार को एक और मौका देने का मन बना लिया है। इस सरकार द्वारा किए गए कार्यों की देश भर में सराहना हुई है और लोग आप की निरंतर लोगों के पक्ष में पहलों के कारण इसे फिर से चुनने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# श्री मुक्तसर साहिब की पावन धरती, इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज : नायब

## सीएम पहुंचे पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब में आयोजित 'माघी मेले' में, गिनवाई हरियाणा सरकार की उपलब्धियां

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब में आयोजित माघी मेले के दौरान उपस्थित जन को सम्बोधित करते हुए। (14.01.2026)

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब और हरियाणा केवल पड़ोसी राज्य नहीं हैं, बल्कि दोनों का रिश्ता खून और भाईचारे का है। हरियाणा के लोग पंजाब से गहरा प्रेम करते हैं। उन्होंने पंजाब में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा का उल्लेख करते हुए कहा कि जब पंजाब के लोग कठिनाई में थे, तब हरियाणा वासियों ने छोटे भाई की तरह पंजाब की हर संभव मदद की। यही हमारी संस्कृति और संस्कार हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को श्री मुक्तसर साहिब में आयोजित 'माघी मेला में उपस्थित जन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने श्री मुक्तसर साहिब की पवित्र धरा को नमन करते हुए कहा कि इस पवित्र और ऐतिहासिक स्थल पर आना उनके लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है। श्री मुक्तसर साहिब की पावन धरती, इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज है। यहां चालीस मुक्तों ने, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चरणों में अपने प्राण अर्पित कर दिए। यह धरती हमें सिखाती है कि मुक्ति केवल मृत्यु के बाद नहीं, बल्कि सत्य के मार्ग पर चलकर, अन्याय के खिलाफ खड़े होकर भी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने इस दौरान सभी को मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं भी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में प्राकृतिक आपदा के समय यहां के सत्तासीन नेताओं को जनता की पीड़ा दिखाई नहीं दी, आपदा के समय हरियाणा के लोगों ने पंजाब का साथ दिया, लेकिन यहां के मुख्यमंत्री उस कठिन समय में कहीं नजर नहीं आए। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि पंजाब की वर्तमान सरकार ने पंजाब की जनता से जो वायदे किए थे, उन पर खरी नहीं उतरी है। यहीं नहीं, वो आपदा के समय भी अपनी जिम्मेदारी से बचते नजर आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान जनता से 217 वादों वाला संकल्प पत्र जारी किया था, जिनमें से एक वर्ष के भीतर 54 वादों को पूरा किया जा चुका है। शेष 163 वादों पर तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने जनता से किए वायदे केवल कागजों में ही पूरे किए है। उन्होंने कहा कि सरकार ने संकल्प पत्र में 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने का वादा किया था, जिसे पूरा कर दिया है। हरियाणा देश का पहला राज्य है, जहां सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की जा रही है। किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान किया जाता है और यदि किसी कारणवश देरी होती है तो ब्याज भी दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार थी, तब हरियाणा और पंजाब के किसानों पर पराली जलाने के आरोप लगाए जाते थे।

# हरियाणा में कंप्यूटर लैब सहायकों को मिलेगी जॉब सिक्योरिटी

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हरियाणा में लंबे समय से संघर्ष कर रहे 2100 से अधिक कंप्यूटर लैब सहायकों को अब नौकरी की सुरक्षा मिलने जा रही है। राज्य सरकार ने बुधवार को इस संबंध में स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्य करने वाले कंप्यूटर लैब सहायकों का डाटा सर्विस सिक्योरिटी एक्ट पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

हरियाणा सरकार द्वारा हाल ही में एचकेआरएन के माध्यम से काम करने वाले कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा प्रदान करने का फैसला किया गया है। इसके लिए सरकार की तरफ से बकायदा एक पोर्टल शुरू किया गया है।






**प्रभावी कदम** | कंपोजिट टेस्टिंग लैब कंडाघाट को विश्वस्तरीय तकनीक से सुसज्जित किया जाएगा

# प्रदेश सरकार स्टेट न्यूट्रिशन पॉलिसी बनायेगी : सीएम सुक्खू

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज यहां स्वास्थ्य सुरक्षा एवं विनियमन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में स्टेट न्यूट्रिशन पॉलिसी बनायेगी। इस पॉलिसी का मुख्य उद्देश्य बच्चों, किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री माताओं सहित सभी संवेदनशील वर्गों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाने के लिए समयबद्ध और प्रभावी कदम उठाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग की कण्डाघाट स्थित कम्पोजिट टेस्टिंग लैब को विश्व स्तरीय हाई-ऐंड टेक्नोलॉजी से लैस किया जाएगा, ताकि सूक्ष्म और सटीक विश्लेषण और दक्षता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के लिए प्रथम चरण में बद्दी, मण्डी, कांग?ा और शिमला शहर में भी क्षेत्रीय प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी। द्वितीय चरण में सभी जिलों में इस तरह की प्रयोगशालाएं खोली जाएंगी।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य में न्यूट्रिशनल सरविलेंस को और सघन किया जाएगा। खाद्य पदार्थों की जांच सुनिश्चित कर उनमें उपलब्ध पोषक तत्वों की प्रोफाइलिंग और मैपिंग की जाएगी। उन्होंने विभाग को सार्वजनिक वितरण प्रणाली, आंगनवा?ी और मिड-डे-मील सहित अन्य योजनाओं में प्रदान किये जाने वाले खाद्यानों की भी समय समय पर जांच करने के निर्देश दिए।

### प्रशिक्षण के लिए मोबाइल वैन का होगा इस्तेमाल

सीएम सुक्खू कहा कि विभाग द्वारा जांच, जागरूकता क्षमता विकास और प्रशिक्षण के लिए मोबाइल वैन का उपयोग किया जाएगा, ताकि सभी जिलों में विभाग की कार्यप्रणाली को और सुदृढ़ किया जा सके। उन्होंने विभाग की कार्यप्रणाली को सुगम एवं समयबद्ध बनाने के लिए नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग सुनिश्चित करने और सारी प्रक्रियाओं का डिजिटाइजेशन करने के निर्देश भी दिए। विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने तथा इसकी जांच के नतीजों सहित सभी प्रक्रियाओं के डिजिटल निष्पादन के लिए स्टेट पोर्टल विकसित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्टेट न्यूट्रिशन डेटाबेस भी तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद्य पदार्थों में पोषक तत्वों की कमी तथा कीटनाशकों के कारण लोगों में बीमारियों में ब?ोतरी देखी जा रही है। प्रदेश सरकार इन दोनों विषयों पर गम्भीरता से विचार कर समाधान के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी के दृष्टिगत प्रदेश सरकार राज्य में प्राकृतिक खेती को ब?ावा दे रही है और इससे जु? किसानों को प्रोत्साहित कर विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया जा रहा है। ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को निरन्तर सुदु? कर रही है। स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में विश्व स्तरीय मापदण्डों को अपनाया जा रहा है। हर चिकित्सा महाविद्यालय में आईसीयू स्थापित किये जा रहे हैं।

### गमाडा ने 5,460 करोड़ रुपये की 42 प्रमुख साइटों की ऑनलाइन नीलामी की पेशकश की; वर्ष 2026 की पहली मेगा नीलामी 14 जनवरी से 11 फरवरी तक: हरदीप सिंह मुंडियां

# मान सरकार ने घर खरीदारों व उद्यमियों के लिए व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने हेतु गमाडा संपत्तियों की कीमतों को किया तर्कसंगत

कहा–आवासीय प्लॉट, एस.सी.ओ., मिक्स्ड लैंड यूज़, ग्रुप हाउसिंग, अस्पताल और होटल साइटें गमाडा की 2026 की मेगा नीलामी में शामिल

निवेशक–हितैषी नीतियों के चलते गमाडा ई–नीलामी को मिला उत्साहजनक, समर्थन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** योजनाबद्ध शहरी विकास को गति देने और रियल एस्टेट के अवसरों तक पहुँच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब के आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने आज बताया कि ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (गमाडा) ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से 5,460 करोड़ रुपये मूल्य की 42 प्रमुख साइटों की नीलामी करेगी। वर्ष 2026 की पहली मेगा नीलामी 14 जनवरी से 11 फरवरी, 2026 तक आयोजित की जाएगी।

ऑनलाइन नीलामी के लिए प्रस्तुत संपत्तियों में आवासीय प्लॉट, एस.सी.ओ., मिक्स्ड लैंड यूज़, ग्रुप हाउसिंग, अस्पताल तथा होटल हेतु भूमि शामिल है। यह पहल भगवंत मान सरकार की संपत्ति की कीमतों को तर्कसंगत बनाने, पूर्ण पारदर्शिता लागू करने तथा घर खरीदारों, उद्यमियों और संस्थागत निवेशकों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने की निवेशक-हितैषी नीति को दर्शाती है। पंजाब के आवास एवं शहरी विकास मंत्री स. हरदीप सिंह मुंडियां ने आज ग्रेटर मोहाली अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी की 42 साइटों को ऑनलाइन नीलामी के लिए प्रस्तुत किया। ऑनलाइन नीलामी में आवासीय प्लॉट, एस.सी.ओ., मिक्स्ड लैंड यूज़, ग्रुप हाउसिंग, अस्पताल और होटल के लिए भूमि उपलब्ध है।

स. मुंडियां ने बताया कि मुख्यमंत्री पंजाब स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की निवेशक-हितैषी नीतियों के चलते राज्य में रियल एस्टेट सेक्टर में बड़े पैमाने पर निवेश हुआ है और इस क्षेत्र को उल्लेखनीय प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने कहा कि आवास एवं शहरी विकास विभाग, पंजाब के अधीन कार्यरत विकास प्राधिकरणों द्वारा समय-समय पर आयोजित ई-नीलामियों को उत्साहजनक प्रतिसाद मिला है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा वर्ष 2026 की पहली मेगा नीलामी 14 जनवरी, 2026 से 11 फरवरी, 2026 तक आयोजित की जा रही है।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पंजाब सरकार की पिछली कैबिनेट बैठक के निर्णय के अनुसार, इस नीलामी में प्रस्तुत की जा रही संपत्तियों की कीमतों को तर्कसंगत बनाया गया है, ताकि प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति अपनी आवश्यकता के अनुसार संपत्ति आसानी से खरीद सके और अपने घर का सपना पूरा कर सके या नया व्यवसाय शुरू कर सके।

उन्होंने बताया कि नीलामी में प्रस्तुत संपत्तियाँ शहरों के केंद्र में स्थित हैं और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन तथा सड़क मार्ग जैसे विभिन्न परिवहन साधनों के माध्यम से आसानी से सुलभ हैं। स. मुंडियां ने कहा कि पूरी नीलामी प्रक्रिया गमाडा द्वारा पूर्ण पारदर्शिता के साथ कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि बोली की पात्रता, साइटों के भुगतान से संबंधित शेड्यूल, विस्तृत विवरण तथा नियम एवं शर्तें नीलामी पोर्टल puda.enivida.com पर उपलब्ध हैं। इस पोर्टल पर पंजीकरण के उपरांत बोलीदाता नीलामी में भाग ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त, बोलीदाताओं की सुविधा के लिए गमाडा द्वारा invest.gmada@punjab.gov.in नामक एक नया ई-मेल भी शुरू किया गया है, जिस पर संपत्तियों से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

कैबिनेट मंत्री ने आशा व्यक्त की कि पिछली सफल नीलामियों की तरह यह नीलामी भी सफल रहेगी, जिससे राज्य के आर्थिक विकास को और गति मिलेगी तथा नीलामी से प्राप्त राजस्व को गमाडा अपने अधिकार क्षेत्र में विकास कार्यों पर व्यय कर नए मानक स्थापित करेगा।

'इन्वेस्ट मोहाली 2026' नीलामी ने समावेशी और पारदर्शी शहरी विकास के लिए नए अवसर प्रदान किए हैं, जिससे मोहाली उत्तर भारत के सबसे तेजी से बढ़ते निवेश केंद्र के रूप में उभरा है।

पंजाब अपने आर्थिक और शहरी विकास के निर्णायक चरण में प्रवेश कर रहा है, जिसका उद्देश्य न केवल विकास को तेज करना है, बल्कि एक ऐसा विकास मॉडल तैयार करना भी है जो समावेशी हो और वैश्विक मानकों के अनुरूप हो। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। निवेशक-हितैषी नीतियों, पारदर्शी शासन और संस्थागत सुधारों के परिणामस्वरूप कई क्षेत्रों में विकास देखा गया है, जिनमें रियल एस्टेट और शहरी अवसंरचना को और सुदृढ़ व विस्तारित करना शामिल है।

वर्तमान में मोहाली में लगभग 50,000 से 60,000 पेशेवर कार्यरत हैं और आगामी पाँच वर्षों में आई.टी. और जी.सी.सी. क्षेत्रों में रोजगार लगभग दोगुना होने की उम्मीद है, जिससे पंजाब के युवाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाली हजारों नौकरियाँ सृजित होंगी। शहर ने उत्तर भारत के अग्रणी शिक्षा केंद्र के रूप में भी अपनी स्थिति को मजबूत किया है, जहाँ आई.एस.बी. और आई.आई.एस.ई.आर. सहित 27 से अधिक इंजीनियरिंग, मेडिकल और प्रबंधन संस्थानों से हर वर्ष 40,000 से अधिक छात्र स्नातक हो रहे हैं, जिससे उद्योगों के लिए कुशल प्रतिभा सुनिश्चित हो रही है।

### भारत के विकसित और स्वस्थ शहरों में तेजी से उभर रहा मोहाली

मोहाली भारत के विकसित और स्वस्थ शहरों में तेजी से उभर रहा है, जिसे सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों से बड़े निवेशों का समर्थन मिल रहा है। फोर्टिस हेल्थकेयर ने 900 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से अपनी मोहाली सुविधा का विस्तार किया है, जिसमें 400 से अधिक नए बेड जोड़े गए हैं और उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। साथ ही, मेडिकल टूरिज़्म के लिए क्षेत्रीय केंद्र के रूप में शहर की स्थिति और सुदृढ़ हो रही है। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में, इन्फोसिस द्वारा मोहाली के आई.टी. सिटी में लगभग 300 करोड़ रुपये के निवेश से एक नया कैंपस निर्माणाधीन है, जिससे लगभग 2,500 कौशल–आधारित नौकरियाँ सृजित होने की उम्मीद है। उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में भारत सरकार ने इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत कॉन्टिनेंटल डिवाइस इंडिया लिमिटेड के विस्तार के साथ–साथ सेमीकंडक्टर लैबोरेटरी के आधुनिकीकरण और विस्तार हेतु 4,500 करोड़ रुपये का समर्थन दिया है। यह पहल मोहाली को सेमीकंडक्टर अनुसंधान, विकास और विनिर्माण सहायता के लिए एक राष्ट्रीय केंद्र के रूप में उभार रही है। आतिथ्य क्षेत्र में भी तेज़ी से विकास हो रहा है—इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड द्वारा 225 कमरों वाला ताज होटल निर्माणाधीन है और आई.टी.सी. होटल्स 126 करोड़ रुपये के निवेश से एक 'वेलकम होटल' विकसित कर रहा है—जिससे मोहाली की व्यावसायिक पर्यटन, सम्मेलनों और एम.आई.सी.ई. गतिविधियों की क्षमता निरंतर सुदृढ़ हो रही है।

## जनता की सुरक्षा सर्वोपरि: गैंगस्टरवाद के खिलाफ पंजाब पुलिस और पंजाब सरकार की तेज कार्रवाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने साफ कर दिया है कि राज्य में गैंगस्टरवाद, अपराध और दहशत फैलाने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। मान सरकार की नीति बिल्कुल स्पष्ट है—जीरो टॉलरेंस। कानून तोड़ने वालों के साथ कोई समझौता नहीं होगा और आम जनता की सुरक्षा सर्वोपरि रहेगी। पंजाब पुलिस को पूरी छूट दी गई है कि वह अपराधियों पर सख्त और तुरंत कार्रवाई करे।

हाल के दिनों में पंजाब पुलिस ने कई बड़े मामलों में तेज़ी से कार्रवाई कर यह साबित कर दिया है कि सरकार और पुलिस पूरी मजबूती से जनता के साथ खड़ी है। सरपंच जरमैल सिंह हत्याकांड में पंजाब पुलिस ने महज़ कुछ ही समय में आरोपियों को ट्रैक कर छत्तीसगढ़ के रायपुर से गिरफ्तार कर लिया। यह एक सुनियोजित और तेज़ ऑपरेशन था, जिससे साफ होता है कि अपराधी अब कहीं भी छिपे नहीं रह सकते।

मोहाली में हुए चर्चित कबड्डी खिलाड़ी राणा बलाचौरिया हत्याकांड में भी पंजाब पुलिस ने बेहद साहसिक और निर्णायक कदम उठाए। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी को निष्क्रिय किया गया, हालांकि इस कार्रवाई में दो पुलिसकर्मी घायल भी हुए। इसके बावजूद पुलिस ने हार नहीं मानी और लगातार पीछा करते हुए पश्चिम बंगाल से दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। यह दिखाता है कि पंजाब पुलिस किसी भी कीमत पर अपराधियों को बख्शने के मूड में नहीं है।

आज ही एक और बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए बरनाला पुलिस ने पंजाबी सिंगर गुलाब सिद्धू पर होने वाले हमले को समय रहते रोक लिया। पुलिस ने कोटदुना के सरपंच समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया, जो इस हमले की योजना बना रहे थे। यह एक बड़ी राहत थी और यह साबित करता है कि पंजाब पुलिस सिर्फ अपराध के बाद ही नहीं, बल्कि पहले ही उसे रोकने में भी सक्षम है।

तरनतारन में किराना दुकान के मालिक की हत्या के मामले में भी पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया। आरोपी को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया गया, जिससे एक कड़ा संदेश गया कि निर्दोष नागरिकों पर हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। यह कार्रवाई यह दर्शाती है कि मान सरकार अपराधियों के खिलाफ किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरत रही।

इन सभी मामलों में एक बात साफ नजर आती है—तेज़ प्रतिक्रिया, मजबूत इच्छाशक्ति और पूरी तैयारी। पंजाब सरकार और पंजाब पुलिस की यह रणनीति राज्य में कानून व्यवस्था को मजबूत कर रही है और आम लोगों का भरोसा बढ़ा रही है। अब अपराधियों को यह एहसास हो चुका है कि वे चाहे कहीं भी हों, कानून की पकड़ से बच नहीं सकते। मान सरकार के इन कदमों से यह स्पष्ट है कि पंजाब को गैंगस्टरवाद और अपराध से मुक्त करने का संकल्प सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि जमीन पर उतर चुका है। पंजाब पुलिस दिन-रात मेहनत कर रही है और सरकार उन्हें पूरा समर्थन दे रही है। यही वजह है कि आज पंजाब एक सुरक्षित, शांत और बेहतर भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

## 16 जनवरी को मोहाली से होगी राज्य स्तरीय अभियान 'साडे बुजुर्ग, साडा मान' की शुरुआत: डॉ. बलजीत कौर

### कहा–'साडे बुज़ुर्ग, साडा मान' अभियान वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य, कानूनी और कल्याण सेवाओं से जोड़ेगा

पंजाब सरकार की नई पहल के तहत बुज़ुर्गों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, कानूनी जागरूकता और सहायक उपकरण उपलब्ध

वरिष्ठ नागरिक केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि समाज की सबसे कीमती धरोहर हैं: डॉ. बलजीत कौर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार 16 जनवरी, 2026 को जिला एस.ए.एस. नगर (मोहाली) से 'साडे बुज़ुर्ग, साडा मान' राज्य स्तरीय अभियान की औपचारिक शुरुआत करने जा रही है, जिसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन को सुनिश्चित करना है। जनहित में अग्रिम जानकारी देते हुए पंजाब सरकार ने कहा कि इस पहल का लक्ष्य प्रदेश भर के बुज़ुर्ग नागरिकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना है।

अभियान का विवरण साझा करते हुए पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि 'साडे बुज़ुर्ग, साडा मान' अभियान का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं, कानूनी जागरूकता और सरकारी कल्याण योजनाओं से जोड़ना है, ताकि वे सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें। उन्होंने बताया कि यह अभियान वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वरिष्ठ नागरिकों की राज्य कार्य योजना के तहत लागू किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत बुज़ुर्गों की समग्र भलाई और सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए पंजाब भर में जिला-स्तरीय शिविर लगाए जाएंगे।



इस योजना के तहत उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं के बारे में बताते हुए मंत्री ने कहा कि इन शिविरों के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांच, ऑर्थोपेडिक देखभाल, ईएनटी सेवाएं, नेत्र जांच के साथ-साथ होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक उपचार सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने आगे बताया कि सामाजिक सुरक्षा विभाग मौके पर ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए नामांकन, सीनियर सिटीजन कार्ड और एएलआईएमसीओ (आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) कार्ड जारी करेगा तथा राष्ट्रीय वयोश्री योजना से संबंधित सहायता और जानकारी प्रदान करेगा।

कैबिनेट मंत्री ने आगे बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 सहित अन्य कानूनी अधिकारों के बारे में बुज़ुर्ग नागरिकों को जागरूक करेगा, ताकि वे स्वयं को सुरक्षित और सशक्त महसूस कर सकें। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग और युवा मामलों के विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने, अंतर-पीढ़ी संबंधों और सामाजिक सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए योग सत्र और नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किए जाएंगे। वरिष्ठ नागरिकों की विशेष आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि इन शिविरों के दौरान आवश्यक सहायक उपकरण जैसे निकट दृष्टि के लिए चश्मे, श्रवण यंत्र, चलने में सहायक साधन, सर्वाइकल कॉलर, बेल्ट और व्हीलचेयर मौके पर ही वितरित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल सुविधाएं प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य हमारे बुज़ुर्ग नागरिकों को यह एहसास कराना है कि वे केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि हमारे समाज की सबसे कीमती धरोहर और मार्गदर्शक हैं।

पिछले वर्षों में किए गए समान प्रयासों का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि बीते समय में हजारों वरिष्ठ नागरिकों ने इन शिविरों से प्रत्यक्ष रूप से लाभ उठाया है, जो इस पहल के प्रभाव को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। उन्होंने यह भी बताया कि बुज़ुर्ग नागरिकों की सहायता के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 14567 भी कार्यशील है।

वर्तमान में गंभीर सर्दियों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि यह अभियान 16 जनवरी को शुरू होगा और अन्य जिलों में स्वास्थ्य शिविरों का अगला चरण 26 जनवरी के बाद योजनाबद्ध तरीके से आरंभ किया जाएगा, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और सेहत को ध्यान में रखते हुए गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

## 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 319वें दिन पंजाब पुलिस ने 5.4 किलो हेरोइन सहित 98 नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** प्रदेश से नशों के पूर्ण उन्मूलन के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरू की गई मुहिम ÷युद्ध नशों विरुद्ध' के 319वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 333 स्थानों पर छापेमारी की। इसके परिणामस्वरूप पूरे प्रदेश में 74 एफआईआर दर्ज कर 98 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही 319 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 44,481 हो गई है। इन छापेमारियों के दौरान गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 5.4 किलो हेरोइन, 510 ग्राम अफीम, 110 किलो भुक्की, 724 नशीली गोलियां/कैप्सूल तथा 4,580 रुपये ड्रग मनी बरामद की गई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस आयुक्तों, उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों (एसएसपी) को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा नशों के खिलाफ इस युद्ध की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया गया है। इस अभियान के दौरान 72 गजेटेड अधिकारियों की निगरानी में 1,000 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 120 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्यभर में 333 स्थानों पर छापेमारी की। इसके साथ ही दिनभर चले इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 342 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की। यह भी उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार ने राज्य से नशों के खात्मे के लिए तीन-स्तरीय रणनीति–इन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन (ईडीपी) लागू की है। इसी रणनीति के तहत पंजाब पुलिस ने आज 47 व्यक्तियों को नशा छोड़ने तथा पुनर्वास का उपचार लेने के लिए प्रेरित किया है।

## जालंधर में स्कूल बस ड्राइवर की संदिग्ध हालात में मौत

### परिवार का आरोप–पुलिस ने सीएम का दौरा बता ढूढने से किया मना, 7 दिन बाद मिला शव

एसएचओ ने पर्चा दर्ज करने से किया मना

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जालंधर, 14 जनवरी।** जालंधर के गुरु नानक पुरा इलाके में एक स्कूल बस चालक का शव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान शमशेर सिंह के रूप में हुई है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया है। परिवार का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही और मिलीभगत के चलते यह घटना हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार शमशेर सिंह जालंधर मॉडल स्कूल में बस चालक था। परिजनों का कहना है कि 6 तारीख को कुछ रिकवरी कर्मी उसे अपने साथ लेकर गए थे।



वे उसे यह कहकर घर से ले गए कि हमीरा से एक बस लेकर वापस आना है।

इसके बाद शमशेर घर नहीं लौटा। परिवार ने सुभानपुर थाने में शिकायत दी, लेकिन आरोप है कि वहां उनकी बात नहीं सुनी गई और उन्हें जालंधर थाने भेज दिया गया। परिजनों का कहना है कि एसएचओ साहिल चौधरी ने भी पर्चा दर्ज करने से मना कर दिया।

परिवार का आरोप है कि रिकवरी कर्मी परमजीत ने कहा था कि वह शमशेर को जालंधर छोड़ देगा, लेकिन बाद में उसने नशा करने की बात कही। परिजनों ने साफ कहा कि शमशेर किसी भी तरह का नशा नहीं करता था और उनके पास उसे ले जाने की रिकॉर्डिंग भी मौजूद है।

### खाली प्लाट से शमशेर का मिला शव

परिजनों का यह भी आरोप है कि पुलिस ने पैसे लेकर गाड़ी को रातों–रात जालंधर से लुधियाना पहुंचा दिया। जब परिवार पुलिस कमिश्नर के दफ्तर पहुंचा, तब उन्हें जानकारी दी गई कि हमीरा के पास एक खाली प्लाट से शमशेर का शव बरामद हुआ है।

### भाई की मौत से परिवार पूरी तरह टूटा

मृतक की बहन ने बताया कि उनके पिता का पहले ही निधन हो चुका है और अब भाई की मौत से परिवार पूरी तरह टूट गया है। वहीं परिजन बलविंदर सिंह ने आरोप लगाया कि उनके बेटे की हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि चार युवक शमशेर को कार में बैठाकर बटाला ले गए थे, जिसके बाद हमीरा के पास उसका फोन बंद हो गया। दूसरी ओर, इस मामले में एसीपी ने बताया कि शमशेर बशीरपुरा इलाके का रहने वाला था और स्कूल बस चलाता था। ट्रांसपोर्ट नगर में उसकी मुलाकात रिकवरी एजेंट कर्मियों से हुई थी, जहां किसी गाड़ी को दूसरे व्यक्ति को सौंपना था। शमशेर गाड़ी लेकर आगे जा रहा था, जिसके बाद वह लापता हो गया। एसीपी के अनुसार आज सुभानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक खाली प्लाट से शव बरामद किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने पंजाब राज्य बिजली नियामक आयोग के नव–नियुक्त सदस्य को शपथ दिलाई



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने आज स्थानीय निकाय भवन, सेक्टर-35, चंडीगढ़ में पंजाब राज्य बिजली नियामक आयोग के नव-नियुक्त सदस्य रवि कुमार को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

पंजाब राज्य बिजली नियामक आयोग के सदस्य रवि कुमार ने पद और गोपनीयता की शपथ लेने के बाद कहा कि वे अपनी योग्यता, निष्ठा, समर्पण और सौहार्दपूर्ण तरीके से अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे।

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान पंजाब राज्य बिजली नियामक आयोग के अध्यक्ष विश्वजीत खन्ना, बिजली विभाग के सचिव बसंत गर्ग आईएएस, अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा रवि कुमार के पारिवारिक सदस्य भी उपस्थित थे।

## जगरांव कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी

न्यायिक विभाग की आधिकारिक ई–मेल पर आया संदेश, एहतिहात के तौर पर परिसर खाली कराया



अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं 14 जनवरी।** बुधवार जगराओं कोर्ट परिसर को भी खाली करा लिया गया। लुधियाना में बुधवार को कोर्ट परिसर को फिर से धमकी मिली। इस धमकी के बाद एहतियातन जगराओं कोर्ट परिसर को भी दोपहर बाद खाली करा लिया गया, जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बुधवार को दोपहर तक वकील अपने मामलों में व्यस्त थे। लेकिन, अचानक हलचल शुरू हुई और ठीक 2 बजे तक पूरे कोर्ट परिसर को खाली करवा दिया गया। जानकारी के मुताबिक, बुधवार सुबह न्यायिक विभाग की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर बम की धमकी भेजी गई थी। इस सूचना के बाद जिला प्रशासन और पुलिस महकमे में तुरंत अलर्ट जारी कर दिया गया। बता दें कि, दोपहर बाद पुलिस ने जगराओं अदालत को खाली करवाने के लिए बार काउंसिल प्रधान सतिंदरपाल सिद्धू से संपर्क किया। प्रधान ने वकीलों के वॉट्सऐप ग्रुप में संदेश भेजकर सभी अधिवक्ताओं को तुरंत अपने चैंबर छोड़कर पार्किंग एरिया में जाने के निर्देश दिए। निर्देशों का पालन करते हुए वकीलों ने परिसर खाली कर दिया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस फिलहाल धमकी की गंभीरता से जांच कर रही है और अदालतों की सुरक्षा व्यवस्था को पहले से अधिक सख्त कर दिया गया। उन्होंने पूरे अदालत परिसर की घेराबंदी कर बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड की टीमों के साथ सघन तलाशी अभियान शुरू किया। कोर्ट परिसर, पार्किंग एरिया, वकीलों के चैंबर और अन्य संवेदनशील स्थानों की बारीकी से जांच की जा रही है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## वेटरन्स डे: मोहिंदर भगत ने रक्षा सेवाओं के पूर्व सैनिकों के साहस और बलिदान की सराहना की

पश्चिमी कमान द्वारा विशाल रैली के माध्यम भूतपूर्व सैनिकों को श्रद्धांजलि

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर 14 जनवरी।** साहस, बलिदान और राष्ट्र की आजीवन सेवा को समर्पित एक गंभीर किन्तु उल्लासपूर्ण श्रद्धांजलि स्वरूप, वज्र कोर, पश्चिमी कमान के तत्वावधान में, 14 जनवरी 2026 को खासा, अमृतसर में 10वां रक्षा सेवाएं भूतपूर्व सैनिक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रक्षा बलों के भूतपूर्व सैनिकों, वीरता पुरस्कार विजेताओं, वीर नारियों, विधवाओं एवं उनके परिवारों के अदम्य साहस और निस्वार्थ योगदान को सम्मानित किया गया।

प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी को मनाया जाने वाला रक्षा सेवाएं भूतपूर्व सैनिक दिवस, भारत के प्रथम भारतीय सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल के.एम. करियप्पा के सेवानिवृत्ति दिवस का स्मरण कराता है तथा सशस्त्र बलों और उनकेविस्तारित परिवार के बीच अटूट संबंध का प्रतीक है।



सेना कमांडर, पश्चिमी कमान की ओर से लेफ्टिनेंट जनरल अजय चांदपुरिया, ए वी एस एम, वी एस एम, जी ओ सी, वज्र कोर ने राष्ट्र के प्रति भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों द्वारा दी गई अतुलनीय सेवा और बलिदान के लिए गहन कृतज्ञता व्यक्त की तथा भारतीय सेना की अपने भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को सम्मान देने, सहयोग करने और सदैव दृढ़ता से उनके साथ खड़े रहने की स्थायी प्रतिबद्धता को दोहराया, आज भी और सदैव।

मुख्य अतिथि श्री मोहिंदर भगत, माननीय भूतपूर्व सैनिक एवं स्वतंत्रता सेनानी कल्याण तथा बागवानी मंत्री, पंजाब सरकार, ने राष्ट्र निर्माण में भूतपूर्व सैनिकों की उल्लेखनीय भूमिका की प्रशंसा की। उन्होंने हालिया बाढ़ के दौरान पंजाब में उनके योगदान को विशेष रूप से उल्लेखित करते हुए, भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए राज्य सरकार के निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।

श्रद्धांजलि के साथ-साथ एक व्यापक कल्याण अभियान के रूप में परिकल्पित इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक सुदृढ़ एवं संवेदनशील सहायता व्यवस्था सुनिश्चित की गई। 40 से अधिक शिकायत निवारण काउंटरों के माध्यम से स्पर्श, पेंशन, ई सी एच एस, सी एस डी, पुनर्वास एवं अन्य कल्याणकारी अधिकारों से संबंधित विषयों पर त्वरित सहायता प्रदान की गई, जिससे सेना के विस्तारित परिवार की गरिमा और कल्याण के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता सुदृढ़ हुई। विशेषज्ञ ओपीडी के माध्यम से व्यापक चिकित्सीय सहायता प्रदान की गई, साथ ही स्वास्थ्य लाभ, कल्याणकारी योजनाओं तथा सेवानिवृत्ति उपरांत रोजगार के अवसरों पर केंद्रित जागरूकता गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। इस रैली में लगभग 2,500 भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारजनों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया, जबकि पश्चिमी कमान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों से चार साढ़े हजार प्रतिभागियों ने वर्चुअल माध्यम से सहभागिता की, जिससे व्यापक एवं समावेशी पहुंच सुनिश्चित हुई।

कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणों में भूतपूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों का सम्मान एवं संवाद, सैन्य परंपराओं को दर्शाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, बहुविशेषज्ञ चिकित्सा जांच, कल्याण एवं शिकायत निवारण स्टॉल तथा सामूहिक भोज शामिल रहे, जिनसे आपसी सौहार्द, स्मरण और सामूहिक गौरव की भावना को बल मिला।

नोडल फॉर्मेशन वज्र कोर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट समन्वय, गरिमामय संचालन और राष्ट्र के भूतपूर्व सैनिकों की शाश्वत विरासत को सम्मानपूर्वक नमन सुनिश्चित किया गया, जिनकी सेवा पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी और जिनके बलिदान राष्ट्र की चेतना में सदैव अंकित रहें।

# जी राम जी एक्ट पारदर्शी और श्रमिकों के रोजगार की गारंटी : आरती सिंह राव

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** हरियाणा की स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) कानून, 2025 भ्रष्टाचार मुक्त ग्रामीण रोजगार की गारंटी प्रदान करने के साथ-साथ पूरी तरह से पारदर्शी है। यह ग्रामीण रोजगार नीति अधिक गारंटी वाले कार्यदिवस, उच्च मजदूरी, पारदर्शी भुगतान और टिकाऊ संपत्तियों के निर्माण को सुनिश्चित करता है।

स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने बुधवार को रेवाड़ी में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश वासियों को मकर संक्रांति पर्व की बधाई देते हुए सभी नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों के कल्याण और गांवों के विकास में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत-जी राम जी योजना शुरू की है, जो कि विकसित भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वीबी जी-राम जी कानून का उद्देश्य वास्तविक श्रमिक लाभार्थियों का समर्थन करना है। यह अधिनियम परियोजनाओं की वास्तविक समय में निगरानी की व्यवस्था करता है, मजदूरी भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। श्रमिकों को गारंटीकृत रोजगार बढ़ाकर अधिक मजदूरी देती है। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना लगभग 20 वर्ष पहले शुरू की गई थी। मनरेगा और ऐसी ही अन्य कई योजनाओं की प्रकृति ही ऐसी होती है कि इन्हें तैयार किया जाता है, पारित किया जाता है, लागू किया जाता है और इनमें सुधार भी किया जाता है। देश, समाज और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मूल रूप से बदल चुके हैं। ग्रामीण गरीबी वर्ष 2011-12 में जहां 25 प्रतिशत से अधिक थी, वहीं आज यह घटकर लगभग 5 प्रतिशत से भी नीचे आ चुकी है। इसका अर्थ है कि वर्तमान केंद्र सरकार की सकारात्मक नीतियों के कारण 25 प्रतिशत से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल कनेक्टिविटी, बैंकिंग सेवाओं, डी.बी.टी., आधार और बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नए प्रावधानों के तहत, रोजगार गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन करने से श्रमिकों की गारंटीशुदा मजदूरी को काफी बढ़ावा मिला है। इसके माध्यम से सरकार श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास कर रही है। इससे पूरे भारत वर्ष में एक ग्रामीण अकुशल श्रमिक की वार्षिक आय में औसतन 7 हजार रुपए से अधिक की बढ़ोतरी होगी। वहीं हरियाणा में मजदूरी दर ज्यादा है, इसलिए हर श्रमिक को कम से कम 10 हजार रुपए अधिक मिलेंगे। उन्होंने कहा कि नई योजना से न केवल काम के अधिक दिन सुनिश्चित होंगे, जिससे बेहतर वेतन मिलेगा, बल्कि अनिवार्य साप्ताहिक वेतन भुगतान (अधिकतम 15 दिनों तक की देरी की अनुमति के साथ) से श्रमिकों को समय पर बढ़ा हुआ वेतन प्राप्त होगा। इससे आर्थिक स्वतंत्रता और सशक्तिकरण सुनिश्चित होगा। इसे संभव बनाने के लिए, केंद्र सरकार ने इस वर्ष 1 लाख 51 हजार 282 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं, जबकि पिछले वर्ष यह राशि 88 हजार करोड़ थी, जो उस समय तक का सबसे अधिक आवंटन था यानी पिछले रिकॉर्ड आवंटन को भी पार कर लिया गया है।

आरती सिंह राव ने कहा कि इस योजना के तहत इस वर्ष हरियाणा में 52 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति के श्रमिकों को तथा 65 प्रतिशत से अधिक महिला श्रमिकों को काम मिला है। उन्होंने कहा कि इस कानून में कार्यों की प्रकृति को भी बदला गया है। पहले मनरेगा के तहत सीमित रोजगार दिया जाता था। अब जल सुरक्षा, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संसाधन और जलवायु परिवर्तन से निपटने वाली स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण में भी रोजगार दिया जाएगा। ग्राम पंचायतों की योजनाओं को पी.एम. गति शक्ति मास्टर प्लान से जोड़ा गया है, ताकि गांवों में होने वाला हर काम राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के अनुरूप हो। उन्होंने कहा कि इस योजना में अब कृषि के चरम मौसम के दौरान 60 दिनों का विराम शामिल किया गया है ताकि किसान और मजदूर मिलकर काम कर सकें और मजदूरों को कृषि मौसम के दौरान उनके श्रम के लिए बाजार की उच्च दरें मिल सकें।

## यमुनानगर की बेटी को करनाल में दहेज के लिए किया प्रताड़ित

# ससुरालियों पर पांच लाख का अतिरिक्त दहेज मांगने का आरोप

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन



**करनाल, 14 जनवरी।** यमुनानगर में दहेज की मांग, मारपीट, जान से मारने की धमकी और पत्नी को बच्ची सहित घर से बाहर निकालने का मामला सामने आया है। थाना छप्पर पुलिस ने महिला की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।पीड़िता प्रीति सैनी निवासी गांव कान्हडी खुर्द ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 8 सितंबर 2022 को सुखबीर निवासी, गांव जोहड माजरा, थाना इंद्री, जिला करनाल के साथ हुई थी जोकि बिजली बोर्ड में सरकारी नौकरी करता है।

शादी के समय पीड़िता के माता-पिता ने अपनी हैसियत से बढ़कर करीब 10 लाख रुपए खर्च किए। दहेज में 3 तोला सोना, 100 ग्राम चांदी के जेवरात और 5100 रुपए नकद के साथ अन्य सामान दिया गया। यह सारा सामान पीड़िता का स्त्रीधन बताया गया है, जो शादी के समय रिश्तेदारों के सामने ससुराल पक्ष को सौंपा गया।

पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति और ससुराल वाले 5 लाख रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। जब उसने यह कहकर असमर्थता जताई कि उसके माता-पिता इतनी बड़ी रकम नहीं दे सकते, तो उसके साथ मारपीट की जाने लगी। कई बार उसे गाली-गलौच कर घर सेमां-बेटी को मारकर आत्महत्या की दी धमकी

पीड़िता ने बताया कि हालात बिगड़ने से बचाने के लिए वह कई बार अपने मायके से 10 हजार से 20 हजार रुपए तक लेकर आई और ससुराल वालों को दिए, लेकिन इसके बावजूद उत्पीड़न कम नहीं हुआ। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपी पति अक्सर शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था।

उसने कई बार यह धमकी दी कि पहले वह प्रीति और उसकी बच्ची को मार देगा और फिर आत्महत्या कर उसके मायके वालों को झूठे मामलों में फंसा देगा। पीड़िता के अनुसार, जेठ, जेठानी और सास भी उसे गालियां देते और मारपीट करते थे तथा पति को उसके खिलाफ भड़काते थे।

पीड़िता ने बताया कि वह करीब 2 साल की बेटी 'दृष्टि' उसके साथ रह रही है। आरोप है कि पति और ससुराल वालों ने मां-बेटी को खर्चे से तंग रखा। यहां तक कि इलाज और दवाइयों का खर्च भी नहीं दिया गया, जबकि पति बिजली बोर्ड में सरकारी कर्मचारी है और आर्थिक रूप से सक्षम है।

शिकायत के अनुसार, 21 फरवरी 2025 को दहेज की 5 लाख रुपए की मांग को लेकर पति और ससुराल वालों ने मिलकर मारपीट की। इसके बाद आरोपी पति प्रीति को उसकी बेटी सहित गांव कान्हडी खुर्द में उसके मायके के बाहर गली में छोड़कर चला गया। जाते समय यह धमकी दी गई कि जब तक दहेज की मांग पूरी नहीं होती, वह ससुराल वापस न आए। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही।

## न्यूज ब्रीफ

### पोश अधिनियम 2013 को लेकर कार्यशाला आयोजित



**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** हरियाणा सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बुधवार को जिला सचिवालय सभागार में पॉश अधिनियम 2013 (कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडऩ की रोकथाम अधिनियम) को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला महिला सशक्तिकरण हेतु जिला हब द्वारा आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक एवं समान अवसरों वाले कार्यस्थल को बढ़ावा देना तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने पॉश अधिनियम की प्रमुख धाराओं, शिकायत प्रक्रिया, आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका तथा नियोक्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी परमिंदर कौर ने कहा कि महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक कार्यस्थल सशक्त समाज की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडऩ अधिनियम, 2013 महिलाओं को कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है तथा उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढऩे का अवसर देता है। इस अवसर पर कृषि विभाग के उप मंडल अधिकारी देवेंद्र कुहाड़, पुलिस विभाग से किरण, डॉक्टर प्रीति, सविता आर्य के अलावा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, महिला कर्मचारी उपस्थित थे।

### डोर टू डोर जाकर नशे के खिलाफ किया जागरुक



**पानीपत (अप्रस/मनदीप कुमार)।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस के कुशल नेतृत्व में पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने बुधवार को गढ़ कारकोली व हथवाला गांव में डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित किया और उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने घर-घर जाकर लोगों को बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव प?ता है। लागों को बताया गया कि नशे की लत कैसे धीरे-धीरे व्यक्ति को अपने जाल में फंसा लेती है और समय रहते इससे बचाव कितना आवश्यक है। अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें और उनके साथ खुलकर संवाद करें।

## अग्रवाल वैश्य समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की हरियाणा के नवनियुक्त डीजीपी अजय सिंघल से मुलाकात

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 14 जनवरी।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने चंडीगढ़ से लौटने के बाद कुरुक्षेत्र में बताया कि बुधवार को अग्रवाल वैश्य समाज का एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के नेतृत्व में हरियाणा के नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय सिंघल से मिला तथा उनका अभिनंदन किया। सिंगला ने बताया कि इस सौहार्दपूर्ण मुलाकात में प्रदेश की कानून व्यवस्था, व्यापारियों की सुरक्षा, सामाजिक सहभागिता, प्रशासन और समाज के बीच बेहतर समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी अजय सिंघल को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में हरियाणा पुलिस न केवल अपराध नियंत्रण होगा, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग विशेषकर व्यापारियों और उद्यमियों को सुरक्षित और विश्वासपूर्ण माहौल प्रदान करेगी। डीजीपी अजय सिंघल ने भी कहा कि प्रदेश में व्यापारियों की सुरक्षा पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हरियाणा पुलिस कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, संगठित अपराध पर सख्ती से कार्रवाई करने तथा व्यापारिक गतिविधियों को निर्भय वातावरण में संचालित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि व्यापार किसी भी राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है और यदि व्यापारी सुरक्षित महसूस करेंगे, तभी निवेश, रोजगार और विकास को गति मिलेगी।

# नितिन नबीन के मार्गदर्शन में आगे बढ़ेगा हरियाणा : डॉ अरविंद शर्मा

## गुरुग्राम में बैठक उपरांत बोले कैबिनेट मंत्री, संगठन को मिलेगी ऊर्जा

अर्थ प्रकाश/वीरता




**गुरुग्राम, 14 जनवरी।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के मार्गदर्शन में हरियाणा आगे बढ़ेगा। उनका मिलनसार स्वभाव कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आमजन को भी भाजपा की जन उत्थान आधारित नीतियों पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का गुरुग्राम दौरा संगठन में नई ऊर्जा का संचार करेगा।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह में युवाओं के साथ-साथ भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत संकल्प को गति देने में युवा शक्ति की अहम भूमिका व उनसे सीधा संवाद करते हुए स्वामी विवेकानंद के विचारों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का हरियाणा प्रवास भले ही संक्षिप रहा, लेकिन उन्होंने संगठन के अंदर नया जोश भरने का काम किया, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन है, जिसमें एक साधारण कार्यकर्ता को भी राष्ट्रीय स्तर पर उसकी निष्ठा, मेहनत पर जिम्मेदारी मिलती है। उन्होंने कांग्रेस को एक परिवार की पार्टी बताते हुए कहा कि वो भाई-भतीजावाद, परिवारवाद को लेकर चलती है। उन्होंने कहा कि देश कांग्रेस मुक्त भारत की तरफ बढ़ रहा है। पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से इस बार बंगाल में कमल खिलेगा, जिससे वहां की जनता को ममता बनर्जी की अहितकारी नीतियों से छुटकारा मिलेगा।

# भगवान कपिल मुनि की प्रतिमा का विधिवत स्नान श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला

**कलायत, 14 जनवरी।** भारत के पश्चिम बंगाल राज्य में गंगा की प्रमुख धारा के तट पर स्थित गंगासागर की परंपरा की भांति कलायत में भगवान कपिल मुनि की प्रतिमा का विधिवत स्नान श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न हुआ। भगवान कपिल मुनि जन्मोत्सव उपलक्ष्य में आयोजित इस भव्य धार्मिक आयोजन का नेतृत्व पुजारी संजय शास्त्री और अनिरुद्ध गौतम ने किया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्राचीन कपिल मुनि मंदिर पहुंचे। इसमें महिलाएं, बच्चे, युवा, बड़े- बुजुर्ग शामिल रहे। परंपरा के अनुसार भगवान कपिल मुनि को पंचामृत से स्नान कराया गया। महिलाओं ने भजन-कीर्तन के जरिये आयोजन में उमंग के रंग भरे। श्रद्धालु अपनी-अपनी श्रद्धा के अनुसार शुद्ध दूध, घी, शहद व मिश्री लेकर पहुंचे थे। पंचामृत से भगवान कपिल मुनि का अभिषेक कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया। मंत्रोच्चारण और भजनों के बीच पूरा मंदिर परिसर श्रद्धा के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना और आपसी सौहार्द को मजबूत करते हैं। स्नान कार्यक्रम से पूर्व मंदिर परिसर में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन में श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। वैदिक मंत्रों की गूंज और अग्नि में समर्पित आहुतियों से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। आयोजन के दौरान अनुशासन और परंपराओं का विशेष ध्यान रखा गया। पुजारी संजय शास्त्री व अनिरूद्ध गौतम ने बताया कि भगवान कपिल मुनि को सांख्य दर्शन का प्रवर्तक माना जाता है। इसलिए देश-विदेश में उनकी बड़ी मान्यता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान कपिल मुनि ने कलायत की पावन धरा पर सरस्वती नदी तट पर अपनी माता देवहूति को सांख्य दर्शन का ज्ञान प्रदान किया था। इसी कारण कलायत को आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व प्राप्त है। सरोवर तट पर अलग-अलग कालों के प्राचीन मंदिरों की लंबी श्रृंखला है।

## नारायण सेवा संस्थान कैथल ने लोहड़ी और मकर संक्रांति पर बांटी खुशियां

# कैथल में नारायण सेवा संस्थान ने पेश की सेवा की मिसाल : डॉ बिड़ान

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 14 जनवरी।** नारायण सेवा संस्थान शाखा कैथल द्वारा लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के अवसर पर दया गुप्ता मानव मंदिर में दो दिवसीय सेवा, समर्पण एवं मानव कल्याण की भावना के साथ विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत 13 जनवरी को प्रात~ नवग्रह चौक पर जरूरतमंदों को कढ़ी-चावल का वितरण किया गया। इसके पश्चात दोपहर बाद नारायण सेवा केंद्र में लोहड़ी का कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं पारंपरिक वातावरण में मनाया गया, जिसमें केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे बच्चों को उपहार प्रदान किए गए तथा गजक एवं रेवड़ी का वितरण किया गया। लोहड़ी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अनिल बिड़ान तहसीलदार हांसी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ डॉ. मनोज, डॉ. दया गुप्ता, डॉ. वीना अग्रवाल एवं सरस्वती भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. अनिल बिडान ने नारायण सेवा केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों को प्रेरणादायक संदेश दिया तथा उन्हें मेहनत, अनुशासन और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नारायण सेवा संस्थान के कार्यों की प्रशंसा की। इसके उपरांत 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर प्रात~ केंद्र के सिलाई सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं द्वारा स्वयं सिले गए कपड़ों का झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों को वितरण किया गया। इन सभी कार्यक्रमों के सफल आयोजन में शाखा कैथल के संयोजक दुर्गा प्रसाद के साथ साथ कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मनोज बंसल, मनोज गर्ग, प्रवीण जिन्दल, ऋषि गोयल एवं रमेश जिन्दल का सहयोग रहा।

# संगम चेरिटेबल अस्पताल में 451 रोगियों का जांचा स्वास्थ्य

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने रक्तदान के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 14 जनवरी।** मानव सेवा संगम चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित संगम चैरिटेबल अस्पताल की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक निशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं उन्होंने नवनिर्मित संगम दिव्यांग केंद्र के भवन का भी उद्घाटन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि संगम चैरिटेबल अस्पताल द्वारा विगत 25 वर्षों से निरंतर समाज सेवा के क्षेत्र में जो कार्य किया जा रहा है, वह अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान केवल एक अस्पताल नहीं, बल्कि सेवा, करुणा और संवेदनशीलता से जुड़ा एक सशक्त जनकल्याणकारी अभियान बन चुका है, जो समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

सांसद श्री बराला ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए समर्पित इस नये भवन के माध्यम से अब उन्हें और अधिक आधुनिक, सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण में उपचार, देखभाल, पुनर्वास एवं परामर्श की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे दिव्यांग बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़कर आत्मनिर्भर जीवन की ओर अग्रसर हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में इस प्रकार की सराहनीय पहल जरूरतमंदों, दिव्यांग बच्चों एवं आमजन के लिए आशा, विश्वास और संबल का सशक्त माध्यम सिद्ध होगी।

मुख्यातिथि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने रक्तदान के क्षेत्र में कार्यरत टोहाना एवं आसपास के क्षेत्र की लगभग साठ संस्थाओं के प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं 110 बार रक्तदान करने पर सतभूषण गोयल तथा 107 बार रक्तदान करने पर रोहित मैहता सहित राजेंद्र बल्ली व कामराज शर्मा को भी सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों में मार्केट कमेटी चेयरमैन लक्ष्मण बंसल, अमृतलाल जैन, राजकुमार गर्ग पातड़ा वाले, भूषण बंसल, कृष्ण गोयल, अग्रवाल सभा के पूर्व प्रधान रमेश गोयल, नरेंद्र गर्ग, रमन मडिया, कामराज शर्मा, गोपालदत शर्मा, बंसी अरोड़ा, ललितमोहन शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग आदि उपस्थित रहे।

## क्षेत्र में ठंड और कोहरे का कहर, स्कूलों की छुट्टियां बढ़ाने की मांग

**बराडा (जयबीर राणा थंबड)।** क्षेत्र में ठंड काफी जोरों पर है। बुधवार को ठंड और कोहरे का कहर जारी रहा। कड़ाके की सर्दी के बीच स्कूलों में शीतकालीन अवकाश भी समाप्त हो गए। लेकिन तापमान लगातार गिरने के बाद अभिभावकों की तरफ से बच्चों की छुट्टियां बढ़ाने की मांग की जाने लगी है। बुधवार को सूर्यदेव नहीं दिखाई दिए बल्कि चारों तरफ कोहरे की चादर छाई रही। सड?ों पर वाहन भी रेंगते नजर आए। ठंड के कारण कामकाज भी प्रभावित नजर आने लगे हैं। ऐसे में अभिभावकों का मानना है कि इतनी ठंड के बीच बच्चों को स्कूल भेजन उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इसलिए अभिभावकों की प्रशासन से मांग है कि ठंड के चलते शीतकालीन अवकाश बढ़ाएं जाएं। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले कुछ दिनों तक सुबह के समय घने कोहरे से राहत मिलने की संभावना कम है।

# अंतरजिला तबादलों में 95 प्रतिशत की शर्त हटाकर शीघ्र तबादले करें सरकार : एचवीएएस

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 14 जनवरी।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा, जिला सचिव अमरनाथ किठानिया, कैशियर शीशपाल, वरिष्ठ उपप्रधान विद्यावती, सहसचिव शमशेर कालिया, संगठन सचिव सुरेश द्रविड़, प्रैस सचिव मदन गोपाल, ऑडिटर करमचंद केसर, कार्यालय सचिव गुरमीत सिंह, कृष्ण आर्य, सतपाल पांचाल व राजकुमार कश्यप ने संयुक्त प्रैस विज्ञप्ति जारी की। विज्ञप्ति में शिक्षा विभाग द्वारा जिला कैडर के अध्यापकों हेतु प्रस्तावित नई अंतरजिला तबादला नीति में संबंधित जिले में 95 प्रतिशत कार्यरत पदों की शर्त एवं 15 साल की सेवा पर ब्लाक बदलने को अव्यावहारिक, शिक्षक-विरोधी और शिक्षा हितों के प्रतिकूल बताया है। उन्होंने कहा कि इन शर्तों को हटाकर नए सत्र की शुरुआत तक जेबीटी शिक्षकों से शुरू करते हुए सभी वर्गों के शिक्षकों के तबादले किए जाएं। संगठन ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि नहीं तो 19 जनवरी को प्रदेश भर के उपायुक्त कार्यालयों पर ऐतिहासिक जन प्रदर्शन होंगे। संघ का कहना है कि जिला कैडर के अध्यापकों के अंतरजिला तबादलों में 95 प्रतिशत की शर्त, 119 की बजाय 143 खंड खोलने व 15 साल में ब्लाक बदलने की शर्त न तो शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाती है और न ही शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करती है। यह शर्त हजारों शिक्षकों को वर्षों घर से सैंकड़ों किलोमीटर दूर रखती है जिससे पारिवारिक, सामाजिक और मानसिक दबाव बढ़ता है और उसका सीधा असर शिक्षण कार्य पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि कहा कि विभाग द्वारा 2016 के बाद से तबादलों की प्रक्रिया लगभग ठप कर दी गई है। जेबीटी शिक्षकों के तबादले तो एक दशक से नहीं हुए हैं। इसके बावजूद 12 फरवरी 2025 को शिक्षक संगठनों से लिए गए सुझावों की अनदेखी कर अब नई नीति में और अधिक प्रतिगामी शर्तें जोड़ दी गई हैं। संघ ने स्पष्ट किया कि तबादला नीति अध्यापक के आवेदन और छात्रों की आवश्यकता के आधार पर बने, सभी नियमित व अनियमित शिक्षकों पर समान रूप से लागू हो और इसमें 95 प्रतिशत व 15 साल जैसी राजनीतिक शिक्षा विरोधी बाधाएं न थोपी जाएं।

## चंडीगढ़ ज्यूडिशियल एकेडमी में रीजनल मेडिको लीगल और पोस्ट मार्टम रिपोर्ट वर्कशॉप आयोजित

# 'मेडलीपीआर स्टैंडर्ड मेडिको-लीगल रिकॉर्ड में देरी और ऑथेंटिसिटी के मुद्दों को हल करेगा : मुख्य न्यायधीश शील नागू

मेडलीपीआर स्टैंडर्ड मेडिको-लीगल और पोस्ट-मॉर्टम रिपोर्टिंग को मज़बूत करेगा - न्यायधीश राजेश बिंदल*

'मेडलीपीआर प्लेटफ़ॉर्म को और बेहतर बनाने के लिए राज्यों से लेगा फ़ीडबैक - एसीएस सुधीर राजपाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर, हरियाणा ने चंडीगढ़ ज्यूडिशियल एकेडमी में मेडिको लीगल एग्ज़ामिनेशन और पोस्ट-मॉर्टम रिपोर्टिंग पर एक क्षेत्रीय वर्कशॉप आयोजित की।

इस वर्कशॉप में जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ और दिल्ली के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वर्कशॉप का उद्घाटन सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीश श्री राजेश बिंदल ने किया। उद्घाटन सत्र की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई।

इस मौके पर पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश श्री शील नागू, न्यायधीश श्री हरसिमरन सिंह सेठी, न्यायधीश श्री जगमोहन बंसल, स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल और एनआईसी हरियाणा के डीडीजी और स्टेट कोऑर्डिनेटर श्री वरिंद्र सेठ मौजूद रहे।

इस मौके पर, गणमान्य लोगों ने मेडलीपीआर पर कलेक्शन का औपचारिक रूप से अनावरण किया, जिसमें मेडलीपीआर प्लेटफॉर्म के माध्यम से मेडिको-लीगल जांच और पोस्ट-मॉर्टम रिपोर्टिंग प्रैक्टिस के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर रेफरेंस डॉक्यूमेंट के रूप में महत्व पर प्रकाश डाला गया। मेडलीपीआर मोबाइल एप्लिकेशन को मुख्य अतिथि, सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीश श्री राजेश बिंदल ने सॉफ्ट-लॉन्च किया।

स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल ने मेडलीपीआर को लागू करने पर पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट की पहल की सराहना की और इस बात पर बल दिया कि वर्कशॉप के दौरान मिले सुझाव और फ़ीडबैक से प्लेटफ़ॉर्म और मज़बूत और बेहतर होगा, जिससे मेडिको-लीगल रिपोर्टिंग ज़्यादा भरोसेमंद, स्टैंडर्डाइज़्ड और कुशल बनेगी।

पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश श्री शील नागू ने बताया कि मेडलीपीआर मेडिको-लीगल और पोस्ट-मॉर्टम रिकॉर्ड को आसान बनाता है, और सुरक्षित डिजिटाइज़ेशन और इंटीग्रेशन के ज़रिए देरी, स्टैंडर्डाइज़ेशन और ऑथेंटिसिटी की दिक्कतों को दूर करता है। उन्होंने भरोसा जताया कि मेडलीपीआर कम्पेंडियम और मोबाइल एप्लीकेशन के लॉन्च से भरोसेमंद और जवाबदेह मेडिको-लीगल रिपोर्टिंग और बेहतर होगी।

जस्टिस श्री राजेश बिंदल ने मेडिको-लीगल और पोस्ट-मॉर्टम रिपोर्टिंग में एक बड़े सुधार के तौर पर मेडलीपीआर सिस्टम के महत्व पर बल दिया। उन्होंने एनआईसी हरियाणा द्वारा दी गई तकनीकी सहायता की सराहना की और इस बात पर बल दिया कि कम से कम लागत पर एक मज़बूत, पैन-इंडिया डिजिटल सॉल्यूशन बनाने के लिए ज्यूडिशियल और टेक्निकल एक्सपर्ट्स के बीच सहयोग जरूरी है।

इस दौरान राज्यों और यूटी मेडलीपीआर के स्टेट नोडल ऑफिसरों ने अपनी इम्प्लीमेंटेशन स्ट्रेटेजी, बेस्ट प्रैक्टिस, चैलेंज और आगे का रास्ता विस्तार से साझा किया।

एनआईसी हरियाणा के डिप्टी डायरेक्टर जनरल और स्टेट इन्फॉर्मेटिक्स ऑफिसर श्री सरबजीत सिंह ने वर्कशॉप में मेडलीपीआर कोऑर्डिनेटर और मास्टर ट्रेनर के भाग लेने पर सराहना की।

# हिमाचल कैडर के पांच आईपीएस अधिकारियों को महानिदेशक पद पर पदोन्नति, तीन केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 14 जनवरी।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने वर्ष 1995 एवं 1996 बैच के पांच भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों को महानिदेशक (डीजी) रैंक में पदोन्नति प्रदान की है। इस संबंध में मुख्य सचिव संजय गुप्ता द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।

यह पदोन्नति बैक-डेट, अर्थात 1 जनवरी 2026 से प्रभावी मानी जाएगी। सरकार द्वारा जिन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को डीजी रैंक में पदोन्नत किया गया है, उनमें 1995 बैच के सतिंदर पाल सिंह, 1995 बैच के एन. वेणुगोपाल (अपर महानिदेशक, होमगार्ड, सिविल डिफेंस एवं अग्निशमन सेवाएं) तथा 1996 बैच की सतवंत अटवाल त्रिवेदी, 1996 बैच के अजय कुमार यादव और 1996 बैच के अभिषेक त्रिवेदी (अपर महानिदेशक, कारागार सेवाएं) शामिल हैं।

**पांच में से तीन अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर:** इन पांच पदोन्नत आईपीएस अधिकारियों में से सतवंत अटवाल त्रिवेदी और अभिषेक त्रिवेदी वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में सेवारत हैं, जबकि सतिंदर पाल सिंह, एन. वेणुगोपाल और अजय कुमार यादव इस समय केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर होने के कारण इन अधिकारियों को परफॉर्मा (प्रोफार्मा) आधार पर पदोन्नति प्रदान की गई है।

सरकार के इस निर्णय से हिमाचल कैडर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के प्रशासनिक दायित्व और अधिक सुदृढ़ होंगे।

# भाजपा नेता पाला राम सैनी ने 400 जरूरतमंदों को बांटे कंबल

बोले- हमें आगे आकर करनी चाहिए जरूरतमंदों की मदद

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 14 जनवरी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पालाराम सैनी ने अंबाला रोड पर सैनी धर्मशाला में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। डीएसपी सुशील प्रकाश व कष्ट निवारण समिति की सदस्य शैली मुंजाल विशेष अतिथि के रूप में समारोह में पहुंचे। उन्होंने पालाराम सैनी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। सर्दी का मौसम खासतौर पर गरीब और असहाय लोगों के लिए बेहद कठिन होता है। ऐसे में पालाराम सैनी जैसे लोग समाज के लिए प्रेरणा हैं। कार्यक्रम के आयोजक पालाराम सैनी ने बताया कि वे पिछले 30 वर्षों से हर वर्ष सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा यही प्रयास किया है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुंचे। सर्दी में एक कम्बल भी किसी की जान बचा सकता है। यही सोचकर हर साल यह आयोजन किया जाता है। सैनी ने आगे कहा कि सेवा का यह कार्य केवल एक दिन का नहीं बल्कि पूरे वर्ष समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा देता है। डीएसपी सुशील प्रकाश ने कहा कि पुलिस प्रशासन हमेशा ऐसे सामाजिक कार्यों का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर ऐसे कार्य करने चाहिए ताकि जरूरतमंदों का जीवन थोड़ा आसान हो सके। शैली मुंजाल ने कहा कि 30 वर्षों तक लगातार इस तरह का आयोजन करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। ऐसे आयोजन समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरित करते हैं कि वे आगे आएं और जरूरतमंदों की मदद करें। इस अवसर पर मनदीप सैनी, हरपाल सैनी, श्याम लाल सैनी, धर्मबीर सैनी एडवोकेट, जंगीर सिंह सैनी, बंसीलाल सैनी, विक्की सैनी, कृपाल सैनी और दारा सिंह सैनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नगर निगम के 22 वार्डों के लिए उपायुक्त सुशील सारवान की अध्यक्षता में निकाला गया ड्रा

21, 12, 14 व 05 वार्ड सामान्य वर्ग की महिला सदस्यों के लिए होगा आरक्षित*

वार्ड 02, 09, 17 व 18 अनुसूचित जातियों के लिए होंगे आरक्षित, वार्ड 09 व 18 अनुसूचित जातियों के महिला सदस्यों के लिए आरक्षित

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी




**सोनीपत, 14 जनवरी।** उपायुक्त सुशील सारवान की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय में नगर निगम सोनीपत के 22 वार्डों के लिए ड्रा निकाला गया। इस दौरान निकाले गए ड्रा के तहत वार्ड नंबर 01, 03, 04, 05, 07, 08, 12, 13, 14, 15, 16, 19, 20, 21 व 22 सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित होंगे, जिनमें वार्ड नंबर 05, 12, 14 व 21 सामान्य वर्ग की महिला सदस्यों के लिए आरक्षित होगा। इसके अलावा कुल 22 वार्डों में से 04 वार्ड अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित किए जाने थे जो ड्रा के माध्यम से वार्ड नंबर 02, 09, 17 व 18 निर्धारित हुए। इन वार्डों में से वार्ड नंबर 09 व 18 अनुसूचित जातियों की महिला सदस्यों के लिए आरक्षित होंगे।उपायुक्त ने बताया कि पिछडा वर्ग क के लिए वार्ड नंबर 06 व 10 आरक्षित होंगे, जिनमें वार्ड नंबर 06 पिछडा वर्ग क की महिला सदस्य के लिए आरक्षित होगा। इसी प्रकार वार्ड नंबर 11 पिछड़ा वर्ग ख की महिला सदस्य के लिए आरक्षित होगा।इस मौके पर नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, नगराधीश डॉ0 अनमोल, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़, शहरी स्थानीय निकाय विभाग से हरदीप सहित पूर्व निगम पार्षद मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाई लोहड़ी व मकर संक्रांति

**रादौर (अप्रस/योगेश कुमार)।** शहर के जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व उत्साह, उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में सांस्कृतिक रंग बिखरे नजर आए और विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने मिलकर भारतीय त्योहारों की गरिमा को जीवंत किया। कार्यक्रम की शुरुआत लोहड़ी की पावन अग्नि प्रज्वलन से हुई, जहां सभी ने अग्नि में रेवड़ी, मूंगफली एवं तिल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में आयोजित पतंगबाजी प्रतियोगिता कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रही। रंग-बिरंगी पतंगों से सजा आसमान सभी के लिए आनंद और उत्साह का केंद्र बना। विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया, तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को संस्थान की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने सभी को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे पारंपरिक एवं सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता व भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। संपूर्ण परिसर उल्लास, ऊर्जा एवं सांस्कृतिक एकता के संदेश से गूंज उठा।

# मकर संक्रांति पर श्री श्री 108 बाबा मोहनदास गऊशाला में वार्षिकोत्सव श्रद्धा व उत्साह से संपन्न

त्यागी समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं समाजसेवी पुनीत राई ने गऊशाला को प्रदान की एक लाख 11 हजार रुपए की आर्थिक सहायता



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत, 14 जनवरी।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर शाहपुर तगा गांव स्थित श्री श्री 108 बाबा मोहनदास गऊशाला में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गऊशाला परिसर में धार्मिक अनुष्ठान, गौ-पूजन एवं सेवा कार्यों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान त्यागी समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं समाजसेवी पुनीत राई ने गऊशाला पहुंचकर गौसेवा के प्रति समाज की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने त्यागी समाज हरियाणा ट्रस्ट की ओर से श्री श्री 108 बाबा मोहनदास गऊशाला को एक लाख 11 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस सहयोग को गऊशाला के विकास, गौवंश की सेवा एवं संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण बताया गया। समाजसेवी पुनीत राई ने अपने संबोधन में कहा कि मकर संक्रांति का पर्व सेवा, दान और पुण्य कार्यों का संदेश देता है। गौसेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है और समाज के प्रत्येक वर्ग को इसमें बढ़-चढ़कर योगदान देना चाहिए। उन्होंने गऊशाला प्रबंधन द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की।गऊशाला प्रबंधन समिति ने त्यागी समाज हरियाणा ट्रस्ट तथा पुनीत राई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का सहयोग गौवंश की बेहतर देखभाल एवं गऊशाला के सतत विकास में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण के साथ वार्षिकोत्सव का समापन किया गया।इस मौके पर कमेटी उपप्रधान धर्मबीर सिंह नंबरदार, सरपंच प्रतिनिधि सुंदरपाल, घसौली सरपंच महेश त्यागी, राधेश्याम त्यागी, रामकुमार, महेंद्र चिरस्मी, रोहताश छिक्कारा, नरेंद्र त्यागी, अरुण गोस्वामी, मांगेराम त्यागी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


कार्यालय अधीक्षक मद्य निषेध, लखीसराय

अल्पकालीन आम नीलामी सूचना

Email. Id-lakhisarai-excise@nic.in, Phone : 06346-299952

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लखीसराय जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों/उत्पाद वादों में राज्यसात किए गए निम्न वाहनों को बिहार मद्य-निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत आम नीलामी (Public Action) दिनांक-05.02.2026 को निर्धारित की गई एवं शेष बचे वाहनों की निलामी दिनांक-07.02.2026 एवं दिनांक-10.02.2026 को उत्पाद कार्यालय लखीसराय में की जायेगी। आवेदन प्राप्त करने की तिथि-03.02.2026, 06.02.2026 एवं 09.02.2026 को संध्या-05:00 बजे अप0 तक निर्धारित है।

| क्र0 सं0 | सम्पहरण (उत्पाद) वाद संख्या | थाना का नाम (वाहन अभिरक्षा स्थल) | थाना वाद संख्या | वाहन का प्रकार एवं निबंधन संख्या | न्यायालय आदेश का विवरण | वाहन स्वामी का नाम एवं पता | MVI द्वारा प्राप्त मूल्यांकन मूल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (50%) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 243/2023 | सूर्यगढ़ा (माणिकपुर) | काण्ड सं-431/2023, दिनांक-25.11.2023 | मोटरसाईकिल रजि0 नं0-PB37G-3526 | वरीय उपसमाहर्त्ता जिला विधि शाखा लखीसराय, ज्ञापांक-1403, दिनांक-21.07.2025 | – | 4,000 | 2000 | स्क्रेप वाहन का पुनः निबंधन नहीं किया जा सकता। |
| 02 | 165/2024 | उत्पाद | कोर्ट केस सं0-891C²/2024, दिनांक-27.07.2024 | मोटरसाईकिल रजि0 नं0-PB-10EP-9329, चेसिस सं0-MD2A15BZ1ERK68255, इंजन सं0-JZZREK08312. | वरीय उपसमाहर्त्ता जिला विधि शाखा लखीसराय, ज्ञापांक-147, दिनांक-17.01.2025 | श्री राज कुमार मंडल, पे0-देव नारायण मंडल, सा0-वी0पी0ओ0 एयर फोर्स स्टेशन तह रायकोट, थाना-लुधियाना, जिला-लुधियाना, राज्य-पंजाब | 12,000 | 6000 | |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है। जिला पदाधिकारी लखीसराय

PR. No. 021775 (Excise) 2025-26 सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

AP-7267



कार्यालय अधीक्षक मद्य निषेध, लखीसराय

अल्पकालीन आम नीलामी सूचना

Email. Id-lakhisarai-excise@nic.in, Phone : 06346-299952

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लखीसराय जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों/उत्पाद वादों में राज्यसात किए गए निम्न वाहनों को बिहार मद्य-निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत आम नीलामी (Public Action) दिनांक-05.02.2026 को निर्धारित की गई एवं शेष बचे वाहनों की निलामी दिनांक-07.02.2026 एवं दिनांक-10.02.2026 को उत्पाद कार्यालय लखीसराय में की जायेगी। आवेदन प्राप्त करने की तिथि-03.02.2026, 06.02.2026 एवं 09.02.2026 को संध्या-05:00 बजे अप0 तक निर्धारित है।

| क्र0 सं0 | सम्पहरण (उत्पाद) वाद संख्या | थाना का नाम (वाहन अभिरक्षा स्थल) | थाना वाद संख्या | वाहन का प्रकार एवं निबंधन संख्या | न्यायालय आदेश का विवरण | वाहन स्वामी का नाम एवं पता | MVI द्वारा प्राप्त मूल्यांकन मूल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (50%) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 243/2023 | सूर्यगढ़ा (माणिकपुर) | काण्ड सं-431/2023, दिनांक-25.11.2023 | मोटरसाईकिल रजि0 नं0-PB37G-3526 | वरीय उपसमाहर्त्ता जिला विधि शाखा लखीसराय, ज्ञापांक-1403, दिनांक-21.07.2025 | – | 4,000 | 2000 | स्क्रेप वाहन का पुनः निबंधन नहीं किया जा सकता। |
| 02 | 165/2024 | उत्पाद | कोर्ट केस सं0-891C²/2024, दिनांक-27.07.2024 | मोटरसाईकिल रजि0 नं0-PB-10EP-9329, चेसिस सं0-MD2A15BZ1ERK68255, इंजन सं0-JZZREK08312. | वरीय उपसमाहर्त्ता जिला विधि शाखा लखीसराय, ज्ञापांक-147, दिनांक-17.01.2025 | श्री राज कुमार मंडल, पे0-देव नारायण मंडल, सा0-वी0पी0ओ0 एयर फोर्स स्टेशन तह रायकोट, थाना-लुधियाना, जिला-लुधियाना, राज्य-पंजाब | 12,000 | 6000 | |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है। जिला पदाधिकारी लखीसराय

PR. No. 021775 (Excise) 2025-26 सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।



AP-7268

उत्तर रेलवे

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/एफ.एस., उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई नीलामी लीजिंग के माध्यम से अंबाला मंडल के अंतर्गत विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक के एस.एल.आर./ एस.एल.आर.डी. डिब्बों में पार्सल स्पेस (4/3.9 टन) के लीज अनुबंध हेतु निविदाएँ आमंत्रित करते हैं।, निम्नलिखित विवरणानुसार, निविदा आमंत्रित की जाती है

| क्र. | नीलामी केटलाग सं. | नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय | नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | UMB-SLR-02-2026 (06 लॉट) | 27.01.2026/12:00 | 27.01.2026/13:20 |

| क्र.सं. | ट्रेन संख्या | से-तक | कम्पार्टमेंट |
|---|---|---|---|
| 1 | 12232 | CDG-LKO | FSLR-I |
| 2 | 12232 | CDG-LKO | RSLR-I |
| 3 | 19308 | UHL-INDB | FSLR-I |
| 4 | 22456 | KLK-SNSI | FSLR-I |
| 5 | 12326 | NLDM-KOAA | FSLR-I |
| 6 | 22356 | CDG-PPTA | FSLR-I |

ई-नीलामी में भाग लेने या ई-नीलामी प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को www.ireps.gov.in वेबसाइट पर जाने की सलाह दी जाती है।

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंध-एफ एस
उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी

136/26 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-7270

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि/समय | अनुमानित लागत (₹) | धरोहर राशि (₹) | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | OT-35/2025-26 | सिगनलिंग वर्क इन कनेक्शन विद (i) प्रोविजन ऑफ इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बेरीअर (ई०एल०बी०) इन ल्यू ऑफ लेफ्ट ओवर मकैनिकल लिफ्टिंग बेरीअर (एम.एल.बी.) एण्ड प्रोविजन ऑफ रोड सिग्नलस ऑन इन्टरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेट्स ओवर अंबाला डिवीजन (ii) प्रोविजन ऑफ आई०पी०एस० ऑन लेफ्टओवर इन्टरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेट्स ओवर अंबाला डिवीजन। | 09.02.2026 को 15:00 बजे | ₹2,65,68,133.09 | ₹2,82,900/- | 270 दिन |
| 2. | OT-36/2025-26 | रिहेबिलिटेशन ऑफ डाटा लॉगर (डी०एल०) एण्ड फॉल्ट एनालिसिस सिस्टम (एफ ए एस) ओवर अंबाला डिवीजन। | 09.02.2026 को 15:00 बजे | ₹1,00,44,982.79 | ₹2,00,200/- | 180 दिन |
| 3. | OT-37/2025-26 | रिप्लेसमेंट ऑफ नॉन आर०डी०एस०ओ० टाइप ऑटोमेटिक फायर डिटेक्शन अलार्म सिस्टम (ए०एफ०डी०ए०एस०) विथ आर०डी०एस०ओ० टाइप एट स्टेशन एण्ड रिले हट्स ओवर अंबाला डिवीजन। | 09.02.2026 को 15:00 बजे | ₹5,87,00,004.25 | ₹4,43,500/- | 180 दिन |

नोट: 1. वरि० मंडल सिग० एवं टेली० इंजी०/उ०रे० डी०आर०एम० ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दर्शायी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन प्रतिलिपि अपलोड करें। 2. टेंडर डाकूमेंट्स व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 3. निविदाकारों को ई-टेंडरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टेंडर नोटिस और टेंडर डाकूमेंट्स में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टेंडर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें।

संख्या: एस.डब्ल्यू./सिग/अंबाला/एन०आई०टी०-14/2025-26 दिनांक: 14.01.2026 138/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-7269

# पार्षद की भाभी को भेजा रोपड़ जेल

भाजपा ने किया वार्ड नंबर 4 में प्रदर्शन, आप सरकार और कांग्रेस के खिलाफ लगाए नारे



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** चंडीगढ़ के वार्ड नंबर 4 से पार्षद सुमन शर्मा की भाभी कोमल शर्मा को पुलिस रिमांड समाप्त होने अदालत में पेश किया गया है। अदालत ने उसे ज्युडीशियल रिमांड भेजने के आदेश दिए हैं और उन्हें रोपड़ की जेल में बंद करवा दिया गया है।

दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी की तरफ से वार्ड नंबर 4 में रोष रैली की गई है। जिसमें नेताओं ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ यह रोष रैली की जा रही है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले भाजपा की पार्षद सुमन की भाभी को पंजाब सरकार द्वारा उनके घर से जबरन उठाए जाने की घटना को लेकर इलाके में भारी रोष है। इसी के विरोध में भाजपा ने कॉलोनी में रैली निकालकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला है।

रैली में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, महिलाएं और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान 'आम आदमी पार्टी मुर्दाबाद' और 'कांग्रेस मुर्दाबाद' के नारे लगाए गए।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार में महिलाओं की सुरक्षा खतरे में है और सत्ता के दबाव में कानून का दुरुपयोग किया जा रहा है।

### महिलाओं को डराने की राजनीति नहीं चलेगी

रैली को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने कहा कि महिलाओं को डराने-धमकाने की राजनीति को भाजपा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि सत्ता के संरक्षण में इस तरह की घटनाएं लोकतंत्र पर सीधा हमला हैं। उन्होंने कहा भाजपा महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी।

### कानून-व्यवस्था पर सवाल

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय टंडन ने कहा कि यह मामला केवल एक परिवार या एक वार्ड तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस मामले में जवाबदेही तय नहीं की और दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो भाजपा आंदोलन को और तेज करेगी।

### सरकार पर सत्ता के दुरुपयोग का आरोप

प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि राजनीतिक विरोधियों को डराने के लिए सरकारी तंत्र का इस्तेमाल किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं को निशाना बनाना बेहद निंदनीय है और यह दर्शाता है कि सरकार संवैधानिक मूल्यों से भटक चुकी है।

### भाजपा के कई बड़े नेता रहे मौजूद

इस रोष प्रदर्शन में भाजपा के स्टेट महामंत्री रामबीर भट्टी, स्टेट महामंत्री संजीव राणा, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सैणी, उपाध्यक्ष इंद्रा सिंह, नरेश पंचाल, देविंदर सिंह बबला सहित अनेक पार्षद, पदाधिकारी और वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा नेताओं ने दोहराया कि महिलाओं पर अत्याचार और सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ पार्टी का संघर्ष लगातार जारी रहेगा और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# एमसी चंडीगढ़ ने शहर के मुख्य सेक्टरों में बड़ा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** पैदल चलने वालों की आवाजाही को आसान बनाने और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लगातार प्रयास में, चंडीगढ़ नगर निगम ने बुधवार को शहर के विभिन्न हिस्सों, जिसमें सेक्टर 22, 19, 17, 46, 47 और मनीमाजरा शामिल हैं, में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।

यह अभियान एमसीसी की एनफोर्समेंट टीमों द्वारा सार्वजनिक जगहों से अवैध कब्जों को हटाने और व्यस्त बाजारों और कमर्शियल इलाकों में अतिक्रमण वाले रास्तों को साफ करने के उद्देश्य से चलाया गया। इस ऑपरेशन के दौरान, सार्वजनिक ज़मीन पर अतिक्रमण करने और रुकावट पैदा करने वाले उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कुल 123 चालान जारी किए गए।

कई अवैध विक्रेताओं और अस्थायी ढांचों को हटाया गया, और बाजारों के रास्तों को साफ किया गया ताकि पैदल चलने वालों की आवाजाही आसान हो सके और आम जनता के लिए कुल मिलाकर पहुंच बेहतर हो। यह कार्रवाई नगर निगम के नियमों और विनियमों के अनुसार सख्ती से की गई।

एमसी कमिश्नर अमित कुमार, ने दोहराया कि सार्वजनिक जगहों पर अतिक्रमण न केवल ट्रैफिक और



पैदल चलने वालों की आवाजाही में बाधा डालता है, बल्कि सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा करता है। उन्होंने दुकानदारों, विक्रेताओं और आम जनता से नगर निगम के साथ सहयोग करने और अवैध अतिक्रमण से बचने की अपील की।

# पीयू ने रील मेकिंग और फोटो कॉन्टेस्ट के लिए एंट्रीज की आमंत्रित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** पंजाब यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर प्रो. रेनू विग ने 'लाइफ एट पी.यू ' थीम पर एक रील मेकिंग कॉम्पिटिशन और फोटो कॉन्टेस्ट का पोस्टर लॉन्च किया है। यह प्रतिष्ठित कॉन्टेस्ट पंजाब यूनिवर्सिटी के पब्लिक रिलेशन्स डिपार्टमेंट द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

पी.यू वाइस चांसलर प्रो. रेनू विग ने कहा कि एकेडमिक रूप से पी.यू का कैंपस जीवन बहुत जीवंत है और यह कॉन्टेस्ट वहां की रचनात्मक प्रतिभा को उजागर करेगा। यह कॉम्पिटिशन शुरू हो चुका है और रील और फोटो सबमिशन की आखिरी तारीख 29 जनवरी 2026 है। कॉम्पिटिशन की थीम 'लाइफ एट पी.यू' है, जो रोज़मर्रा की कैंपस लाइफ, कल्चर, पढ़ाई और पर्सनल अनुभवों को उजागर करती है।

रील मेकिंग मुकाबले के तहत, पहले और दूसरे पुरस्कार विजेताओं को क्रमशः 10,000/- रुपये और 7,000/- रुपये के नकद पुरस्कार मिलेंगे। साथ ही 1,000/- रुपये के पांच सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। वहीं फोटो कॉन्टेस्ट में पहला पुरस्कार 5,000/- रुपये, दूसरा पुरस्कार 3,000 रुपये और 1,000/- रुपये के पांच सांत्वना पुरस्कार हैं।

यह प्रतियोगिता सभी के लिए खुली है जिसमें स्टूडेंट्स, एलुमनाई, स्टाफ और आम जनता शामिल हैं। इसमें उम्र की कोई सीमा नहीं है। प्रतिभागियों को पोस्टर पर दिए गए क्यू आर कोड के ज़रिए रजिस्टर करना होगा



और अपनी सबसे अच्छी रील्स और फ़ोटोग्राफ़्स सबमिट करनी होंगी।

पी.यू के प्रवक्ता ने कहा कि क्लासरूम, लाइब्रेरी, खेल के मैदान और हॉस्टल से लेकर कैंपस के हर कोने में एक कहानी है और हर पल पंजाब यूनिवर्सिटी में जिंदगी को बयां करता है। उन्होंने कहा कि यह पहल स्टूडेंट्स, एलुमनाई और भविष्य के स्टूडेंट्स को यूनिवर्सिटी के साथ अपने जुड़ाव को क्रिएटिव तरीके से कैप्चर करने और शेयर करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस मौके पर प्रो. मीनाक्षी गोयल, डायरेक्टर, रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल, प्रो. वाई. पी. वर्मा, रजिस्ट्रार, प्रो. जगत भूषण, कंट्रोलर ऑफ़ एग्ज़ामिनेशंस, डॉ. राकेश मलिक, डायरेक्टर, स्पोर्टस, डॉ. विनीत पुनिया, डायरेक्टर, पब्लिक रिलेशन्स, प्रो. कृष्ण कुमार, सेक्रेटरी टू वाइस चांसलर, विक्रम सिंह, चीफ ऑफ यूनिवर्सिटी सिक्योरिटी के साथ-साथ पब्लिक रिलेशन्स डिपार्टमेंट के स्टाफ मेंबर मौजूद थे।

चंडीगढ़ में लव मैरिज करने पर बवाल

# लड़की के परिजनों ने लड़के के ताया को पीटा, उसने सुसाइड किया; परिजनों ने लाश थाने के बाहर रखी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ, 14 जनवरी।** चंडीगढ़ में प्रेमी जोड़े के घर से भागकर लव मैरिज करने पर बुधवार को बड़ा बवाल हुआ। लड़के के परिजनों ने आरोप लगाया कि लड़की वालों ने लड़के के ताया से मारपीट की, जिससे जलील होकर उसने सुसाइड कर लिया। मगर, 4 दिन तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। वहीं लड़की के परिजन लड़के के परिवार को अपने घर भी नहीं आने दे रहे।

इससे गुस्साए लड़के के परिजनों ने थाने के बाहर लाश रखकर प्रदर्शन कर दिया। इससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और लड़की के रिश्तेदारों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने केस और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का हवाला देकर प्रदर्शनकारियों को शांत कराकर धरना खत्म कराया।



### पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो लाश लेकर थाने में धरना लगाया

कुशाल के भाई ने बताया कि खुदकुशी के बाद उसी दिन पुलिस को तुरंत शिकायत दी गई, इसके बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, उल्टा उन्हें ही धमकाते रहे। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो बुधवार दोपहर वह धर्मपाल की लाश लेकर थाना मौलीजागरां के बाहर पहुंच गए। जहां उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी।

युवक कुशाल के भाई ने बताया कि उसके ताया धर्मपाल एक दिन काम से घर लौट रहा था। तब रास्ते में लड़की के परिवार वालों ने उन्हें घेर लिया और उनकी लड़की भगाने की बात कहकर उसके ताया से मारपीट की। इस पिटाई वह वह काफी परेशान हो गए। उन्होंने अपनी पत्नी को भी बताया कि मेरे साथ बुरी तरह से मारपीट कर मुझे जलील किया गया। इसके बाद रात के समय फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया।

### एक मोहल्ले के युवक-युवती में प्रेम संबंध, घर से भागे

जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ के मौली जागरां के रहने वाला युवक कुशाल का इसी मोहल्ले में रहने वाली युवती से प्रेम संबंध था। 11 जनवरी को वे दोनों घर से फरार हो गए। अभी लड़की की तलाश चल ही रही थी कि कुशाल ने उससे कोर्ट मैरिज कर ली। इसके बाद से दोनों अपने घर नहीं लौटे।

### लड़की के रिश्तेदारों ने लड़के के परिजन पीटे

जब लड़की के परिजनों को इसके बारे में पता चला तो वह गुस्से में आ गए। लड़के के परिजनों का आरोप है कि लड़की के रिश्तेदारों ने उनके साथ मारपीट की। जब भी वे घर की तरफ जाते हैं तो उन्हें घेरकर पीटा जाता है। इस वजह से उनके घर में ताले लगे हुए हैं। वह अपने ही घर नहीं जा पा रहे हैं।

### पुलिस ने केस दर्ज कर धरना खत्म कराया

परिजनों के प्रदर्शन का पता चलते ही चंडीगढ़ के सीनियर पुलिस अधिकारियों तक पूरा मामला पहुंच गया। जिसके बाद पुलिस ने लड़की के रिश्तेदारों नीमा, सलीम, लागन, मंजू, आदि, रितिक और रिंकू के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत केस दर्ज कर लिया है। जिसमें लड़की के परिवार वालों को खुदकुशी के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मोहाली में बिल्डर से मांगी 2 करोड़ की फिरौती

## गोल्डी बराड़ के नाम पर धमकी भरी आया कॉल, परिवार ने की सुरक्षा की मांग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मोहाली, 14 जनवरी।** मोहाली जिले के एक नामी बिल्डर को अंडरवर्ल्ड से 2 करोड़ रुपए की फिरौती के लिए धमकी भरा फोन आया है। इस घटना ने बिल्डर और उनके परिवार को दहशत में डाल दिया है, साथ ही इलाके के अन्य व्यापारियों में भी डर का माहौल है।

यह मामला चिराग ग्रुप्स के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रकाश ठाकुर से जुड़ा है। उन्होंने इस संबंध में मोहाली एसएसपी को शिकायत दी है। शिकायत के अनुसार, 5 जनवरी की शाम उनके मोबाइल फोन पर वॉट्सऐप के जरिए दो कॉल आईं। पहली कॉल शाम 5.42 बजे और दूसरी कॉल 17 मिनट बाद 5.59 बजे की गई।

कॉल करने वाले ने खुद को कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बराड़ ग्रुप से



जुड़ा बताया और सीधे तौर पर दो करोड़ रुपए की फिरौती मांगी। कॉलर ने धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए गए तो गोली चलाई जाएगी। उसने यह भी कहा कि चाहे कितनी भी सुरक्षा रख ली जाए, जान से मारने की धमकी को अंजाम दिया जाएगा। कॉल के अंत में उसने एक हफ्ते बाद फिर संपर्क करने की बात कही।

प्रकाश ठाकुर ने पुलिस को बताया कि इस धमकी के बाद से वह और उनका परिवार गहरे डर में जी रहा है। वे घर से बाहर निकलने से भी डर रहे हैं और उन्होंने फिलहाल काम पर जाना बंद कर दिया है। उन्होंने पुलिस से अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

### वॉट्सऐप नंबरों और ऑडियो रिकॉर्डिंग की जांच

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कॉल डिटेल रिकॉर्ड, वॉट्सऐप नंबरों और ऑडियो रिकॉर्डिंग की तकनीकी जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि धमकी देने वाला व्यक्ति वास्तव में गोल्डी बराड़ गैंग से जुड़ा है या कोई अन्य गिरोह उसके नाम का इस्तेमाल कर फिरौती मांग रहा है।

### पहले भी आ चुके मामले

एसएसपी ने जांच संबंधित थाने को सौंप दी है। गौरतलब है कि पंजाब में गोल्डी बराड़ के नाम पर पहले भी कई कारोबारियों से फिरौती मांगे जाने के मामले सामने आ चुके हैं।

# अलग-अलग दो वाहनों की चपेट में आने से इलाज के दौरान दो की मौत, मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** यूटी पुलिस ने अलग अलग दो मामलों में वाहनों की चपेट में आने से हुई मौत के मामलों में आरोपी वाहनों चालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता मौली जागरा निवासी राजू ने पुलिस को बताया कि बीते दिन शिकायतकरता और उसका बेटा ई रिक्शा में सवार होकर जा रहे थे। जैसे ही वह मौली जागरा स्थित लाइट प्वाइंट के पास पहुंचे तो इसी दौरान एक हरियाणा नबर की तेज रफ्तार गाड़ी ने ई रिक्शा में जोर दार टक्कर मारी। ई रिक्शा में सवार शिकायतकर्ता और उसका बेटा जख्मी हो गया जिसे इलाज के लिए तुरंत पीजीआई में भर्ती करवाया गया। यहां इलाज के दौरान बेटे ने दम तोड़ दिया।

वहीं पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**केस नंबर दो :** जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पंजाब के जिला बठिंडा के रहने वाले तेज प्रताप ने पुलिस को बताया कि किसी अज्ञात मोटर साइकिल सवार चालक को कोई अज्ञात आरोपी कार चालक टक्कर मारकर फरार हो गया। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जख्मी हुए मोटरसाइकिल चालक को इलाज के लिए सेक्टर 32 के अस्पताल में पहुंचाया। यहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया था।वही पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चंडीगढ़ में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया 10वां सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों और पूर्व सैनिकों के सम्मान में बुधवार को चंडीगढ़ में 10वां सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्र की सेवा में समर्पित सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिकों के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को नमन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सशस्त्र बलों के जवानों और पूर्व सैनिकों का योगदान देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा की नींव है। उनकी वीरता और अनुशासन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस मौके पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और पूर्व सैनिकों के सम्मान में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन



किया गया।

गौरतलब है कि सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस प्रतिवर्ष 14 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिन भारत के पहले भारतीय थल सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल के.एम. करिअप्पा की स्मृति से जुड़ा है, जो 14 जनवरी 1953 को सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने 1947 के युद्ध के दौरान भारतीय सेना का नेतृत्व कर देश को विजय दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, पूर्व सैनिकों, उनके परिजनों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में पूर्व सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके कल्याण और सम्मान को निरंतर बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

# भारत विकास परिषद के सामूहिक विवाह समारोह में संजय टंडन ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंड़ीगढ़, 14 जनवरी।** चंडीगढ़ के सेक्टर-18 स्थित कम्युनिटी सेंटर में भारत विकास परिषद, ईस्टङ्क1 शाखा द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह सामाजिक सेवा, समरसता और सहयोग का प्रेरक उदाहरण बना। इस गरिमामय आयोजन में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजय टंडन ने विशेष रूप से शिरकत की और 9 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और परिजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए संजय टंडन ने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज में समानता और सेवा भाव को सशक्त करते हैं। उन्होंने भारत विकास परिषद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आर्थिक रूप से जरूरतमंद



परिवारों को सहयोग देकर सम्मानजनक ढंग से विवाह संपन्न कराना समाज के प्रति गहरी जिम्मेदारी का परिचायक है। टंडन ने नवदंपतियों को सुखद, सफल और संस्कारयुक्त वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। संजय टंडन ने कहा कि भारतीय संस्कृति में विवाह केवल दो व्यक्तियों का बंधन नहीं, बल्कि परिवारों और समाज को जोड़ने वाला पवित्र संस्कार है। ऐसे सामूहिक आयोजनों से सामाजिक एकता मजबूत होती है और आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने समाज की अन्य संस्थाओं और नागरिकों से भी इस प्रकार के सेवा कार्यों में आगे आने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में भारत विकास परिषद, ईस्ट-1 शाखा की प्रधान नीलम गुप्ता, सेक्रेटरी संजय सिंगला और खजांची प्रमिला ग्रोवर ने अतिथियों का स्वागत किया। शाखा पदाधिकारियों ने बताया कि परिषद लंबे समय से सामाजिक सेवा, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े कार्यों में सक्रिय है तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सुमिता कोहली, मनमोहन, सुमन गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुए सामूहिक विवाह समारोह में नवदंपतियों और उनके परिजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। समारोह के अंत में संजय टंडन ने भारत विकास परिषद की पूरी टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनते हैं।

# पुराने छात्रों ने बनाई एसोसिएशन, 30 जरूरतमंद छात्रों को दी शैक्षणिक सहायता

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** सेक्टर-20 डी स्थित गवर्नमेंट बेसिक हाई स्कूल जो अब गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल के नाम से जाना जाता है के पूर्व छात्रों ने अपने स्कूल के जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद के उद्देश्य से गवर्नमेंट बेसिक हाई स्कूल ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन का गठन किया है।

एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी छात्रों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि वे पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकें और अपने तथा अपने परिवार के लिए बेहतर भविष्य बना सकें। इसके तहत छात्रों को स्कूल यूनिफॉर्म, पुलोवर, जूते उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही पूरे वर्ष की स्कूल फीस और अन्य आवश्यक खर्च भी एसोसिएशन द्वारा वहन किए जाएंगे।



अपने पहले चरण में जी भसोसा ने मंगलवार को स्कूल प्रशासन द्वारा चिन्हित 30 विद्यार्थियों को सर्दियों की यूनिफॉर्म के तहत पुलोवर और जूते वितरित किए। इसके साथ ही स्कूल को सात बड़े मैट भी भेंट किए गए, ताकि खुले मैदान में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों को जमीन पर न बैठना पड़े।

इस अवसर पर 1972 बैच के ऑल इंडिया टॉपर अनिल मेहता, जो वर्तमान में अमेरिका में रह रहे हैं, विशेष रूप से चंडीगढ़ पहुंचे। उनकी उपस्थिति छात्रों के लिए प्रेरणादायक रही। उन्होंने बताया कि उनके समय में कई छात्र फीस भरने तक के लिए संघर्ष करते थे, लेकिन शिक्षा के प्रति लगन ने उन्हें जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया।

इससे पहले दिन में 1972 बैच की कक्षा 10 (सेक्शन-ई) के पांच पूर्व छात्रों, सुखदर्शन जैन, श्याम लाल, इंदर मोहन सोफत और अनिल मेहता सहित अन्य ने स्कूल के प्रिंसिपल मनमोहन सिंह और कक्षा 10 के शिक्षकों की टीम के साथ बैठक की। इसके बाद उन्होंने कक्षा 10 के विद्यार्थियों को संबोधित किया और अपने करियर, संघर्ष और उपलब्धियों के अनुभव साझा किए। जी भसोसा ने यह भी दोहराया कि आने वाले वर्षों में वह हर साल कम से कम 30 जरूरतमंद और योग्य विद्यार्थियों की फीस और अन्य शैक्षणिक खर्चों की जिम्मेदारी उठाता रहेगा, जिनकी पहचान स्कूल प्रशासन द्वारा की जाएगी। स्कूल प्रशासन ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे पूर्व छात्रों की सामाजिक जिम्मेदारी और विद्यालय के प्रति जुड़ाव का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

सम्पादकीय

# लावारिस कुत्तों को खाना खिलाने पर भारी जुर्माना आश्चर्यजनक

जब देश की सर्वोच्च अदालत लावारिस कुत्तों को लेकर सुनवाई कर रही है, तब यह समझना और गंभीर हो जाता है कि लावारिस कुत्ते सच में समस्या हैं या फिर उनके संबंध में कोई धारणा बना ली गई है। अदालत में दोनों तरफ से काफी तीखी बहस सुनने को मिल रही है। यह टिप्पणी सुनने को मिलती है कि डॉग लवर्स सड़क पर रहने वाले अनाथ बच्चों को गोद क्यों नहीं ले लेते, केवल लावारिस कुत्तों को ही गोद लेने तक क्यों सीमित रहा जाता है, तो हैरानी होती है। निश्चित रूप से समाज में रहते हुए हर जागरूक नागरिक की जिम्मेदारी सभी के प्रति हो सकती है, अगर वे समझें तो। उसमें अनाथ बच्चों और लोगों के प्रति रहमदिली भी शामिल है और लावारिस कुत्तों के प्रति भी। एक राय यह हो सकती है कि दोनों की तुलना नहीं होनी चाहिए। देशभर में तमाम जगह अनाथालय हैं और गोद लेने की एक प्रक्रिया भी है। लेकिन देश में अभी तक लावारिस पशुओं के लिए ऐसे आश्रय स्थल सीमित हैं। सर्वोच्च अदालत लावारिस कुत्तों के संबंध में ही सुनवाई कर रही है, तब उन लावारिस गौमाताओं के संबंध में कौन पूछ पड़ताल करेगा, जोकि सड़कों, सब्जी मंडियों के गंदे-कूड़े से भरे किनारों पर, होटल-ढाबों के बाहर जहां-तहां अपनी बदहालत पर आंसू बहाती नजर आ सकती हैं। क्या किसी भी अदालत ने उनके संबंध में ऐसी कठोर टिप्पणियां की हैं।

**अमेरिका के भारत में नए राजदूत सर्जियो गोर ने यह भी कहा है कि अमेरिका के लिए भारत से बढ़कर कोई भी देश महत्वपूर्ण नहीं है। निश्चित रूप से भारत के प्रति अमेरिका की यह राय सराहनीय है और दोनों देशों के संबंधों में गर्माहट लाने वाली है। अब तक अमेरिकी सरकार का रुख भारत के प्रति नकारात्मक रहा है और उम्मीद की जा रही थी कि अमेरिका की ओर से कोई सकारात्मक संदेश भारत को मिलेगा। बेशक, अभी किसी भी नतीजे पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। राष्ट्रपति ट्रंप के भारत के प्रति तेवरों में नरमी कही जाए या फिर कूटनीतिक प्रयास कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर से अपने मित्र नजर आने लगे हैं। हालांकि यह विडम्बना है कि एक तरफ वे भारत और प्रधानमंत्री मोदी के प्रति सहृदयता दिखा रहे हैं, लेकिन दूसरी तरफ वे यूरोपीय संघ को भारत और चीन पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने को फुसला रहे हैं।**

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने अब लावारिस कुत्तों की स्थिति के लिए सरकार ही नहीं, अब उन्हें खाना देने वाले लोगों को भी जिम्मेदार ठहरा दिया है। माननीय अदालत का कहना है कि लावारिस कुत्तों के काटने की हर घटना और इससे होने वाली हर मौत रोकने के लिए प्रशासन ने अगर इंतजाम नहीं किए तो उन पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। इसके अलावा वे लोग भी जिम्मेदार होंगे जोकि लावारिस कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों पर खाना खिलाते हैं। बेशक, अदालत की ओर से सरकार और प्रशासन के संबंध में की गई सख्त टिप्पणी आवश्यक है। लेकिन लावारिस कुत्तों को खाना खिलाना इतना गलत है कि उसके लिए अदालत ने जहां सख्त टिप्पणी की है वहीं शहरों में प्रशासन की ओर से ऐसे लोगों पर भारी जुर्माना लगाने के फरमान जारी कर दिए गए हैं। चंडीगढ़ में 190 ऐसी जगहों का चयन किया गया है, जहां पर ही लावारिस कुत्तों को खाना खिलाया जा सकता है। अगर उन जगहों से इतर कहीं खाना दिया गया तो संबंधित पर दस हजार रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। यानी यह समझा जा सकता है कि किस हद तक जाकर लावारिस कुत्तों की रोकथाम करने की तैयारी है। लेकिन एक प्रश्न है कि इंसानों को तो मालूम हो गया या फिर उन्हें बता दिया गया कि यहां पर ही लावारिस कुत्तों को खाना दे सकते हो, लेकिन क्या लावारिस कुत्तों को इसकी जानकारी हो गई। इसको इस तरह भी समझा जा सकता है कि जो लावारिस है, वह किसी एक जगह रहता ही नहीं है, वह जहां-तहां भटकता है और जहां भी खाना मिल जाए, वहीं पेट भरने की सोचता है। ऐसे में लावारिस कुत्तों को अगर उस तय जगह पर खाना दे भी दिया गया तो वे वहां खाकर फिर कहीं और चले जाएंगे और जैसा कि कहा जा रहा है, वे हिंसक होकर काट लेते हैं, तो वे ऐसा वहां पर भी कर सकते हैं। इस तरह के फरमान कहीं खानापूर्ति बनकर न रह जाएं, इसकी निगरानी भी किसकी ओर से की जाएगी।

माननीय अदालत की ओर से यह भी कहा गया है कि अगर लावारिस कुत्तों को कोई खाना खिला रहा है तो उन्हें अपने घर पर खिलाए, उन्हें खुले में घूमकर लोगों को काटने और हमले की इजाजत क्यों दी जाए। दरअसल, लावारिस और पालतू कुत्तों के बीच यही अंतर है, पालतू जानवर अपने मालिक की जान हो सकता है लेकिन लावारिस से वास्ता इतने भर से है कि वह जहां चाहे रहे लेकिन सुबह-शाम उसे कुछ रोटी के टुकड़े दे दिए जाएं। भारत जैसे देश में जहां पत्थर में भी ईश्वर के दर्शन कर लिए जाते हैं, वहां लावारिस कुत्तों, गायों के प्रति श्रद्धा और करुणा होना कोई अचंभित करने वाली बात नहीं है। इसके पीछे धर्म एक वजह हो सकती है, लेकिन ज्यादातर लोगों के मन में किसी के प्रति संवेदनशीलता ही उन्हें खाना देने का आधार होती है। अब बेशक, लावारिस कुत्तों के बारे में कोई सुनिश्चित नहीं हो सकता कि वे कब हिंसक हो जाए। यह भी कहा जा सकता है कि हर कुत्ता हर समय हिंसक नहीं होता और जो होता है वह दूसरों को भी बदनाम कर देता है। इस तरह से लावारिस कुत्तों की पूरी कम्युनिटी उन कुछ हिंसक कुत्तों की वजह से आज सवालों के घेरे में है, जोकि कहीं भी मिल सकते हैं। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान अच्छे इंसानों और बुरे इंसानों की तरह अच्छे लावारिस कुत्ते और बुरे लावारिस कुत्तों की बात कही गई है। वास्तव में माननीय अदालत का यह कहना आधार वाक्य होना चाहिए उसका उद्देश्य टकराव नहीं अपितु इस मसले का व्यावहारिक समाधान करना है।

# परियोजनाओं को समय पर पूरा करने हेतु सक्रिय एवं कारगर निगरानी

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

बुनियादी ढांचा क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के मुख्य वाहकों में से एक है। गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचा बेहतर सेवाओं के लिए निरंतर मांग पैदा करता है। यह क्षेत्र भारत के समग्र विकास को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार है और पिछले कुछ दशकों के दौरान भारत की विभिन्न परियोजनाओं के तेज विकास का एक आधार रहा है। सरकार पूरी प्राथमिकता के साथ इस क्षेत्र पर विशेष ध्यान दे रही है। यह तथ्य इस वर्ष 11.1 लाख करोड़ रुपये के बजटीय आवंटन और देश में समय पर विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे का निर्माण सुनिश्चित करने वाली नीतियों की शुरुआत से स्पष्ट होता है। 'मेक इन इंडिया', आत्मनिर्भर भारत, पीएम गतिशक्ति, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लचीले नियमों और तकनीकी उन्नति जैसी अनुकूल नीतिगत पहलों के साथ, इस क्षेत्र के और भी तेजी से विकसित होने की उम्मीद है।

केरल और भारत सरकार में विभिन्न भूमिकाओं में तीस वर्षों से अधिक समय तक परियोजना कार्यान्वयन से जुड़े रहने और बुनियादी ढांचे से जुड़ी कई परियोजनाओं को संभालने के दौरान, मैंने विभिन्न क्षेत्रों में परियोजनाओं के कार्यान्वयन में आने वाली विभिन्न बाधाओं का सामना किया है। परियोजनाओं के कार्यान्वयन के दौरान सामने आने वाली कुछ प्रमुख चुनौतियों में भूमि अधिग्रहण और नियामक संबंधी मंजूरियों से जुड़ी अनिश्चितताएं, व्यापक प्रारंभिक योजना एवं जोखिम प्रबंधन का अभाव और सबसे महत्वपूर्ण बात, ऐसे कारकों के लिए पर्याप्त योजना बनाने हेतु परियोजना प्रबंधन प्रक्रियाओं की अपरिपक्वता शामिल हैं।

परियोजनाओं के समय पर पूरा होने में बाधा डालने वाली अन्य समस्याओं में कच्चे माल की अनुपलब्धता, कुशल श्रमिकों (राजमिस्त्री, बढ़ई आदि) की अनुपलब्धता, पानी एवं बिजली की आपूर्ति का अभाव, अपूर्ण आरेख (ड्राइंग) उपलब्ध होना और डिजाइन में बार-बार होने वाले बदलाव शामिल हैं। स्थानीय समस्याओं और उचित परियोजना नियोजन एवं नियंत्रण के अभाव के कारण परियोजनाओं के पूरा होने में देरी होती है और इससे अर्थव्यवस्था पर समग्र रूप से नकारात्मक असर पड़ता है।

बुनियादी ढांचे की बड़ी परियोजनाएं जटिल होती हैं तथा इनमें कई राज्यों, कई क्षेत्रों एवं कई एजेंसियों की भागीदारी होती है और इसके लिए विभिन्न केन्द्रीय व राज्य एजेंसियों से कई बार मंजूरी लेनी पड़ती है। इसलिए समय की देरी और लागत में वृद्धि आम बात है।

यूं तो विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा परियोजनाओं के कार्यान्वयन की अलग-अलग पद्धतियां और निगरानी तंत्र अपनाए गए, लेकिन वे एक-दूसरे से अलग-अलग काम करते लगे और उनके एवं राज्य सरकारों के बीच कोई कारगर समन्वय नहीं था। मार्च 2015 में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक आईसीटी-आधारित मल्टी-मॉडल प्लेटफॉर्म 'प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन (प्रगति) का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं में होने वाली देरी को खत्म करने और आम आदमी की शिकायतों को दूर करने के साथ-साथ भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों और राज्य सरकारों द्वारा इंगित की गई परियोजनाओं की निगरानी करना भी था। प्रधानमंत्री ने 'प्रगति' को केन्द्र-केन्द्र और केन्द्र-राज्य समन्वय को बेहतर बनाने के एक व्यापक समाधान के रूप में तैयार किया। इसके शुभारंभ के समय उन्होंने कहा कि भारत में शासन को और अधिक कुशल एवं जवाबदेह बनना होगा तथा यह नया प्लेटफॉर्म उसी दिशा में एक कदम है। 'प्रगति' को तकनीक-आधारित एक ऐसी प्रणाली के रूप में विकसित किया गया, जो बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं की निगरानी करने, सरकारी योजनाओं की समीक्षा करने और एक ही डिजिटल धरातल पर नागरिकों की शिकायतों का आकलन करने में सक्षम है।

शुरू से ही, 'प्रगति' के तंत्र ने विभिन केन्द्रीय मंत्रालयों व राज्य सरकारों के सक्रिय सहयोग से परियोजनाओं की निगरानी और शिकायतों के निवारण के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया है। अब तक प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में 50 समीक्षा बैठकें हो चुकी हैं। इन बैठकों में विभिन्न राज्यों के मुख्य सचिव और केन्द्रीय विभागों के सचिव खास परियोजनाओं तथा योजनाओं में आने वाली समस्याओं एवं बाधाओं को दूर करने के उद्देश्य से शामिल होते हैं। यह प्लेटफॉर्म एक आगे बढ़ने वाले फोरम के तौर पर भी काम करता है, जहां नियमित समस्याओं से मंत्रालय स्तर पर निपटा जाता है, जबकि जटिल मामलों को अंतिम समाधान के लिए प्रधानमंत्री के सामने रखा जाता है। सरकार ने 500 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं के कार्यान्वयन की नियमित निगरानी हेतु एक परियोजना निगरानी प्रणाली और प्रधानमंत्री कार्यालय में एक



परियोजना निगरानी समूह भी बनाया है, ताकि उन परियोजनाओं की समीक्षा और पहचान की जा सके जिन्हें 'प्रगति' के तहत लिया जाना है। मैं दोनों से ही जुड़ा रहा। बैठक के बाद फॉलो-अप कैबिनेट सचिवालय द्वारा सुनिश्चित किया जाता है ताकि 'प्रगति' की बैठकों में लिए गए फैसले धरातल पर समय पर उतर सकें।

इसके शुभारंभ होने के एक दशक से अधिक समय में, 85 लाख करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली 3300 से अधिक परियोजनाओं की निगरानी की गई है और उन्हें सफलतापूर्वक पूरा करने हेतु कामकाज में तेजी लाई गई है। 'एक देश, एक राशन कार्ड', प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और स्वच्छ भारत मिशन जैसी 61 प्रमुख सरकारी योजनाओं की समीक्षा इस प्लेटफॉर्म पर की गई है। बैंकिंग एवं बीमा, रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) और कोविड से संबंधित मामलों सहित 36 क्षेत्रों में शिकायतों का मूल्यांकन भी इस प्रणाली के जरिए किया गया है। 'प्रगति' और पीएमजी पोर्टल पर उठाए गए लगभग 7700 मुद्दों में से, 7100 से अधिक मुद्दे पहले ही हल किए जा चुके हैं। यह समाधान की 92 प्रतिशत से अधिक की दर को दर्शाता है। प्रधानमंत्री द्वारा व्यक्तिगत रूप से समीक्षा की गई 'प्रगति' की परियोजनाओं में, 3187 मुद्दे उठाए गए और 2958 हल किए गए। इसका सीधा मतलब यह हुआ कि कामकाज के हर दिन एक मुद्दा हल किया गया। ये आंकड़े यह दर्शाते हैं कि कैसे इस प्लेटफॉर्म ने सरकारी कामकाज के कार्यान्वयन में तेजी लाई है और जवाबदेही को मजबूत किया है।

सामाजिक क्षेत्र के कार्यक्रम को समय पर पूरा करने में 'प्रगति' की भूमिका से संबंधित कुछ खास उपलब्धियों में मिशन अमृत सरोवर शामिल है। इस मिशन का शुभारंभ 2022 में देश भर के हर जिले में 75 जल निकाय बनाने और उन्हें पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से किया गया था। प्रत्येक अमृत सरोवर को कम से कम एक एकड़ के तालाब क्षेत्र और लगभग 10,000 घनमीटर पानी रखने की क्षमता के हिसाब से डिजाइन किया गया है। इस मिशन की उन्नति की नियमित समीक्षा 'प्रगति' के जरिए राष्ट्रीय पर की गई और इस प्रक्रिया में विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और जिला प्रशासनों के वरिष्ठ अधिकारियों को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाया गया। इस संयुक्त निगरानी से तेजी से फैसले लेने और जमीन की उपलब्धता एवं धनराशि जारी करने से जुड़ी बाधाओं को कारगर ढंग से हल करने में मदद मिली। इस योजना के तहत 15 अगस्त 2023 तक 50,000 अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य था। हालांकि, 'प्रगति' के हतक्षेप से काम में नई सिरे से तेजी आई और अब तक देश भर में 68,800 से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस मिशन ने पानी की किल्लत को दूर करने और कई इलाकों में सतह एवं भूजल, दोनों की उपलब्धता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

रेलवे से जुड़ी परियोजनाएं बुनियादी ढांचे पर 'प्रगति' के असर का एक और ठोस उदाहरण पेश करती हैं। जम्मू-उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना को 31 मार्च 1994 को मंजूरी दी गई थी। जून 2015 तक इसकी वास्तविक प्रगति मात्र 40 प्रतिशत थी। 24 जून 2015, 06 नवंबर 2019 और 30 दिसंबर 2020 को 'प्रगति' के तहत समीक्षा के जरिए इसकी प्रगति 40 से बढ़कर 60 और फिर 76 प्रतिशत हो गई। इस मार्ग पर आखिरकार 06 जून 2025 को आवागमन शुरू हो गया। इसमें 272 किलोमीटर की लंबाई में 38 सुरंगें हैं, जिनकी कुल लंबाई लगभग 119 किलोमीटर हैं और 943 पुल हैं, जिसमें दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्क ब्रिज भी शामिल है, जो नदी से 359 मीटर ऊपर स्थित है। ब्रह्मपुत्र नदी पर बोगीबील रेल-सह-रोड पुल के मामले में भी कुछ ऐसा ही असर देखा गया। इस परियोजना को मार्च 1997 में मंजूरी दी गई थी और 27 मई 2015 तक 64 प्रतिशत काम पूरा हो पाया था और 'प्रगति' की देखरेख के बाद 25 दिसंबर 2018 को इसपर आवागमन शुरू हो गया। ये उदाहरण दर्शाते हैं कि तकनीक आधारित समन्वय कैसे रेल से जुड़े बुनियादी ढांचे को तेजी से आगे बढ़ा सकता है और नागरिकों को निर्धारित समय से बहुत पहले आधुनिक सेवाएं मुहैया करा सकता है।

'प्रगति' के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच एक ऐसे शासन का निर्माण करना है जो नागरिकों की उम्मीदों एवं आकांक्षाओं के अनुरूप गति से काम करे। यह प्लेटफॉर्म पीएम गतिशक्ति और 'परिवेश' जैसी प्रणालियों के साथ एकीकृत है, जो सच्चाई के एक ही स्रोत से आसान निगरानी की सुविधा देता है। इस सोच के स्वाभाविक नतीजों के तौर पर लागत में कमी, आसान डिजिटल निगरानी और विवादों को तेजी से सुलझाने जैसे लाभ सामने आए हैं। जब देरी रोकी जाती है, तो खर्च कम होता है और परियोजनाओं पर नजर रखना एवं उनका पर्यवेक्षण करना आसान हो जाता है। यह सब दर्शाता है कि जब फैसले समय पर लिए जाते हैं और जवाबदेही तय होती है, तो सरकारी कामकाज की गति बढ़ती है और इसका असर सीधे नागरिकों के जीवन में दिखाई देता है। 'प्रगति' विभिन्न मंत्रालयों और राज्यों में विभागों के बीच की बाधाओं को तोड़कर और टीम इंडिया की भावना को मजबूत करके इस दृष्टिकोण को साकार करता है।

जैसे-जैसे भारत बड़ी परियोजनाओं के लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ता जा रहा है, 'प्रगति' विभिन्न परियोजनाओं के प्रशासन और उनके समयबद्ध कार्यान्वयन की एक मुख्य संस्था बन गई है। इसने यह दर्शाया है कि तकनीक से होने वाली समीक्षाएं महज मॉनिटरिंग स्क्रीन तक ही सीमित नहीं होतीं, बल्कि वे धरातल पर असली बदलाव लाती हैं। अब तक हुई 50 बैठकें इस दृष्टिकोण और सर्वोच्च स्तर पर प्रतिबद्धता की निरंतरता को दर्शाती हैं। मिशन अमृत सरोवर, बड़े रेलवे पुल, विशाल विद्युत परियोजनाएं और बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्यक्रम यह दर्शाते हैं कि सक्रिय निगरानी से नतीजे कई गुना बढ़ सकते हैं। इसलिए 'प्रगति' एक ऐसे आदर्श के रूप में सामने है, जहां संवैधानिक पद आसान निगरानी, कारगर समन्वय, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ सार्वजनिक सेवा एवं विकास के प्रति पूरी तरह समर्पित रहते हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर देश भर के सार्वजनिक कार्यालयों तक यह बदलाव तब सही मायने में सफल होता है, जब हर नागरिक के कल्याण के प्रति स्पष्ट समर्पण दिखाते हुए 'प्रगति' जैसी उपलब्धियां सार्वजनिक परियोजनाओं और नागरिक-केन्द्रित कार्यक्रमों को 'सरलीकरण हेतु सुधार, नतीजे हेतु प्रदर्शन, असर डालने हेतु बदलाव' की प्रक्रिया में मदद करती हैं।

**लेखक-श्री अल्केश कुमार शर्मा,**
पीईएसबी के सदस्य तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के भूतपूर्व सचिव

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### हरियाणा राज्यसभा सीट: सुरजेवाला द्वारा कृपाराम पूनिया को टिकट देने की मांग

चंडीगढ़। हरियाणा में राज्यसभा की एक सीट के लिए होने वाले चुनावों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के पहले दिन कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। इसी बीच हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं हरियाणा से सांसद श्री एसएस सुरजेवाला ने मांग की है कि राज्यसभा की खाली हो रही सीट की टिकट प्रमुख हरिजन नेता डा. कृपाराम पूनिया को दी जाए। क्योंकि हरिजन नेता श्री पूनिया के साथ देवीलाल सरकार के समय काफी अन्याय हुआ है। उन्होंने कहा कि वे इस बारे में शीघ्र ही दिल्ली जाएंगे तथा हाईकमान के नेताओं से बातचीत करेंगे उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने इस बारे में प्रधानमंत्री को एक पत्र भी लिखा है। इसके अलावा बाकी राज्यों में नामांकन पत्र के दाखिल करने के समाचार मिल रहे है। ज्ञात रहे 17 फरवरी को 13 राज्यों से 54 सीटों के लिए चुनाव होगा।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1759- लंदन के मोंटेगुवे हाउस में मानवीय इतिहास और सभ्यता पर आधारित दुनिया के सबसे बड़े संग्रहालयों में से एक ब्रिटिश संग्रहालय की स्थापना हुई।

1784- विलियम जोंस ने कोलकाता के फोर्ट विलियम में एशियाटिक सोसायटी की स्थापना की। बाद में इसका नाम एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल हो गया।

1934- भारत में बिहार और नेपाल के सीमावर्ती इलाकों में आए जबरदस्त भूकंप से करीब 11 हजार लोगों की मौत।

1949 - के एम करियप्पा ने भारतीय थल सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ का पदभार ग्रहण किया। उस दिन से 15 जनवरी को सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है।

1956- बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती का जन्म।

1975- पुर्तगाल ने अंगोला की आजादी के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए।

1986- जनरल के एम करियप्पा सेवानिवृत्त- को आजन्म मानद फील्ड मार्शल बनाया गया।

1986- इंडियन एयरलाइंस की एक वाणिज्यिक यात्री उड़ान को पहली बार केवल महिला चालक दल ने संचालित किया।

1988- भारत के पूर्व गेंदबाज नरेंद्र हिरवानी ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुये वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में ही 16 विकेट लिए।

## बोल ब्यूटीफुल

**नवरूप सिंह:** भारत स्टारलिंक को व्यावसायिक मंजूरी पर फिलहाल रोक लगाए और ऐसी तकनीकी क्षमता विकसित करे, जिससे उसे जाम किया जा सके, ताकि इसका उपयोग पूर्वोत्तर भारत या जम्मू-कश्मीर में भारत-विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के औजार के रूप में न किया जा सके।



**सुशांत सिन्हा:** जनता ने सीटें जीरों और वोट शेयर 1.5 प्रतिशत कर दिया, लेकिन आज भी राज ठाकरे यूपी-बिहार और दक्षिण भारतीयों पर ही भड़ास निकालते है।

# कार्ययोजना के हाशिये से निर्णय के केंद्र तक : प्रगति और मिजोरम की रेल अवसंरचना

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

जब मैं 2015 में बैराबी-सैरांग रेलवे परियोजना में शामिल हुआ, तो मुझे लगता था कि यह देश के ऐसे हिस्से में कदम रखने जैसा है, जिस पर शायद ही कभी राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान दिया गया हो। यह सफर खुद ही अपनी कहानी कहता है। राष्ट्रीय राजमार्ग-154, जिसे अब राष्ट्रीय राजमार्ग-06 कहा जाता है, एकमात्र पहुंच मार्ग था, जो बुरी तरह क्षतिग्रस्त था और भरोसे के लायक नहीं था। भारी ट्रक अक्सर कई दिनों तक फंसे रहते थे और निकटवर्ती स्थानों की यात्रा हिचकोलों से भरी होती थी। आस-पास की पहाड़ियाँ छोटी, कमजोर और अस्थिर थीं, जिनका आकार तीव्र वर्षा और निरंतर ढलान गति के कारण बदलता रहता था। कागज पर, परियोजना ऐतिहासिक थी, राष्ट्रीय नेटवर्क से मिजोरम का पहला रेल-परिवहन संपर्क, जो पहाड़ों, तीव्र ढलान और गहरी घाटियों को काट कर तैयार किया जा रहा था।

हालांकि, ज़मीनी स्तर पर प्रगति बहुत धीमी थी। सामग्री की अनुपलब्धता, श्रम की कमी, परिवहन में विलंब, स्थानीय बाधाएं और लगातार स्थगित निर्णयों के कारण कार्यस्थल पर काम न होना आम बात थी। एक सुरंग डिज़ाइन सलाहकार और भूविज्ञानी के रूप में, भूविज्ञान कार्य चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इसकी गंभीरता समझी जा सकती थी। जो बात वास्तव में अधिक कठिन साबित हुई, वह थी - संस्थागत निष्क्रियता। परियोजना देश के सबसे दूर-दराज के क्षेत्र में स्थित थी। समीक्षा छिटपुट थी। निर्णय लेने का अधिकार मंत्रालयों, राज्य विभागों और एजेंसियों में बिखरा हुआ था। धीरे-धीरे, एक असहज सच्चाई स्पष्ट होने लगी- ऐसा प्रतीत होता था कि कोई भी वास्तव में यह उम्मीद नहीं करता था कि परियोजना निकट भविष्य में पूरी होगी। फिर, शांतिपूर्वक और बिना किसी घोषणा के, पूरी प्रणाली में अचानक तेजी आयी। परियोजना कार्यालयों में एक स्पष्ट तत्परता का भाव दिखने लगा। फोन बार-बार बजने लगे। वरिष्ठ अधिकारी नियमित रूप से कार्यस्थलों का दौरा करने लगे। लंबे समय से लंबित फाइलों को तुरंत सामने लाया गया, उनकी समीक्षा की गई और उन्हें दूसरी जगहों पर भेजा गया। बैठकें तेजी से व नियमित रूप से निर्धारित की जाने लगीं, अक्सर उन एजेंसियों को भी शामिल किया गया, जो पहले अलग-थलग रहकर काम करती थीं।

एक निजी सलाहकार के रूप में, मैं प्रशासनिक विभाग का हिस्सा नहीं था और किसी ने भी गतिविधि में आयी इस अचानक तेजी के पीछे का कारण नहीं बताया। लेकिन बड़ी अवसंरचना परियोजनाओं के लंबे अनुभव ने मुझे संकेत की पहचान करना सिखा दिया था। यह सामान्य दबाव नहीं था। यह शीर्ष स्तर पर निरीक्षण की तैयारी थी।

**जल्द ही कारण स्पष्ट हो गया:** बैराबी-सैरांग रेलवे परियोजना की समीक्षा पीएम की अध्यक्षता वाले सक्रिय शासन और समय पर कार्यान्वयन (प्रगति) मंच के तहत निर्धारित की गई थी। परियोजना लंबे समय तक हाशिये पर रही, लेकिन प्रगति के अंतर्गत समीक्षा से प्राधिकार व जवाबदेही तय हुई और हर लंबित मुद्दे तथा एजेंसियों के बीच अड़चनों के सम्बन्ध में वास्तविक समय पर जांच की व्यवस्था की गयी। इस बैठक के बाद निर्णय मेल खाने लगे, और प्रगति दिखाई दी, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि किस प्रकार शासन अक्सर परिणाम तय करता है।

मार्च 2016 की प्रगति समीक्षा बैठक ने परियोजना के आयाम में मूलभूत बदलाव किये। इस रूपरेखा के तहत, समस्याओं की अलग-अलग जांच नहीं की जा सकती थी और न ही उन्हें अनिश्चितकाल के लिए टाला जा सकता था। एन-एच-06 की अत्यंत खराब हालत अब रेलवे के कार्य क्षेत्र के बाहर नहीं मानी जा रही थी। स्पष्ट समयसीमा और निरंतर निगरानी के साथ सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को मरम्मत और सुधार कार्य करने का निर्देश दिया गया। भूमि अधिग्रहण में देरी को अब केवल सामान्य प्रशासनिक बाधाओं के रूप में नहीं देखा जा रहा था; मिजोरम सरकार को समाधान तेज करने का निर्देश दिया गया और प्रगति पर निगरानी रखी गई। कानून और व्यवस्था से संबंधित मुद्दों को



औपचारिक रूप से क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण जोखिम माना गया और उन पर कड़ी निगरानी रखी गयी।

व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि निर्णयों का समन्वय ही वह बात थी, जो सबसे अधिक ध्यान खींचती थी। प्रगति के तहत, एजेंसियां अब अलग-थलग रहकर काम नहीं कर सकती थीं। जिम्मेदारियां निर्धारित की गई, समन्वय को अनिवार्य किया गया और अनुवर्ती कार्यों में निरंतरता लाई गयी। इसका असर तुरंत दिखा, कटकहल-बैराबी खंड को मार्च 2016 में चालू किया गया, जिससे माल ढुलाई संभव हुई और पहुंच, लॉजिस्टिक्स और योजना में सुधार हुआ। जैसे-जैसे महीने बीतते गए, यह स्पष्ट हो गया कि प्रगति संस्थागत व्यवहार को बदल रही थी। समीक्षा अब देरी की व्याख्या करने से हटकर उन्हें हल करने पर केंद्रित हो गई और रिपोर्ट के स्थान पर तस्वीरों, समयरेखाओं और स्थल अवस्थति डेटा का उपयोग होने लगा। डिजिटल निगरानी यह सुनिश्चित करती थी कि एक बार उठाए गए मुद्दे तब तक चर्चा में बने रहें जब तक कि उनका समाधान न हो जाए। इस अनुशासन से पूरी प्रणाली में काम करने के तरीके बदल गये। इंजीनियर अधिक निर्णायक हो गए, ठेकेदार अधिक जवाबदेह बन गये तथा राज्य और केंद्रीय एजेंसियां अधिक निकटता से समन्वय करने लगीं, क्योंकि हिस्सों में काम करने को अब सहन नहीं किया जाता था। जमीनी स्तर पर, प्रभाव स्पष्ट था। सुरंग खुदाई पहले छिटपुट तरीके से की जा रही थी। जटिल भूविज्ञान, टूटे हुए चट्टान, संरचनात्मक बदलाव क्षेत्र, पानी का रिसाव और कमजोर स्तरों के बावजूद अब खुदाई के काम में लगातार प्रगति होने लगी। समर्थन प्रणालियों और डिज़ाइन संशोधनों के लिए अनुमोदन महीनों की बजाय हफ्तों में होने लगे। गहरी घाटियों में पुलों का निर्माण होने लगा, कुछ सत्तर मीटर से अधिक ऊंचे थे, जो सैकड़ों किलोमीटर दूर लिए गए निर्णयों को कार्यस्थल पर कंक्रीट और स्टील में बदल रहे थे। यहां तक कि कोविड-19 अवधि के दौरान भी, यही व्यवस्था निरंतरता सुनिश्चित करती रही; श्रम की कमी, संविदात्मक विवाद और कार्यान्वयन चुनौतियों पर कड़ी निगरानी रखी गई, और परियोजना धीमी हुई, लेकिन भटकाव नहीं हुआ। समय के साथ, **उपलब्धि का पैमाना स्पष्ट हो गया:** लगभग एक-तिहाई मार्ग को कवर करने वाली पैंतालीस सुरंगें, 150 से अधिक पुल, सुरंग खंडों के माध्यम से बिना बालास्ट वाला ट्रैक, और देश के सबसे चुनौतीपूर्ण भौगोलिक क्षेत्रों में से एक में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की डिजाइन गति की सुविधा। चार नए स्टेशन होर्टोकी, काउनपूई, मुअलखांग, और सैरांग लंबे समय से अलग-थलग समुदायों की सेवा के लिए तैयार हुए। इंजीनियरिंग से परे, परियोजना ने एक गहरी सच्चाई को उजागर किया। नाजुक भूविज्ञान को प्रबंधित किया जा सकता है, मानसून को ध्यान में रखते हुए योजना बनाई जा सकती है और लॉजिस्टिक्स को मजबूत किया जा सकता है। अंततः परिणामों को निर्धारित करने वाली चीज़ है शासन –संस्थाओं में समन्वय करने, निर्णय लेने और कार्रवाई करने की क्षमता।

पूर्वोत्तर में परियोजनाओं पर इसके प्रभाव से परे, प्रगति पोर्टल का देशव्यापी विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है, क्योंकि निर्णय लेने में तेजी और बेहतर समन्वय ने पूरे देश में अवसंरचना के निरंतर विस्तार का समर्थन किया है। हाल ही में एक संवाददाता सम्मेलन में, कैबिनेट सचिव ने प्रगति व्यवस्था के प्रभाव को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2025 तक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रगति व्यवस्था के तहत 382 प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा कर चुके हैं। प्रगति इकोसिस्टम से 85 लाख करोड़ रुपये (लगभग 850 बिलियन डॉलर) से अधिक मूल्य की अवसंरचना परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी आयी है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, इस अवधि के दौरान अवसंरचना परियोजनाओं के खर्च में भी तेज़ वृद्धि देखी गई है, जिसका पूंजीगत व्यय 2014-15 के 1.97 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 11.21 लाख करोड़ रुपये के बजट अनुमान तक पहुंच गया, जो पांच गुनी से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है। केन्द्रीय बजट में हिस्सेदारी के रूप में, अवसंरचना पूंजीगत व्यय लगभग 12 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 22 प्रतिशत हो गया। कैबिनेट सचिव के अनुसार- प्रगति एक व्यापक, एकीकृत डिजिटल इकोसिस्टम के हिस्से के रूप में कार्य करती है, जिसमें पीएम गति शक्ति, परिवेश और परियोजना निगरानी समूह (पीएमजी) शामिल हैं।

कुल मिलाकर देखा जाए तो, जमीन पर किए गए अवलोकन, स्थानिक परिणाम और वित्तीय संकेतक साथ मिलकर दर्शाते हैं कि भारत में अवसंरचना व्यय को व्यवस्थित रूप से बढ़ाया गया है और प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया गया है, जिससे राष्ट्रीय विकास में एक स्थिर योगदानकर्ता के रूप में इसकी भूमिका मजबूत हुई है।

**-श्री वरूण अधिकारी**
(लेखक एक मुख्य इंजीनियरिंग भूविज्ञानी हैं, जिनके पास भारत में जटिल भूमिगत अवसंरचना परियोजनाओं में 17 वर्षों से अधिक का अनुभव है।)

# दु:ख की इस घड़ी में प्रदेश सरकार प्रभावितों के साथ : विक्रमादित्य सिंह

**अग्निकांड प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लिया जायज़ा, प्रभावितों से की मुलाकात**

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 13 जनवरी।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज सोलन ज़िला के अर्की में गत दिनों हुए दु:खद अग्निकांड घटना स्थल पर राहत एवं बचाव कार्यों का जायज़ा लिया और संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश जारी किए। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार दु:ख की इस घड़ी में पीड़ितों के साथ खड़ी है और उन्हें यथा सम्भव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। विक्रमादित्य सिंह ने अर्की बाज़ार में इस दु:खद घटना में जानो-माल के नुकसान पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अर्की का यह बाज़ार ऐतिहासिक है और यहां ऐसी घटना होना दु:खद है।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रभावितों को फौरी राहत मुहैया करवा दी गई है और भविष्य में भी यथासम्भव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन तथा बचाव दलों की टीमों से बातचीत कर घटना तथा राहत एवं बचाव कार्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए एहतियाती उपाय अपनाने आवश्यक हैं। इस दिशा में सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्थिति की तैयारी के लिए भविष्य के अनुसार कार्य योजना तैयार करना आवश्यक है। इस दिशा में सभी विभागों को उचित दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे।

शहरी विकास मंत्री ने कहा कि अग्निकांड में प्रभावित सभी लोगों को फौरी राहत प्रदान कर दी गई है। उन्होंने अग्निकांड के प्रभावित दुकानदारों को उचित सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। विक्रमादित्य सिंह ने आग बुझाने में स्थानीय युवाओं के साहसिक कार्य की सराहना की।

उन्होंने कहा कि अर्की शहर के लिए 11 करोड़ रुपए की अमृत 2 योजना स्वीकृत की गई है। इस योजना के तहत अर्की शहर में हाईड्रेंट का प्रावधान भी किया जाएगा ताकि आपातकालीन स्थिति में इसका उपयोग किया जा सके।

लोक निर्माण मंत्री ने तदोपरांत लोगों की समस्याएं भी सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

### ये रहे मौके पर मौजूद

इस अवसर पर राज्य महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष जैनब चंदेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश कश्यप, नगर पंचायत अर्की के अध्यक्ष अनुज गुप्ता, नगर पंचायत अर्की के उपाध्यक्ष पदम् देव कौशल, पार्षदगण, पंचायत समिति सदस्य शशिकांत शर्मा, ग्राम पंचायत देवरा के प्रधान रूप सिंह ठाकुर, उपमण्डलाधिकारी अर्की निशांत तोमर, उपमण्डलीय पुलिस अधिकारी दाड़लाघाट नवीन झाल्टा, तहसीलदार अर्की विपिन वर्मा, लोक निर्माण विभाग अर्की के अधिशाषी अभियंता कृष्णकांत चौहान, प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड अर्की के अधिशाषी अभियंता संदीप कुमार, जल शक्ति विभाग अर्की अधिशाषी अभियंता विवेक कटोच सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, अन्य गणमान्य व्यक्ति व स्थानीय लोग उपस्थित थे।



**शिमला:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को 14 जनवरी, 2026 को शिमला में राजा दुर्गा सिंह क्लब सोलन के जनरल सेक्रेटरी केशविंदर सिंह और सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 3.25 लाख रुपये का चेक दिया गया।



**शिमला:** रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन, आईजीएमसी शिमला के एक डेलीगेशन ने अपने प्रेसिडेंट डॉ. सोहिल शर्मा और ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस के स्टेट वाइस प्रेसिडेंट के नेतृत्व में 14 जनवरी 2026 को शिमला में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से मुलाकात की और एसोसिएशन के अलग-अलग मुद्दों से उन्हें अवगत कराया।

## हमीरपुर की नवनियुक्त उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने संभाला कार्यभार

### जिला की पांचवीं महिला उपायुक्त हैं वर्ष 2016 बैच की आईएएस अधिकारी



अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर 14 जनवरी।** जिला हमीरपुर की नवनियुक्त उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने बुधवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। वर्ष 2016 बैच की आईएएस अधिकारी के रूप में लगभग 6 वर्ष तक पश्चिम बंगाल में कार्य कर चुकी गंधर्वा राठौड़ ने हिमाचल प्रदेश काडर में आने के बाद कांगड़ा जिले में एडीसी के पद से अपनी सेवाएं आरंभ की थीं। इसके बाद उन्होंने हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के प्रबंध निदेशक और महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक के रूप में भी कार्य किया। हमीरपुर की उपायुक्त पर नियुक्ति से पहले वह कार्मिक विभाग के विशेष सचिव और हिमाचल प्रदेश राज्य हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम की प्रबंध निदेशक के रूप में सेवाएं दे रही थीं। गंधर्वा राठौड़ ने जयपुर में प्रारंभिक एवं सेकंडरी शिक्षा के बाद दिल्ली के सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों में शामिल श्रीराम कालेज ऑफ कॉमर्स से बीकॉम किया है और वर्ष 2016 में आईएएस की परीक्षा पास करने के बाद उन्हें पश्चिम बंगाल काडर मिला था। कांगड़ा जिले के बैजनाथ क्षेत्र से संबंध रखने वाले हिमाचल प्रदेश काडर के आईएएस अधिकारी अनुराग चंद्र शर्मा से विवाह के बाद गंधर्वा राठौड़ ने हिमाचल प्रदेश काडर में आने का निर्णय लिया। वह जिला हमीरपुर की पांचवीं महिला उपायुक्त हैं। इससे पहले वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अनुराधा ठाकुर, नंदिता गुप्ता, डॉ ऋचा वर्मा और देवश्वेता बनिक भी जिला हमीरपुर की उपायुक्त रह चुकी हैं।

कार्यभार संभालने के बाद मीडिया के साथ अनौपचारिक बातचीत में गंधर्वा राठौड़ ने कहा कि प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करना, इनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना और आम लोगों को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। नवनियुक्त उपायुक्त ने बताया कि वह कौशल विकास निगम में कार्य कर चुकी हैं और युवाओं के कौशल विकास तथा महिलाओं को प्रोत्साहित करने पर भी विशेष रूप से फोकस करेंगी। इससे पहले, हमीरपुर पहुंचने पर जिला के कई वरिष्ठ अधिकारियों और उपायुक्त कार्यालय के कर्मचारियों ने गंधर्वा राठौड़ का स्वागत किया तथा उन्हें जिला की परिस्थितियों एवं विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाया।

## वैटरन्स डे पर कैप्टन रणजीत सिंह ने किया वयोवृद्ध भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान

**नशा विरोधी अभियान को सफल बनाने के लिए भूतपूर्व सैनिकों से भी मांगा सहयोग**

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा




**हमीरपुर 14 जनवरी।** सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने बुधवार को वैटरन्स डे के उपलक्ष्य पर यहां लोक निर्माण विभाग के परिसर में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में वयोवृद्ध भूतपूर्व सैन्य अधिकारियों, अन्य भूतपूर्व सैनिकों तथा वीर नारियों को सम्मानित किया। सैनिक कल्याण विभाग की ओर से आयोजित इस समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि देश की सेनाओं में अपनी सेवाएं देने के बाद भी भूतपूर्व सैनिक जीवन भर देश और समाज के लिए बहुत बड़ा योगदान देते हैं। इनके सम्मान में ही प्रतिवर्ष 14 जनवरी को वैटरन्स डे मनाया जाता है। कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे से पहाड़ी राज्य का देश की सेनाओं में बहुत बड़ा योगदान रहा है। यहां के वीर सैनिकों ने सभी युद्धों और अन्य सैन्य ऑपरेशनों में अदम्य साहस का परिचय दिया है। हिमाचल के वीर सैनिकों को परमवीर चक्र, महावीर चक्र और अशोक चक्र सहित कई वीरता पुरस्कारों से अलंकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला हमीरपुर सैनिक बाहुल्य जिला है। अकेले सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में ही पांच हजार से अधिक भूतपूर्व सैनिक और लगभग ढाई हजार सेवारत सैनिक हैं।

कैप्टन रणजीत सिंह ने बताया कि सेनाओं में इतने बड़े योगदान को देखते हुए वह सेना की भर्ती में हिमाचल के कोटे को पहले की तरह ओपन करने, अग्निवीरों का सेवाकाल बढ़ाने तथा इनके लिए पेंशन का प्रावधान करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को जोर-शोर से उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों को ईसीएचएस, कैंटीन और अन्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल को नशे से मुक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने व्यापक अभियान आरंभ किया है। भूतपूर्व सैनिकों को इसमें भी अपना सक्रिय योगदान देना चाहिए।

इस अवसर पर सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक स्क्वॉड्रन लीडर (सेवानिवृत्त) मनोज राणा ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों और सभी भूतपूर्व सैनिकों का स्वागत किया तथा वैटरन्स डे के इतिहास पर प्रकाश डाला। भूतपूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष ब्रिगेडियर दलीप सिंह ने भी अपने विचार रखे। ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक हमीरपुर के प्रभारी कर्नल जयदीप शर्मा ने स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पॉलीक्लीनिक में विभिन्न सुविधाओं के विस्तार के लिए लगभग 24.50 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। भूतपूर्व सैनिकों को बिलासपुर के एम्स में भी ईसीएचएस के माध्यम से कैशलैस इलाज की सुविधा का प्रावधान भी शीघ्र ही कर दिया जाएगा। समारोह में हिम अकादमी स्कूल विकासनगर के विद्यार्थियों ने देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर ईसीएचएच के नए प्रभारी कर्नल चंद्रशेखर और कई अन्य भूतपूर्व सैन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## हिम आंचल पेंशनर्स संघ के पदाधिकारियों ने प्रो. प्रेम कुमार धूमल से की शिष्टाचार भेंट



अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर, 14 जनवरी।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ के पदाधिकारियों ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से उनके समीरपुर स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश के पेंशनरों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष के.सी. गौतम के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने पेंशनरों के कल्याण, सम्मान तथा उनके दीर्घकालिक हितों से संबंधित मुद्दों से प्रो. धूमल को अवगत कराया। प्रो. धूमल ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और पेंशनरों की जायज़ मांगों एवं हितों के समर्थन का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष देवराज पाटियाल, प्रमुख सलाहकार योगराज शर्मा, राज्य प्रवक्ता सुनील कपिल, टौणी देवी प्रधान जगदीश चंद, जिला कोषाध्यक्ष बनारसी दास, रणजीत सिंह ठाकुर, सुभाष शर्मा, राजकुमार पाटियाल, प्रेम चंद शर्मा तथा अतिरिक्त महासचिव देशराज शर्मा भी उपस्थित रहे। हिम आंचल पेंशनर्स संघ के पदाधिकारियों ने धूमल को समय देने और पेंशनर्स के प्रति उनके सतत योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

## कुल्लू जिला में साजा माघ और मकर संक्रांति की रही धूम

**बड़ों को ध्रुव बांटकर लिया आशीर्वाद, हर घर में खिचड़ी के साथ बने पारंपरिक पकवान**

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 14 जनवर।** देवभूमि कुल्लू में साजा माघ और मकर संक्रांति का पर्व पूरे श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीतिऌरिवाजों के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर जिलेभर में विशेष उत्साह देखने को मिला। लोहड़ी की संध्या पर जहां लोगों ने अग्नि प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की, वहीं मकर संक्रांति की सुबह विशेष रूप से सराज घाटी सहित अन्य क्षेत्रों में लोगों ने प्राकृतिक जल स्रोतों में स्नान कर पुण्य अर्जित किया। स्नान के उपरांत सबसे पहले अपने-अपने इष्ट देवी-देवताओं को ध्रुव अर्पित की गई और बाद: में छोटे-बड़ों ने अपने से वरिष्ठों को ध्रुव देकर उनका आशीर्वाद लिया। यह परंपरा साजा माघ पर्व का विशेष हिस्सा मानी जाती है, जो पीढ़ियों से चली आ रही सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को दर्शाती है। बड़ों द्वारा दिए गए आशीर्वाद को सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर जिले के हर घर में खिचड़ी के साथ-साथ तरह-तरह के पारंपरिक पकवान बनाए गए। पकवानों की खुशबू से घर-आंगन महक उठे और मेहमानों का स्वागत प्रेम और आत्मीयता के साथ किया गया। साजा माघ के दिन पकवान बनाकर सगे-संबंधियों और पड़ोसियों में बांटने की परंपरा भी निभाई गई। जिले के अधिकतर क्षेत्रों में लोग थाली में सजे पकवान लेकर अपने रिश्तेदारों के घर पहुंचे और आपसी मेल-जोल को मजबूत किया। यह परंपरा न केवल आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करती है, बल्कि कुल्लू की समृद्ध लोक संस्कृति और भाईचारे की भावना को भी जीवंत बनाए रखती है। साजा माघ और मकर संक्रांति के इस पर्व ने एक बार फिर देवभूमि कुल्लू की सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और सामूहिक उत्सव की सुंदर झलक प्रस्तुत की, जहां आस्था, प्रकृति और सामाजिक सौहार्द एक साथ देखने को मिला।

## प्रदेश सरकार कर्मचारियों व पेंशनर्ज को वित्तीय लाभ देने में विफल : भाजपा

अर्थ प्रकाश/ रोहित शर्मा

**ऊना, 14 जनवरी।** प्रदेश सरकार कर्मचारियों व पेंशनर्ज को वित्तीय लाभ देने में पूरी तरह नाकाम रही है, जिससे कर्मचारियों और पेंशनर्ज में सरकार के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। यह बात भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव वशिष्ट, जिला परिषद सदस्य अशोक धीमान, यशपाल रायजादा, शिव मैहन, अजय पराशर और ठाकुर श्रीचंद ने कही।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की 58 प्रतिशत किस्त जारी कर दी है और आठवें वेतन आयोग का गठन भी कर दिया गया है, जबकि हिमाचल प्रदेश सरकार अब तक केवल 45 प्रतिशत महंगाई भत्ता ही दे पाई है। कर्मचारियों और पेंशनर्ज का 13 प्रतिशत महंगाई भत्ता अभी भी लंबित है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि महंगाई भत्ते का एरियर, रिवाइज्ड पे-स्केल का एरियर, कम्यूटेशन, ग्रेच्युटी तथा चिकित्सा बिलों का भुगतान अब तक नहीं हो पाया है, जिससे कर्मचारियों और पेंशनर्ज में भारी रोष है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में बनी प्रदेश सरकार झूठे वादों के दम पर सत्ता में आई, लेकिन आज तक कोई भी गारंटी पूरी नहीं की गई। जबकि केंद्र सरकार समय-समय पर प्रदेश सरकार को हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया था, लेकिन सरकार बने तीन साल बीत जाने के बावजूद एक भी महिला के खाते में 15 रुपये तक नहीं पहुंचे। इसके अलावा भाजपा सरकार के समय शुरू की गई हिमकेयर योजना को भी बंद कर दिया गया, जिससे आम जनता बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने बिजली दरों और स्टांप ड्यूटी में भारी बढ़ोतरी कर आम लोगों पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। वहीं, केंद्र सरकार जीएसटी दरों में कमी कर और मनरेगा योजना में संशोधन कर जनता को राहत दे रही है। अब मनरेगा के तहत 100 के बजाय 125 दिन का रोजगार मिलेगा।

इसके विपरीत प्रदेश सरकार लगातार जनता को परेशान करने का काम कर रही है। हाल ही में सीमेंट के दाम और बस किराये बढ़ाए गए हैं, जिससे गरीब जनता को दो वक्त की रोटी जुटाना भी मुश्किल हो गया है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रदेश सरकार का यही रवैया रहा, तो कर्मचारी और पेंशनर्ज आगामी पंचायत चुनावों में सरकार को इसका पूरा हिसाब देंगे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### जनजातीय खिलाड़ियों की ट्रायल की तिथि 19 जनवरी निर्धारित

**शिमला (अप्रस)।** युवा सेवा एवं खेल विभाग के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि विभाग द्वारा इंदिरा स्टेडियम, ऊना में हिमाचल प्रदेश की जनजातीय खिलाड़ियों की एथलैटिक्स, स्वीमिंग, भारोत्तोलन, कुश्ती, हॉकी व फुटबाल (महिला व पुरुष) खेल स्पर्धाओं की टीमों के लिए 16 जनवरी, 2026 निर्धारित ट्रायल प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि इन टीमों का छत्तीसगढ़ में 14 फरवरी, 2026 को खेलों इंडिया ट्राईबल गेम्ज़-2026 में भाग लेना प्रस्तावित था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में ट्रायल की पुन: तिथि अब बढ़ाकर 19 जनवरी, 2026 निर्धारित की गई है। प्रवक्ता ने बताया कि ट्रायल के लिए खिलाड़ियों का पंजीकरण 19 जनवरी, 2026 को प्रात: 10 बजे से आरम्भ होगा। सभी इच्छुक खिलाड़ी अपना हिमाचली प्रमाण-पत्र, जनजातीय प्रमाण-पत्र (अनिवार्य) तथा दो पासपोर्ट फोटो सहित परीक्षण केन्द्र में रिपोर्ट करना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 98160-96296 तथा 98168-72218 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### तीन युवकों को चिट्टा के साथ किया गिरफ्तार

**सोलन (अप्रस/यशपाल कपूर)।** जिला की कंडाघाट पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई 13 और 14 जनवरी, 2026 की मध्यरात्रि को की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नशे की एक खेप क्षेत्र से गुजरने वाली है, जिसके आधार पर पुलिस टीम ने कंडाघाट क्षेत्र में विशेष नाकाबंदी की। इस दौरान शिमला की ओर जा रही एक ऑल्टो मारुति कार को जांच के लिए रोका गया, जिसमें तीन युवक सवार थे। तलाशी लेने पर पुलिस ने युवकों के कब्जे से करीब 11 ग्राम चिट्टा बरामद किया। आरोपियों की पहचान रजत शरकोट (31) निवासी नानखड़ी, अविनाश सूद (35) निवासी नारकंडा और निखिल (29) निवासी ठियोग के रूप में हुई है। ये तीनों आरोपी शिमला जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के रहने वाले हैं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीनों को गिरफ्तार कर लिया और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही कार को भी जब्त कर लिया है। पुलिस थाना कंडाघाट में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि ये तीनों आरोपी लंबे समय से चिट्टा तस्करी में संलिप्त थे और बरामद की गई खेप को सप्लाई करने के उद्देश्य से ले जा रहे थे। पुलिस अब आरोपियों के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड को खंगाल रही है और नेटवर्क के अन्य तार जोड़ने के लिए मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## पूर्व सैनिकों से जुड़ी समस्याओं का जल्द करेंगे समाधान : राहुल कुमार

**बिलासपुर में आयोजित सशस्त्र सेना वयोवृद्ध दिवस के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोले उपायुक्त**

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर, 14 जनवरी।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि पूर्व सैनिकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का जल्द समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। इस संदर्भ में आगामी 28 जनवरी को एक बैठक का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पूर्व सैनिकों से जुड़ी विभिन्न तरह की समस्याओं पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। राहुल कुमार आज जिला सैनिक कल्याण विभाग के माध्यम से जिला भाषा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित 10वें सशस्त्र सेना वयोवृद्ध दिवस (आर्म्ड फोर्सेज वेटरन्स डे) कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि सशस्त्र सेना वयोवृद्ध दिवस का आयोजन देश की तीनों सेनाओं से सेवानिवृत हुए वीर पूर्व सैनिकों के सम्मान, त्याग और योगदान को नमन करने के लिए समर्पित है। इस आयोजन के माध्यम से पूर्व सैनिकों के साहस, अनुशासन और सेवाभाव को सम्मान देते हुए शहीदों और उनके परिवारजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना भी है। राहुल कुमार ने कहा कि हमारे पूर्व सैनिक देश की अमूल्य धरोहर हैं जिन्होंने देश की सुरक्षा, एकता एवं अखंडता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हमारे सैनिकों ने समय-समय पर देश की सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान भी दिया है, देश को ऐसे वीर सैनिकों, वीर नारियों पर गर्व है।

उपायुक्त ने पूर्व सैनिकों की मांग पर कहा कि शहीद स्मारक बिलासपुर में शेड निर्माण तथा मुख्य सड़क से ईसीएचएस वाया सीएसडी कैंटीन को जाने वाले संपर्क मार्ग के सुधारीकरण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों को सम्मानित भी किया। इससे पहले जिला सैनिक कल्याण विभाग की ओर से कैप्टन रमेश शर्मा ने सैनिक कल्याण विभाग के माध्यम से पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके परिजनों के उत्थान एवं कल्याण के लिए चलाई जा रही सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की। इस अवसर पर ब्रिगेडियर सेवानिवृत जे.एस. वर्मा वीएसएम, कर्नल राजेन्द्र सिंह, कैप्टन अमरनाथ, बालक राम, संजीव, सुरेंद्र सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, वीर नारियां एवं उनके परिजन मौजूद रहे।

## महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, बद्दी में हर्षोल्लास के साथ लोहड़ी का पर्व मनाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बद्दी, 14 जनवरी।** महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, बद्दी में लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया, जो समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आपसी एकता की भावना को दर्शाता है। कार्यक्रम में विष्वविद्याय के शिक्षकगण, अधिकारीगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। लोहड़ी की पावन अग्नि के चारों ओर सभी ने परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मूंगफली, रेवड़ी और तिल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। पंजाबी लोकगीतों और ढोल की थाप पर विद्यार्थियों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी को लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन न केवल हमारी समृद्धि परंपराओं को जीवंत रखते हैं, बल्कि आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता को भी सुदृढ़ करते हैं। इस अवसर पर विष्वविद्यालय के चांसलर नामित श्री सुरेष गुप्ता, वाईस चांसलर प्रो. आर.के. गुप्ता, डीन एकेडमिक प्रो. प्रदीप सिंह वालिया, रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) पंकज नांगलिया सहित सभी डीन, डायरेक्टर एवं छात्र उपस्थित रहे, जिन्होंने सांस्कृतिक एवं सह-पाठयक्रम गतिविधियों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

## ट्राईसिटी में लोहड़ी और मकर संक्रांति पर्व की धूम, विभिन्न जगह हुए कार्यक्रम

# हर्षोल्लास से मनाया लोहड़ी का पर्व, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अलाव के साथ बांटीं खुशियां

### सीएम हाउस में रंजीत उप्पल ने परिवार सहित मनाया लोहड़ी पर्व

अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** भारत विकास परिषद कालका के अध्यक्ष रंजीत उप्पल ने मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास (सीएम हाउस) में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं उनकी धर्मपत्नी सुमन सैनी के सम्मानपूर्वक आमंत्रण पर अपने परिवार सहित लोहड़ी का पावन पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया।

इस अवसर पर पारंपरिक वातावरण में पर्व को सौहार्द और सामाजिक समरसता के भाव के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री मोहन लाल बडोली जी, भाजपा के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पारंपरिक ढंग से लोहड़ी पर्व मनाया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।



सीएम हाउस में मुख्यमंत्री एवं उनकी धर्मपत्नी के साथ लोहड़ी पर्व मनाते रंजीत उप्पल।

रंजीत उप्पल ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास पर लोहड़ी पर्व के आयोजन में शामिल होना उनके लिए गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं श्रीमती सुमन सैनी द्वारा सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहित करना सराहनीय कदम है, जिससे समाज में आपसी भाईचारा और पारिवारिक मूल्यों को बल मिलता है।

रंजीत उप्पल ने अपने कहा, सीएम हाउस में लोहड़ी पर्व का आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं उनकी धर्मपत्नी सुमन सैनी के साथ इस पर्व को मनाना हमारे परिवार के लिए स्मरणीय क्षण रहा।

### श्री राधा कृष्ण मंदिर में मनाया लोहड़ी पर्व

श्री राधा कृष्ण मंदिर, सेक्टर 44-ए, चंडीगढ़ में लोहड़ी का पर्व अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। समारोह में आध्यात्मिक वातावरण के साथ-साथ पंजाबी लोक परंपराओं का सुंदर समन्वय देखने को मिला, जिससे युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया और पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया। परंपरागत लोहड़ी अग्नि का प्रज्वलन मंदिर के अध्यक्ष श्री आर. एल. चुग एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री एम. के. कालरा द्वारा किया गया, जिसमें प्रबंध समिति के अन्य सदस्यों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। लोहड़ी की अग्नि में रेवड़ी, गजक और मूंगफली अर्पित की गई तथा बाद में इनका प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया, जिससे सभी के चेहरों पर खुशी झलक उठी। इस आयोजन में सभी आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जहां वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह आयोजन एक आध्यात्मिक अनुभव रहा, वहीं युवाओं के लिए यह एक जीवंत एवं आनंदमय सांस्कृतिक उत्सव बन गया। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथियों के रूप में सुश्री कावेरी शर्मा, सहायक उपाध्यक्ष, एक्सिस बैंक, सेक्टर 44 शाखा तथा श्री कमल दीप शर्मा, एजीएम, आईडीबीआई बैंक, सेक्टर 44, चंडीगढ़ उपस्थित रहे।





### पूर्व महापौर कुलभूषण गोयल ने लोहड़ी और मकर संक्रांति की दी शुभकामनाएं

**पंचकूला।** पूर्व महापौर कुलभूषण गोयल ने चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच प्रदेश के सामाजिक सौहार्द, विकास और जनकल्याण से जुड़े विषयों पर भी संक्षिप्त चर्चा हुई। इसके पश्चात कुलभूषण गोयल ने मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार तरुण भंडारी से भी मुलाकात की और उन्हें भी लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं और समाज में आपसी भाईचारे, प्रेम और एकता को मजबूत करते हैं। मुख्यमंत्री निवास परिसर में कुलभूषण गोयल की सिख समुदाय के विभिन्न प्रतिनिधियों से भी मुलाकात हुई। उन्होंने सभी को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोहड़ी विशेष रूप से नई उमंग, नई शुरुआत और खुशहाली का संदेश लेकर आती है।

## श्री राधा कृष्ण के मंदिर के लिए जमीन पूजन करके मूर्ति स्थापित



अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़/ खरड़।** प्रेमा देवी पत्नी श्री रामेश्वर दास जी द्वारा उत्तर प्रदेश वेलफेयर और जय हो फाउंडेशन को श्री राधा कृष्ण मंदिर बनाने के लिए ज़मीन दान की गई। मकर सक्रांति और एकादशी के पावन त्योहार पर गुरप्रताप सिंह पडियाला द्वारा श्री राधा कृष्ण के मंदिर की जमीन पूजन करके मूर्ति स्थापित की गई।

इस धार्मिक मौके पर सीनियर कांग्रेसी नेता गुरप्रताप सिंह पडियाला का खरड़ ज़िला मोहाली विधानसभा के जनता नगर वार्ड-17 में पहुंचने पर ढोल बजाकर और फूल भेंट करके स्वागत किया गया। उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया गया। जिसके बाद श्री राधा कृष्ण जी की मूर्ति और कलश के साथ एक जुलूस निकाला गया जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुर प्रताप सिंह पडियाला विधानसभा खरड़ जिला मोहाली और उत्तर प्रदेश कल्याण, एसोसिएशन के अध्यक्ष छोटे लाल तिवारी और चेयरमैन अनिल कुमार निर्मला देवी, विकास बग्गा, रवि बिष्ट, परवीन कुमार, उप अध्यक्ष अवध राज कोहली, कैशियर गायत्री देवी, सचिव डॉक्टर सहदेव पाल, टिंकू, बिंदेश्वरी देवी, अमृत, और वार्ड-17 से बड़ी संख्या में सभी जनता नगर निवासी मौजूद थे।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुर प्रताप सिंह पडियाला ने मंदिर निर्माण के लिए विधानसभा खरड़ जिला मोहाली द्वारा 51000 रुपये का अनुदान दिया गया, जिसके लिए सभी ने उनका धन्यवाद किया।

## एबीवीपी की ओर से पीजीआई बस्ती में बस्ती लोहड़ी का आयोजन

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), चंडीगढ़ द्वारा पीजीआई बस्ती, चंडीगढ़ में बस्ती लोहड़ी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय निवासियों, विशेषकर बच्चों और युवाओं के साथ खुशी साझा करना तथा सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना था। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक उत्साह के साथ लोहड़ी का पर्व मनाया। इस दौरान अलाव जलाया गया, लोकगीत गाए गए और बस्तीवासियों को मिठाइयां व जलपान वितरित किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित रहा, जिनकी जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

एबीवीपी के प्रतिनिधियों ने युवाओं की सामाजिक सेवा में भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को समाज से जोड़ने और सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ सामाजिक दायित्व की भावना को मजबूत करते हैं।

## गमाडा ने न्यू चंडीगढ़ रोड और गांव बूथगढ़ में बने सैकड़ों टेम्परेरी शेड गिराए



अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू चंडीगढ़-खरड़।** गमाडा ने न्यू चंडीगढ़ रोड और गांव बूथगढ़ की जमीन पर बने सैकड़ों फर्नीचर और मार्बल शेड मशीनों से गिरा दिए। गौरतलब है कि चूंकि यह इलाका गमाडा के अधीन आता है और उक्त इलाके की जमीन एक्वायर करने का प्रोसेस शुरू हो चुका है, इसलिए इस इलाके में किसी भी तरह के कंस्ट्रक्शन की इजाज़त नहीं है। इस वजह से, किसानों से जमीन लीज़ पर लेकर बिजनेसमैन ने टेम्परेरी शेड बनाए थे। जिन्हें तोड़कर गिरा दिया गया। इस बारे में लोकहित मिशन के लीडर गुरमीत सिंह शंटू, रविंदर सिंह बजीदपुर, भगत सिंह भगतमाजरा और रविंदर सिंह होशियारपुर ने गमाडा की इस कार्रवाई का विरोध किया और कहा कि न्यू चंडीगढ़ रोड पर बसे बिजनेसमैन ने लाखों रुपये लगाकर टेम्परेरी तौर पर अपना काम शुरू किया था।

यह रेत भी एक कंस्ट्रक्शन की जगह पर टेम्परेरी तौर पर रखी गई थी। यह ज़मीन गमाडा को जब भी ज़रूरत होती, खाली करा सकता था, लेकिन बिजनेसमैन को बेवजह नुकसान पहुंचाया गया है।

## हिट एंड रन केस : रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल की मौत के मामले में फरार ऑटो चालक गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** हाल ही में सामने आए एक दर्दनाक हिट एंड रन मामले में पंचकूला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक की पत्नी, जो पंचकूला निवासी हैं, ने 10 जनवरी को थाना मनसा देवी में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया गया कि 9 जनवरी को उनके 87 वर्षीय पति, रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल, को एक ऑटो चालक ने टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125(बी) व 106 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने 13 जनवरी को आरोपी की पहचान कर ली और 14



जनवरी को आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान ओमप्रकाश निवासी जिला चूरू, राजस्थान, हाल निवासी मानव कॉलोनी, सकेतड़ी, चंडीगढ़ के रूप में हुई है।

डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने कहा कि देश की सेवा करने वाले ऐसे वरिष्ठ अधिकारी को खोना न केवल पंचकूला बल्कि पूरे देश के लिए अत्यंत दुखद है। उन्होंने बताया कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस द्वारा ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। डीसीपी ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर गश्त को और सख्त किया जाएगा, तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाए जाएंगे, संवेदनशील व दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा आम नागरिकों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो।

थाना मनसा देवी के प्रभारी इंस्पेक्टर मुनीष कुमार ने बताया कि एमडीसी क्षेत्र में लगातार गश्त की जा रही है, विशेष रूप से सेक्टर-4 और 6, महादेवपुरा, सुखना लेक से सटे इलाके तथा बाजारों में आक्रामक पेट्रोलिंग की जा रही है, जिससे अपराध पर प्रभावी अंकुश लगा है। उन्होंने बताया कि पुलिस नियमित रूप से नागरिकों के बीच जाकर उनसे फीडबैक भी ले रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### पौष्टिक भोजन वितरण अभियान का आयोजन



**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय चंडीगढ़ की एनएसएस इकाइयों द्वारा 14 जनवरी 2025 को मकर संक्रांति के पावन पर्व के उपलक्ष्य में पौष्टिक भोजन वितरण अभियान का आयोजन किया गया। यह आयोजन इस पर्व की कृतज्ञता, सहभागिता एवं सामाजिक सद्भावना के प्रतीक के रूप में समर्पित था। यह कार्यक्रम अत्यंत उत्साह और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना के साथ संपन्न हुआ। एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों एवं छात्राओं को भोजन वितरित किया।

### सेक्टर-11 पंचकूला हुआ 38 यूनिट्स रक्त एकत्र



**पंचकूला 14 जनवरी।** मकर सक्रांति के उपलक्ष्य पर व भीषण ठंड की वजह से अस्पतालों में आई रक्त की कमी को पूरा करने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह रक्तदान शिविर गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से विश्वास फाउंडेशन पंचकूला व पंचकूला के समाज सेवी विजय कुमार उप्पल द्वारा मार्केट सेक्टर 11 पंचकूला में अनुपम स्वीट्स के सामने लगाया गया। शिविर में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी ?िला शाखा पंचकूला ने भी सहयोग किया। विश्वास फाउंडेशन के जॉइन्ट सेक्रेटरी ऋषि सरल विश्वास ने बताया कि शिविर का उद्घाटन विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास, श्री विजय कुमार उप्पल, आनंद उप्पल, डॉक्टर पुनीत सचदेवा व संस्था के अन्य सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से मिलकर दीप प्रज्वलित करके किया गया। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि ब्लड बैंक पारस अस्पताल सेक्टर 22 पंचकूला की टीम ने डॉ- पुनीत सचदेवा की देखरेख में 38 यूनिट्स रक्त एकत्रित किया।

### पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही ने लिया देहदान का संकल्प

**चंडीगढ़ (वीरेन्द्र सिंह)।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर अपने पूजनीय माँ स्वर्गीय आशा देवी के पुण्य स्मृति में माँ चण्डी के दरबार में अपने परिवार के सहमति के बाद पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही ने देह दान का संकल्प लिए। जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन के संस्थापक प्रभुनाथ शाही ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा नेत्रदान,अंगदान और देहदान जैसे महान जीवनदायी कार्य के लिए जागरूकता अभियान का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है तथा कमांड हॉस्पिटल चंडीमंदिर पंचकूला के साथ मिलकर कार्य करने की आधिकारिक बातचीत पूरी हो गयी है और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ इस महान कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। फाउंडेशन की स्वास्थ्य कार्य सह प्रमुख डॉ कमलजीत कौर ने बताया कि फाउंडेशन के काफी सदस्य और सहयोगी संस्थाओं के सदस्य इस पुनीत कार्य में सहभागी बनकर शपथ लेने के लिए तैयार है।



## राधी देवी अमरावती पालीक्लिनिक ने मनाया स्थापना दिवस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पिंजौर-कालका अर्बन कॉम्प्लेक्स स्थित राधी देवी अमरावती पालीक्लिनिक (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल) ने अपना 20वां स्थापना दिवस श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सेवा भाव के साथ मनाया।

इस अवसर पर अस्पताल परिसर में सुंदरकांड पाठ एवं हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उपरांत दोपहर 12꞉30 बजे भोग एवं लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। पंचकूला के पूर्व महापौर एवं अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर कुलभूषण गोयल ने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पालीक्लिनिक द्वारा समाजहित में निःशुल्क नेत्र जांच एवं मल्टी स्पेशियलिटी मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया।



इस कैंप में लगभग 250 लोगों ने विभिन्न रोगों की जांच करवाई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त किया।कैंप में मेडिसिन विशेषज्ञ डा. रमेश्वर चंदर (एमडी मेडिसिन, पूर्व पीएमओ, गवर्नमेंट हॉस्पिटल सेक्टर-16 चंडीगढ़), नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. बक्शी गुप्ता व डा. नीरज गुप्ता, आर्थोपेडिक्स विशेषज्ञ डा. विवेक भाटिया, बाल रोग विशेषज्ञ डा. डेज़ी बंसल, त्वचा रोग विशेषज्ञ डा. रजत मेहता, यूरोलॉजिस्ट डा. बोधराज ठाकुर, अल्ट्रासाउंड एवं एक्स-रे विशेषज्ञ डा. लवकेश मित्तल, फिजियोथेरेपी में डा. किरण व डा. दीपक, दंत रोग विशेषज्ञ डा. अमृता आहूजा तथा गायनोकोलॉजिस्ट डा. सुरभि गुप्ता एवं डा. अर्चना चौधरी ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। पालीक्लिनिक में मेडिसिन, नेत्र, आर्थोपेडिक्स, गायनोकोलाजी, सर्जरी, पीडियाट्रिक्स, डेंटल, फिजियोथेरेपी, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे एवं पूर्णतः सुसज्जित लैब की सुविधाएं उपलब्ध करवाई गईं।

## वाहन चोरी के दो मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़। (रंजीत शम्मी)।** यूटी पुलिस ने दो पहिया वाहन चोरी के मामले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियो की पहचान स्मॉल फ्लैट धनास के रहने वाले मोहन उर्फ मोना और करन उर्फ भीमा के रूप में हुई है।

शिकायतकर्ता सोनिया ने पुलिस को बताया कि 21 अगस्त को उसने अपनी एक्टिवा होंडा धनास स्थित सब्जी मंडी में पार्क किया था।और जब वह कुछ समय बाद वापस आई तो उनकी उक्त एक्टिवा वहां नहीं थी।

वहीं मिल्क कॉलोनी धनास के रहने वाले रजनीश कुमार ने पुलिस को बताया 2 दिसबर को अपनी बाइक अपने घर के सामने पार्क की थी।लेकिन अगले दिन उन्होंने देखा कि उनकी उक्त मोटरसाइकिल वहां नहीं थी। जांच के बाद आरोपी मोहन और करण को गिरफ्तार किया गया।

## बेघर व्यक्ति को पत्थर से पीट पीटकर उतारा मौत के घाट

सेक्टर 20 के कुंडी गांव में साथी ने ही की रंजिश में हत्या

आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** मंगलवार देर रात पंचकूला के सेक्टर 20 में कुंडी गांव के पास एक व्यक्ति की कथित तौर पर पत्थर से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक फुटपाथ पर रहता था और बेघर था।

उसके साथ रहने वाले दूसरे व्यक्ति के साथ उसका झगड़ा था। जानकारी के अनुसार, रात में किसी बात पर दोनों के बीच झगड़ा हुआ। झगड़े के बाद, आरोपी ने कथित तौर पर एक पत्थर उठाया और साथी के सिर पर मार दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, और फिर वह वहां से भाग गया। माना जा रहा है कि कुछ राहगीरों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी।

घटना की जानकारी मिलने के बाद, सेक्टर 20 पुलिस स्टेशन की पुलिस, क्राइम ब्रांच और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची। टीमों ने घटनास्थल से सबूत इकट्ठा किए और आरोपी का पता लगाने के लिए आस-पास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच शुरू की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरार आरोपी की तलाश के लिए टीमें बनाई गई ह और भरोसा दिलाया कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम कई ऐसे लोगों से पूछताछ कर रहे हैं जो उनके साथ यहां रह रहे थे। हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह कहां जा सकता है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## ट्रांसफर पॉलिसी में फील्ड कर्मचारी भी शामिल, यूनियनों का विरोध जारी

कहा-नई जगह बिना नेटवर्क संरचना-फॉल्ट पॉइंट्स की जानकारी के ट्रांसफर से कभी भी जान को खतरा

ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी एवं निगम अधिकारियों की मनमानी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** हरियाणा सरकार की ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन ने फिर से लामबंद होने की तैयारी कर ली है। कर्मचारियों का कहना है कि बिना क्षेत्रीय भू-परिस्थितियों, नेटवर्क संरचना, फॉल्ट पॉइंट्स व सुरक्षा मानकों की जानकारी के कार्य करना अत्यंत जोखिमपूर्ण है। यह पॉलिसी न केवल कर्मचारियों की सुरक्षा, बल्कि निगम की आर्थिक सेहत पर भी गंभीर और दीर्घकालिक प्रतिकूल प्रभाव डालेगी। कर्मचारियों ने कहा कि निगम अधिकारी सरकार को पूर्ण एवं सही तथ्य उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। उन्होंने ऊर्जा मंत्री अनिल विज से इस नीति की निष्पक्ष समीक्षा कर इसे तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की।



हरियाणा कर्मचारी महासंघ, मुख्यालय भिवानी के बैनर तले केन्द्रीय परिषद के आह्वान पर यूनियन ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी एवं निगम अधिकारियों का विरोध किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 20 जनवरी को प्रस्तावित एसीएस पावर घेराव की तैयारियों को अंतिम रूप देना रहा। यूनियन के प्रांतीय प्रधान इक़बाल चंदाना ने बैठक की अध्यक्षता की, जबकि संचालन प्रांतीय महासचिव यशपाल देशवाल द्वारा किया गया। उनके साथ बैठक में वरिष्ठ उपप्रधान अशोक शर्मा, वित्त सचिव अनिल पहल, राज्य प्रेस सचिव श्याम लाल खोड, राज्य ऑडिटर मनोज शर्मा, राज्य उप-महासचिव विजय हुड्डा, सतेन्द्र सहारण, संपादक सत्यवान यादव एवं कानूनी सलाहकार विकास नेहरा सहित भारी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रांतीय प्रधान इकबाल चंदाना ने स्पष्ट कहा कि हरियाणा सरकार एवं निगम प्रबंधन द्वारा थोपी जा रही ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी फील्ड में कार्यरत तकनीकी कर्मचारियों के जीवन को प्रत्यक्ष रूप से खतरे में डालती है। यह पॉलिसी केवल कर्मचारी-विरोधी ही नहीं, बल्कि फील्ड में कार्यरत तकनीकी कर्मचारियों को मौत के मुँह में धकेलने वाला तानाशाही फरमान है। जब तक यह पॉलिसी पूर्णतः वापस नहीं ली जाती, एचएसईबी वर्कर्स यूनियन का संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। चंदाना ने यह भी चेतावनी दी कि 20 जनवरी को पंचकूला में एसीएस पावर के खिलाफ प्रचंड घेराव किया जाएगा।

प्रांतीय महासचिव यशपाल देशवाल ने कहा कि फील्ड में कार्यरत तकनीकी स्टाफ को इस पॉलिसी के दायरे में लाना उन्हें सीधे तौर पर जानलेवा परिस्थितियों में धकेलने जैसा है। वरिष्ठ उपप्रधान अशोक शर्मा ने कहा कि बड़े पैमाने पर ट्रांसफर होने से कर्मचारियों को नए क्षेत्रों की जानकारी न होने के कारण डिफॉल्टर्स की पहचान व वसूली अत्यधिक प्रभावित होगी, जिससे निगम को प्रदेशभर में करोड़ों रुपये का राजस्व घाटा झेलना पड़ेगा।

मुख्य संगठनकर्ता विनोद शर्मा ने कहा कि नए सर्कल/डिवीज़न में जाने पर डिफॉल्टिंग अमाउंट, बकाया उपभोक्ताओं एवं क्षेत्रीय रिकॉर्ड का वास्तविक आकलन करना लगभग असंभव हो जाएगा। राज्य प्रेस सचिव श्याम लाल खोड, राज्य ऑडिटर मनोज सैनी एवं राज्य उप-महासचिव विजय हुड्डा ने संयुक्त रूप से कहा कि जब तक यह तानाशाही निर्णय वापस नहीं होता, यूनियन चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को और तेज करेगी। वित्त सचिव अनिल पहल एवं कानूनी सलाहकार विकास नेहरा ने कहा कि यदि सरकार एवं एसीएस पावर ने समय रहते यूनियन को वार्ता के लिए आमंत्रित नहीं किया, तो 20 जनवरी को अतिरिक्त मुख्य सचिव (बिजली) का पूरे प्रदेश का बिजली कर्मचारी पंचकूला में घेराव करेगा। औद्योगिक शांति भंग होने की पूरी जिम्मेदारी सरकार एवं निगम प्रबंधन की होगी।

# गन्नौर में कट रही अवैध कॉलोनियां

## विभागीय कार्रवाई के बावजूद नींव भरने का काम शुरू

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी





गन्नौरी। जिला नगर एवं योजनाकार विभाग (डीटीपी) की कार्रवाई के बावजूद अवैध निर्माण पर लगाम नहीं लग पा रही है। दो माह पूर्व जिन स्थानों पर विभाग ने सख्त कदम उठाते हुए नींव ध्वस्त की थी, वहीं अब दोबारा निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इससे विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी अनुसार बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के फेस-3 के गेट के सामने, जियो पेट्रोल पंप के नजदीक कुछ समय पहले अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा था। शिकायत मिलने पर जिला नगर एवं योजनाकार विभाग ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और सभी डाली गई नींव को गिरा दिया था। उस समय विभाग ने स्पष्ट संदेश दिया था कि बिना अनुमति किए जा रहे किसी भी निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लेकिन कार्रवाई के कुछ ही समय बाद हालात फिर से पहले जैसे हो गए।स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभागीय कार्रवाई के बाद कुछ समय तक काम बंद रहा, लेकिन अब विभाग की अनदेखी और ढिलाई के चलते फिर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। जिससे साफ जाहिर होता है कि संबंधित लोग किसी डर या रोकटोक के बिना निर्माण कर रहे हैं। सिर्फ बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के सामने ही नहीं, बल्कि गन्नौर शहर में भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। यहां कई स्थानों पर अवैध रूप से कॉलोनियां काटी जा रही हैं और उनमें तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। न तो इन कॉलोनियों को किसी प्रकार की स्वीकृति मिली है और न ही बुनियादी सुविधाओं की कोई व्यवस्था है। इसके बावजूद प्लॉट बेचने और मकान बनाने का काम धड़ल्ले से जारी है। लोगों का कहना की जिला नगर एवं योजनाकार विभाग केवल एक बार की कार्रवाई तक सीमित न रहे, बल्कि अवैध निर्माण स्थलों पर नियमित निगरानी रखे। साथ ही जिन लोगों ने दोबारा निर्माण शुरू किया है, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई नियम तोड़ने की हिम्मत न कर सके। इस बारे में जिला नगर योजना कर विभाग इन स्थानों पर अवैध कॉलोनी में हो रहा है निर्माण जानकारी अनुसार गन्नौर में बाय गांव के समीप साथ लगती कॉलोनी में , खेड़ी गुर्जर रोड के साथ दाएं तरफ की गलियों के साथ खेतों में काटी जा रही कॉलोनी में, अगवानपुर रोड पर आदि स्थान पर धड़ल्ले से कॉलोनी काटकर नींव भरने का कार्य किया जा रहा है।



जिला नगर योजनकार अजमेर सिंह ने कहा कि अवैध कॉलोनी का निर्माण करने वालों के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

# मोहन लाल बड़ौली ने गोहाना में कार्यकर्ताओं के साथ मनाया संक्रांति, प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कार्यकर्ताओं के साथ गोहाना में मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास से मनाया। सभी कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पर्व मनाते हुए आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि लोहड़ी, संक्रांति, पोंगल और बिहू भारत के पवित्र उत्सव है। उन्होंने कहा कि ऐसे त्योहार समाज में सकारात्मक ऊर्जा, एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं तथा हमारी परम्पराओं की समृद्धि और आध्यात्मिक शक्ति को दिखाते हैं। बड़ौली ने कहा कि इन त्योहारों के जरिए लोग प्रकृति, सांस्कृतिक विविधता और सामुदायिक सदभाव का जश्न मनाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व भारत की स्मृद्धि, कृषि परम्पराओं और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा पर्व है जो पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 'मकर संक्राति हमारे लिए महत्वपूर्ण दिन होता है। हम प्रकृति के साथ इस दिन को मनाते है। प्रकृति के प्रति कृतज्ञता जताते हुए उन्होंने देश के अन्नदाता किसानों के त्याग और समर्पण का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर आपसी प्रेम, भाईचारे और सहयोग की भावना को और मजबूत करें तथा प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य के लिए एकजुट होकर आगे बड़ें।

श्री बड़ौली ने कहा कि गुड की मिठास, ढोल की गूंज और भांगड़ा के साथ यह पवित्र त्योहार प्रदेश में सुख, समृद्धि और खुशियां लेकर आए। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


### सार्वजनिक सूचना

मैं, ओमपति पत्नी कुक्कु राम निवासी वार्ड नम्बर 3, हनुमान चौक, रतिया तहसील रतिया जिला फतेहाबाद हल्फियां ब्यान करती हूं कि मेरे पति कुक्कु राम पुत्र गज्जन सिंह की मृत्यु दिनांक 15.06.2014 को हो चुकी है और वाक्या मौजा वार्ड नम्बर 03, हनुमान चौक, रतिया में एक मकान स्थित है जोकि लाल डोरा के अन्दर आता है, उक्त मकान की पुरानी असेसमेंट 1271/155/1380/4 व नया प्रोपर्टी आईडी नम्बर 7XRTFBR4 है । उक्त प्रोपर्टी सर्वे में ओमपति के नाम दर्ज है। रक्बा का क्षेत्रफल 84.44 स्केयरयार्ड है। उक्त मकान की मैं 30 वर्ष से काबिज हूँ। उक्त मकान को मैं अपने लडके कुलदीप पुत्र कुक्कु राम के नाम करवाना चाहती हूं। मेरे उक्त मकान की प्रोपर्टी आईडी मेरे पुत्र कुलदीप के नाम ट्रांसफर करने बारे किसी को कोई ऐतराज हो तो 30 दिन केअंदर नगरपालिका रतिया में उपना एतराज दर्ज करवा सकता है। शपथकर्ता

AP-7264

### आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद गोहाना के ऑन लाईन प्रोप्टी टैक्स रिकार्ड के अनुसार वर्तमान में PUID नम्बर 3FKD8QM6 वार्ड नंबर डाक्टर नन्दलाल वाली गली गोहाना कालोनी तहसील गोहाना पर श्री/श्रीमती जगदीश पुत्र प्यारेलाल का नाम आया हुआ है।नगर परिषद गोहाना के कार्यालय में इस प्रोपर्टी आई डी PUID ID No. 3FKD8QM6 अपना/अपने नाम पर दर्ज करवाने के लिये श्री/श्रीमती 1. कान्ता रानी, 2. तमन्ना, 3. पायल रानी, 4. आशीष निवासी वार्ड नंबर डाक्टर नन्दलाल वाली गली गोहाना कालोनी गोहाना मोबाईल नंबर 8014555559 द्वारा अपना आवेदन इस कार्यालय में अपने दस्तावेज नं./सेल डी नं. रजिस्ट्री स्व. श्री/श्रीमती जगदीश पुत्र प्यारेलाल का मृत्यु प्रमाण पत्र व तहसीलदार गोहाना द्वारा तसदीक/सत्यापित करवाई गई वारिसान रिपोर्ट तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत किया है।

अतः आम जन साधारण को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि इस प्रोपर्टी आईडी पर उपरोक्त आवेदक/आवेदकों का नाम दर्ज करने पर किसी भी व्यक्ति को कोई एतराज/आपत्ति है तो वह इस नोटिस प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अन्दर नगर परिषद कार्यालय गोहाना अपना एतराज/आपत्ति में दस्तावेजी सबूतों सहित प्रस्तुत करे। अन्यथा नोटिस अवधि की तिथि पूर्ण होने उपरान्त Online NDC Portal पर उपलब्ध PUID 3FKD8QM6 पर श्री/श्रीमती 1.कान्ता रानी, 2. तमन्ना, 3.पायल रानी, 4. आशीष निवासी वार्ड नंबर डाक्टर नन्दलाल वाली गली गोहाना कालोनी मोबाईल नंबर 8014555559 का नाम दर्ज कर दिया जायेगा। जिसके उपरान्त नगर परिषद गोहाना की किसी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

कार्यकारी अधिकारी/सचिव
नगर परिषद गोहाना।

AP-7255

### चुनाव सूचना

दि अमृता शेरगिल को-ऑप. H/B (Ist) सोसाइटी लिमिटेड, सेक्टर 48-ए, चंडीगढ़ के सभी मेंबर्स को जानकारी दी जाती है कि सोसाइटी का चुनाव JRCS, U.T., चंडीगढ़ की मंजूरी से मेमो नंबर Coop/535440/A.Shergill-E/26/9892 तारीख 07.01.2026 के हिसाब से होगा, जो इस प्रकार है :-

**नॉमिनेशन पेपर फाइल करना:** तारीख 05.02.2026, सुबह 10.00 बजे से 11.00 बजे तक

**पोलिंग की तारीख और समय:** तारीख 06.02.2026, सुबह 10.30 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक

**स्थान:** सोसाइटी के पार्क में।

(प्रेसिडेंट)

AP-7258

### निविदा सूचना

प्रतिष्ठित ठेकेदारों से वर्तमान में सोसाइटी की आंतरिक सड़क के ऊपर (बिना सड़क तोड़े) पेवर टाइल्स लगाने हेतु सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य में पेवर रिपेयर, लेवलिंग, ड्रेनेज पाइपों को ऊँचा करना, मलबा हटाना एवं अन्य सभी संबंधित कार्य शामिल होंगे। कुल क्षेत्रफल 39,158 वर्ग फुट (लगभग)। इच्छुक ठेकेदार साइट का निरीक्षण कर सकते हैं तथा अपनी सीलबंद निविदाएं प्रबंधन समिति, SBI सोसाइटी, **सैक्टर 49-D, चंडीगढ़ में 30 जनवरी 2026 को सायं 5:00 बजे तक जमा कर सकते हैं।** प्रबंधन समिति को किसी भी या सभी निविदाओं को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

प्रबंधन समिति

AP-7272

### सार्वजनिक सूचना

सर्व आम साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रोपर्टी आई.डी. नं. 6GC3E5L2 (Old Property Id. BER1/W10/248) [illegible]

सचिव, नगर पालिका, बेरी (झज्जर)

AP-7245

### [illegible] ਗਮਾਡਾ ... ਸੈਕਟਰ 62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ। (ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)

Plot No. 106, Sector 66, Beta, SAS Nagar ਦੇ ਅਲਾਟੀ Atinder Singh s/o Jang Singh r/o H.No. 179, Village Sarangpur, Chandigarh UT ਵਲੋਂ Bhupinder Jit Singh Kapoor s/o Sajjan Singh Kapoor, R/o H.No. 4660, Sector 70, SAS Nagar [illegible] 2644, [illegible] 4 [illegible] 15.03.2023 [illegible]

[illegible] Bhupinder Jit Singh Kapoor s/o Sajjan Singh Kapoor ਵਲੋਂ Plot No. 106, Sector 66, Beta, SAS Nagar ਨੂੰ Sanbir Kapoor s/o Bhupinder jit Singh Kapoor r/o H.No. 4660, Sector 70, SAS Nagar [illegible] 362482 [illegible]


Plot No. 106, Sector 66, Beta, SAS Nagar [illegible]

Plot No. 106, Sector 66, Beta, SAS Nagar [illegible] Sanbir Kapoor s/o Bhupinder Jit Singh Kapoor [illegible]

[illegible] ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ।

AP-7266

### ਗਮਾਡਾ ਮੁਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ। ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ



[illegible] 201, [illegible] Sh. Balkar Singh S/o Bhagwan Singh [illegible] Sh. Balkar Singh S/o Bhagwan Singh [illegible] Smt. Rajwinder Virk W/o Manjit Singh [illegible] 734 [illegible] Smt. Rajwinder Virk W/o Manjit Singh [illegible] Smt. Rajwinder Virk W/o Manjit Singh [illegible] Smt. Gurpreet Kaur, Municipal Councillor Ward No. 37, SAS Nagar [illegible] Smt. Rajwinder Virk W/o Manjit Singh [illegible]

1) Manjeet Singh Virk — Husband
2) Gaganjot Singh — Son
3) Shereen Virk — Daughter

[illegible] Sh. Manjeet Singh Virk, Gaganjot Singh, Shereen Virk [illegible] 201, [illegible]

AP-7244

### उत्तर रेलवे

**सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट, भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए कार्य करते हुए, अंबाला मंडल के अंतर्गत नीचे उल्लिखित 12 हॉल्ट स्टेशनों के लिए 5 वर्षों की अवधि हेतु हॉल्ट ठेकेदार की नियुक्ति के लिए इच्छुक आवेदकों से खुले आवेदन आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है:–

| | |
|---|---|
| 1. | MA संख्या एवं तिथि : CP-10-UMB-Halt-99-pt.-II |
| 2. | रेलवे वेबसाइट : www.nr.indianrailways.gov.in |
| 3. | आवेदन दस्तावेज़ डाउनलोड करने की प्रारंभ तिथि : 08.01.2026 को 13:00 बजे |
| 4. | आवेदन दस्तावेज़ डाउनलोड अंतिम तिथि: दिनांक 29.01.2026 को 15:00 बजे |
| 5. | आवेदन जमा करने की तिथि : 29.01.2026 को 10.00 बजे, वाणिज्य शाखा, डीआरएम कार्यालय, अंबाला कैंट |
| 6. | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 29.01.2026 को 15:00 बजे, वाणिज्य शाखा, डीआरएम कार्यालय, अंबाला कैंट |
| 7. | आवेदन (बिड) खोलने की तिथि : 29.01.2026 को 15:30 बजे, वाणिज्य शाखा, डीआरएम कार्यालय, अंबाला कैंट |
| 8. | स्टेशनों के नाम : [illegible] |

हॉल्ट ठेकेदार के आवेदन से संबंधित सभी निर्देश रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध हैं। 137/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-7242

### पूर्वोत्तर रेलवे

Website: www.ner.indianrailways.gov.in, Email: cos@ner.railnet.gov.in

निविदा सूचना संख्या: 48 दिनांक 13-01-2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रण

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर-273012 भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | खुलने की तिथि | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 26255133 | 19-02-2026 | [illegible] | 123428 Nos. |
| 2 | 26251012A | 16-02-2026 | [illegible] | 7524 Mtrs. |
| 3 | 22251290A | 12-02-2026 | [illegible] (500 एमएम) [illegible] | 4015 Nos. |
| 4 | 22252188A | 10-02-2026 | [illegible] | 200 Nos. |
| 5 | 22252588 | 09-02-2026 | [illegible] | 5400 Sets. |
| 6 | 26255071A | 09-02-2026 | [illegible] 6.2 [illegible] | 1409864 Nos. |
| 7 | 24251020A | 06-02-2026 | [illegible] | 365 Nos. |
| 8 | 22251086C | 03-02-2026 | [illegible] | 13850 Nos. |
| 9 | 28251431A | 02-02-2026 | [illegible] | 235102 Nos. |
| 10 | 24255013B | 29-01-2026 | [illegible] | 353 Sets. |

[illegible]/एस-73 — प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

AP-7247

## अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

### सार्वजनिक सूचना

I, RIKAME JIJABAI SADASHIV is Mother of Army No: 2809963F Rank Sep Name: Rikame Anil Sadashiv Permanent Address: Vinchur Gavali House No. 21/1 Adgaon, Nashik Vinchurgavali Adgaon Nashik Maharashtra-422003 declare that I have changed my name from RIKAME JIJABAI SADASHIV to JIJABAI SADASHIV RIKAME and Also Correct my Date of birth from 30/09/1950 to 01/07/1970. Vide Affidavit No: 11AA 219639, Dated: 13/01/2026
एपी-FMG

मैं, रोशनी पत्नी मोहम्मद यासीन निवासी मकान नं. 1735 /1, सैक्टर- 45, चंडीगढ़ ने अपना नाम रोशनी से बदलकर आईशा रख लिया है।
एपी-7243

मैं, मोहम्मद रशीद, पिता मोहम्मद मुंसिनन्ने, निवासी # 376 फेज-2, बापू धाम कॉलोनी, सेक्टर 26, चंडीगढ़ ने अपना नाम मोहम्मद रशीद से बदलकर मोहम्मद रईस कर लिया है।
एपी-7248

मैं, वीरमती पत्नी स्वर्गीय हवलदार राममूर्ती रैंक 13662459 गांव नेहरा डाकखाना अमरगढ़ त0 नरवाना जिला जीन्द (हरियाणा) मैंने अपना नाम वीरमती से बदलकर बीरमती देवी और जन्म तिथी 12.02.1951 से 01-01-1943 कर लिया है।
एपी-7250

I, Suneeta Kumari W/O Sant Lal and D/O Rajendar Prashad # 2053, Sector-27-C, UT Chandigarh have changed my name to Sunita Kumari.
एपी-7251

मैं, राम चंद्र वर्मा पुत्र बुध राम, निवासी मकान नंबर 40A, पी.एन.बी के पास, प्रोफेसर कॉलोनी, चीका, तहसील गुहला, जिला कैथल, हरियाणा, ने अपना नाम राम चंद्र से बदलकर राम चंद्र वर्मा कर लिया है।

मैं, कमलेश वर्मा पत्नी राम चंद्र वर्मा, निवासी मकान नंबर 40A, पी.एन.बी के पास, प्रोफेसर कॉलोनी, चीका, तहसील गुहला, जिला कैथल, हरियाणा, ने अपना नाम कमलेश रानी से बदलकर कमलेश वर्मा रख लिया है।

मैं, गीता देवी पत्नी नवीन वर्मा, निवासी मकान नंबर 40A, पी.एन.बी के पास, प्रोफेसर कॉलोनी, चीका,तहसील गुहला, जिला कैथल, हरियाणा, ने अपना नाम गीता वर्मा से बदलकर गीता देवी रख लिया है।
एपी-7254

मैं, सुशिल कुमार पुत्र लेट श्री खुशी राम सिक्का वासी मकान नं. 5441 सैक्टर 38 वेस्ट चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर सुशिल कुमार सिक्का रखा है।

मैं, अयान पुत्र राजेश कुमार वासी मकान नं. 244, सैक्टर 46-ए, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर अयान कुमार रखा है।

मैं, अमन दीप कौर पत्नी गुरपाल सिंह वासी मकान नं-472, गांव व डाक दरड़ करनाल हरियाणा ने अपना नाम बदलकर अमनदीप कौर से अमन दीप कौर रखा है।

मैं, कैलाश सिंगला पत्नी नरेश कुमार सिंगला वासी मकान नं 1305 सैक्टर 7 अर्बन एस्टेट करनाल ने अपना नाम बदलकर कैलाश से कैलाश सिंगला रखा है।

मैं, Km. संगीता रानी पत्नी पवन कुमार वासी गांव व डाक खराजपुर जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर Km.संगीता रानी से संगीता रानी रखा है, शादी के बाद।

मैं, सनी गर्ग वासी वार्ड नं. 11, ओल्ड अनाज मंडी, सफीदों, जींद ने अपने नाबालिग पुत्र का नाम बदलकर अविश गर्ग उर्फ आदित्य गर्ग से आदित्य गर्ग रखा है।

मैं, सनी गर्ग वासी वार्ड नं. 11, ओल्ड अनाज मंडी, सफीदों, जींद ने अपने नाबालिग पुत्री का नाम बदलकर Dreeti उर्फ विधि गर्ग से विधि गर्ग रखा है।

मैं, सत पॉल पुत्र ब्रिज लाल गोयल वासी मकान नं. 340, सैक्टर 12ए, पंचकूला ने अपना नाम बदलकर सत पाल गोयल रखा है।

मैं, राज कुमार पुत्र सत पाल गोयल वासी मकान नं. 340, सैक्टर 12ए, पंचकूला ने अपना नाम बदलकर राज कुमार गोयल रखा है।
एपी-7256

मैं, रणबीर सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह निवासी गांव सुलकानी, तहसील शाहबाद मारकंडा, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा -136135 ब्यान करता हूँ कि मैने अपना नाम रणबीर सिंह से बदलकर रणवीर सिंह रख लिया है।

मैं, रविन्द्र सिंह पुत्र जसबीर सिंह निवासी मकान नंबर 521, सेक्टर 13, अर्बन एस्टेट, थानेसर, कुरुक्षेत्र ब्यान करता हूँ कि मैने अपना नाम रविन्द्र सिंह से रविन्द्र (दिया नाम) और सिंह (उपनाम) कर लिया है।

It is for general information that I, VANSHIKA AGRAWAL D/o PARVEEN KUMAR Residence of #874, Urban Estate, Near Umri Chowk, Sector 30, Kurukshetra, PO Kurukshetra Distt Kurukshetra, Haryana - 136128, declare that name of my father and my mother has been wrongly written as PRABIN GOYAL and UMA AGRAWAL in my 10th and 12th class CBSE mark sheet and actual name of my father and my mother is PARVEEN KUMAR and UMA GUPTA respectively. Which may be amended accordingly.
एपी-7257

मैं, शकुंतला, सैन्य संख्या-15588026के रैंक- नायक नाम- भालेकर कल्पेश बबन की मां हूं, वर्तमान में यूनिट- 108 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- जिला परिषद के पास। स्कूल, जिते, धामने, रायगढ़, धामने, महाराष्ट्र, 402302 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम शकुंतला से बदलकर शकुंतला बबन भालेकर कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11एए 219645, दिनांक- 14/01/2026

मैं, शकुंतला बबन भालेकर, सैन्य संख्या-15588026के रैंक- नायक नाम- भालेकर कल्पेश बबन की मां हुं जो वर्तमान में यूनिट- 108 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- जिला परिषद के पास स्कूल, जिते, धामणे, रायगढ़, धामणे, महाराष्ट्र, 402302 घोषणा करती हूं कि मैंने अपनी जन्मतिथि 11/06/1975 से 01/06/1975 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219646, दिनांक- 14/01/2026

मैं, भालेकर बबन रघुनाथ सैन्य संख्या- 15588026के रैंक- नायक नाम- भालेकर कल्पेश बबन का पिता हुं जो वर्तमान में यूनिट- 108 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- जिला परिषद के पास स्कूल, जिते, धामणे, रायगढ़, धामणे, महाराष्ट्र, 402302 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम भालेकर बबन रघुनाथ से बदलकर बबन रघुनाथ भालेकर कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11एए219647, दिनांक- 14/01/2026

मैं, बबन रघुनाथ भालेकर सैन्य संख्या- 15588026के रैंक- नायक नाम- भालेकर कल्पेश बबन का पिता हुं जो वर्तमान में यूनिट- 108 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- जिला परिषद के पास स्कूल, जिते, धामणे, रायगढ़, धामणे, महाराष्ट्र, 402302 घोषणा करता हूं कि मैंने अपनी जन्मतिथि 05/03/1967 से 05/03/1963 में सही कर ली है। शपथ पत्र क्रमांक- 11AA 219648, दिनांक- 14/01/2026

मैं, जयश्री तानाजी खुरुंगळे सैन्य संख्या- जेसी-678138Y रैंक- नायब सूबेदार नाम- खुरुंगळे तानाजी शेखबा की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं जो वर्तमान में निवास- हायस्कूल जवळ, मु/पोस्ट - बेलवडे हवेली, बेलवडे हवेली, सातारा, महाराष्ट्र - 415109 घोषणा करती हूं कि मैंने अपनी जन्मतिथि 28/09/1987 से 27/07/1987 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219652, दिनांक- 14/01/2026

मैं, जयश्री तानाजी खुरुंगळे सैन्य संख्या- जेसी-678138Y रैंक- नायब सूबेदार नाम- खुरुंगळे तानाजी शेखबा की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं जो वर्तमान में निवास- हायस्कूल जवळ, मु/पोस्ट - बेलवडे हवेली, बेलवडे हवेली, सातारा, महाराष्ट्र - 415109 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम जयश्री तानाजी खुरुंगळे से बदलकर जयश्री तानाजी खुरुंगळे कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219653, दिनांक- 14/01/2026

I, MAHENDRA am Father of Service No: 2804052F Rank Hav Name: Dhirendra Kumar Sharma Permanent Address: Village: Barharba, Ward No.-12, Police Station Suppi, District Sitamarhi, State: Bihar, Pin-843315 declare that I have changed My Name from MAHENDRA to MAHENDRA SHARMA. Vide Affidavit No: 11AA 219649, Dated: 14/01/2026

I, SAVITA is legally Wedded Spouse of Army No: 2809274A Rank: Hav Name: Gaikwad Vijay Arjun Permanent Address: Village: Vadner Dumala, Post: Devlali, Dist: Nashik, State: Maharashtra, Pin 422401 declare that I have changed My Name from SAVITA to SAVITA VIJAY GAIKWAD. Vide Affidavit No: 11AA 219650, Dated: 14/01/2026
एपी-7259

मैं, राम भगत ऊर्फ सुरेश कुमार पुत्र भागा पुत्र हरलाल, निवासी गांव व डाकखाना देबन, तहसील व जिला कैथल सुचित करता हूं कि राम भगत व सुरेश कुमार दोनों नाम एक ही आदमी अर्थात मेरे ही हैं। सम्बंधित कृप्या नोट करें।
एपी-7260

मैं, Bihola Nanduba मदर ऑफ आर्मी नम्बर.4576741M, रैंक- हवलदार, नाम- Bihola Bharat Sinh Dashrath Sinh, वर्तमान निवासी Bihola No Madh Manekpur Makakhad, Gandhinagar Mansa, Gujrat-382845, मैने अपना नाम Bihola Nanduba से बदलकर Nanduba Bihola ओर जन्मतिथि 12-11-1956 से 01-01-1954 कर ली है।

मैं, Prathona Pal मदर ऑफ आर्मी नम्बर 4577862A, रैंक- हवलदार, नाम- Raghunath Pal, वर्तमान निवासी Aligram Bankmore, Aligram, PO: Aligram, Distt. Birbhum, West Bengal-731302, मैंने अपना नाम Prathona Pal से बदलकर Prarthana Pal ओर जन्मतिथि 09-05-1961 से 30-10-1960 कर ली है।
एपी-7261

मैं, सरोज पत्नी बलवान सिंह, निवासी 1385, FF, सेक्टर 11, पंचकूला, हरियाणा, ने अपना नाम बदलकर अब सरोज बाला कर लिया है। अब मुझे सभी कानूनी और सरकारी कार्यों में सरोज बाला के नाम से जाना जाएगा। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह संबंधित प्राधिकरण को सूचित कर सकता है।

मैं, कवलीन पुत्री गुरचरण सिंह, निवासी लुहारी राघो (82), हिसार, हरियाणा, ने अपना नाम बदलकर अब गुनगुन कर लिया है। अब मुझे सभी कानूनी और सरकारी कार्यों में गुनगुन के नाम से जाना जाएगा। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह संबंधित प्राधिकरण को सूचित कर सकता है।
एपी-7262

I, Baljeet Singh S/o Nirvail Singh R/o V. Banwala Hanwanta, Fazilka 152123 Pb, have changed name from Baljeet Singh Sidhu to Baljeet Singh

I, Sonu Ahuja S/o Om Parkash R/o V. Awa Urf Waryampura , Fazilka 152123 Pb , have changed name from Sonu Kumar to Sonu Ahuja.

I, Manjeet Singh S/o Mohan Singh R/o Lamba, Teh Ratia Distt Fatehabad have change my minor daughter name Harmandeep Kaur. That Harmandeep her name and Kaur Surname.

I, Purshotam S/o Bihari Lal R/o H. No. 153 R-3 Cheeka, Kaithal, have changed my name from Purshotam to Parshotam Dass
एपी-7263

I, Jeevan Singh S/o Sant Lal R/o Village- Nawa Rajgarh, Rajgarh (100), Bhiwani, Haryana - 127021, have changed my minor daughter's name from Khushi aged 13 years to Khushi Grewal forever.

I Anu Dhanuka D/o Kishan Kumar Dhanuka and W/o Vivek Jain R/o 399, Ground Floor, Orchid Island, Sector-51, Gurgaon, Haryana - 122018, have changed my name to Anu Jain.
एपी-7265

मैं, इरशाद निवासी मकान संख्या 3726, मालोया कॉलोनी, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर इरशाद अहमद रख लिया है।
एपी-7266

मैं, काजल पत्नी मुनीश कुमार गाँव चूहड़माजरा , जिला कैथल ने अपना नाम काजल से बदलकर काजल देवी रख लिया है।

मैं, सतपाल पुत्र सुमेर सिंह गाँव फरल, जिला कैथल ने अपना नाम सतपाल से बदलकर पाला राम रख लिया है।

मैं, परमजीत कौर पत्नी राजेंद्र गाँव बटेडी, जिला कुरुक्षेत्र ने अपना नाम परमजीत कौर से बदलकर पम्मी रानी रख लिया है।
एपी-7271

### बेदखली सूचना

मैं, किरण पत्नी स्वर्गीय श्री सुशील निवासी गाँव कासनी तहसील व जिला चरखी दादरी घोषणा करती हूं कि मेरी लड़की सोनिया मेरे कहने सुनने के बाहर है अपनी मर्जी से शादी कर ली है अतः मैं इसे अपनी तमाम चल अंचल सम्पति से बेदखल करती हू भविष्य में इससे लेन देन व व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा मेरी किसी किस्म की कोई जिम्मेवारी ना होगी।
एपी-7246

मैं की माया राम पुत्र श्री राम पाल निवासी मलिकपुर बांगर तहसील व्यासपुर जिला यमुनानगर यह ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र अनमोल वा मेरी पुत्रवधू गारगी मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं अपने पुत्र अनमोल वा अपनी पुत्रवधू गारगी को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करते है। आज के बाद मेरा या मेरे परिवार का इनके साथ कोई भी तालुक वास्ता नहीं है, और ना ही भविष्य में होगा। मैंने अनमोल वा गारगी से अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिए है। इनके साथ लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करे।
एपी-7249

हम महेंद्र सिंह पुत्र करतार सिंह और सविता देवी पत्नी महेंद्र सिंह, मकान नंबर 1714, अमन कॉलोनी, धनास, चंडीगढ़, सूचित करते हैं कि हमारा पुत्र विशाल रंधावा और उसकी पत्नी संजना कुमारी हमारे कहने सुनने से बाहर हैं। हम इनको अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-7252

मैं, बबली पत्नी श्री श्रीराम निवासी मकान नं. 208/11, नजदीक माटा चौक, पानीपत, अपने हल्फ से ब्यान करती हूं कि मेरा पुत्र बंटी व इसकी पत्नी सविता और इनके बच्चे कनिका व रितेश जोकि ये सभी मेरे व हमारे परिवार के कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं इन सभी को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इनके साथ लेन-देन व सम्बंध रखने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नही होगी।
एपी-7253

हम दरबार सिंह (आधार नम्बर 2829 2609 6807) पुत्र राम सिंह व बचन कौर (आधार नम्बर 7926 6040 0936) पत्नी दरबारा सिंह निवासीगन गांव बारवा, तहसील थानेसर जिला कुरूक्षेत्र ब्यान करते है कि हमारा पुत्र देवेन्द्र सिंह तथा उसकी पत्नी मंगल कौर हमारे कहने सुनने में नहीं है और हमारे साथ निरंतर दुर्व्यवहार, आवमानना, मानसिक उत्पीडन तथा अशोभनीय आचरण करते हैं, को हम अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में इनसे किए किसी भी लेनदेन का हमारा यह हमारे परिवार का कोई दायित्व नहीं होगा इसके लिए वह अपने स्वयं के जिम्मेदार होंगे।
एपी-7257

हम अनिल कुमार पुत्र श्री जयपाल व शशि पत्नी अनिल कुमार निवासी मकान न.50 गली न. 14 आर.के. पूरम कुंजपुरा रोड करनाल ब्यान करते है कि हमारा पुत्र दीपक और उसकी पत्नी स्वीटी हमारे कहने सुनने से बाहर है।इसलिए हम उनको अपनी चल अचल संपति से बेदखल करते है।उनसे किसी लेन देन व कोर्ट केस में हमारी और हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।भविष्य में उनसे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।
एपी-7261

मैं, माया पत्नी श्री दिलबाग, निवासी गांव निजामपुर गोहाना, जिला सोनीपत ब्यान करती हूं कि मेरा लड़का कुलविन्द्र ये मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर हैं।इसलिए मैं इसको अपनी चल अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इनके साथ लेन-देन,कानूनी - गैर कानूनी कार्य व अन्य व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-7255

### खोया और पाया

Original Sale deed/ Property Paper of Plot No. 6, Palm City Mouja Sadhemajra Tehsil Derabassi SAS Nagar Mohali Punjab Measuring Size 129.36 sq.mts. Vasika nmber 1574 dated 03-05-2013 has been actually lost. If anybody found please Contact to Shamsher Kaur W/o Amrik Singh, #387, Suketri, Panchkula, Haryana Mobile No. 9878337416
एपी-7261

अर्थ प्रकाश
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# गोसेवा मानवता की रक्षा के समान, हरियाणा की धरती पर गोमाता का रक्त नहीं बहने देंगे: कृष्ण बेदी

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 14 जनवरी।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि हम सनातन को मानने वाले लोग हैं और गौ-भक्ति हमारे रोम-रोम में बसी हुई है। गौमाता केवल हमारी माता ही नहीं, बल्कि अमृत की दाता भी हैं। उनका संरक्षण मानवता की रक्षा के समान है। उन्होंने दो टूक कहा कि यह हरियाणा की भूमि है, यह श्रीकृष्ण की भूमि है और इस धरती पर गौ-माता का रक्त नहीं बहने दिया जाएगा। वर्ष 2016 में विधानसभा में गौ-संवर्धन कानून पास कर सरकार ने गायों की सुरक्षा और सम्मान को कानूनी आधार दिया है।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी बुधवार को गांव धरोदी में बाबा जमीन नाथ सेवा समिति द्वारा बाबा जमीन नाथ गौशाला के 15वें स्थापना दिवस एवं मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने गौशाला में बनने वाले शैड के लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा की।अपने संबोधन में मंत्री बेदी ने कहा कि सरकार द्वारा गौ-संरक्षण को लेकर अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य बेसहारा गौवंश को सुरक्षित आश्रय देना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार गौशालाओं को नियमित वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। नंदी के लिए 25 रुपये, गौमाता के लिए 20 रुपये और बछड़े के लिए 10 रुपये प्रतिदिन की सहायता राशि दी जा रही है। यह सहायता हर तीन महीने में चेक के माध्यम से दी जाती है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि गौ-सेवा केवल घोषणा नहीं, बल्कि धरातल पर लागू की जा रही नीति है। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने धीमान परिवार की 85 वर्षीय बे-औलाद बुजुर्ग महिला कौशल्या देवी धर्मपत्नी बनारसी द्वारा अपनी चल-अचल संपत्ति गौशाला को दान करने पर उन्हें सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि कौशल्या देवी ने एक एकड़ काश्तकार भूमि, अपने गहने तथा अन्य चल-अचल संपत्ति गौशाला को दान की है। वे राज्य सरकार द्वारा मिलने वाली वृद्धावस्था पेंशन से ही अपना जीवन यापन करती हैं और पेंशन से बची राशि भी हर वर्ष गौशाला को दान कर देती हैं। इस वर्ष भी उन्होंने अपनी पेंशन से 20 हजार रुपये बचाकर गौशाला को भेंट किए। मंत्री बेदी ने उनकी दान और समर्पण की भावना की सराहना करते हुए समाज के अन्य लोगों से भी प्रेरणा लेने की अपील की।

मंत्री बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में ऐसी सरकार कार्य कर रही है जिसने भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्थाओं और गौ-सेवा को पुनः प्रतिष्ठित किया है। गौमाता का संरक्षण केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि पर्यावरण संतुलन, प्राकृतिक संरक्षण और सामाजिक समरसता से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। वहीं, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार चहुंमुखी विकास के साथ-साथ गौ-संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का ढोल-नगाड़ों और फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। उन्हें शॉल, पगड़ी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर गौशाला प्रधान बाबा गंगा नाथ, डॉ. प्रीतम सिंह, धमतान तपा गौशाला के उपप्रधान राजकुमार, रंगी राम धमतान, अमित सरपंच, पूर्व सरपंच रामभज धरोदी, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, सरपंच, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से महिलाओं को मिला सम्मान व स्वास्थ्य सुरक्षा: बेदी

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 14 जनवरी।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गांव समैन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने पात्र लाभार्थियों को गैस सिलेंडर एवं गैस चूल्हों का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2016 में प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का उद्देश्य गरीब एवं वंचित परिवारों की महिलाओं को धुएं से मुक्त रसोई उपलब्ध कराना है, ताकि उनके स्वास्थ्य की रक्षा के साथ-साथ जीवन स्तर में भी सुधार हो सके।

कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को बिल्कुल निशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। योजना का लाभ आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को मिलता, जिनके परिवार में पहले से किसी भी सदस्य के नाम एलपीजी गैस कनेक्शन नहीं था। इस योजना के माध्यम से सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी पात्र परिवार स्वच्छ ईंधन के लाभ से वंचित न रहे।

उन्होंने कहा कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं लकड़ी, उपले और अन्य परंपरागत ईंधनों से खाना बनाने को मजबूर थीं, जिससे धुएं के कारण आंखों और फेफड़ों से संबंधित गंभीर बीमारियां होती थीं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने महिलाओं को इस समस्या से राहत दिलाई है और उनके स्वास्थ्य, समय और सम्मान की रक्षा की है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह योजना केवल गैस कनेक्शन देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक बदलाव की दिशा में एक बड़ा कदम है। आज महिलाएं सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक तरीके से भोजन बना पा रही हैं, जिससे उनका समय बच रहा है और वे परिवार व समाज के अन्य कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा पा रही हैं।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत लाभार्थियों को अधिक सुदृढ़ एवं पारदर्शी तरीके से लाभान्वित कर रही है ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि वृद्धजन, दिव्यांगजन, विधवा एवं अन्य पात्र वर्गों को घर बैठे सामाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लाडो लक्ष्मी योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। इस योजना का लाभ महिलाओं को सीधे प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनें और अपने परिवार की आर्थिक मजबूती में योगदान दे सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### मकर संक्रांति भारतीय संस्कृति व सामाजिक समरसता का पर्व: मलिक



**जींद (अप्रस/सुरेश सिसोदिया)।** राजकीय महाविद्यालय, जींद में एनसीसी सीनियर डिवीजन एवं सीनियर विंग के कैडेट्स द्वारा मकर संक्रांति पर्व बड़े उत्साह एवं सांस्कृतिक भावना के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सत्यवान मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि मकर संक्रांति भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है, जो नई ऊर्जा, सकारात्मकता एवं सामाजिक समरसता का संदेश देता है। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स की अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक सहभागिता की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम का सफल आयोजन एनसीसी इंचार्ज लेफ्टिनेंट पंकज बत्रा एवं डॉ. ज्योति लडवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने कैडेट्स को भारतीय परंपराओं के संरक्षण एवं सामाजिक मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. प्रेम पूनम, नीतू सहित अन्य शिक्षण एवं गैर–शिक्षण कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर मकर संक्रांति पर्व की सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्ता को साझा किया और कैडेट्स के प्रयासों की सराहना की।

### एलिट क्लब कैथल ने बनाया लोहड़ी का पर्व



**कैथल (अप्रस/विनीत गर्ग)।** एलिट क्लब कैथल ने लोहड़ी का पर्व स्थानीय इंदिरा गांधी कॉलेज करनाल रोड पर मनाया। क्लब के सदस्यों ने एकत्र होकर लोहड़ी दहन कर बड़े उत्साह व परंपरागत तरीके से यह त्यौहार मनाया। क्लब के प्रधान मोहित खुरानिया जी ने लोहड़ी के अवसर पर सभी देशवासियों व प्रदेशवासियों को बधाई दी व आने वाले पर्व मकर संक्रांति की भी शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस अवसर पर कहा की लोहड़ी उत्तर भारत का प्रसिद्ध त्यौहार है इस दिन अग्नि की पूजा कर अग्नि के प्रति हम अपनी श्रद्धा भाव दिखाते हैं व अग्नि में मूंगफली, गुड़, तिल आदि अर्पित करते हैं, उन्होंने कहा कि यह पर्व नई फसले तैयार होने का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसा माना जाता है की लोहड़ी की रात्रि ऋतू की सबसे लंबी रात होती है। इस दिन लोकगीत गाकर योद्धा दुल्ला भट्टी को याद किया जाता है जिन्होंने मुगल काल में गरीब लड़कियों की मदद की थी। कार्यक्रम आयोजक अमित बंसल व मनीष बंसल ने आए सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर नीरू बंसल व श्वेता बंसल ने सभी सदस्यों व बच्चों का गेम आदि से मनोरंजन कराया। इस अवसर पर क्लब के सदस्य अमन गोयल, विपुल बंसल, अभिषेक गुप्ता, निशांत चौधरी,अंकित चौधरी, पुलकित चौधरी, डॉक्टर दीपेश, गिरीश गर्ग, राणा बंसल, पंकज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### मकर संक्रांति पर काइमा ने लगाया भंडारा




**करनाल (अप्रस/शैलेन्द्र जैन)।** करनाल एग्रीकल्चर इंप्लीमेंट मैन्युफैक्चर एसोसियेशन ने इंडस्ट्रियल एरिया में मकर संक्रांति पर भंडारा लगाया। इसमें सैकड़ों लोगो ने भोजन ग्रहण किया। काइमा द्वारा लगाए भंडारे के आयोजन में काइमा के प्रधान रविन्द्र ढल, उप प्रधान इंद्र पाल सिंह, सोम सचदेवा, राज बजाज दीपक सचदेवा, राजेंद्र भल्ला, मनीष गाबा, मंजीत बब्बर, सरबजीत सिंह ने भंडारे में भोजन वितरित किया। इस अवसर पर प्रधान रविन्द्र ढल और उप प्रधान इंद्रपाल सिंह ने बताया कि काइमा द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहते है । सामाजिक धार्मिक खेल गतिविधियों के आयोजन में संस्था की भागीदारी रहती है। उन्होंने बताया कि भंडारे में बड़ी संख्या में श्रमिकों तथा उनके परिजनों ने भोजन ग्रहण किया।

### भाविपा ने मनाई लोहड़, मुख्य आकर्षण केंद्र बना रहा सांझा चूल्हा

**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** भारत विकास परिषद की शाखा लाडवा द्वारा गत रात्रि लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व का आयोजन किया गया, जिसमें परिषद के सदस्यों ने बढ़–चढ़कर भाग लेकर पर्व को धूमधाम से पर्व को मनाया। कार्यक्रम में सांझा चूल्हा मुख्य आकार्षण का केंद्र बना रहा।इस अवसर पर परिषद के सभी सदस्यों ने लोहड़ी जलाई एवं सभी की खुशहाली की कामना कर नृत्य भी किया। यह जानकारी परिषद के प्रकल्प प्रमुख संगीता गर्ग ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सभी उपस्थित सदस्यों ने मूंगफली, रेवड़ी का आनंद लिया। रेणु सिंघल ने लोहड़ी के महत्व तथा कारण के बारे में बताया एवं पल्लवी सिंहल ने मनोरंजक खेल कराए, जिसका सभी सदस्यों ने खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांझा चूल्हा था, जिसमें सभी सदस्य अपने घर से स्वादिष्ट पकवान बनाकर लाए एवं सबने मिलकर उनका आनंद लिया। परिषद अध्यक्ष अमन गोयल ने कहा कि त्यौहार हमारी संस्कृति का प्रतीक है। इस प्रकार त्यौहार मनाने से हमारे आपसी संबंध प्रगाढ़ होते हैं। इस अवसर पर परिषद के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# सफीदों में युवा शक्ति ने मकर संक्रांति पर सेवा कार्यक्रम आयोजित किए



अर्थ प्रकाश/दीवान

**सफीदों, 14 जनवरी।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर युवा शक्ति संगठन ने सफीदों में दो सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया। प्रातःकाल संगठन के सदस्यों ने श्री गणेश गौ चिकित्सालय / गौशाला में गायों की सेवा की और उनके चारे व देखभाल में सहयोग दिया।

इसके बाद प्रातः 11 बजे हनुमान भट्टा, सफीदों में अन्न वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जरूरतमंदों को भोजन प्रदान किया गया। संगठन के संरक्षक श्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में करुणा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने इन पहलों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में श्री अमित राणा, योगेश सहरावत, विशाल, परवीन, कलवंत, अभिषेक सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

# ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज से राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ओलंपियन नवनीत कौर ने चंडीगढ़ में की मुलाकात की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज से आज राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ओलंपियन नवनीत कौर ने चंडीगढ़ में उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान श्री विज ने रांची में हीरो हॉकी इंडिया लीग चैंपियंस एसजी पाइपर्स की कप्तान और चैंपियनशिप की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ओलंपियन नवनीत कौर पर गौरान्वित होते हुए अपना आशीर्वाद दिया।

श्री विज ने कहा कि हरियाणा के गौरव ओलंपियन नवनीत कौर ने हीरो हॉकी इंडिया लीग 2025-26 में शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रच दिया है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा हैं कि वह आने वाले टूर्नामेंट्स में भी देश का नाम रोशन करती रहेंगी। श्री विज ने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

गौरतलब है कि भारतीय महिला हॉकी टीम की उप-कप्तान नवनीत कौर (शाहबाद की रहने वाली है) ने एसजी पाइपर्स की कप्तानी करते हुए अपनी टीम को फाइनल में विजयी नेतृत्व प्रदान किया। टीम ने रांची में आयोजित चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता, जबकि नवनीत कौर को न केवल कप्तान के रूप में सम्मानित किया गया, बल्कि उन्हें 'चैंपियनशिप की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का खिताब भी प्रदान किया गया।

नवनीत कौर का यह प्रदर्शन हरियाणा के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। ओलंपिक स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर चुकीं नवनीत ने अपनी कड़ी मेहनत, नेतृत्व क्षमता और खेल कौशल से साबित कर दिया कि हरियाणा का खेल क्षेत्र विश्व पटल पर अव्वल है।

## 26 जनवरी को अनाज मंडी नारायणगढ़ में होगा गणतंत्र दिवस समारोह

**नारायणगढ़ (अप्रस)।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को अनाज मंडी नारायणगढ़ में भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी एसडीएम शिवजीत भारती ने दी। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर 22 जनवरी को अनाज मण्ड़ी में रिहर्सल आयोजित की जाएगी, जबकि 23 जनवरी को फाइनल रिहर्सल संपन्न होगी। समारोह के दौरान पुलिस तथा विभिन्न स्कूलों की एनसीसी टुकड़ियों द्वारा परेड एवं मार्च पास्ट किया जाएगा। इसके साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। एसडीएम शिवजीत भारती ने बताया कि समारोह में उपमंडल स्तर के विभिन्न विभागों के ऐसे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य किया हो। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से कहा है कि प्रशंसा पत्र हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम 20 जनवरी तक एसडीएम कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें।

# अपने संस्कार व संस्कृति से जुड़कर ही बढ़ सकते हैं आगे: छाबड़ा

भारत तिब्बत समन्वय संघ ने मनाया स्थापना दिवस

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 14 जनवरी।** भारत तिब्बत समन्वय संघ ने मकर संक्रांति पर भारत तिब्बत समन्वय संघ का स्थापना दिवस सनातन धर्म मंदिर में मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा प्रदेश राइस मिलर्ज एंड डिलर्ज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भारत तिब्बत समन्वय संघ के राष्ट्रीय मंत्री राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़ वाला रहे जबकि दुर्गा प्रसाद विशिष्ठ अतिथि रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर डॉ स्वामी शाशवतानंद गिरी जी महाराज व संस्था के प्रदेश अध्यक्ष हरीश झंडई पधारे। कार्यक्रम का आयोजन प्रांत की सह मंत्री राजेश कुमारी सिंगल व उनकी टीम ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम दिया। आत्मनिर्भर भारत अखंड भारत पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सभी बच्चों को मेडल देकर मुख्य वक्ता राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़ वाला, मुख्य अतिथि अमरजीत छाबड़ा, राजेश कुमारी सिंगल, सतपाल गुप्ता, रविंद्र कुमार, राजकुमार आदि ने प्रोत्साहित किया। मंच का संचालन संघ के क्षेत्रीय अधिकारी एडवोकेट पवन शर्मा ने किया। कार्यक्रम में आयोजकों ने मुख्य वक्ता राजेंद्र गुप्ता, मुख्य अतिथि अमरजीत छाबड़ा, संत जी को दौशाला देकर स्वागत किया। नीलम सेठ, भाजपा के मंडल अध्यक्ष गोपाल सैनी, विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में संगठन के मूल भाव को समझाते हुए मुख्य वक्ता राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़ वालों ने भारत तिब्बत समन्वय संघ के लक्ष्य मुख्य लक्ष्य या कैलाश मानसरोवर को चीन से मुक्त करना सभी विषयों पर श्रोताओं को जानकारी दी। मुख्य अतिथि अमरजीत छाबड़ा ने भी कैलाश मानसरोवर का बहुत सुंदर जिक्र किया और संगठन की इस ईश्वरय कार्य के लिए प्रशंसा की।

## शहर में राम भवन के पास दो कारों की टक्कर पांच घायल

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** टोहाना में राम भवन के पास एक सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए इस हादसे में 6 महीने की एक बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है सभी गायों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है यह दुर्घटना मारुति ब्रेजा और वेन्यू कर के बीच हुई जानकारी के अनुसार मडिया गली निवासी पवन कुमार अपनी पत्नी प्रगति 3 साल के बेटे चिनवे व भाई अजय उम्र 28 वर्ष उसकी पत्नी दीक्षा और 6 माह की बेटी युविका के साथ कार से बाजार से घर लौट रहे थे राम भवन के पास सामने से आ रही वेन्यू कर ने उनकी ब्रेजा कर को टक्कर मार दी राहगीर विनोद कुमार के अनुसार उन्हें तेज धमाके की आवाज सुनाई दी मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा की ब्रेजा कर क्षत्रिग्रस्त हो गई है और उसमें सवार महिला के हाथ से बच्ची बाहर गिर गई है।

# सात्विक एवं निष्काम सेवा से ही जीव को मोक्ष प्राप्त होता है: डा. श्रीप्रकाश मिश्र

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 14 जनवरी।** मकर संक्रांति, मातृभूमि सेवा मिशन के 23वें स्थापना दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम का समापन श्री राम जी कुष्ठ आश्रम में कुष्ठ रोगियों के मध्य माधव सेवा से हुआ। मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा सभी कुष्ठ रोगी परिवारों को कम्बल, वस्त्र एवं भोजन सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की गई। सभी कुष्ठ रोगियों के बच्चों को शैक्षिक सामग्री प्रदान की गई।

मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा मानवता की सेवा ही सच्चा धर्म है। संसार के सभी जीव एक ही ईश्वर बनाये हुए हैं। ऐसे में इस धरती पर जन्म लेने वाला हर जीव एक दूसरे से किसी न किसी प्रकार से जुड़ा हुआ है। सेवा का साधारण अर्थ है कि दूसरों को ईश्वर का अंश मानते हुए उनकी भलाई के लिए कार्य करना। समस्त प्रकार की सेवा का फल मीठा होता है। सात्विक एवं निष्काम सेवा से ही जीव को मोक्ष प्राप्त होता है।सेवा से व्यक्ति में करुणा, दया और नम्रता जैसे गुण विकसित होते हैं। सेवा धर्म ही अध्यात्म का प्रतिफल है।

डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा मातृभूमि सेवा मिशन मातृभूमि सेवा मिशन की स्थापना काल से कुष्ठ रोगियों के स्वस्थ बच्चों के सर्वांगीण विकास में निःस्वार्थ भाव से समर्पित है। आज आवश्यकता है कि कुष्ठ रोग से पीि़त व्यक्ति को सम्मान की दृष्टि से देखा जाय और उन्हे सामाजिक न्याय प्राप्त हो। कुष्ठ रोग कोई आनुवांशिक रोग नही है। यह माता पिता से उनकी सन्तानो में नही जाता है।

# शामलात भूमि पर 2004 से पहले बने मकानों को नियमित करवाने के लिए 16 जनवरी तक करे आवेदन: अनुभव मेहता

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप

**लाडवा, 14 जनवरी।** लाडवा एस.डी.एम. अनुभव मेहता ने कहा कि उपमंडल लाडवा के गांवों में शामलात भूमि पर वर्षों से बने मकानों में रह रहे पात्र लोगों को 16 जनवरी तक आवेदन करने का अवसर दिया गया है। प्रशासन ने 31 मार्च, 2004 या उससे पहले शामलात भूमि पर बने अवैध मकानों के नियमितीकरण को लेकर पूरी प्रक्रिया की स्पष्ट समय-सीमा तय कर दी है। इस फैसले की मांग लोग लंबे समय से कर रहे थे और अब सरकार की इस योजना से जिला के हजारों परिवारों को लाभ मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आवेदन से लेकर रजिस्ट्री तक हर स्तर पर अधिकारियों के लिए निश्चित समय-सीमा तय की गई है, ताकि पात्र लोगों को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें और प्रक्रिया बिना देरी के पूरी हो सके। उन्होंने बताया कि सभी बी.डी.पी.ओ., ग्राम सचिवों और सरपंचों को बताया गया है कि केवल वही मकान नियमितीकरण के दायरे में आएंगे, जो 31 मार्च, 2004 से पहले शामलात भूमि पर बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि पात्र लोगों को 16 जनवरी, 2026 तक आवेदन करने का अवसर दिया गया है।

एस.डी.एम. अनुभव मेहता बुधवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों को जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि बी.डी.पी.ओ. को प्रस्ताव मिलने पर साइट निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर अपनी सिफारिश भेजनी होगी। ग्राम पंचायत के हित में प्रस्ताव को उचित माने जाने पर उपायुक्त कार्यालय द्वारा अपनी अनुशंसा सहित इसे पंचायती राज निदेशक को अग्रेषित करेंगे। उन्होंने बताया कि डायरेक्टर पंचायत ही इस मामले में सक्षम प्राधिकारी होंगे। वे प्रस्ताव मिलने पर भूमि का मूल्य तय कर स्वीकृति देंगे और भूमि का मूल्य वर्ष 2004 की कलेक्टर दर का 1.5 गुना लिया जाएगा।

## करनाल में बरपा कुत्तों का आतंक

# खेल रहे बच्चे पर कुत्तों ने बोला हमला, गंभीर

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन



**करनाल, 14 जनवरी।** करनाल में घर के पास खेल रहे बच्चे पर तीन-चार कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्चे को शरीर पर कई जगह से काट लिया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े और उसे बचाया गया। परिवार उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने इलाज किया। बच्चे को गहरे घाव आए और टांके लगाए गए। घटना के बाद इलाके में डर का माहौल है और लोग बच्चों को बाहर भेजने से घबरा रहे हैं।

घायल बच्चे राजदक्ष ने बताया कि वह घर पर था और उसकी तबीयत ठीक नहीं थी। उसने मां से पूछकर बाहर खेलने की इजाजत ली। उसकी मां घर के बाहर धूप में बैठी थी। बच्चा सड़क की दूसरी तरफ चला गया, तभी तीन-चार कुत्तों ने उस पर झपट्टा मार दिया और काटना शुरू कर दिया। अचानक हुए हमले से बच्चा संभल भी नहीं पाया और जमीन पर गिर गया।मां और पड़ोसी ने कुत्तों के चंगुल से बचाया

बच्चे के शोर मचाने पर उसकी मां तुरंत मौके पर पहुंची। उसी समय एक पड़ोसी भी आ गया। दोनों ने मिलकर कुत्तों को भगाया और बच्चे को सुरक्षित निकाला। इसके बाद परिवार बिना देरी किए उसे अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने घावों की सफाई कर टांके लगाए और इंजेक्शन भी लगाए गए।

**पहले भी काट चुका है एक कुत्ता, फिर भी नहीं हुई ठोस कार्रवाई:** बच्चे की मां रूबी ने बताया कि गली में एक कुत्ता ऐसा है, जिसने पहले भी कई लोगों को काटा है। नगर निगम की टीम पहले कुत्तों को पकड़कर ले गई थी, लेकिन कुछ समय बाद फिर छोड़ दिया गया। इसके बाद वही कुत्ता और ज्याटा आक्रामक हो गया है। अब गली में निकलते समय भी डर लगता है कि कहीं फिर किसी पर हमला न कर दे।

**बाइक के पीछे दौड़ते हैं कुत्ते, हादसों का खतरा:** बच्चे के पिता अजय ने बताया कि आवारा कुत्ते कभी लोगों के पीछे दौड़ते हैं तो कभी बाइक के पीछे लग जाते हैं, जिससे गिरने और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। उनका कहना है कि इससे पहले भी इलाके में ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से स्थायी समाधान नहीं किया गया।

**नगर निगम से शिकायत देने की तैयारी:** परिवार का कहना है कि आवारा कुत्तों को यहां से हटाकर किसी सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए, ताकि किसी और के साथ ऐसी घटना न हो। इसके लिए नगर निगम में शिकायत दी जाएगी। लोगों की मांग है कि सिर्फ पकड़कर छोड़ने की बजाय स्थायी और प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# मां कामाख्या मंत्र-तंत्र साधना, शक्ति और मनोकामना पूर्ति का दिव्य मार्ग

मां कामाख्या देवी शक्ति की सबसे पूजनीय रूपों में से एक हैं। मां कामाख्या असीम आध्यात्मिक शक्ति और तंत्र साधना से जुड़ी देवी हैं। मां कामाख्या की दिव्य ऊर्जा का आह्वान इच्छाओं की पूर्ति, आध्यात्मिक उन्नति और समस्याओं के समाधान के लिए किया जाता है। असम में पवित्र कामाख्या मंदिर है।

असम में स्थित कामाख्या मंदिर तंत्र साधना का एक प्रसिद्ध केंद्र है और यह 51 शक्तिपीठों में से एक है। मां कामाख्या की पूजा और मंत्र जाप करने से व्यक्ति अपने जीवन की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कामाख्या देवी के मंत्र का महत्व और जप विधि के बारे में बताने जा रहे हैं।


प्रणाम मंत्र

कामाख्ये कामसम्पन्ने कामेश्वरि हरप्रिये ।
कामनां देहि मे नित्यं कामेश्वरि नमोऽस्तु ते ॥

बीज मंत्र

क्लीं क्लीं कामाख्या क्लीं क्लीं नमः

कैसे करें जापः मां कामाख्या के इस मंत्र का रोजारा सुबह स्नान आदि करने के बाद पूजा स्थान पर बैठकर 3 माला जप करना चाहिए। मंत्र जाप शुरू करने से पहले मां कामाख्या का मन में स्मरण करना चाहिए और कृपा व आशीर्वाद पाने के लिए अरदास लगाना चाहिए। लगातार 41 दिनों तक इस मंत्र का जाप करने से व्यक्ति के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि



आने लगती है।

आकर्षण में वृद्धिः मां कामाख्या के बीज मंत्र का जाप करने से व्यक्ति के आकर्षण में वृद्धि होती है और उनको अपने साथी के प्रति अधिक आकर्षण बना सकता है। इस मंत्र के मदद से आप एक सफल प्रेम जीवन जी सकते हैं।

उत्पादकता में वृद्धिः कामाख्या बीज मंत्र का जाप करने से रचनात्मकता और उत्पादकता बढ़ती है। ऐसे में इस मंत्र का जाप करने से व्यक्ति अपने विचारों को अधिक स्पष्ट रूप से व्यक्त कर पाता है और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करता है।

शक्ति और आत्मविश्वास में वृद्धिः इस मंत्र के लगातार 41 दिन जाप करने से व्यक्ति का आत्मविश्वास और शक्ति बढ़ती है। यह व्यक्ति के जीवन में चुनौतियों का सामना करने और लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक हो सकता है।

तंत्र साधना में सफलताः इसका जाप करने से व्यक्ति को सफलता मिलती है। यह मंत्र व्यक्ति को मां कामाख्या की शक्तियों तक पहुंचने और उनको अपने जीवन में प्रकट करने में सहायता करता है।


मनोकामना पूर्तिः कामाख्या मंत्र का जाप करने से जातक की हर मनोकामना पूरी होती है।

# भविष्य की चिंता या अतीत के पछतावे से बचें: मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक

**चंडीगढ़।** भविष्य की चिंता या अतीत के पछतावे से बचें। हर पल को पूरी तरह महसूस करें और आनंद लें।हर दिन की छोटी-छोटी बातों, जैसे एक अच्छी किताब, या किसी प्रियजन के साथ समय बिताने में आनंद खोजें। जो भी करें, पूरे ध्यान और उद्देश्य के साथ करें। यह आपको संतुष्टि देगा। जरूरतमंदों की मदद करना, अपने अनुभव साझा करना या स्वयंसेवा करना गहरे संतोष और आनंद का स्रोत है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24सी के तुलसी सभागार में जनसभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा स्थायी और टिकाऊ आनंद केवल वहीं है, जो सारे जीवन का स्रोत है। अफसोस की बात है कि बहुत कम ही लोग इस बुनियादी आयाम का अनुभव कर पाते हैं, जीवन का यह खेल तभी तक अच्छा है, जब तक हम इसकी सीमाओं के बारे में जानते हैं। अगर हम अपनी सारी जिंदगी इसी में लगा देंगे तो एक दिन हम अपने जीवन पर पश्चाताप करेंगे। कुछ लोग भाग्यशाली हैं कि जीवन के शुरुआती दौर में ही उनके भ्रमजाल बिखर कर टूट गए। बाकी लोग अपने मृत्युशैया पर पहुंच कर यह महसूस करेंगे कि उन्होंने अपनी जिंदगी व्यर्थ बिता दी।

मनीषीश्रीसंत ने आगे कहा जीवन का यह खेल तभी तक अच्छा है, जब तक हम इसकी सीमाओं के बारे में जानते हैं। अगर हम अपनी सारी जिंदगी इसी में लगा देंगे तो एक दिन हम अपने जीवन पर पश्चाताप करेंगे। मैं चाहता हूं कि इससे पहले कि बहुत देर हो जाए आप इस विषय पर सोचें। कल्पना कीजिए कि आपके पास जीने के लिए चंद मिनट ही बचे हैं। अब आप इस पर गौर करें कि अपने जन्म से लेकर अभी तक आपने क्या-क्या किया और जो किया, क्या वह किसी योग्य था? अगर आप इतने समझदार हैं कि आप इन सब चीजों पर अभी विचार कर सकते हैं तो आप अपनी जिंदगी को एक खूबसूरत तरीके से संवार सकते हैं। तब आप सिर्फ जिंदगी के रंगों को ही नहीं जान पाएंगे, बल्कि जीवन



के स्रोतों को भी जान सकेंगे। यह अपने भीतर की ओर मुड़ने और जीवन के जड़ को गहराई से जानने का मामला है। यह मन तभी उपयोगी है कि जब आप इसे चलाना और बंद करना जानते हों या इसके चलने या न चलने पर आपका नियंत्रण हो। अगर मन आपके नियंत्रण से बाहर होकर हर वक्त चलता रहता है तो यह एक तरह से पागलपन है। लेकिन दुनिया के ज्यादातर लोगों की यही हालत है।

अतुल मुनि जी ने फरमाया आपकी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आपके जीवन के आनंद को बढ़ाते हैं। इसलिए, स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम, सही खानपान और स्वस्थ मनोरंजन का अधिक समय देना चाहिए। अपनी पसंद के काम करने से जीवन में आनंद मिलता है। अपनी रुचि और प्रोत्साहन के साथ काम करने से संतुष्टि और खुशी मिलती है। जीवन में आनंद के लिए उत्तम संबंध बनाना बहुत जरूरी है। सही लोगों से मिलना, दोस्ती करना, परिवार से समय बिताना और संबंधों को मजबूत करने के लिए समय निकालना चाहिए।

## ओप्पो ने ट्रैवल फोटोग्राफी के लिए पेश की नई रेनो15 सीरीज, ए.आई पोर्ट्रेट कैमरा, प्योरटोन टेक्नोलॉजी और पॉपआउट फीचर के साथ

**हिसार।** ओप्पो इंडिया ने भारतीय बाजार में अपनी प्रीमियम रेनो15 सीरीज को लॉन्च किया है। इस सीरीज में रेनो15 प्रो, रेनो15 प्रो मिनी और रेनो15 स्मार्टफोन शामिल हैं, जिन्हें खास तौर पर ट्रैवल फोटोग्राफी और कंटेंट क्रिएशन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। युवा यात्रियों और फोटोग्राफी प्रेमियों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसमें अत्याधुनिक एआई पोर्ट्रेट कैमरा, प्योरटोन इमेजिंग टेक्नोलॉजी और इनोवेटिव पॉपआउट फीचर दिया गया है। इसके साथ ही, कॉम्पैक्ट लेकिन पावरफुल स्मार्टफोन की बढ़ती मांग को देखते हुए नया प्रो मिनी वेरिएंट भी पेश किया गया है।

ओप्पो इंडिया के हेड ऑफ कम्युनिकेशंस गोल्डी पटनायक ने बताया कि, ''भारत में 10 करोड़ से अधिक यूजर्स के अनुभव ने कंपनी को प्रीमियम कैमरा, इंट्यूटिव एआई और यूनिक डिजाइन पर लगातार फोकस करने के लिए प्रेरित किया है। डिजाइन के मोर्चे पर, रेनो15 सीरीज में इंडस्ट्री-फर्स्ट होलोफ्यूजन टेक्नोलॉजी, मजबूत बॉडी और प्रीमियम फिनिश दी गई है। ओप्पो ने इसी अवसर पर ओप्पो पैड 5 टैबलेट और ओप्पो एन्को बड्स3 प्रो+ भी लॉन्च किए हैं। ओप्पो रेनो15 सीरीज 13 जनवरी 2026 से अमेजन, फ्लिपकार्ट, ओप्पो ई-स्टोर और प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होगी।

## प्रोड्यूसर रास और रनदेव ने मिलकर स्वैग से भरपूर नया सिंगल 'शी नोज' किया लॉन्च

**लुधियाना।** आत्मविश्वास का शोरगुल के साथ जोरदार प्रदर्शन करने की संस्कृति के बीच, प्रोड्यूसर रास और वोकलिस्ट रनदेव अपनी नई रिलीज, 'शी नोज' में धैर्य, नियंत्रण और मौजूदगी का एहसास पेश कर रहे हैं। 'शी नोज' में देर रात की ऊर्जा को पेश किया गया है, जब मौजूदगी शब्दों से ज्यादा प्रभावशाली एहसास प्रदान करती है। इसमें फ्लेक्स संस्कृति और संयम के बीच बहते हुए स्वैगर एक ऐसी ध्वनि का निर्माण करता है, जो बहुत शिष्ट, आकर्षक और नियंत्रित होती है। 'शी नोज' गीत भीड़ से भरे हुए परिदृश्य और शोरगुल के बीच स्पष्टता पेश करता है।

यह हमें स्मरण कराता है कि आत्मविश्वास के लिए ध्यान को खींचने की जरूरत नहीं होती है। इसके बोल रनदेव ने लिखे हैं, निर्माण रास ने किया है और रनदेव ने इसे अपनी आवाज दी है। इस पर परफॉर्म रनदेव और रास ने किया है। रनदेव के वोकल्स स्पष्ट और संतुलित हैं, जो हर ताल के साथ उभरकर आते हैं।

गीत के बोल तीव्र और ऐच्छिक हैं, जो क्लब-रेडी हुक्स से स्ट्रीट-स्मार्ट गीतों के बीच सहजता से प्रवाहित होते हैं। इन सबको साथ में पिरोया है, रास ने, जिनका प्रोडक्शन शुद्ध अपबीट होने के बाद भी मिनिमल है। इसलिए यह ट्रैक बहुत एडिक्टिव हो गया है, जिसमें स्वैगर प्राकृतिक रूप से उभरकर आता है।

## रियलमी 16 प्रो सीरीज लांच: 200 मेगापिक्सल ल्यूमाकलर पोर्ट्रेट मास्टर के साथ उत्कृष्ट डिजाइन और दमदार प्रदर्शन

करनाल। भारतीय युवाओं के बीच लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने आज अपनी नवीनतम रियलमी 16 प्रो सीरीज को औपचारिक रूप से प्रस्तुत किया। यह सीरीज प्रीमियम मिड-रेंज वर्ग में कंपनी की स्थिति को और सुदृढ करती है। इसमें रियलमी 16 प्रो+ और रियलमी 16 प्रो शामिल हैं, जो उन्नत तकनीक, आकर्षक डिजाइन और श्रेष्ठ कैमरा क्षमताओं के साथ नए मानक स्थापित करते हैं। रियलमी 16 प्रो सीरीज को पोर्ट्रेट फोटोग्राफी के क्षेत्र में एक नई पहचान दी गई है। दोनों ही स्मार्टफोन 200 मेगापिक्सल के ल्यूमाकलर पोर्ट्रेट कैमरा से सुसज्जित हैं, जो फ्लैगशिप स्तर के हार्डवेयर और इंटेलिजेंट सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्राकृतिक त्वचा रंग, सटीक गहराई और संतुलित प्रकाश प्रदान करते हैं। रियलमी 16 प्रो+ अपने वर्ग का एकमात्र स्मार्टफोन है, जिसमें 3.5गुना पेरिस्कोप टेलीफोटो लेंस दिया गया है, जिससे हर दूरी पर स्पष्ट और जीवंत चित्र कैद किए जा सकते हैं। रियलमी 16 प्रो+ में स्नैपड्रैगन 7 जेन 4 प्रोसेसर, 7000 एमएएच की शक्तिशाली टाइटन बैटरी और प्रतिष्ठित डिजाइनर नाओतो फुकासावा के सहयोग से विकसित 'अर्बन वाइल्ड डिजाइन' दिया गया है। यह स्मार्टफोन 35,999 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होगा।

## आइकॉनिक कैटेगरी लीडर ब्लेंडर्स प्राइड ने ज़ेनिथ ब्लैक एडिशन के लॉन्च की घोषणा की

अम्बाला । भारत के प्रीमियम व्हिस्की सेगमेंट में अग्रणी ब्रांड ब्लेंडर्स प्राइड ने ब्लेंडर्स प्राइड ज़ेनिथ ब्लैक एडिशन के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक लिमिटेड-एडिशन पेशकश है, जो बोल्ड ब्लैक सौंदर्य को ब्लेंडर्स प्राइड के आइकॉनिक ब्लेंड के साथ जोड़कर एक वास्तव में विशिष्ट अनुभव प्रस्तुतकरती है।ऊँचे स्तर की लग्ज़री और विशिष्टता को दर्शाने वाले आकर्षक ब्लैक डिज़ाइन में पैक किया गया ज़ेनिथ ब्लैक एडिशन चुनिंदा व्हिस्की प्रेमियों के लिए बारीकी से तैयार किया गया है–वन इन अ मिलियन के लिए। केवल दस लाख बोतलों की उपलब्धता के साथ, यह एडिशन जितना रेयर है उतना ही रिफाइंड भी है।लग्ज़री की दुनिया में ब्लैक सिर्फ़ एक रंग से कहीं अधिक है–यह एक एटीट्यूड, सोफिस्टिकेशन और पॉवर का प्रतीक है। लंबे समय से ब्लेंडर्स प्राइड से जुड़ा ब्लैक अब एक इनोवेटिव डिज़ाइन एक्सप्रेशन के रूप में केंद्र में आता है, जो प्रीमियम व्हिस्की के मानकों को रिडिफाइन करता है। यह केवल नई पैकेजिंग नहीं है; यह उन लोगों के लिए स्टाइल की एक बोल्ड एक्सप्रेशन है जो ट्रेंड्स का पीछा नहीं करते बल्कि उन्हें बनाते हैं।पर्नोड रिकार्ड इंडिया की सीएमओ, देबाश्री दासगुप्ता ने कहा, ÷ब्लेंडर्स प्राइड भारत में प्रीमियम व्हिस्की के मानकों को लगातार नया रूप देता रहा है।

# जिसकी जैसी भावना वैसी उसकी सिद्धि

जिस भाव से हम सेवा करते हैं, वैसा ही फल मिलता है। कहा भी जाता है, जिसकी जैसी भावना वैसी उसकी सिद्धि। भक्त निष्काम भाव से भक्ति करते हैं। अगर साधसंगत में आते हैं, सेवा करते हैं, तो इस भावना से नहीं कि पदार्थ के रूप में या किसी और रूप में हमें कोई प्राप्ति होती है। ये भक्ति निरोल एक प्रेम भाव से करते हैं। जिस तरह से एक मां का प्यार अपने बच्चे के साथ होता है, एक निरोल वात्सल्य भावना उसके साथ जुड़ी रहती है, इस तरह से भक्त हमेशा इस निराकार दातार की भक्ति करता है, एक फ़र्ज मानकर एक कर्म मानकरही करता है। कभी कामना नहीं रखता, लालसा नहीं रखता। संसार में हम देखते हैं कि भक्ति भी शर्तो के साथ की जाती है। इसलिए सहज अवस्था नहीं प्राप्त होती है। जब कुछ प्राप्त हो जाता है, तो आकाश को छूने लगते हैं और कहीं पर कोई देरी हो जाती है या नहीं प्राप्ति होती तो उसी वक्त गिले-शिकवे, इस दातार की तरफ, शुरु हो जात हैं। लेकिन भक्त की बहुत उँची अवस्था है कि-

जो नरु दुख में दुखु नहीं मानै,
सुख सनेहु अरु भै नहीं जाकै
कंचन माटी मानै।

एकरस सहज अवस्था इसी होती है। और संसार में-



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

फल कारण सेवा करे, तजे न मन से काम। कहे कबीर सेवक नहीं, चाहे चौगुना दाम।

जितने भी भक्त महापुरुष इस संसार में हुए हैं, जिनका हम आज नाम लेते हैं, उनके भक्ति भाव को हम जानते हैं कि अपनी मत को त्याग कर अपनी लालसाओं को त्याग कर ही उन्होंने भक्ति की। पूर्ण तौर पर हुक्म को मानकर हुक्म में रहकर ही उन्होंने भक्ति की।

अगर बहुत सरदारियां भी बख्शी गई, तब भी ऐसी ही भावना प्रकट करते रहे हैं कि दातार चाहे कितना भी संसार में यश करा दें, लेकिन यह जो तबेले में (अस्तबल में) सेवा मिली है, यह हमेशा प्राप्त होती रहे।

सेवा या भक्ति की इतनी बारीक डगर है। जिस तरह से अवतार बाणी में कहा है कि-

खंनिअहु तिखी वालहु निकी।

(बाल से बारीक, तलवार से तेज)

कोई किसी चौड़ी दीवार के ऊपर चल रहा हो तो हमें थोड़ा आश्चर्य होता है और अगर जगह कम हो, एक ईंट की दीवार के ऊपर चल रहा हो तो हमें आश्चर्य और ज्यादा होता है। फिर एक पतली तार के ऊपर चलना शुरु हो जाता है, तो देखते हैं कि कितनी कठिनाई से वह चलता है। जब वह उस तार के ऊपर सहज भाव से चलता जाता है, तभी वास्तव में उसकी ज्यादा जय जयकार होती है। इसी तरह से इस मार्ग के ऊपर जो भी चल पड़ता है, उसको भी संसार में यश प्राप्त होता है। भक्त काऐसा ही जीवन होता है। वह आठों पहर प्रभु की कृपा मानता है और कभी अपने आप को कर्ता नहीं मानता। कभी अपने आप को दाता भी नहीं मानता। यही जानता है कि दाता एक है, एक ही देने वाला है। यह पालन-पोषण करने वाला है। हमेशा आठों पहर इसका ही शुकराना करता है। जब वह ठंडे में गर्म में, उतार में, चढाव में एक प्रभु को ही कर्ता मानकर चलता जाता है तो इसका जीवन सरल बन जाता है, वरना कदम-कदम पर ये डोल सकता है। बहुत यश मिल जाये, तब भी डोल जाता है और यदि हाथ से कोई सांसारिक वस्तु चली जाए।

## पंचांग

बृहस्पतिवार, 15 जनवरी, 2026, सूर्योदयः 07:15 ए एम, सूर्यास्तः 05:46 पी एम, चन्द्रोदयः 05:20 ए एम, जनवरी 16, चन्द्रास्तः 02:34 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः पौष, पूर्णिमान्त महीनाः माघ, वारः गुरुवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः द्वादशी - 08:16 पी एम तक, नक्षत्रः ज्येष्ठा - 05:47 ए एम, जनवरी 16 तक, योगः वृद्धि - 08:38 पी एम तक, करणः तैतिल - 08:16 पी एम तक, द्वितीय करणः गर - पूर्ण रात्रि तक, सूर्य राशिः मकर, चन्द्र राशिः वृश्चिक - 05:47 ए एम, जनवरी 16 तक, राहुकालः 01:50 पी एम से 03:08 पी एम, गुलिक कालः 09:53 ए एम से 11:12 ए एम, यमगण्डः 07:15 ए एम से 08:34 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 12:10 पी एम से 12:52 पी एम, दुर्मुहूर्तः 10:45 ए एम से 11:27 ए एम, दुर्मुहूर्तः 02:58 पी एम से 03:40 पी एम, अमृत कालः 07:59 पी एम से 09:46 पी एम, वर्ज्यः 09:18 ए एम से 11:05 ए एम।

## भविष्य फल



**मेषः** घर पर तनाव का माहौल आपको नाराज कर सकता है। इसे दबाना आपकी शारीरिक समस्याओं में इजाफा कर सकता है।

**वृषः** किसी जरूरी काम को पूरा करने में आ रही अड़चने आज दूर हो जाएंगी।

**मिथुनः** कन्फ्यूजन की स्थिति से निपटने की कोशिश में आप सफल हो सकते हैं। धैर्य और कोशिश के बीच संतुलन रखेंगे।

**कर्कः** आज आपका कोई छुपा विरोधी आपको गलत साबित करने की पुरजोर कोशिश करेगा।

**सिंहः** जेवर और एंटीक में निवेश फायदेमंद रहेगा और समृद्धि लेकर आएगा। विदेश में रह रहे किसी संबंधी से मिला उपहार आपको खुशी दे सकता है।

**कन्याः** आज अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातों को समझने की कोशिश करें। इससे भविष्य में आपको ही फायदा होगा।

**तुलाः** शादीशुदा लोगों को भी पार्टनर से मदद मिल सकती है। जीवनसाथी से आपके संबंध मधुर रहेंगे।

**वृश्चिकः** आज आपके कई कार्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। तनाव खत्म होने की वजह से आपके कार्य की गति बढ़ेगी।

**धनुः** बच्चे खेल-कूद और दूसरी बाहरी गतिविधियों पर ज्यादा वक्त खर्च करेंगे।

**मकरः** आज विवाहित अपने जीवनसाथी को अधिक टाइम देंगे तो दोनों के रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

**कुंभः** नौकरीपेशा और बिजनेस करने वाले लोग अपने कामकाज से संतुष्ट हो सकते हैं। बड़े अधिकारियों से भी बातचीत होने की संभावना है।

**मीनः** आप के मन में परिवर्तन शीघ्र आएंगे, जिससे आपका मन कुछ द्विधायुक्त रहेगा।

# उपायुक्त ने देररात रेडक्रॉस के तत्वाधान में रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंदों को बांटे कंबल

समाज के सक्षम वर्ग से जरूरतमंदों की मदद के लिए किया आह्वान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** कड़ाके की ठंड के बीच मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए उपायुक्त सुशील सारवान ने देर रात रेडक्रास के तत्वाधान में रेलवे स्टेशन पहुंचकर जरूरतमंद, बेसहारा एवं असहाय लोगों को कंबल वितरित किए। इस दौरान उपायुक्त स्वयं जरूरतमंदों के बीच पहुंचे, उनसे बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी और ठंड से बचाव के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान किया। उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि



सर्द मौसम गरीब, बेसहारा और खुले में जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए अत्यंत कठिन होता है। ऐसे समय में प्रशासन के साथ-साथ समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति का दायित्व बनता है कि वह आगे आकर जरूरतमंदों की सहायता करें। उन्होंने आमजन, सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों का आह्वान किया कि वे कंबल, गर्म कपड़े और अन्य आवश्यक सामग्री दान कर इस मानवीय अभियान में सहभागी बनें।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और रेडक्रॉस मिलकर लगातार ऐसे क्षेत्रों की पहचान कर रहे हैं, जहां अधिक संख्या में जरूरतमंद लोग रात्रि विश्राम करते हैं, जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, फुटपाथ एवं अन्य सार्वजनिक स्थान। वहां नियमित रूप से राहत सामग्री पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण असुरक्षित न रहे।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शीतलहर के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए और जरूरत पडने् पर तत्काल राहत कार्य शुरू किए जाएं। उन्होंने कहा कि मानवीय सेवा ही सच्ची सेवा है और इस दिशा में किया गया हर छोटा प्रयास भी किसी जरूरतमंद के लिए बड़ी राहत बन सकता है।

# अनुसूचित जाति के किसानों को ट्रैक्टर पर तीन लाख तक अनुदान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहायक अभियंता नवीन हुड्डा ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के किसानों के लिए 45 हॉर्स पावर एवं उससे अधिक क्षमता के ट्रैक्टरों पर 03 लाख रूपये तक का अनुदान प्रदान किए जाने हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।उन्होंने बताया कि जिला के इच्छुक अनुसूचित जाति से संबंधित किसान 15 जनवरी तक विभागीय पोर्टल www.agriharyana.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए किसान का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण होना आवश्यक है तथा परिवार पहचान पत्र में परिवार के किसी एक सदस्य के नाम कृषि भूमि दर्ज होना अनिवार्य है। इसके अलावा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र होना चाहिए तथा किसान ने पिछले पांच वर्षों में ट्रैक्टर पर किसी भी प्रकार का अनुदान न लिया हो।सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा ट्रैक्टर अनुदान के लिए अलग से लक्ष्य निर्धारित किए जाएंगे। यदि लक्ष्यों से अधिक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होते हैं, तो लाभार्थियों का चयन उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कमेटी द्वारा किया जाएगा।

# एआई आधारित बजट सुझाव पोर्टल पर दें जिलावासी बजट के लिए सुझाव: डीसी

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 के बजट को अधिक समावेशी, पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा प्री-बजट परामर्श प्रक्रिया चलाई जा रही है। इसी कड़ी में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 06 जनवरी 2026 को एक एआई आधारित बजट सुझाव पोर्टल लॉन्च किया गया है, जिसके माध्यम से आम नागरिकों से नवाचारपूर्ण, व्यावहारिक एवं भविष्य उन्मुख सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके तहत जिले में हैंडहोल्डिंग एवं मार्गदर्शन डेस्क स्थापित किए जाएंगे, ताकि नागरिकों को पोर्टल पर गुणवत्तापूर्ण सुझाव दर्ज करने में सहायता मिल सके। इसके साथ-साथ जन-जागरूकता अभियान, कार्यशालाएं एवं ओरियंटेशन सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोग इस पहल से जुड़ सकें। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा यह घोषणा की गई है कि चयनित एवं शॉर्टलिस्ट किए गए सुझावों के योगदानकर्ताओं को बजट सत्र 2026-27 में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

# कुण्डली में विकसित की जा रही अवैध व्यवसायिक कॉलोनी को किया ध्वस्त

अवैध कॉलोनी का निर्माण करने वालों के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अजमेर सिंह ने बताया कि जिले में अवैध कॉलोनियों और निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त सुशील सारवान के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को कुण्डली की राजस्व सम्पदा में एनएच-44 पर 2.5 एकड़ पर विकसित की जा रही अवैध व्यवसायिक कॉलोनी पर कार्रवाई करते हुए इंटरलॉकिंग टाइलों



से बने रास्तों के नेटवर्क को ध्वस्त किया गया।डीटीपी अजमेर सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सड़क, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे आपकी मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है।

उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि संबंधित कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत है अथवा नहीं।डीटीपी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी अवैध कॉलोनी के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा जिले के सभी क्षेत्रों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और यदि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी विकसित करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए जिला नगर योजनाकर कार्यालय सोनीपत, प्रथम तल, एच.एस.वी.पी कॉम्पलैक्स, सैक्टर-15, सोनीपत में सम्पर्क कर सकते हैं।







## चंडीगढ़ में गायों के शव मिलने पर हंगामा

# तीन दिन से नहीं हो सका संस्कार, मेयर ने दिए जांच के आदेश, बोले- होगी सख्त कार्रवाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 जनवरी।** चंडीगढ़ के मक्खन माजरा इलाके में स्थित एनिमल कारक इनसिनरेशन प्लांट के बरामदे में 45 गायों के शव मिलने से हंगामा हो गया है। नगर निगम का कारकस निस्तारण प्लांट लंबे समय से बंद पड़ा है, जिसके चलते मृत गायों का समय पर संस्कार नहीं हो सका।



इस घटना को लेकर शहर के समाजसेवियों और गोरक्षकों में भारी रोष है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में गायों की मौत को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं कि आखिर इतनी गायों की मृत्यु कैसे हुई और कहां हुई।

दरअसल, एक इंटरनेट इन्फ्लुएंसर ने मृत गायों की वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड की थी, जिसमें गायों के शव जमीन पर पड़े दिखाए गए। यह वीडियो सोशल मीडिया ग्रुपों में तेजी से वायरल हो गई। इसके बाद समाजसेवियों ने कड़ी आपत्ति जताई।

वीडियो सामने आने के बाद कई समाजसेवी कारकस प्लांट पहुंचे। वहां पता चला कि पिछले तीन दिनों में अलग-अलग जगहों से मृत गायों को यहां संस्कार के लिए लाया गया था, लेकिन मशीन खराब होने के कारण उनका निपटारा नहीं हो सका।

**कर्मचारियों के पास न साधन, न जगह:** प्लांट पर तैनात कर्मचारियों ने बताया कि मृत पशुओं को दफनाने के लिए न तो पर्याप्त नमक उपलब्ध था और न ही जगह। विरोध बढ़ने के बाद नगर निगम अधिकारियों ने मौके पर नमक भिजवाया, ताकि शवों को अस्थायी रूप से दफनाया जा सके।

शहर के समाज सेवी बिसल बलौर, राज चड्ढा और राहुल महाजन ने कहा कि मकर संक्रांति जैसे पावन दिन पर इस तरह की लापरवाही बेहद निंदनीय है। उन्होंने मांग की कि नगर निगम यह जांच कराए कि ये गाय कहां से आई और उनकी मौत कैसे हुई।

**करकस प्लांट पर विवाद के बीच, मौके पर पुलिस की तैनाती:** गाय की मौत के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने विरोध जाहिर किया है। वहां पर मेयर समेत नगर निगम के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी ही नहीं की गई बल्कि उनका घेराव भी किया गया है। इस पर मेयर ने आश्वासन दिलाया है कि यहां के प्रभारी को सस्पेंड करने के आदेश दिए गए हैं और जल्द ही इसके ऑर्डर जारी कर दिए जाएंगे। इसके बाद मौके पर एसएसपी कंवरदीप कौर की अगुआई में पुलिस की तैनाती की गई है।

**गोशाला में मौत की आशंका, रजिस्टर गायब:** समाजसेवियों का आरोप है कि संभवत: ये गाय मक्खन माजरा की गोशाला में ही मरी हैं, लेकिन इसकी पुष्टि के लिए जरूरी रजिस्टर कारकस प्लांट से गायब है। प्लांट पर काम कर रहे एक कर्मचारी ने बताया कि देर रात कुछ लोग आए थे, जिन्होंने खुद को बजरंग दल का कार्यकर्ता बताया और मृत पशुओं का रजिस्टर अपने साथ ले गए। हालांकि इस बारे में वरिष्ठ अधिकारियों को कोई लिखित सूचना नहीं दी गई।

**जांच होगी, दोषी नहीं बचेंगे:** मेयर हरप्रीत कौर बबला ने कह कि, मुझे जानकारी मिली है कि कुछ गाय मक्खन माजरा-रायपुर गेशाला में मरी पड़ी थीं। जब एमओएच विभाग से जानकारी ली गई तो बताया गया कि अलग-अलग गांवों से मृत गायों को यहां लाया गया है, जिनका संस्कार किया जाता है। मशीन खराब होने के कारण इन्हें दफनाने की तैयारी की जा रही थी। अगर जांच में यह सामने आता है कि गायों की मौत यहीं हुई है या किसी स्तर पर लापरवाही बरती गई है, तो जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी चाहे कितने भी बड़े पद पर हों, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

## कांग्रेस ने निगम चुनाव के लिए बनाई जिला चुनाव समितियां

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हरियाणा में होने वाले अंबाला, पंचकूला एवं सोनीपत नगर निगम चुनावों को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने तैयारियों को तेज कर दिया है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस नगर निगम चुनाव पूरे दमखम के साथ लड़ेगी तथा जीत सुनिश्चित करने के लिए ठोस और व्यावहारिक रणनीति पर काम किया जा रहा है। इसी क्रम में चुनावी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, प्रभावी एवं परिणामोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से पार्टी द्वारा जिला स्तरीय विशेष चुनाव समितियों का गठन किया गया है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि गठित चुनाव समितियां संगठनात्मक समन्वय, चुनावी तैयारियों, प्रचार-प्रसार, जनसंपर्क तथा चुनाव से जुड़ी सभी औपचारिकताओं को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। पार्टी कार्यालय द्वारा जारी सूची के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह तथा नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा सभी कमेटियों में रहेंगे। पंचकूला निगम के लिए सांसद वरुण चौधरी, विधायक चंद्रमोहन, जिला अध्यक्ष अध्यक्ष संजय चौहान, अंबाला नगर निगम के लिए सांसद के अलावा विधायक निर्मल सिंह,एआईसीसी सचिव चेतन चौहान तथा अन्य वरिष्ठ नेता, सोनीपत नगर निगम के लिए सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, जिला अध्यक्ष संजीव दहिया, कमल दीवान कई नेताओं को शामिल किया गया है।

## हिमाचल के आईएएस-आईपीएस मंत्री के बयान पर भड़के

# विक्रमादित्य के साथ ड्यूटी से इनकार बिहार के अफसरों पर दिए बयान पर बवाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

### अधिकारी बोले- पूरी ईमानदारी से काम कर रहे

आईएएस-आईपीएस अधिकारियों की पहचान उनके राज्य या जन्मभूमि से नहीं, बल्कि संविधान और कानून के प्रति उनकी निष्ठा से होती है। दोनों एसोसिएशन ने आज दोपहर बाद मीटिंग की। इसमें पास प्रस्ताव में कहा गया कि हिमाचल में कार्यरत सभी आईएएस-आईपीएस अधिकारी, चाहे वे किसी भी राज्य या कैडर से हों, प्रदेश की जनता की पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा कर रहे हैं।



**शिमला, 14 जनवरी।** हिमाचल प्रदेश में ब्यूरोक्रेसी बनाम पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह हो गया है। राज्य की आईएएस और आईपीएस ऑफिसर एसोसिएशन मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बिहार के अफसरों के शासक बनने वाले बयान पर भड़क उठी है। दोनों एसोसिएशन ने मंत्री के बयान की निंदा की। आईपीएस एसोसिएशन ने सरकार से मांग की मंत्री के साथ किसी भी आईपीएस अधिकारी की ड्यूटी न लगाई जाए।

एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि मंत्री का बयान कृत्रिम और अवांछनीय है। यह हिमाचली और गैर हिमाचली में विभाजन पैदा करने वाला है, यह प्रशासनिक दृष्टि से भी नुकसानदेह है। आईएएस-आईपीएस एक संवैधानिक ऑल इंडिया सर्विस है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना, पूरे देश में निष्पक्ष, पेशेवर व एकीकृत प्रशासन उपलब्ध कराना है।

**अधिकारी की नीयत पर सवाल उठाना गलत:** किसी अधिकारी की नीयत, प्रतिबद्धता या वैधता पर उसके क्षेत्र या कैडर के आधार पर सवाल उठाना न केवल तथ्यात्मक रूप से गलत है, बल्कि यह अधिकारियों का मनोबल तोड़ने वाला और विभाजनकारी है।

### तुम जियो हजारों साल



राशि शर्मा को उनके जन्मदिन पर परिवार व सगे संबंधियों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# निर्माण श्रमिकों के हित में योगी सरकार की पहल, लेबर अड्डों पर लगे जागरूकता व पंजीयन शिविर

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



**लखनऊ।** योगी सरकार द्वारा निर्माण श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा कवच को मजबूत करने तथा उन्हें कल्याणकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं श्रमिकों के पंजीयन/नवीनीकरण के उद्देश्य से बुधवार को लेबर अड्डा मोहनलालगंज, लेबर अड्डा बुद्धेश्वर तथा लेबर अड्डा बाराबिरवा, आशियाना, लखनऊ में जागरूकता अभियान एवं पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार, उनके बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा सामाजिक सम्मान सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। इस जागरूकता अभियान के माध्यम से बड़ी संख्या में श्रमिकों ने योजनाओं के प्रति रुचि दिखाई और पंजीयन प्रक्रिया का लाभ उठाया।

शिविर के माध्यम से निर्माण श्रमिकों को कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना, गंभीर बीमारी सहायता योजना तथा अटल आवासीय विद्यालय योजना सहित बोर्ड द्वारा संचालित प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान मौके पर ही पात्र पाए गए श्रमिकों का पंजीकरण भी कराया गया।

जागरूकता शिविर में विशेष रूप से अटल आवासीय विद्यालय योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा-06 एवं कक्षा-09 में प्रवेश के लिए अधिकाधिक आवेदन कराने पर जोर दिया गया। बोर्ड के अंतर्गत न्यूनतम तीन वर्ष की अवधि पूर्ण कर चुके श्रमिकों को अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवेदन करने हेतु प्रेरित किया गया।

शिविर के आयोजन में विज्ञान फाउंडेशन एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं के साथ श्रम प्रवर्तन अधिकारी शक्तिराय, संतोष कुमार एवं सुनील कुमार की सक्रिय उपस्थिति रही। अधिकारियों ने श्रमिकों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु समय से पंजीयन एवं नवीनीकरण कराने की आवश्यकता पर बल दिया। अपर श्रमायुक्त, लखनऊ क्षेत्र, कल्पना श्रीवास्तव ने बताया कि बोर्ड द्वारा संचालित किसी

## प्लास्टिक मुक्त उत्तर प्रदेश की ओर बड़ा कदम, जमीन पर उतर रहा योगी सरकार का मेगा प्लान

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम




लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश को प्लास्टिक कचरे से मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा और निर्णायक कदम उठाया जा रहा है। मिशन क्लीन यूपी के तहत प्रदेश में कुल 282 प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिटों का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। इस मेगा प्लान के जरिए यूपी को प्लास्टिक कचरे से मुक्त राज्य बनाने की दिशा में ठोस पहल शुरू हो चुकी है।प्रदेश में अब तक 103 प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट इकाइयों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 132 यूनिटों का काम तेजी से निर्माणाधीन है। शेष इकाइयों को चरणबद्ध तरीके से स्थापित किया जाएगा। इन यूनिटों के जरिए प्लास्टिक कचरे का संग्रहण, छंटाई और वैज्ञानिक निस्तारण किया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्वच्छता को भी नई मजबूती मिलेगी और कचरे से कंचन की अवधारणा साकार होगी। पंचायती राज निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि योगी सरकार के इस अभियान के तहत 304 विकास खंडों में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन की व्यवस्था शुरू हो चुकी है। वहीं, शहरी क्षेत्रों में 515 विकास खंड नगरीय मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) से आच्छादित किए जा चुके हैं। इसका सीधा असर यह होगा कि प्लास्टिक कचरा खुले में फेंके जाने के बजाय व्यवस्थित रूप से प्रोसेस होगा और प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

योगी सरकार का लक्ष्य प्रदेश के सभी विकास खंडों में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट की मजबूत श्रृंखला तैयार करना है। इसके लिए ग्राम पंचायतों से लेकर नगरीय निकायों तक एकीकृत मॉडल पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना न सिर्फ स्वच्छता अभियान को गति देगी, बल्कि प्रदेश को प्लास्टिक से मुक्ति भी देगी।

पंचायतीराज निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिटों के माध्यम से जहां एक ओर पर्यावरण को प्रदूषण से राहत मिलेगी, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। योगी सरकार का यह मेगा प्लान उत्तर प्रदेश को स्वच्छ, हरित और टिकाऊ विकास की दिशा में एक नई पहचान दिलाने जा रहा है।

## मकर संक्रांति से पहले गोरखनाथ मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, लाखों श्रद्धालुओं ने चढ़ाई खिचड़ी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम







गोरखपुर। मकर संक्रांति का मुख्य पर्व गुरुवार को मनाया जाएगा लेकिन इससे एक दिन पहले बुधवार को ही गोरखनाथ मंदिर में आस्था का ज्वार उमड़ पड़ा। शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ को आस्था की खिचड़ी चढ़ाने के लिए मंदिर परिसर से लेकर बाहर तक भोर से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई। लाखों श्रद्धालुओं ने मुख्य पर्व से एक दिन पहले ही बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाई। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को ब्रह्म मुहूर्त में मकर संक्रांति के पुण्य काल में महायोगी गोरखनाथ को आस्था की खिचड़ी भोग अर्पित करेंगे। बाबा गोरखनाथ के दरबार में खिचड़ी चढ़ाने के लिए मंगलवार रात से ही श्रद्धालुओं ने डेरा डालना शुरू कर दिया था। बुधवार भोर में मंदिर के कपाट खुलते ही खिचड़ी चढ़ाने का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच समूचा मंदिर परिसर गुरु गोरखनाथ के जयकारों से गूंज उठा। सुख समृद्धि की मंगलकामना को लेकर उत्तर प्रदेश, पड़ोसी राज्य बिहार और मित्र राष्ट्र नेपाल से आए श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर भगवान गुरु गोरखनाथ को श्रद्धा की खिचड़ी निवेदित की। उसके बाद मंदिर परिसर में स्थित सभी देवी देवताओं का पूजन कर ब्रह्मलीन महंत बाबा गंभीरनाथ, ब्रह्मलीन महंत दिग्विजनाथ एवं ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेक आशीर्वाद लिया।

मंदिर परिसर में अलग-अलग गेट और बैडिकेडिंग से श्रद्धालुओं की भीड़ को संभाला जा रहा था। श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन हुआ। मंगलवार रात से गोरखनाथ मंदिर में प्रवास कर रहे गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के दृष्टिगत खुद सभी व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहे थे। मंगलवार रात को मंदिर परिसर का निरीक्षण करने के बाद बुधवार सुबह भी उन्होंने परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार सुबह मंदिर की गोशाला में जाकर गोसेवा की। उन्होंने गोवंश को अपने हाथों से गु? खिलाया और उनकी समुचित देखभाल के लिए गोशाला के कार्यकर्ताओं को जरूरी निर्देश दिए। इसी क्रम में मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए सीएम योगी ने श्रद्धालुओं के साथ आए उनके बच्चों को दुलारकर आशीर्वाद और चॉकलेट दिया।

**मोहनदास गौशाला के वार्षिकोत्सव में रागनी कलाकारों ने बांधा समां**

## गौसेवा ही सनातन धर्म का परम कर्तव्य: देवेंद्र कादियान



**चटिया औलिया में मकर संक्रांति पर हवन-कीर्तन और भंडारा**

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। मकर संक्रांति के अवसर पर शाहपुर तगा गांव स्थित श्री श्री 108 बाबा मोहनदास गऊशाला में वार्षिकोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर रागनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। रागनियों के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति, गोमाता के महत्व और गोसेवा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गऊशाला कमेटी प्रधान इंद्रेश त्यागी घसौली ने की। मुख्य अतिथि के रूप में गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में निगम पार्षद पुनीत राई,प्रेमचंद गोयल, सुरेंद्र मलिक, और भीमसेन जिंदल शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत हवन-यज्ञ से हुई, जिसमें अतिथियों और ग्रामीणों ने आहुति दी। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आसपास के गांवों के लोगों ने वार्षिकोत्सव में बढ़-चढ़कर दान दिया।रागनी प्रतियोगिता में शक्कुरानी (राजस्थान), मधुर शर्मा, मन्नू चौधरी, रजनी रानी, प्रीति लठवाल, तन्नू त्यागी, दीपक त्यागी अगवानपुरिया, प्रीति चौधरी और पेप्सी शर्मा एंड पार्टी ने प्रस्तुति दी। कलाकारों ने रागनियों के माध्यम से गोसेवा, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों का संदेश दिया।इस अवसर पर विधायक देवेंद्र कादियान ने गौशाला में गायों को हरी घास और गुड़ खिलाकर गौसेवा की। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में गौ माता की सेवा को परम धर्म माना गया है। उन्होंने कहा कि गौपूजा की प्राचीन परंपरा हमारी संस्कृति की पहचान है और इसे संरक्षित रखना समाज का नैतिक दायित्व है।

कादियान ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गौमाता के संरक्षण, संवर्धन और गौशालाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।कार्यक्रम समापन पर गऊशाला कमेटी की ओर से विधायक देवेंद्र कादियान सहित सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कमेटी उपप्रधान धर्मबीर सिंह नंबरदार, सरपंच प्रतिनिधि सुंदरपाल, घसौली सरपंच महेश त्यागी, राधेश्याम त्यागी, रामकुमार, महेंद्र चिरस्मी, रोहताश छिक्कारा, नरेंद्र त्यागी, अरुण गोस्वामी, मांगेराम त्यागी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## चंद्रबाबू स्किल स्केम आर्थिक अपराध मामला बंद करना गैर-कानूनी: शैलजा नाथ

अर्थ प्रकाश /बोम्मा रेड्डी



अनंतपुर। वायएसआर पार्टी के पीएसी मेंबर (पूर्व आंध्र प्रदेश राज्य कांग्रेस के अध्यक्ष) तथा पूर्व मंत्री साके शैलजानाथ ने मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ स्वयं जमानत पर बाहर रहकर मुख्यमंत्री के होने पर बैठ के अपने ही किसको माफ करवाने की काजी कार्रवाई कर सरकार को भेजना भारी देश की जनता तर्क संविधान का उल्लंघन है कहा स्किल डेवलपमेंट स्कैम भारी भ्रष्टाचार करोड़ों रूपय का वार्ना रे कर चुके जांच हो चुकी और इस मामले में जेल जाने के बाद अस्वस्थ रहकर अस्वस्थ काका बात बता कर जमानत लेके राजनीति करने के लिए आज मुख्यमंत्री के वादे में बैठकर अपने मंत्रिमंडल में इसके स्कोर बंद करवाने का सुझाव देना बहुत बड़ा देश का दुर्भाग्य सविधान स्थिति है कहा उक्त केस बंद करने की कड़ी निंदा की और इसे गैर-कानूनी, खतरनाक और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सीधा हमला बताया। अनंतपुर में वायएसआर पार्टी ऑफिस में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि चंद्रबाबू नायडू अपने खिलाफ दर्ज क्रिमिनल केस को सिस्टमैटिक तरीके से मिटाने के लिए सत्ता की आड़ का इस्तेमाल कर रहे हैं। फाइबरनेट और शराब के केस बंद करवाने के बाद, अब वह स्किल स्कैम केस को बंद करवाने की हद तक चले गए हैं, जबकि उनके पास बहुत सारे सबूत और खुद की ज्यूडिशियल रिमांड है।

शैलजानाथ ने याद दिलाया कि स्किल स्कैम में, शेल कंपनियों के ज़रिए 371 करोड़ रुपये का पब्लिक मनी डायवर्ट किया गया, चंद्रबाबू नायडू को गिरफ्तार करके ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया, और एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट समेत सेंट्रल एजेंसियों ने केस फाइल किए, आरोपियों को गिरफ्तार किया और एसेट्स सीज किए। सीमेंस ने खुद साफ किया कि उसका इस प्रोजेक्ट से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने पूछा, अगर सीआईडी ने पहले सबूत इकट्ठा किए थे और ईडी ने केस फाइल किए थे, तो क्या अब उन सभी जांचों को झूठा बताया जा रहा है? . उन्होंने कहा कि इतने गंभीर केस को 'गलती' बताकर बंद करवानादेश के इतिहास में गठबंधन सरकारस्वयं भ्रष्टाचार करती है और स्वयं मामले को दबाती है यह साबित हो रहा है फिर तो संविधान की रक्षा कहां रहेगी और संविधान का नियमावली कहा गया कहा प्रजातांत्रिक सरकार का पावर के गलत इस्तेमाल की पराकाष्ठा है।

उन्होंने कहा कि चंद्रबाबू नायडू, पावर में वापस आने के बाद, इंस्टीट्यूशन्स पर दबाव डाल रहे हैं, गवाहों को मैनिपुलेट कर रहे हैं, और एक-एक करके केस को न्यूट्रलाइज़ कर रहे हैं, जिससे एक

## जैक ने जारी की 2026 की मैट्रिकङ्कइंटर परीक्षा की डेटशीट, 3 फरवरी से शुरू होंगी बोर्ड परीक्षाएं

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रांची। झारखंड एकेडमिक कार्उंसिल (जैक) ने वर्ष 2026 की मैट्रिक (10वीं) और इंटरमीडिएट (12वीं) बोर्ड परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। बोर्ड द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार राज्यभर के लाखों छात्र-छात्राओं की बोर्ड परीक्षाएं 3 फरवरी 2026 से प्रारंभ होंगी। परीक्षा कार्यक्रम जारी होते ही विद्यार्थियों की तैयारी अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। जैक बोर्ड के अनुसार, मैट्रिक की परीक्षाएं 3 फरवरी से 17 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएंगी। ये परीक्षाएं प्रथम पाली में होंगी, जिनका समय सुबह 9ः45 बजे से दोपहर 1ः00 बजे तक निर्धारित किया गया है। वहीं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 3 फरवरी से 23 फरवरी 2026 तक चलेंगी, जो द्वितीय पाली में दोपहर 2ः00 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित की जाएंगी। जारी शेड्यूल के मुताबिक, 3 फरवरी को आईटी और अन्य वोकेशनल विषयों की परीक्षा से शुरुआत होगी। 4 फरवरी को हिंदी (कोर्स ए और बी), 7 फरवरी को सामाजिक विज्ञान, 9 फरवरी को विज्ञान, 11 फरवरी को गणित और 13 फरवरी को अंग्रेजी विषय की परीक्षा ली जाएगी। इसके अलावा उर्दू, बांग्ला, उड़िया, कॉमर्स, होम साइंस और संगीत सहित अन्य विषयों की परीक्षाएं निर्धारित तिथियों पर आयोजित होंगी। इंटरमीडिएट परीक्षा की बात करें तो 13 फरवरी को अंग्रेजी विषय की परीक्षा होगी। 14 फरवरी को अतिरिक्त भाषाओं जैसे खोरठा, नागपुरी आदि की परीक्षा ली जाएगी। 16 फरवरी को पॉलिटिकल साइंस और संस्कृत, 17 फरवरी को साइकोलॉजी और कंप्यूटर साइंस, 18 फरवरी को हिंदी 'ई' और इंग्लिश 'ए', जबकि 20 फरवरी को हिंदी 'ए', इंग्लिश 'ए' और संगीत विषय की परीक्षा होगी।

## बाढ़ से निपटने की तैयारी तेज, जिला पंचायत सभागार में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय



गोण्डा। जिला पंचायत सभागार में बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य आगामी मानसून एवं संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु किए जाने वाले कार्यों, प्रस्तावों तथा व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा कर प्रभावी रणनीति तैयार करना रहा।

बैठक की अध्यक्षता मा. जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र ने की। बैठक में मा. विधायक करनैलगंज अजय सिंह, मा. एमएलसी अवधेश कुमार सिंह एवं मा. मंजू सिंह, जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन, मा. विधायक तरबगंज के प्रतिनिधि मनोज कुमार पांडेय सहित जनपद के अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने बाढ़ पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर समय रहते सभी आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने तटबंधों, नालों एवं जल निकासी व्यवस्था की नियमित निगरानी, संवेदनशील गांवों में राहत शिविरों की पूर्व पहचान, नावों एवं राहत सामग्री की उपलब्धता, साथ ही स्वास्थ्य एवं पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं, प्रस्तावों एवं सुझावों को रखा गया। उन्होंने तटबंधों की मरम्मत, जलभराव की समस्या, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति तथा समय पर राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किए जाने पर विशेष जोर दिया। मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के समन्वय से ही बाढ़ जैसी आपदा से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है।

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि बाढ़ नियंत्रण से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा कानून-व्यवस्था एवं राहत कार्यों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर आवश्यक तैयारियों की जानकारी दी गई।

## गांव बिंधरोली में मंदिर के नवनिर्मित गेट का विधिवत उद्घाटन, ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



राई। गांव बिंधरोली में गांव के प्राचीन मंदिर में नवनिर्मित भव्य गेट का विधिवत उद्घाटन वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ विधायक कृष्णा गहलावत ने किया गया। मंदिर के नवनिर्मित गेट के उद्घाटन के बाद अतिथियों ने विधायक कृष्णा गहलावत ने मंदिर में दर्शन कर गांव की सुख-समृद्धि की कामना की। विधायक कृष्णा गहलावत ने संबोधित करते हुए कहा कि मंदिर के मुख्य द्वार के निर्माण की मांग ग्रामीणों द्वारा की जा रही थी, यह गेट न केवल मंदिर की शोभा बढ़ाएगा, बल्कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा की दृष्टि से भी उपयोगी सिद्ध होगा। विधायक कृष्णा गहलावत ने गांववासियों से सीधा संवाद भी किया गया। ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, साफ-सफाई, जल निकासी, बिजली आपूर्ति और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी अपनी समस्याएं रखीं। विधायक कृष्णा गहलावत ने सभी विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि गांव में लंबित विकास कार्यों की जल्द समीक्षा कर प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। विशेष रूप से साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने, पेयजल आपूर्ति को सुचारू रखने पर जोर दिया गया। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा और विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर कर्मवीर डॉ विनोद, आनंद, प्रदीप वर्मा, खुशीराम, कप्तान श्री कृष्णा दहिया, रोहतास, नरेश, राजेंद्र, सरपंच राजकरण, नफे सिंह, मास्टर निरंजन, सूरजभान और दीपांशु दहिया मौजूद रहे

## अल्काटेल ने हरियाणा में ऑफलाइन रिटेल नेटवर्क मजबूत करने के लिए एस एम मोबाइल हब के साथ पार्टनरशिप की

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रोहतक। भरोसेमंद और सभी के लिए सुलभ मोबाइल इनोवेशन के लिए पहचाने जाने वाला ग्लोबल टेक्नोलॉजी ब्रांड अल्काटेल ने हरियाणा के प्रमुख मोबिलिटी डिस्ट्रीब्यूटर एस एम मोबाइल हब के साथ रणनीतिक डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनरशिप की घोषणा की है। यह सहयोग भारत में अल्काटेल के ऑफलाइन विस्तार की दिशा में एक और अहम कदम है। तेजी से शहरीकरण, स्मार्टफोन की बढ़ती पहुंच, मजबूत उपभोक्ता मांग और मल्टी सिटी रिटेल इकोसिस्टम के कारण हरियाणा को कंपनी ने एक प्रमुख ग्रोथ मार्केट के रूप में चिन्हित किया है। इस पार्टनरशिप के जरिए अल्काटेल राज्यभर में अपने फिजिकल रिटेल नेटवर्क को मजबूत करने और अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो की लास्ट माइल पहुंच बेहतर करने पर फोकस करेगा।

गुजरात और असम में सफल ऑफलाइन विस्तार के बाद, एस एम मोबाइल हब के साथ यह पार्टनरशिप भारत में हमारा तीसरा बड़ा ऑफलाइन विस्तार है। अल्काटेल ब्रांड पर भरोसा जताने और समर्थन देने के लिए हम एस एम मोबाइल हब टीम के आभारी हैं। यह सहयोग हमें अपने रिटेल नेटवर्क को गहराई देने, सर्विस इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने और राज्यभर के ग्राहकों को एक समान और बेहतर इन स्टोर अनुभव देने में मदद करेगा।

इस विस्तार के साथ अल्काटेल ने भारत में अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर मजबूत किया है, जहां ग्लोबल ब्रांड की ताकत को लोकल पार्टनरशिप के साथ जोड़ा जा रहा है। एक्सेसिबिलिटी, सर्विस एक्सीलेंस और रिटेल आधारित ग्रोथ को प्राथमिकता देते हुए अल्काटेल और एनएक्सटीसेल इंडिया देशभर के उपभोक्ताओं के लिए एक मजबूत और भविष्य तैयार ऑफलाइन इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

## देशी नस्ल की गायों के संवर्धन को मिलकर करेंगे प्रयास: डॉ अरविंद शर्मा

**गाय आध्यात्मिक व दिव्य गुणों की स्वामिनी, समाज में बडा सम्मान**

**गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र-प्रदेश सरकार उठा रही है कदम**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



गोहाना। बुधवार को रोहतक रोड स्तिथ नन्दी गौशाला के वार्षिकोत्सव में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सनातन व्यवस्था में यह पर्व आमजन के जीवन में बदलाव, सकारात्मकता और समृद्धि का प्रतीक है। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि गाय आध्यात्मिक एवं दिव्य गुणों की स्वामिनी हैं। गौसेवा, गौपालन और गौरक्षा का धर्म-ग्रंथों में उल्लेख है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशी नस्ल की गायों के संरक्षण और संवर्धन के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन शुरू किया, जिसके बाद देश में देशी गायों के संरक्षण को लेकर आमजन में रूझान बढा। उन्होंने कहा कि केंद्र-प्रदेश सरकार ने लंबे अरसे से बेरूखी का शिकार गौशालाओं की सुध लेने का सिलसिला शुरू किया। वर्ष 2014-15 में प्रदेश में 215 गौशालाएं पंजीकृत थी, जो आज बढ़कर 686 तक पहुंच चुकी हैं। इन गौशालाओं में गौवंश की देखभाल व उनके चारे की व्यवस्था पर प्रदेश सरकार अब तक 358 करोड रूपए की राशि पंजीकृत गौशालाओं को भेज चुकी है। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि नायब सरकार गौशालाओं के विकास, गौवंश संरक्षण और प्राकृतिक खेती पर बल दे रही है। आज गौशालाओं में ढांचागत विकास से लेकर गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 330 गौशालाओं में सोलर प्लांट लगाए गए हैं, वहीं गौशालाओं के लिए 800 ई रिक्शा की खरीद की जा रही है। गौशालाओं को सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध करवाते हुए 2 रूपए प्रति यूनिट बिजली दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा गौवंश संरक्षण व गौसंवर्धन कानून को सख्ती से लागू किया जा रहा है, ताकि गोहत्या करने वालों को 10 साल व गौतस्करी करने वालों को 7 साल के लिए सलाखों के पीछे पहुंचाया जा सके।

इस अवसर पर मन्दिर समिति प्रधान प्रवीण गोयल, डीसीपी भारती डबास, डॉ. धर्मबीर नांदल, नगर परिषद के पूर्व चेयरपर्सन सुनील मेहता व नीलम मेहता, वीरेन्द्र जैन, रामधारी जिंदल, रामधन भारतीय, विकास जैन, ओडी शर्मा, भगवान गोयल, बलराम कौशिक, नरेन्द्र गहलावत, संजय मेहंदीरत्ता, सुंदर कश्यप, श्यामलाल वशिष्ठ, अंजू कालड़ा, रमेश परुथी, मनोज मेहता, कुलदीप कौशिक, सुनील बजाज, नीरज मेहता, मनोज पांचाल, यतेन्द्र आर्य, डॉ. दलबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## भजनलाल रामभद्राचार्य महाराज के जन्म दिन कार्यक्रम में हुए शामिल

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को नींद में जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज के जन्म दिन कार्यक्रम में सपत्नीक शामिल हुए। श्री शर्मा ने जगद्गुरु को जन्म दिन की शुभकामनाएं दी और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राम हमारे रोम-रोम में बसते हैं। जयपुर में श्रीराम कथा का आयोजन हम सबके जीवन का पुनीत संयोग है। इससे राम नाम की महक चारों ओर फैली हुई है तथा हनुमान चालीसा के पवित्र स्वर और वेद मंत्रों की गूंज हर जगह सुनाई पड़ती है। उन्होंने कहा कि जगद्गुरु इस युग के महान विद्वान, तपस्वी और रामभक्त हैं।

श्री शर्मा ने कहा कि स्वामी रामभद्राचार्य ने तप से देश-दुनिया में हमारी संस्कृति को मजबूत बनाया है और ज्ञान की ज्योति जलाई है। उन्होंने भगवान श्रीराम के नाम को हर घर, गांव और शहर तक पहुंचाने का प्रण लिया है। चित्रकूट की पावन भूमि से लेकर देश-दुनिया तक जगद्गुरु श्रीराम कथा के माध्यम से राम नाम की अमृत वर्षा करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जगद्गुरु ने तुलसी पीठ की स्थापना कर रामायण और हिंदी साहित्य की सेवा का अद्भुत कार्य किया है। प्रभु श्रीराम मर्यादा, सत्य और धर्म के साक्षात स्वरूप हैं तथा भगवान राम का चरित्र मानवता के लिए सर्वोच्च आदर्श है। श्री शर्मा ने कार्यक्रम में रामानंद मिशन की ओर से दिव्यांग छात्र-छात्राओं को सहायक उपकरण वितरित किए। उन्होंने सड़क सुरक्षा का संदेश देते हुए युवाओं को हेलमेट सौंपे और स्वच्छताकर्मियों का सम्मान भी किया।

# जीरकपुर में आवारा कुत्तों का आतंक, कुत्तों की नसबंदी का काम पिछले 4 महीने से पड़ा बंद

**आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से शहर निवासी परेशान, दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं कुत्तों के काटने के मामले**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





**जीरकपुर, 14 जनवरी।** शहर में आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे आमजन में भय का माहौल बना हुआ है। शहर की लगभग हर गली, मोहल्ले, पार्क और चौक-चौराहों पर आवारा कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते नजर आ रहे हैं। खासकर सुबह और शाम के समय राहगीरों, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को इन कुत्तों से सबसे ज्यादा खतरा बना रहता है। बावजूद इसके, नगर परिषद जीरकपुर द्वारा आवारा कुत्तों की नसबंदी को लेकर अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। नगर परिषद द्वारा आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए अब तक तीन बार टेंडर प्रक्रिया चलाई जा चुकी है, लेकिन हर बार टेंडर अलॉट होने के बाद भी काम शुरू नहीं हो पाया। इसके चलते शहर में कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती चली गई। अब एक बार फिर से टेंडर लगाया गया है, लेकिन जनता के मन में सवाल यह है कि क्या इस बार वास्तव में नसबंदी का काम धरातल पर उतर पाएगा या फिर यह प्रक्रिया भी सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाएगी।

### कम्युनिटी स्वास्थ्य केंद्र ढकोली में चार महीनों में 285 मामले, आंकड़े चिंताजनक

आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे का अंदाजा कम्युनिटी स्वास्थ्य केंद्र ढकोली में दर्ज मामलों से लगाया जा सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अक्टूबर 2025 में 43, नवंबर 2025 में 92, दिसंबर 2025 में 80 और 14 जनवरी 2026 तक करीब 70 कुत्ते के काटने के मामले सामने आ चुके हैं। इस तरह केवल चार महीनों में ही 285 लोग कुत्तों के काटने का शिकार हो चुके हैं।

### प्राइवेट अस्पतालों का रुख करने को मजबूर लोग

ढकोली सीएचसी के अलावा भी बड़ी संख्या में लोग इलाज के लिए पंचकूला, चंडीगढ़ और डेराबस्सी के सरकारी अस्पतालों का रुख करते हैं। प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज करवाने वाले जीरकपुर के लोगों के आंकड़े जोड़े जाएं, तो अनुमान है कि हर महीने करीब 400 से 500 लोग आवारा कुत्तों के काटने से घायल हो रहे हैं, जो किसी भी लिहाज से बेहद गंभीर स्थिति को दर्शाता है।

### लापरवाही के चलते बढ़ सकता है खतरा

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आवारा कुत्तों की नसबंदी का काम शुरू नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। स्कूल जाने वाले बच्चे, सुबह की सैर पर निकलने वाले बुजुर्ग और दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक जोखिम में हैं। कई इलाकों में कुत्तों के झुंड बाइक सवारों पर अचानक हमला कर देते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का भी खतरा बना रहता है। अब देखना यह होगा कि नगर परिषद अपने दावे पर कितना खरा उतरती है। फिलहाल, शहरवासी जल्द से जल्द ठोस कार्रवाई की उम्मीद लगाए बैठे हैं, ताकि आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक से निजात मिल सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

टेंडर लगा दिया गया है और इस सप्ताह के अंदर आवारा कुत्तों की नसबंदी का काम शुरू कर दिया जाएगा।

**अमनदीप सिंह, जेई, नगर परिषद**

# जीरकपुर में रॉन्ग साइड वाहनों से बिगड़ रहे हालात, हादसों का खतरा बढ़ा

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 14 जनवरी।** जीरकपुर-चंडीगढ़ रोड और गोडाउन एरिया के आसपास ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ती नजर आ रही है। यहां रोजाना बड़ी संख्या में वाहन चालक गलत दिशा से वाहन चलाते हैं, जिससे न सिर्फ जाम लगता है बल्कि लोगों की जान भी खतरे में पड़ रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गोडाउन एरिया से निकलने वाले भारी वाहन और ऑटो चालक अक्सर ट्रैफिक नियमों को नजरअंदाज करते हुए रॉन्ग साइड से चलते हैं। इससे सामने से आने वाले वाहनों को अचानक रुकना पड़ता है और लंबा जाम लग जाता है। सुबह और शाम के व्यस्त समय में हालात और ज्यादा खराब हो जाते हैं। कई बार एंबुलेंस और स्कूल बसें भी जाम में फंस जाती हैं।

रॉन्ग साइड से तेज रफ्तार में आने वाले वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। हाल ही में एक ऑटो चालक के साथ हुई मारपीट की घटना से लोगों में डर का माहौल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मामूली टक्कर के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि मामला हिंसा तक पहुंच गया।

इस समस्या में कुछ छात्र-छात्राएं और दोपहिया वाहन चालक भी शामिल हैं। समय बचाने के चक्कर में कई युवा बिना हेलमेट गलत दिशा से वाहन चलाते नजर आते हैं। कई जगहों पर ट्रैफिक पुलिस की नियमित मौजूदगी न होने से नियम तोड़ने वालों के हौसले बुलंद हैं।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ट्रैफिक पुलिस की तैनाती बढ़ाई जाए और रॉन्ग साइड चलने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले हालात पर काबू पाया जा सके।

इस संबंध में जीरकपुर के ट्रैफिक इंचार्ज मंफूल सिंह ने कहा, 'हम रोजाना रॉन्ग साइड और नो पार्किंग के चालान कर रहे हैं। यदि इस तरह की शिकायतें सामने आती हैं तो कार्रवाई और सख्त की जाएगी। ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।'

**खबर का असर**

# पिल्लर का खतरनाक बेस किया गया ठीक

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 14 जनवरी।** शहर की मुख्य सड़क पर साइन बोर्ड पिलर के खतरनाक और ऊंचे बेस को लेकर अर्थ प्रकाश अखबार में खबर प्रकाशित होने के 4 दिन बाद आखिरकार संबंधित विभाग हरकत में आया। खबर के असर के बाद आज पिलर के बेस को ठीक कर सुरक्षित बना दिया गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय लोगों की शिकायत थी कि पिलर का कंक्रीट बेस सड़क पर काफी बाहर निकला हुआ था, जिससे आए दिन वाहन चालकों के साथ हादसे की आशंका बनी रहती थी।

खासकर रात के समय और धुंध में यह बेस साफ दिखाई नहीं देता था। खबर प्रकाशित होते ही एनएचएआई के अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया और मौके पर टीम भेजकर आवश्यक सुधार कार्य करवाया। अब पिलर के बेस को रिग्रेडिंग कर फुटपाथ के अनुसार दुरुस्त कर दिया गया है, जिससे हादसे होने का खतरा काफी हद तक कम हो गया है। स्थानीय नागरिकों ने समय पर कार्रवाई के लिए प्रशासन और अर्थ प्रकाश अखबार का धन्यवाद किया है।

# लुधियाना में गजरेला खाने से 50 लोग बीमार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**लुधियाना, 14 जनवरी।** पंजाब के लुधियाना में बुधवार को गजरेला (गाजर का हलवा) खाने से 50 लोग बीमार हो गए। गजरेला खाने के कुछ देर बाद लोगों को उल्टी और दस्त लगे। साथ में चक्कर भी आया। सभी को अलग-अलग अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। हर साल की तरह इस बार भी गांव अयाली कलां में स्थित गुरुद्वारा श्री थड़ा साहिब में मकर संक्रांति पर विशेष कार्यक्रम रखा गया था। जहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। यहां प्रसाद में गजरेला बांटा गया। जिसको खाने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल में भर्ती बुजुर्ग महिला मंजीत कौर ने कहा कि गुरुद्वारा साहिब से गजरेला घर लाए थे। परिवार के सभी सदस्यों ने गजरेला खाया। सभी ने 3-3 चम्मच खाए। मैंने सुबह 8 बजे गजरेला खाया था। इसके बाद 9 बजे उल्टियां शुरू हो गई। गुरुद्वारा के मैनेजर गुरचरण सिंह ने बताया कि संक्रांति के मौके पर लंगर प्रसाद गुरुद्वारा में बांटा जा रहा था। यह लंगर हमारी तरफ से नहीं था। कुछ गांव के ही लोग हैं, जो हर संक्रांति पर पैसे इकट्ठा कर लंगर लगाते हैं। उन्हीं की ओर से यह गजरेला प्रसाद भी बांटा गया। कुछ लोग इसे घर ले गए। वहीं कुछ ने यहीं खाया।

मैनेजर ने कहा कि लंगर के एक घंटे बाद कुछ लोग गुरुद्वारा में आए और कहा कि हमारे परिवार के मेंबर बीमार हो गए हैं। कृप्या आप ये गजरेला जो लोग खा रहे हैं, उनको खाने से मना कर दीजिए। जिसके चलते हमने अनाउंसमेंट भी कराई। गुरचरण ने कहा कि हम किसी भी इंसान को यहां पर लंगर लगाने की अनुमति नहीं देते और ना ही इन लोगों के पास परमिशन है। लेकिन उनकी ओर से अकसर जिद्द करके यहां प्रसाद बांटा जाता है। पुलिस को अच्छे से इसकी जांच के लिए कहा गया है।

### दवाई लेने गए, बेहोश होकर गिरे

अस्पताल में भर्ती गुरप्रीत कौर ने कहा कि मेरी सास गुरुद्वारे में गई थीं। वहां से वह गजरेला लाईं। मैंने और बेटे ने गजरेला खाया। इसके बाद उल्टियां आना शुरू हो गई। हम दवाई लेने मेडिकल शॉप पर गए। लेकिन यहां बेहोश होकर गिर गए।

### डॉक्टर बोली- गजरेला में जहरीला पदार्थ था

रघुनाथ अस्पताल की डॉक्टर मंदीप कौर ने कहा कि अयाली में स्थित गुरुद्वारे में मकर संक्रांति पर समागम था। वहां पर गजरेला बनाया गया था। उसमें कुछ जहरीला पदार्थ था। हमारी पास संगत आई है। उन्हें फूड पॉइजनिंग हो गई है। हमारे पास 35 से 40 लोग आए हैं। इनमें बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं।

### मरीजों ने बताया 2-3 दिन पहले बना था गजरेला

डॉ मंदीप ने कहा कि हमारे पास बुरी हालत में मरीज आए हैं। मरीजों का कहना था कि गजरेला 2-3 पहले बना हुआ था। इसके कारण फूड पॉइजनिंग हो गई है। हमारे पास 12 बजे मरीज आने शुरू हो गए थे। जिन्होंने कम गजरेला खाया है, उन्हें कम सिम्पटम हैं। जिन्होंने ज्यादा गजरेला खाया है, उन्हें ज्यादा सिम्पटम हैं।

# ढकोली में बिजली के खंभे को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, 9 घंटे रही बंद एक ट्रैफिक लेन

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 14 जनवरी।** मंगलवार देर रात ढकोली कम्युनिटी हेल्थ सेंटर के बाहर सड़क पर एक अज्ञात वाहन द्वारा बिजली के खंभे को जोरदार टक्कर मारने की घटना सामने आई है। टक्कर इतनी तेज थी कि खंभा टूटकर नीचे की ओर झुक गया। हालांकि तारों की पकड़ के कारण खंभा पूरी तरह सड़क पर नहीं गिरा, जिससे किसी बड़े हादसे से बचाव हो सका। गनीमत यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद सुरक्षा के मद्देनज़र ढकोली में सड़क की एक लेन को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। इसके चलते आम लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और क्षेत्र में यातायात प्रभावित रहा। मौके पर बिजली विभाग की टीम ने तत्काल पहुंचकर स्थिति को संभाला और एहतियातन संबंधित बिजली फीडर की सप्लाई बंद कर दी गई। बिजली विभाग की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभावित फीडर की सप्लाई बंद कर क्षेत्र को दूसरे फीडर से जोड़ दिया गया, ताकि आम जनता को लंबे समय तक बिजली कटौती की समस्या न झेलनी पड़े। विभागीय कर्मचारियों द्वारा मौके पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई और खंभे को दुरुस्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई। स्थानीय राहगीरों और निवासियों ने बताया कि क्षेत्र में पहले ही रेलवे फाटक बड़ी समस्या बना हुआ है, जो सुबह दफ्तर जाने के समय हर आधे घंटे में बंद हो जाता है। इसके कारण रोजाना भारी जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। वहीं, अब बिजली के खंभे के क्षतिग्रस्त होने से सड़क की एक लेन बंद होने के कारण लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने और ऐसे हादसों को रोकने के लिए स्थायी समाधान किया जाए।

क्षेत्र में इस तरह के हादसे पहले भी हो चुके हैं। इससे पहले नाभा साहब गुरुद्वारे के सामने बिजली का खंभा एक गाड़ी पर गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। इसी तरह कभी लोहगढ़ तो कभी गाजीपुर रोड पर बिजली के खंभे गिरने की घटनाएं सामने आती रही हैं, जो सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं।

'यह घटना मंगलवार देर रात की है, किसी अज्ञात वाहन द्वारा बिजली के खंभे को टक्कर मारी गई है। इस संबंध में ढकोली पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवा दी गई है। साथ ही, बिजली सप्लाई को दूसरे फीडर पर डालकर बहाल कर दिया गया है, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।'

**— मोहनप्रीत सिंह, एसडीओ, ढकोली**

# बलटाना में ताला तोड़ घर में घुसे चोर, लाखों का सामान चोरी कर फरार

**पुलिस ने किया मामला दर्ज, गहनता से की जा रही है मामले की जांच**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





**जीरकपुर, 14 जनवरी।** बलटाना क्षेत्र के सैनी विहार फेज़-2 में एक घर में चोरी की गंभीर घटना सामने आई है। इस संबंध में फेज़-2, सैनी विहार, बलटाना निवासी विनय मित्तल ने पुलिस चौकी बलटाना में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता विनय मित्तल ने पुलिस को बताया कि 9 जनवरी 2026 को उनकी पत्नी मायके गई हुई थीं, जबकि वह स्वयं भी घर से बाहर घूमने गए थे। 13 जनवरी 2026 को जब वह घर वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था और अंदर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की गई। फुटेज में सामने आया कि 13 जनवरी 2026 की सुबह करीब 2.30 बजे से 3.40 बजे के बीच मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात युवक घर के बाहर पहुंचे और ताला तोड़कर भीतर दाखिल हुए। दोनों युवकों ने काफी देर तक घर में रहकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया और बाद में मौके से फरार हो गए। शिकायतकर्ता के अनुसार चोर घर से करीब 7 लैपटॉप, 5 तोले सोना तथा लगभग 90 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत लाखों में बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस चौकी बलटाना से एएसआई पवन कुमार और पीएचजी मनजीत सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में शिकायत सही पाई गई। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं और आसपास के क्षेत्रों में भी पूछताछ व जांच तेज कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गए सामान की बरामदगी की जाएगी।

# पटवारी नहीं मिल रहे... प्राइवेट कॉन्ट्रैक्टरों के भरोसे चल रहा जगराओं का पटवारखाना

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं 14 जनवरी।** तहसील के पटवार भवन में पटवारियों से मिलना और अपना काम करवाना आम जनता के लिए मुश्किल हो गया है। जब भी कोई अपने हलके के पटवारी से अपना काम करवाने के लिए पटवार भवन जाता है, तो पटवारी की जगह पटवारी द्वारा रखा गया प्राइवेट कर्मचारी ही मिलता है।

अगर कभी कोई पटवारी मिल भी जाता है, तो वह पेज अपने कॉन्ट्रैक्टर को काम करने के लिए दे देता है और कॉन्ट्रैक्टर काम की फीस बताकर पटवारी के नाम पर वसूल लेता है। आज जब आम जनता अपना काम करवाने के लिए पटवार भवन पहुंचती है, तो मौके पर कोई भी पटवारी अपनी सीट पर मौजूद नहीं मिलता। कई पटवारी 50-50 किलोमीटर दूर रहते हैं और हर दिन छुट्टी लेते हैं। जबकि सरकार के निर्देश हैं कि पटवारियों के लिए तहसील हलके में ही घर होना ज़रूरी है। दूसरे पटवारियों से ज़्यादा तहसील के तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी पूरी तरह लेट रहते हैं। आज जब लोग रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए वेटिंग हॉल में बैठे थे, तो नायब तहसीलदार 12 बजे के बाद अपनी सीट पर बैठे और बहुत कम रजिस्ट्रेशन करने के बाद 2 बजे फरलो पर चले गए।

### तहसीलदार साहब जल्द ही रजिस्ट्रेशन करने आ रहे हैं: मैडम उपिंदरजीत कौर

जब इस बारे में सब डिविजनल मजिस्ट्रेट मैडम उपिंदरजीत कौर से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि तहसीलदार साहब जल्द ही रजिस्ट्रेशन करने आ रहे हैं और वह पटवार सर्कल जाकर खुद भी जगह का इंस्पेक्शन करेंगे और अगर कोई दिक्कत हुई तो उसका भी पता लगाएंगे।

# जगराओं नगर काउंसिल में श्री सुखमणि साहिब जी का पाठ करवाया गया



अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं 14 जनवरी।** नगर काउंसिल में श्री सुखमणि साहिब जी का पाठ कार्यक्रम आयोजित किया गया पाठ में पहुंचे शख्सियतों को कुलवंत सिंह सहोता ने स्वागत किया। गुरु घर के शिष्टाचार के अनुसार, गुरु घर की ओर से कार्य साधक अधिकारी, नगर परिषद जगराओं मोहित शर्मा को एक सिरोपे भेंट किया गया। कैप्टन नरेश वर्मा ने स्टेज की भूमिका निभाई और आई हुई शख्सियतों का पूरा सम्मान किया। इस अवसर पर प्रेस को जानकारी देते हुए सफाई सेवक यूनियन पंजाब के जिला अध्यक्ष अरुण गिल ने कहा कि जगराओं शहर में पैदा हुई कूड़े की समस्या और जगराओं शहर की तरक्की और सभी की भलाई के लिए उनकी ओर से यह कार्यक्रम तीसरी बार आयोजित किया गया है। इस मौके पर बोलते हुए सेंट्रल वाल्मीकि शो के नेशनल प्रेसिडेंट और सफाई कर्मचारी कमीशन पंजाब के पूर्व चेयरमैन श्री गेजा राम ने कहा कि सभी पार्षदों को गुरु महाराज के चरणों की शरण लेकर शहर की बेहतरी के लिए मिलकर काम करना चाहिए। इस मौके पर रूरू जगराओं के पति प्रोफेसर सुखविंदर सिंह, म्युनिसिपल काउंसिल जगराओं के पूर्व प्रेसिडेंट जतिंदर पाल राणा, सतीश कुमार चौधरीयां, पूर्व एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट अमरजीत सिंह मालवा, सभी पार्षद, राणा लहंगा हाउस, श्री रास प्लाईवुड, राजेश इंदर सिद्धू, दीपक कलसी, डॉ. विनोद कुमार, शशि भूषण जैन, राजिंदर सिंह धालीवाल, चरणजीत सिंह भंडारी, अवतार सिंह बिल्ला, डॉ. नरिंदर सिंह बीके गैस, सुखविंदर सिंह सिद्धू, राजेश इंदर सिद्धू और सीवरेज यूनियन के सभी क्लर्क और सभी सफाई कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

# कड़ाके की ठंड में मानवता की मिसाल : सैनिटरी इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बेसहारा लोगों को पहुंचाया रैन बसेरा



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 14 जनवरी।** कड़ाके की ठंड के बीच ज़ीरकपुर नगर परिषद के सैनिटरी इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने मानवता की ऐसी मिसाल पेश की, जिसने हर किसी का दिल जीत लिया। आज सुबह ज़ीरकपुर फ्लाईओवर के नीचे ठंड से जूझ रहे कुछ बेसहारा लोगों को उन्होंने अपने सहयोगी कर्मचारियों के साथ सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फ्लाईओवर के नीचे रह रहे कुछ बेसहारा लोग अपनी मर्जी से रैन बसेरा में जाने के इच्छुक थे। इस पर नगर परिषद के सैनिटरी इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बिना किसी देरी के नगर परिषद की गाड़ी की व्यवस्था कर रैन बसेरा जाने के इच्छुक लोगों को लोहगढ़ स्थित रैन बसेरा पहुंचाया, ताकि उन्हें ठंड से राहत मिल सके।

इस दौरान एक मार्मिक दृश्य भी देखने को मिला, जब एक अपाहिज बुजुर्ग महिला, जो चलने-फिरने में असमर्थ थी, को मनोज कुमार ने अपने साथियों की मदद से गोद में उठाकर नगर परिषद की गाड़ी तक पहुंचाया। कड़ाके की ठंड में कांप रही बुजुर्ग महिला को रैन बसेरा ले जाकर तुरंत कम्बल ओढ़ाया गया और हीटर के सामने बैठाया गया। इतना ही नहीं, कर्मचारियों द्वारा बुजुर्ग महिला को गर्म चाय बनाकर पिलाई गई, जिससे उसे कुछ राहत मिली। यह पूरा घटनाक्रम वहां मौजूद लोगों के लिए बेहद भावुक कर देने वाला था और सभी ने नगर परिषद के इस मानवीय प्रयास की खुलकर सराहना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद की ओर से समय-समय पर किए जा रहे ऐसे प्रयास जरूरतमंदों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहे हैं। खासकर सर्दी के मौसम में बेसहारा लोगों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराना एक सराहनीय कदम है। नगर परिषद के इस मानवीय कदम ने एक बार फिर साबित कर दिया कि प्रशासनिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ इंसानियत निभाना भी उतना ही जरूरी है।

# व्यवस्था परिवर्तन से हिमाचल बन रहा पर्यटन हब

जल संसाधनों के कायाकल्प से हिमाचल पर्यटन को मिल रही नई दिशा

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**पर्यटन केवल राजस्व का साधन नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सशक्तिकरण और सतत विकास का मजबूत मॉडल है**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के अनुसार, आज हिमाचल प्रदेश में जो परिवर्तन दिखाई दे रहा है, वह इसलिए संभव हो पाया क्योंकि वर्तमान सरकार ने पूर्ववर्ती बीजेपी सरकार की निष्क्रियता और विफल नीतियों से स्पष्ट रूप से अलग रास्ता चुना। आज पर्यटन केवल राजस्व का साधन नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सशक्तिकरण और सतत विकास का मजबूत मॉडल बन रहा है। यह बदलाव इस बात का प्रमाण है कि जब सरकार ईमानदार नीयत और स्पष्ट दृष्टि के साथ काम करती है, तो व्यवस्था परिवर्तन केवल नारा नहीं, बल्कि साकार वास्तविकता बन जाता है।

**शिमला, 14 जनवरी।** हिमाचल प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र को नई पहचान देने की दिशा में वर्तमान प्रदेश सरकार ने एक समग्र और दूरदर्शी पहल शुरू की है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार 'व्यवस्था परिवर्तन' की अवधारणा को साकार करते हुए पर्यटन को केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय आजीविका और सतत आर्थिक विकास से जोड़ रही है। यह दृष्टिकोण राज्य के प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित और जिम्मेदार प्रयासों पर आधारित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व बीजेपी सरकार के कार्यकाल के दौरान हिमाचल प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाओं को जानबूझकर नजरअंदाज किया गया। सत्ता में रहते हुए बीजेपी न तो कोई ठोस पर्यटन नीति बना सकी और न ही प्राकृतिक संसाधनों के वैज्ञानिक व सतत उपयोग की दिशा में कोई गंभीर प्रयास किया। विशेष रूप से राज्य के विशाल जल संसाधन बीजेपी सरकारों की उदासीनता और दूरदृष्टि के अभाव के कारण उपेक्षित पड़े रहे। वर्तमान कांग्रेस सरकार ने इन विफलताओं को स्वीकार करते हुए और उनसे सबक लेते हुए जल-पर्यटन और इको-पर्यटन को विकास के प्रमुख स्तंभ के रूप में अपनाया है, जो यह दर्शाता है कि जो काम बीजेपी वर्षों में नहीं कर पाई, उसे वर्तमान प्रदेश सरकार ने स्पष्ट नीति और इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ाया है। पोंग डैम झील, जो एक अंतरराष्ट्रीय महत्त्व का 'रामसर वेटलैंड' क्षेत्र है, बीजेपी के शासनकाल में न तो संरक्षण के लिहाज से प्राथमिकता में रही और न ही पर्यटन विकास के मानचित्र पर। कांग्रेस सरकार ने इस ऐतिहासिक उपेक्षा को समाप्त करते हुए पोंग डैम को भारत के प्रमुख पक्षी-दर्शन स्थलों में विकसित करने की ठोस पहल की है।

हर वर्ष नवंबर से फरवरी के बीच साइबेरिया और मंगोलिया से हजारों प्रवासी पक्षी यहां आते हैं, लेकिन पूर्व सरकार ने कभी इस वैश्विक संभावना को स्थानीय रोजगार और पर्यावरणीय शिक्षा से जोड़ने का प्रयास नहीं किया। वर्तमान प्रदेश सरकार शिकारों की सवारी, तैरते हुए पक्षी-दर्शन मंच और गाइडेड बर्ड-वॉचिंग टूर जैसी सुविधाएं विकसित कर यह सिद्ध कर रही है कि पर्यटन और पारिस्थितिकी साथ-साथ आगे बढ़ सकते हैं। गोबिंद सागर झील (बिलासपुर) और तत्तापानी जैसे स्थल दशकों तक बीजेपी सरकार की फाइलों में ही सिमटे रहे। न बुनियादी ढांचा विकसित किया गया, न स्थानीय युवाओं को जोड़ा गया। कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही इन क्षेत्रों को आधुनिक जल-पर्यटन केंद्रों के रूप में विकसित कर यह स्पष्ट कर दिया कि विकास की राह इच्छाशक्ति से होकर गुजरती है, केवल घोषणाओं से नहीं। आज शिकारा, स्पीड बोटिंग, हाउसबोट, जेट-स्की और वॉटर स्कूटर जैसी गतिविधियां इन क्षेत्रों में न केवल पर्यटन बढ़ा रही हैं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती दे रही हैं जो बीजेपी के शासन में संभव नहीं हो सका। बीजेपी सरकार ने अपने कार्यकाल में इको-पर्यटन के नाम पर केवल योजनाएं गिनाई, लेकिन धरातल पर कोई प्रभावी नीति लागू नहीं की। इसके विपरीत, कांग्रेस सरकार की इको-पर्यटन नीति के अंतर्गत विभिन्न वन मंडलों में 77 नए इको-पर्यटन स्थलों का विकास किया जा रहा है। यह पहल न केवल राजस्व सृजन करेगी, बल्कि हिमाचल प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदार पर्यटन का उदाहरण बनाएगी। बीजेपी शासन में पर्यटन क्षेत्र युवाओं के लिए रोजगार का साधन बनने के बजाय ठहराव का शिकार रहा। कांग्रेस सरकार ने इस स्थिति को बदलने के लिए मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्ट-अप योजना शुरू की है, जिसके तहत होम-स्टे, होटल और फूड वैन जैसे उद्यमों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। यह योजना स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि जहां बीजेपी सरकार युवाओं को अवसर देने में असफल रही, वहीं वर्तमान सरकार उन्हें आत्मनिर्भर उद्यमी बना रही है।

## उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

अर्थ प्रकाश/पवन कौशल



**नालागढ़, 14 जनवरी।** उपमण्डलाधिकारी नालागढ़ नरेंद्र आहलूवालिया की अध्यक्षता में 26 जनवरी, 2026 को उपमण्डल स्तर पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

नरेंद्र आहलूवालिया ने कहा कि उपमण्डल स्तरीय गणतंत्र दिवस प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पुराने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नालागढ़ के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रातः 11.00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके उपरांत पुलिस, होमगार्ड्स एवं अन्य टुकड़ियों द्वारा भव्य मार्चपास्ट प्रस्तुत किया जाएगा।

समारोह में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से देश की सांस्कृतिक विविधता, स्वतंत्रता संग्राम का गौरवशाली इतिहास तथा संविधान के मूल मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

उपमण्डलाधिकारी ने सभी शिक्षण संस्थानों से आग्रह किया कि वह अधिक से अधिक विद्यार्थियों को कार्यक्रम में शामिल करें। उन्होंने आमजन से भी इस कार्यक्रम उपस्थित होने का आग्रह किया।

नरेंद्र आहलूवालिया ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मंच व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, ध्वनि प्रणाली, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, अग्निशमन एवं सुरक्षा की सुचारू व्यवस्था समयबद्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों एवं अन्य विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने इसके लिए सभी विभागों को अपने-अपने उत्कृष्ट कर्मचारियों की सूची शीघ्र उपमण्डलाधिकारी कार्यालय नालागढ़ को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार नालागढ़ हुस्न चंद, विभिन्न सरकारी एवं शिक्षण संस्थानों के अध्यापकगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## मशोबरा में स्टार्टअप ग्रामीण उद्यमिता कार्यक्रम पर प्रशिक्षण संपन्न

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर




**शिमला 14 जनवरी।** बीते एक सप्ताह से मशोबरा ब्लॉक के पंचायत समिति हॉल में स्टार्टअप ग्रामीण उद्यमिता कार्यक्रम के तहत सामुदायिक रिसोर्स पर्सनज (सीआरपी) का प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें मशोबरा ब्लॉक के 25 सामुदायिक रिसोर्स पर्सनज (सीआरपी) ने भाग लिया और फील्ड से संबधित व्यवहारिक मुददों पर अपने सुझाव दिए।

इस कार्यक्रम में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के रिसोर्स पर्सन अमित सिंह द्वारा सीआरपी को उद्यमिता के बढ़ोतरी के विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यकारी खंड विकास अधिकारी रजनीश कौंडल ने समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

उन्होने बताया कि स्टार्ट अप ग्रामीण उद्यमिता कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता को बढ़ावा देना है, जिससे ग्रामीण गरीबों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जा सकें। इस कार्यक्रम के तहत, उद्यमियों को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और अन्य आवश्यक संसाधन प्रदान किए जाते हैं, जिससे वे अपने व्यापार को बढ़ावा देकर अपनी आर्थिकी सुदृढ़ होगी।

कार्यक्रम का संचालन महिला समाज शिक्षा संयोजिका ललिता कुमारी ने किया। उन्होने बताया कि सीआरपी अपने अपने क्षेत्र में जाकर इस कार्यक्रम को व्यवहारिक रूप से धरातल पर उतारेगें। जिन उद्यमियों के स्वरोजगार मंदी के दौर से गुजर रहे हैं ऐसे उद्यमियों को इस कार्यक्रम के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी ताकि ग्रामीण स्तर पर महिलाएं व पुरूष आर्थिक व समाजिक रूप से सशक्त बन सके।

कार्यक्रम में महिला ग्राम विकास संयोजिका सविता नेगी और रीता कुमारी के अतिरिक्त वैशाली ठाकुर, प्रवीण कुमारी, दिनेश टेकटा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे ।

# भैंस पालकों के अस्थाई शैडों को आग लगाकर शरारती तत्वों ने किए राख

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला 14 जनवरी।** जुन्गा से सटी करीब आठ हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित कवालिया चोटी में बीते सप्ताह शरारती तत्वों ने आग लगाकर भैंस पालकों के चार आवासीय शैड राख कर दिए गए । बता दें कि कवालिया चोटी पर मशोबरा ब्लॉक की अंतिम छोर की ग्राम पंचायत पीरन और सतलाई के पशु पालक अपनी भैंसों को लेकर छः महीने कवालिया चोटी पर अस्थाई तौर पर इन शैडों में कैंप के रूप में रहते हैं ।

भैंस पालक जबर सिंह ठाकुर ने बताया कि यह आवासीय शैड करीब पांच दशक पुराने थे जिसमें उनके पूर्वज भी अस्थाई तौर पर रहा करते थे। इन शैडों की छतें घास व लकड़ी से बनाई गई थी। इन्होने बताया कि अब उन्हें आगामी अप्रैल में दुबारा से रहने के लिए शैड तैयार करने पड़ेगें। बताया कि इस चोटी तक निर्माण सामग्री पहूंचाना सबसे कठिन कार्य हैं । शरारती तत्वों ने आग लगाकर उनके पूर्वजों के द्वारा निर्मित शैड जलाकर मुसीबत में डाल दिया है । उन्हें आशंका है कि इस चोटी पर घूमने काफी पर्यटक व अन्य लोग आते हैं जिन्होने इन शैडों को जला दिया है।

इन्होने बताया कि इस चोटी पर कवालिया देवता का प्राचीन मंदिर भी मौजूद है जिसे पशुपालकों का देवता माना जाता है । जिसकी अपार कृपा से इस चोटी पर किसी भी हिंसक जानवर बाघ अथवा तेंदुए का भय नहीं रहता है। सबसे अहम बात यह है कि कवलिया में भैंस पालकों के अस्थाई शैड में कोई दरवाजा नहीं लगाया जाता है। देवता की कृपा से किसी प्रकार की चोरी का भय नहीं रहता है।

गौर रहे कि समूचे क्षेत्र के पशु पालक हर वर्ष अप्रैल मई में अपनी भैंसों को लेकर कवालिया चोटी पर चले जाते हैं और अक्तूबर व नवंबर में वापिस घर आते हैं । इस चोटी पर भैंसें व अन्य मवेशी खुले वातावरण में स्वछंद विचरण करते हैं। पशुपालक सांय व प्रातः को भैंसों से दूध निकालकर खुले में चुगने में छोड़ देते हैं । यह प्रकिया करीब छः महीने चलती है । उन्होंने बताया कि हर वर्ष अक्तूबर माह के दौरान कवालिया देवता की जातर निकाली जाती है जिसमें समूचे क्षेत्र के लोग शामिल होते हैं। इस मौके पर देवता की पूजा के लिए भंडारे के रूप में भैंस के दूध की खीर बनाई जाती है।

## रिवालसर में 25 जनवरी को आयोजित होगा विशाल कैंसर जागरूकता शिविर

### लला मेमे फाउंडेशन और प्रोजेक्ट कॉज की अनूठी पहल

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 14 जनवरी।** लला मेमे फाउंडेशन और 'प्रोजेक्ट कॉज' नामक संस्था के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 25 जनवरी को रिवालसर में एक विशेष कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय जनता, विशेषकर महिलाओं को कैंसर के लक्षणों, बचाव और उपचार के प्रति जागरूक करना है।

लला मेमे फाउंडेशन के अध्यक्ष मंगल मनेपा ने बैठक के बाद जानकारी देते हुए बताया कि इस महत्वपूर्ण अभियान में प्रसिद्ध समाजसेवी हरमीत सिंह बिट्टू की विशेष सेवाएं ली जाएंगी। शिविर की रूपरेखा तय करने के लिए आयोजित बैठक में फाउंडेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रोफेसर चंद्र मोहन परशीरा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी स्वयं राम, वरिष्ठ पत्रकार शाम आज़ाद, रक्तदान शिविर संयोजक प्रेम लाल और रिवालसर गोम्पा के अध्यक्ष रमेश फ़रका ने भाग लिया।

'प्रोजेक्ट कॉज' की चेयरपर्सन सुरजीत चटर्जी ने बताया कि शिविर में दिल्ली स्थित राजीव गांधी कैंसर अस्पताल के विख्यात विशेषज्ञ डॉक्टर सुमित गोयल मुख्य परामर्शदाता के रूप में उपस्थित रहेंगे। वे उपस्थित लोगों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की समय पर पहचान और आधुनिक उपचार पद्धतियों के बारे में निशुल्क विस्तृत जानकारी देंगे। यह शिविर सांप्रदायिक सौहार्द की भी एक मिसाल बनेगा, जिसमें रिवालसर की पावन भूमि पर स्थित तीनों धर्मों–हिंदू, बौद्ध और सिख समुदाय के लोग बड़ी संख्या में भाग लेकर लाभान्वित होंगे।

फाउंडेशन ने क्षेत्र के निवासियों से अपील की है कि वे इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ उठाएं।

# मकर संक्रांति पर क्योंथल क्षेत्र में पहाड़ी व्यंजनों की महक

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



माघी पर्व पर पारंपरिक व्यंजन बनाती ग्रामीण महिलाएं

**शिमला 14 जनवरी।** मकर सक्रांति का दो दिवसीय पर्व समूचे क्योंथल क्षेत्र में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । लोगों ने अपने घरों में सर्दी की ठिठुरती ठंड में पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन बनाकर खूब चटकारे लिए गए। इसके अलावा क्योंथल के प्राचीन मंदिरों में काफी भीड़ देखी गई।

बता दें कि माघी पर्व पर क्योंथल क्षेत्र में लोहड़ी पर आंगन में अलाव जलाकर तिल की रेवड़ी गजक, मूंगफली से अग्नि पूजा करने की कोई परंपरा नहीं है । इस पर्व पर दुल्ला भटटी और सुंदरी मुंदरी की गाथा नहीं गाई जाती है और न ही बच्चे लोहड़ी मांगते है ।

गौर रहे कि गिरि नदी के दोनों ओर शिमला व सिरमौर जिला के क्षेत्रों में वर्ष के दौरान पड़ने वाली चार बड़ी साजी अर्थात बैशाखी, हरियाली, दिवाली और माघ की साजी पर कुल देवी व देवता की पारंपरिक पूजा करने का विशेष विधान है । लोगों की आस्था है कि इन चार बड़ी साजी पर पीठासीन देवता की पूजा से देवी देवता प्रसन्न होते है और क्षेत्र में समृद्धि एवं खुशहाली का सूत्रपात होता है।

क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक दयाराम वर्मा, अतर सिंह ठाकुर, दौलत राम मेहता ने बताया कि मकर सक्रांति का त्यौहार क्योंथल में केवल पारंपरिक व्यंजनों के साथ मनाया जाता है । यह पर्व दो दिनों तक चलता है जिसमें लोहड़ी के दिन लोग अपने घरों में सिडडू अथवा अस्कलियां बनाने की विशेष परंपरा है जिसे घी के साथ खाया जाता हैं । संक्राति के दिन लोग अपने घरों में पारंपरिक व्यंजन खीर व पटांडे बनाए जाते हैं । इससे पहले लोग अपने गांव के मंदिरों में जाकर देवी देवताओं के दर्शन करके आर्शिवाद लेते हैं । इनका कहना है कि हिंदू धर्म के अनुसार वर्ष का अंतिम त्यौहार है और अंग्रेजी महिने का वर्ष का पहला त्यौहार है।

बता दें क्योंथल क्षेत्र में लोहड़ी को अलाव जलाकर अग्नि पूजा करने की परंपरा नहीं है यह पर्व बड़े सादगी के साथ मनाया जाता है। जबकि सीमा पर लगते गिरिपार क्षेत्र में माघी पर्व पर बकरे काटे जाने की परंपरा बदलते परिवेश में भी कायम है। वरिष्ठ नागरिक दौलतराम मेहता का कहना है कि माघी पर्व से दिन बढ़ने और रातें घटने लग जाती है।

बदलते परिवेश में ग्रामीण परिवेश में त्यौहारों का स्वरूप बदलने लगा है इसके बावजूद भी लोग पारंपरिक त्यौहारों का प्रचलन कायम है जिससे क्षेत्र की संस्कृति का संवर्धन होता है।

## डॉ. राजीव सैजल के पूज्य पिताजी सतगुर दास जी के निधन पर भाजपा नेतृत्व ने व्यक्त किया शोक

### शिमला में हुआ निधन, कुमारहट्टी में अंतिम संस्कार संपन्न

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला, 14 जनवरी।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री हिमाचल प्रदेश डॉ. राजीव सैजल के पूज्य पिताजी सतगुर दास जी का शिमला में पूर्णहृद्रोध के कारण दुखद निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। उनके निधन से परिवार, शुभचिंतकों एवं क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

इस दुखद अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल, शांता कुमार, सांसद सुरेश कश्यप, डॉ. राजीव भारद्वाज, डॉ. सिकंदर कुमार, इंदु गोस्वामी, हर्ष महाजन, कंगना रनौत तथा संगठन महामंत्री सिद्धार्थन सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया।

भाजपा नेतृत्व ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा ईश्वर से इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। दिवंगत सतगुर दास जी की अंतिम शव यात्रा उनके निवास स्थान जीरो प्वाइंट (लोहांजी), कुमारहट्टी से मोक्षधाम सेरी (गांधीग्राम के समीप) तक निकाली गई, जहां दाह-संस्कार विधिवत रूप से संपन्न हो गया। भगवान दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिवार को यह दुःख सहने की शक्ति दें।

## पलासला में प्रयास कबड्डी एसोसिएशन ने एक दिवसीय राज्यस्तरीय ओपन कबड्डी टूर्नामेंट का किया आयोजन

करीब 20 टीमों ने लिया भाग

अर्थ प्रकाश/देश राज




**बरठी, 13 जनवरी।** पलासला में प्रयास स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में एक दिवसीय राज्य स्तरीय ओपन कबड्डी टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-14 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के मुकाबले खेले गए। इस अवसर पर जिला बिलासपुर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने बतौर विशेष अतिथि शिरकत की। जबकि मुख्यतिथि के रूप में बीडीटीएस अध्यक्ष सुरेश चौधरी ने बतौर मुख्य तिथि ने शिरकत करते हुए 21 हजार की राशि खेल प्रोत्साहन के लिए प्रेषित की। टूर्नामेंट में दोनों वर्गो की करीब 20 टीमों ने भाग लिया और अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के आयोजक व सचिव शशि शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध करवाना और ग्रामीण स्तर पर छिपी खेल प्रतिभाओं को आगे लाना है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी सुनिश्चित की। टूर्नामेंट के दौरान दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला और खिलाड़ियों के खेल की सराहना की गई। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रधान प्रकाश चंद, उप प्रधान सुभाष चंद, कोषा ध्यक्ष अशोक, प्रधानाचार्य पवन संख्यान, केसवानंद, ममता शर्मा, रचना, राकेश, कमल कांत, रणजीत, डीपी प्रेम वासिष्ठ, डीपी चयन सिंह, डीपी हरीश शर्मा, पीईटी अजय कुमार, संजय कुमार, राजीव शर्मा, मनोज, रिंकू, सुनील कुमार, सुबेदार कुलवंत ढटवालीय, दीपक, विकास, गंगा राम, सूबेदार जगदीश, महेन्दर सिंह सहित जिला कबड्डी संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस राज में भ्रष्ट और बेलगाम अफसरों को खुली छूट, भाजपा ने लगातार उठाए हैं भ्रष्टाचार के मुद्दे: संजीव कटवाल

### विवादित बयान नहीं, असली सवाल भ्रष्टाचार और प्रशासनिक विफलता का है, मुख्यमंत्री की चुप्पी चिंताजनक

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला, 14 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की विवादित सोशल मीडिया पोस्ट और उससे उपजे घटनाक्रम पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश का प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह से दिशाहीन और बेलगाम हो चुका है। उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि सत्ता के संरक्षण में कुछ अधिकारी खुद को जवाबदेही से ऊपर समझने लगे हैं और भ्रष्टाचार के मामलों पर सरकार जानबूझकर आंखें मूंदे बैठी है।

संजीव कटवाल ने स्पष्ट किया कि भाजपा ने कभी भी ईमानदार अधिकारियों का विरोध नहीं किया, बल्कि पार्टी ने हमेशा कर्तव्यनिष्ठ और प्रदेश के हित में कार्य करने वाले अधिकारियों का सम्मान किया है। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि भाजपा ने बीते समय में बार-बार भ्रष्ट सरकारी अफसरों, वित्तीय अनियमितताओं, कमीशनखोरी और जनता के पैसों की लूट से जुड़े मामलों को मजबूती से उठाया है। चाहे मामला केंद्र से मिलने वाली धनराशि के दुरुपयोग का हो या विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का, भाजपा ने हर मंच पर सरकार से जवाब मांगा है।

उन्होंने भाजपा उपाध्यक्ष एवं सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि जिस तरह से प्रदेश के बाहर से आए वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को लेकर सार्वजनिक और सोशल मीडिया मंचों पर टिप्पणियां की गई हैं, वह न केवल संवैधानिक मर्यादाओं के खिलाफ हैं, बल्कि हिमाचल की उस परंपरा को भी चोट पहुंचाती हैं, जहां देश के हर कोने से आए अधिकारियों ने देवभूमि की सेवा समर्पण भाव से की है। ऐसे बयान मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास हैं।

संजीव कटवाल ने कहा कि असली मुद्दा यह नहीं है कि अधिकारी कहां से आए हैं, बल्कि यह है कि वे अपना कार्य ईमानदारी से कर रहे हैं या नहीं। यदि कोई अधिकारी या सत्ता से जुड़ा व्यक्ति भ्रष्टाचार में लिप्त है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि कांग्रेस सरकार में मंत्री और अधिकारी गैर-जिम्मेदार बयान दे रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री की ओर से न तो कोई स्पष्ट रुख सामने आ रहा है और न ही किसी तरह की अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। यह चुप्पी या तो भ्रष्टाचार पर मौन सहमति को दर्शाती है या फिर प्रशासन पर सरकार की कमजोर पकड़ को–दोनों ही स्थितियां प्रदेश के लिए खतरनाक हैं।

उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी संविधान और सेवा नियमों के तहत निष्पक्ष रूप से कार्य करें, यही लोकतंत्र की बुनियाद है। राजनीतिक संरक्षण के भरोसे मर्यादाहीन बयानबाजी और मनमानी न केवल अनुशासनहीनता है, बल्कि इससे जनता का विश्वास भी टूटता है। भाजपा यह साफ कर देना चाहती है कि प्रदेश की गरिमा, जनता के सम्मान और भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा।

संजीव कटवाल ने मांग की कि मुख्यमंत्री इस पूरे मामले पर तुरंत सार्वजनिक रूप से स्थिति स्पष्ट करें, विवादित बयानों पर जवाबदेही तय करें और यह सुनिश्चित करें कि हिमाचल प्रदेश में प्रशासनिक अनुशासन, पारदर्शिता और सौहार्द को किसी भी कीमत पर कमजोर न होने दिया जाए।

उन्होंने दो टूक कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ पहले भी आवाज उठाती रही है और आगे भी पूरी मजबूती से लड़ाई जारी रखेगी।

# क्रांतिकारी स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन का हुआ इनसो में विलय

**दिग्विजय चौटाला के नेतृत्व में छात्र नेता हरिकेश ढांडा ने ली इनसो की सदस्यता**

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 14 जनवरी।** जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई इनसो को उस समय बड़ी सफलता लगी जब हरियाणा के क्रांतिकारी स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन ने इनसो में विलय करने की घोषणा की। बुधवार को रोहतक में जेजेपी युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला की मौजूदगी में क्रांतिकारी स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन के संस्थापक हरिकेश ढांडा ने अपने संगठन का विलय इनसो में किया और अपने साथियों सहित इनसो जॉइनिंग की।

दिग्विजय चौटाला ने इनसो का पटका पहनाकर और इनसो की मेंबरशिप दिलाकर सभी का स्वागत किया। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि यह विलय छात्र एकता, संघर्ष और अधिकारों को नई ताकत देगा। उन्होंने कहा कि इनसो के बैनर तले छात्र हितों की लड़ाई और अधिक तेज और संगठित होगी। इनसो प्रदेश अध्यक्ष दीपक मलिक के अथक प्रयासों से क्रांतिकारी स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन का आज इनसो में विलय हुआ। जिलाध्यक्ष रोहतक डॉ संदीप हुड्डा ने दिग्विजय सिंह चौटाला को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित एवं स्वागत किया। आपको बता दें कि क्रांतिकारी स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन विद्यार्थियों का संगठन है, जिसकी शुरुआत 23 मार्च 2016 को हरिकेश ढांडा द्वारा की गई थी। क्रांतिकारी स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन द्वारा हरियाणा के कॉलेज और यूनिवर्सिटी में समय-समय पर धरना-प्रदर्शन करके प्रशासन की खामियों के खिलाफ आवाज उठाने का काम किया गया है। वर्तमान में इस संगठन की संपूर्ण हरियाणा के कॉलेज और यूनिवर्सिटी में टीमें है, जो जमीन स्तर पर छात्रों के हितों की लड़ाई लड़ने का काम कर रही है। सरकार की युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ क्रांतिकारी स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन हमेशा खड़ा रहा है। हिसार एचएयू छात्र आंदोलन में भी इस संगठन ने मजबूती के साथ छात्रों की लड़ाई लड़ने का काम किया था। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि युगपुरुष जननायक चौधरी देवीलाल की नीतियों पर इनसो चलने वाला संगठन है, जिसकी शुरुआत 2003 में पूर्व सांसद डॉक्टर अजय सिंह चौटाला ने एक ऐसा पौधा लगाकर की थी कि आने वाले समय में जब भी विद्यार्थियों को एक प्लेटफार्म पर आवाज उठाने की बात आए तो इनसो उनके लिए वह प्लेटफॉर्म बन सके। दिग्विजय ने कहा कि केएसओ के जुड़ने से इनसो और अधिक मजबूत बनकर उभरेगी और छात्रों की आवाज मजबूती के साथ उठाने का काम होगा। उन्होंने कहा कि आज एचपीएससी और एचएसएससी में निरंतर अनियमितताएं देखने को मिल रही है और इन संस्थानों में भ्रष्टाचार चरम पर है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि एचटेट-2024 का परिणाम में हुआ घोटाला हरियाणा की भाजपा सरकार के बिना पर्ची और खर्ची के दावे की पोल खोलता है।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार पर अफसरशाही हावी है और प्रदेश का माहौल खराब हो चुका है। दिग्विजय ने कहा कि आज हरियाणा अपराध में नंबर वन पर है। प्रदेश के अंदर केवल नाम का मुख्यमंत्री हैं और असली मायने में तो लूट खोरी चल रही है और इसके लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री जिम्मेदार है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जेजेपी निरंतर मजबूती के साथ जनहित से जुड़े मुद्दे उठा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की खामियों को जनता के बीच में उजागर किया जा रहा है। दिग्विजय ने कहा कि जेजेपी और इनसो के बैनर तले निरंतर युवा एकजुट हो रहे है और साल 2029 में वैकल्पिक तौर पर भाजपा के सामने अगर कोई लामबंद होकर खड़ा नजर आएगा तो वह जेजेपी ही होगी।

उन्होंने कहा कि 2019 में जेजेपी युवाओं के दम पर 17 प्रतिशत वोट लेने में कामयाब हुए थी और 2029 में उसे दोहराएंगे नहीं, बल्कि और अच्छे परिणाम के साथ आगे बढ़ते नजर आएंगे। विभिन्न जिलों से आए केएसओ के जिला अध्यक्षों और विभिन्न कॉलेज और यूनिवर्सिटी के केएसओ के प्रधानों सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने इनसो ज्वाइन की। जिला प्रेस प्रवक्ता एडवोकेट अजय कुमार इंदौरा ने बताया कि निम्नलिखित राजेश सैनी, दीपक मलिक, कृष्ण घणघस, प्रवीण लांबा, राजेश गुलिया, प्रवेश कंसाला, रविंद्र बखेता, सोरभ ढांडा, राजेश राठी, अमित सिंधु, प्रवीण भूटानी, विक्की सरपंच आदि अनेक इनसो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मोजूद थे।



## रोटरी क्लब आफ रोहतक सफायर ने मनाया लोहड़ी मिलन और मकर संक्रांति समारोह

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 14 जनवरी।** रोटरी क्लब आफ रोहतक सफायर के द्वारा आयोजित दिल्ली रोड पर स्थित वेवस गार्डन में सदस्यों के द्वारा लोहरी मिलन, मकर सक्रान्ति समारोह ब? हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें शहर के गणमान्य व्यक्ति व क्लब के सभी सदस्य परिवार सहित शामिल हुए। सभी समारोह में आने वाले अतिथियों व सदस्यों का गुलाब की कली देकर स्वागत किया व लोहरी की शुभकामनाएं दी। मंच का संचालन राजीव जैन व विनय गोयल ने किया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया समारोह के मुख्य अतिथि एल.पी.एस. बौसार्ड के एम.डी. समाज सेवी उद्योगपति रोटेरियन राजेश जैन, प्रजाइडिंग गेस्ट डिस्ट्रिक गर्वनर रोटेरियन रवि गगुनानी, गेस्ट ऑफ ऑनर पी.डी.जी. डिस्ट्रिक लाईस क्लब रजिन्द्र बंसल, रोटरी क्लब के प्रधान रोटेरियन विजय तायल, सचिव रोटेरियन नितिन तायल, एसिस्टैंट गर्वनर विनोद जैन, नरेश जैन, रोटेरियन सी.ए. सुशील जैन, कैशियर विकास कंसल, प्रोजेक्ट चेयरमैन संजय गोयल, सतीश गोयल व सभी सदस्यों ने पहले भगवान गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया।

## समाज को नशे से बचाना जरूरी : डॉ अशोक कुमार रंगा

**रोहतक, (सुकरमपाल)।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर नस्ल बचाओ अभियान के तहत आज गांव बल्लम के ग्राम सचिवालय में नशे के विरूद्ध जागृति के लिए दूध महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें लोगों को सर्दी के मौसम में गरम दूध पिलाकर नशे के विरूद्ध जागृति किया गया तथा स्थानीय ग्रामीणों व महिलाओं से आग्रह किया गया कि वे नशा करने वालों तथा बेचने वालों को नशा छुड़वाकर मुख्य धारा में सम्मिलित करवाएं। भाजपा जिला प्रभारी (सभी प्रकोष्ठ) रोहतक डॉ अशोक कुमार रंगा ने उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए कहा कि समाज में जिस घर में नशा करने वाले लोग मौजूद है वह घर अशांत रहता है तथा बच्चे दर-दर की ठोकरें खाते हैं इसलिए समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए सामाजिक लोगों को आगे आना होगा।

## तिगांव विधानसभा की बची हुई कॉलोनियों को भी पास कराने का प्रयास जारी : राजेश नागर

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से बिजली, पानी, खड़ंजे के निर्माण कार्य जारी हैं और इनमें अनेक प्रोजेक्ट अभी और जुड़ेंगे। यह बात मंत्री राजेश नागर ने आज वार्ड 26 में खिचड़ी प्रसाद वितरित करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। इसका आयोजन पार्षद लाल मिश्रा ने किया था।

मिश्रा ने मंत्री के समक्ष स्थानीय मांगें भी रखीं जिन्हें उन्होंने जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। नागर ने कहा कि आज के समय भी यहां करोड़ों की लागत से विकास कार्य जारी हैं और आगे भी अनेक कार्य शुरू होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि पल्ला, सेहतपुर, अगवानपुर, विनय नगर आसपास क्षेत्र में अमृत योजना एक के तहत सड़क पानी के बहुत कार्य हुए और अमृत योजना दो के तहत यहां पर और बड़ी संख्या में काम होने हैं। इसके अलावा जो कालोनियां नियमित होने से रह गई हैं उन्हें भी नियमित करने के लिए मैं प्रयासरत हूं और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद से इनको जल्द से जल्द नियमित करवाएंगे जिससे हम नगर निगम के फंड को सीधा इन कॉलोनी में लगा सकेंगे। खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि आप लोगों ने हमें तीसरी बार विकास के आधार पर ही चुना है। यह भाजपा की सरकार बिना भेदभाव के विकास करती है। आज तिगांव विधानसभा क्षेत्र को बाकी शहर से जोड़ने के लिए इतनी संख्या में पुल नहर पर बनाए गए हैं कि यह पूरा क्षेत्र जाम मुक्त हो गया है।

इस अवसर पर धनंजय झा, मिथलेश झा,मुकेश झा,मनोज नागर,प्रहलाद शर्मा, दीपू झा, राम मनोहर भूषण, मंजू बाला, मृत्युंजय सिंह, संदीप सिंह, देवेंद्र कुमार, विकास सिंह, हिमांशु झा, हेमंत राय, सीमा श्रीवास्तव आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## वैश्विक सोच के साथ सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहें युवा : सुभाष बराला

**लोहड़ी पर्व पर संस्कृति और एकता का संदेश, अल्फा इंटरनेशनल सिटी में भव्य आयोजन**

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**फतेहाबाद, 14 जनवरी।** अल्फा इंटरनेशनल सिटी रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मंगलवार देर सायं लोहड़ी पर्व को पारंपरिक उल्लास एवं हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्री सुभाष बराला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक दुड़ाराम ने की। कार्यक्रम में विधि-विधान से लोहड़ी पर्व मनाया गया।

लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए राज्यसभा सांसद श्री सुभाष बराला ने कहा कि युवा पीढ़ी को वैश्विक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ते हुए अपनी परंपरा, संस्कृति और विरासत से सदैव जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से यह संदेश जाना चाहिए कि चाहे हम विश्व के किसी भी कोने में रहें या वैश्विक स्तर पर कार्य करें, हमें अपनी जड़ों को कभी नहीं भूलना चाहिए। सांसद ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब-जब हम अपनी जड़ों से विमुख हुए हैं, तब-तब समाज को इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ा है। उन्होंने कहा कि अपनी भूमि, अपनी पहचान और सामाजिक एकता से दूर होने की कीमत समाज को कई बार चुकानी पड़ी है।

श्री बराला ने कहा कि आज जब हम अखंड भारत के नक्शे को देखते हैं तो यह सोचकर पीड़ा होती है कि हमने क्या खोया है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में हमने गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती, वीर बाल दिवस, गुरु तेग बहादुर जी के 350वें प्रकाश पर्व के आयोजन के बाद आज लोहड़ी पर्व मना रहे हैं। ये पर्व और जयंती केवल उत्सव नहीं हैं, बल्कि हमें सामाजिक एकता, बलिदान और संस्कृति संरक्षण की प्रेरणा देते हैं।

उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी, गुरु गोविंद सिंह जी, भक्ति काल के संत कबीर जी, रविदास जी, धन्ना भगत जी, गुरु जंभेश्वर भगवान और मीरा बाई जैसे संतों-महापुरुषों ने समय-समय पर समाज को दिशा देने का कार्य किया और यह संदेश दिया कि हम अनेक दिखाई देते हुए भी एक हैं।

## एनएसएस शिविर में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए किया प्रेरित

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**फतेहाबाद, 14 जनवरी।** शहीद नरेंद्र सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मेहूवाला में आयोजित करवाए जा रहे एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के 5वें दिन की शुरुआत योग प्रशिक्षक मोनु कवर द्वारा योगासन और प्राणायाम करवा की गई।

सुबह के सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुरजीत बाजिया उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे अपनी पढ़ाई नियमित रूप से, कम से कम स्नातक स्तर तक पूरी करें। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों और छात्राओं को अपनी तथा अपने छोटे भाई-बहनों की सुरक्षा के प्रति सजग रहने की आवश्यकता जताई और सरकार व प्रशासन की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इसके बाद दोपहर बाद के सत्र के मुख्य अतिथि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हिजरावा खुर्द प्रवक्ता (अर्थशास्त्र) सुंदर सुथार ने साइबर क्राइम और डिजिटल लिटरेसी के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने वर्तमान में चल रहे फ्रॉड और धोखाधड़ी के मामलों पर प्रकाश डाला और उनसे बचने के उपाय बताए। साधुराम बेदी ने हमारे गांव के गौरवशाली अतीत, संस्कृति और परंपराओं के बारे में बताया और अपने अनुभव हमारे साथ साझा किए।

कार्यक्रम के अंत में एसएमसी सदस्य राजेंद्र सिहाग और स्वास्थ्य शिक्षा के प्रवक्ता रविंद्र कुमार ने खेल गतिविधियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर एनएसएस जिला कोऑर्डिनेटर रोहतास कड़वासरा, एसएमसी उपप्रधान अंजु शर्मा, दुर्गा देवी, कार्यक्रम अधिकारी विनोद कुमार, प्रधानाचार्य अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।



## समाजसेवी धर्मपाल ठेकेदार ने जरूरतमंदों कों किए गर्म कपड़े वितरित

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा।** मकर संक्रांति के अवसर पर समाजसेवी धर्मपाल ठेकेदार नें बुधवार को जरूरतमंदों में गर्म कपड़े वितरित किए। साथ ही उनके बीच चू?ा-गु?, तिलकुट, खिच?ी का वितरण किया। मौके पर धर्मपाल ठेकेदार ने कहा कि गरीबों की सेवा से आत्मा तृप्त होती है। आगे भी इन्हें हरसंभव मदद का प्रयास किया जाएगा। इस पहल से क्षेत्र के निर्धन परिवारों को कड़ाके की ठंड में कुछ राहत मिली।

समस्ती धर्मपाल ठेकेदार की धर्मपत्री प्रोमिला नें बताया कि समाज के सहयोग से समाज की सेवा की भावना पर आधारित है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में आई भारी गिरावट को देखते हुए यह निर्णय लिया कि कोई भी व्यक्ति साधन विहीन होने के कारण ठंड का शिकार न हो। इस के लिए जरूरतमंदो कों उत्तम श्रेणी के गर्म कपड़े, स्वेटर और जैकेट आदि का वितरण किया गया।

## डीसी डॉ. वीरेन्द्र दहिया ने किया गांव चुलकाना का दौरा, पानी के सैम्पल लेने के दिए निर्देश

**ऐतिहासिक श्याम बाबा मन्दिर को बनाया जाएगा व्हीकल फ्री जोन**

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बुधवार को गांव चुलकाना में जाकर लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही उपस्थित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पीने के पानी के सैम्पल लेने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि लोगों को घरों से पीने के पानी के सैम्पल लिए गए हैं इन सैम्पल को सरकारी लैब के साथ-साथ प्राईवेट लैब में जॉच के लिए भेजा जाएगा और दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। जो लोग गांव के पीने के पानी को दूषित करते हैं उन्हें बख्शा नही जाएगा। उन्होंने इसके लिए समालखा एसडीएम को किसी भी तरह की नरमी ना बरतने के निर्देश दिए।

डीसी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने इसके बाद ऐतिहासिक श्याम बाबा मन्दिर में भी दर्शन किए और लोगों के अच्छे स्वास्थ्य की मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि मन्दिर को व्हीकल फ्री जोन बनाया जाएगा और शीघ्र ही इस पर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। मन्दिर के रास्तों से आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो इसके लिए अवैध रूप से दुकान लगाकर बैठे या सामान बेच रहे लोगों को अन्य जंगह शिफ्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वाहनों की आवाजाही के कारण भी मन्दिर के रास्तों में जाम की समस्या बन रही है। इसलिए इसे व्हीकल फ्री जोन बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि चुलकाना के श्याम मन्दिर के चारों ओर दुकानों पर जो लोग मिलावटी प्रसाद बेच रहे हैं उन पर कार्यवाही की जाएगी और विगत में जिनके सैम्पल लिए गए थे और वे सैम्पल फैल हुए हैं उनकी एफआईआर दर्ज होगी। यही नहीं प्रसाद के सैम्पल लेने की प्रक्रिया आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## डीएचबीवीएन में अप्रेंटिस लगने के लिए अभ्यर्थी 17 तक करें आवेदन

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

**फतेहाबाद, 14 जनवरी।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम फतेहाबाद के अंतर्गत आईटीआई से उत्तीर्ण वायरमैन, इलेक्ट्रीशियन व कोपा ट्रेड के अभ्यर्थियों से एक वर्ष की अवधि हेतु प्रशिक्षु (अप्रेंटिस) पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट https://apprenticeshipindia.gov.in/ ÂÚU SE OP Circle, DHBVN Fatehabad की आईडी के अंतर्गत 17 जनवरी की सायं 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता शिव शंकर रॉय ने बताया कि ऑनलाइन करने के बाद अभ्यर्थियों को 10वीं, आईटीआई, हरियाणा निवास प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की सत्यापित प्रतियां तथा मूल प्रमाण पत्र सत्यापन (डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन) हेतु भट्टू रोड पर स्थित XEN, OP Division, Fatehabad के कार्यालय में 19 व 20 जनवरी, 2026 तक प्रस्तुत करने होंगे।

उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि में दस्तावेज सत्यापन न कराने वाले अभ्यर्थियों का आवेदन मान्य नहीं होगा।

अधिक जानकारी हेतु अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक दूरभाष नंबर 01667-220070 पर संपर्क कर सकते हैं।

**सराहनीय** — खेल मैदान से सम्मान मंच तकः फतेहाबाद पुलिस लाइन के बच्चों की प्रेरक उड़ान

## एसपी ने राष्ट्रीय व राज्यस्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**फतेहाबाद, 14 जनवरी।** कहते हैं कि जब नेतृत्व संवेदनशील हो और सोच कल्याणकारी, तो उसका प्रभाव केवल व्यवस्था तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी संवार देता है। फतेहाबाद पुलिस लाइन आज ऐसी ही एक सफल और प्रेरणादायक कहानी की साक्षी बन चुकी है, जहाँ पुलिस कर्मचारियों के बच्चों ने अपने सपनों को साकार कर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर जिले और पुलिस विभाग का नाम रोशन किया है।

इस प्रेरक बदलाव के केंद्र में हैं पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस, जिनके दूरदर्शी नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ पुलिस कर्मचारियों और उनके परिवारों के समग्र कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने यह स्पष्ट संकल्प लिया कि पुलिस कर्मचारियों के बच्चों को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएँ तथा सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि पुलिसकर्मी निश्चिंत होकर राष्ट्र और समाज की सेवा कर सकें।

**सम्मान का क्षण - प्रेरणा का संदेश**

इन सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आज *पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस* ने अपने कार्यालय में आमंत्रित कर मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह सफलता अनुशासन, निरंतर परिश्रम, अभिभावकों के सहयोग और सही मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी फतेहाबाद पुलिस ऐसी प्रतिभाओं को हर संभव सहयोग प्रदान करती रहेगी।

इसी सोच के तहत पुलिस लाइन क्षेत्र में साफ-सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं और आधारभूत संरचना का व्यापक विकास किया गया। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की स्थापना, हाई-टेक लाइब्रेरी, आधुनिक डिस्पेंसरी, नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर तथा स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित खेल स्टेडियम जैसी सुविधाएँ इस बदलाव की मजबूत नींव बनीं।

पुलिस लाइन स्थित खेल स्टेडियम में उपलब्ध बेहतर माहौल, आधुनिक संसाधनों और अनुशासित दिनचर्या ने बच्चों के सपनों को नई दिशा दी। कोच विनोद कुमार के कुशल मार्गदर्शन और निरंतर प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप फतेहाबाद पुलिस लाइन के 10 होनहार बच्चों ने राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में गोल्ड व सिल्वर मेडल जीतकर न केवल अपने परिवारों बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया।

इसके अतिरिक्त, हरियाणा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी इन उभरते खिलाड़ियों ने लगभग *10 गोल्ड व सिल्वर मेडल* अपने नाम कर यह सिद्ध कर दिया कि यदि सही वातावरण और मार्गदर्शन मिले, तो प्रतिभा किसी भी ऊँचाई को छू सकती है। राष्ट्रीय स्तर पर *मोहित और मुस्कान ने एथलेटिक्स में गोल्ड एवं सिल्वर मेडल हासिल किए, जबकि अक्षी, अलीशा, रीतू, निकिता, रीधम, माधव, कार्तिक, शौरभ एवं भविष्य* ने राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर फतेहाबाद पुलिस का मान बढ़ाया।

# विश्व पुस्तक मेले के थीम पवेलियन में दिग्गज गीतकार आनंद बख्शी की स्मृति में यादगार कार्यक्रम सम्पन्न

अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता

**नई दिल्ली।** थीम पवेलियन, भारत मंडपम, विश्व पुस्तक मेला-2026 में दिग्गज गीतकार आनंद बख्शी पर भारतीय सेना को समर्पित भावपूर्ण आयोजन मंगलवार दिनांक 13-1-26 को अद्विक पब्लिकेशन द्वारा आयोजित किया गया, 'दिल दिया है जान भी देंगे ऐ वतन तेरे लिये...'। विश्व पुस्तक मेले के अंतर्गत भारतीय सैन्य इतिहास से जुड़े 'शौर्य और प्रज्ञा' कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज थीम मंडप पर एक विशेष साहित्यिक, सांस्कृतिक आयोजन संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम भारतीय सेना को समर्पित था और प्रसिद्ध गीतकार आनंद बख्शी की स्मृति में आयोजित किया गया। अद्विक पब्लिकेशन प्रा. लिमिटेड के सौजन्य से आयोजित इस सत्र का समय प्रातः 11ः00 से 11ः45 बजे तक रहा। कार्यक्रम का शीर्षक था– 'द कंट्रीब्यूशन ऑफ आनंद बख्शी ः ए पोएट एंड लिरिसिस्ट। कार्यक्रम की पृष्ठभूमि में आनंद बख्शी द्वारा लिखा गया देशभक्ति गीत 'दिल दिया है जान भी देंगे ऐ वतन तेरे लिए गूंजता रहा। जिसने पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत कर दिया। पैनल चर्चा में राकेश आनंद बख्शी, यूसुफ खान, संगीता विजित और शालिनी अगम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आनंद बख्शी के पुत्र राकेश आनंद बख्शी ने अपने पिता के जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने वर्ष 1945 की एक मार्मिक घटना साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार कठिन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद आनंद बख्शी ने साहित्य और गीतों के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाई। राकेश आनंद बख्शी ने कहा कि उनके पिता के गीत केवल मनोरंजन नहीं थे, बल्कि वे आम जन की भावनाओं, देशप्रेम और जीवन के यथार्थ को स्वर देते थे। उन्होंने कुछ व्यक्तिगत संस्मरण भी साझा किए, जिन्हें श्रोताओं ने अत्यंत भावुकता से सुना। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि यूसुफ खान, जो एक प्रतिष्ठित संगीतकार हैं और फिल्म एवं संगीत जगत की कई नामी हस्तियों के साथ काम कर चुके हैं, ने आनंद बख्शी की बायोग्राफी 'नगमे किस्से बाते यादें' पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह कृति न केवल एक गीतकार की जीवन यात्रा को दर्शाती है, बल्कि हिंदी फिल्म संगीत के स्वर्णिम दौर का भी दस्तावेज है।

कार्यक्रम की शुरुआत शालिनी अगम (राष्ट्रीय अध्यक्ष-किआन फाउंडेशन) ने ÷जय हिंद÷ के उद्घोष के साथ की, जिससे पूरे मंडप में उत्साह का संचार हो गया। उन्होंने पुस्तक मेले की इस थीम की सराहना करते हुए कहा कि साहित्य और राष्ट्रभाव को जोड़ने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है।कार्यक्रम का शानदार मंच संचालन ऋषि कुमार शर्मा (पूर्व उप-सचिव हिन्दी अकादमी) द्वारा किया गया। अंत में अद्विक पब्लिकेशन के



निदेशक अशोक गुप्ता ने आये हुये सभी सम्मानित अतिथियों एवं एनबीटी की टीम का आभार प्रकट किया। संगीता बिजित, जो पेशे से बीटेक स्नातक हैं, ने मंच से श्रीराम के श्लोक 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' का पाठ किया। इसके बाद उन्होंने देशभक्ति गीत 'वतन वालो वतन न बेच देना, ये धरती ये गगन न बेच देना' गुनगुनाया, जिसने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कुल मिलाकर यह कार्यक्रम आनंद बख्शी के साहित्यिक योगदान, देशभक्ति की भावना और भारतीय सांस्कृतिक चेतना का सशक्त संगम साबित हुआ, जिसने विश्व पुस्तक मेला-2026 में एक यादगार छाप छोड़ी।

## मुख्यमंत्री धामी ने खटीमा में उत्तरायणी मेले का किया शुभारंभ



अर्थ प्रकाश / खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मकर संक्रांति के अवसर पर उधम सिंह नगर जिले के खटीमा में ब्रह्मदेव मंदिर क्षेत्र स्थित लोहिया पुल के पास भगवान शिव एवं हनुमान की प्रतिमाओं का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर में पूजा–अर्चना कर प्रदेश की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की और प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले मुख्यमंत्री धामी ने लाल कोठी में उत्तरायणी मेले का फीता काटकर शुभारम्भ किया और मेले में मौजूद लोगों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में सांसद अजय भट्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगरपालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## लद्दाख-गृह मंत्रालय की आगामी वार्ता से बेहतर नतीजों की उम्मीद

अर्थ प्रकाश /जम्मू, । लद्दाख के उपराज्यपाल ने बुधवार को गृह मंत्रालय और लद्दाख के प्रतिनिधियों के बीच आगामी वार्ता के संतोषजनक नतीजों की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि बातचीत के जरिए ही सभी मुद्दों का समाधान संभव है। कमेटी की अध्यक्षता नित्यानंद राय करेंगे गृह मंत्रालय ने हाल ही में फैसला किया है कि लद्दाख से जुड़े मुद्दों पर बनी हाई पावर्ड कमेटी (एचपीसी) की बैठक जनवरी के अंत में बुलाई जाएगी। इस कमेटी की अध्यक्षता केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय करेंगे। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक सुरक्षा लागू करने की मांग को लेकर लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) संयुक्त रूप से आंदोलन कर रहे हैं। इस संबंध में पहले भी इन संगठनों और हाई पावर्ड कमेटी के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है। नई डोमिसाइल नीति नई डोमिसाइल नीति के अनुसार, जो लोग लद्दाख में 15 साल से रह रहे हैं, या जिन्होंने लद्दाख में किसी स्कूल से 7 साल पढ़ाई की हो और 10वीं या 12वीं की परीक्षा वहीं से दी हो, उन्हें लद्दाख का डोमिसाइल माना जाएगा। ऐसे लोग केंद्र शासित प्रदेश या स्थानीय संस्थाओं में सरकारी नौकरी के पात्र होंगे।

## त्रिपुराःमुख्यमंत्री ने एंजेल चकमा मामले में दिया कार्रवाई का आश्वासन

### - एंजेल चकमा के परिजनों से मिले मुख्यमंत्री माणिक साहा

अर्थ प्रकाश /अगरतला, । त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने बुधवार को उत्तराखंड में मारे गए त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने चकमा परिजनों को आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इस मामले पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ लगातार संपर्क में हैं और आरोपियों को कानून के दायरे में रहकर सजा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुझे आश्वासन दिया है कि इस मामले में शामिल किसी भी आरोपी बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही, एंजेल चकमा के छोटे भाई को नौकरी दिलाने में भी मदद देने की बात कही।

## समारोह पूर्वक मना धर्म यात्रा महासंघ का 32वां स्थापना दिवस

अर्थ प्रकाश /हरिद्वार, । विश्व हिन्दू परिषद से संबद्ध धर्म यात्रा महासंघ का 32वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भूपतवाला स्थित चेतनज्योति अक्षय घाट पर आयोजित समारोह में हवन, पूजन व प्रभु संकीर्तन के साथ सैंकड़ों लोगों ने प्रत्येक वर्ष किसी न किसी धार्मिक यात्रा में भाग लेने का संकल्प लिया।

धर्मयात्रा महासंघ स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज ने कहा कि धर्म यात्रा महासंघ विश्व हिंदू परिषद का आयाम है जो धार्मिक मेलों व यात्राओं में सेवा, संस्कार, समरसता और संगठन के माध्यम से हिंदू और सनातन के जागरण का कार्य करता है। उन्होंने कहा महासंघ जहां स्थानीय व प्रांतीय स्तर पर परंपरागत रूप से चल रही यात्राओं में सहयोग करता है, वहीं महासंघ ने बीते वर्ष से श्री कृष्ण गुरुकुल शिक्षा यात्रा तथा बूढ़ा अमरनाथ यात्राऐं शुरू की हैं। श्री कृष्ण गुरुकुल शिक्षा यात्रा मथुरा से शुरू होकर उज्जैन में सांदीपनि आश्रम तक जाती है। महासंघ केन्द्रीय स्तर पर प्रत्येक वर्ष एक ज्योतिर्लिंग का चयन कर वहां रूद्राभिषेक का बड़ा आयोजन करता है।

अयोध्या से जनकपुरी (नेपाल) तक प्रत्येक वर्ष होने वाली राम विवाह यात्रा का आयोजन महासंघ का विशेष आकर्षण है।

समारोह के मुख्य अतिथि हरिद्वार के सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने धर्म यात्रा महासंघ के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि महासंघ केन्द्रीय और स्थानीय स्तर पर अनेक धार्मिक यात्राओं के साथ मानसरोवर व अमरनाथ में तीर्थयात्रियों के लिए विविध व्यवस्थाएं भी जुटाता है। उन्होंने कहा महासंघ की मांग पर अनेक राज्य सरकारों ने पर्यटन मंत्रालय से अलग तीर्थाटन मंत्रालय भी बनाए हैं।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे चेतन ज्योति आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी ऋषिश्वरानंद महाराज ने सनातन और धार्मिक भावनाओं के जागरण में धर्म यात्रा महासंघ की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाते हुए महासंघ की स्थापना के लिए ब्रह्मलीन अशोक सिंघल को याद किया। भारत माता मंदिर के महंत महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी ने परंपरागत रूप से चली आ रही धर्म यात्राओं को व्यवस्थित करने के साथ नई धार्मिक यात्राएं प्रारंभ करने के लिए धर्म यात्रा महासंघ को साधुवाद दिया।

समारोह का संचालन कर रहे धर्म यात्रा महासंघ के केंद्रीय मंत्री डॉ. रजनीकांत शुक्ल ने कहा धर्मयात्रा महासंघ की स्थापना विहिप के तत्कालीन अन्तराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल ने 1995 में हरिद्वार में ही की थी। मकर संक्रांति पर्व पर अस्तित्व में आए इस महासंघ की आज भारत के सभी प्रांतों में संगठन व शाखाएं हैं। भारत की आत्मा तीर्थों में वास करती है। तीर्थों का विकास भारत का विकास है, धर्मयात्रा महासंघ का ध्येय वाक्य है। महासंघ के प्रांतीय महामंत्री डा. चन्द्रधर काला, महिला मण्डल की राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा गुप्ता, समाजसेवी बृजभूषण विद्यार्थी, विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय संगठन मंत्री अजय कुमार, प्रांतीय कोषाध्यक्ष डा. उपेन्द्र गुप्ता व जिला महामंत्री मनोज चौहान ने भी विचार व्यक्त किये।

## न्यूज ब्रीफ

### अधिकारी ने ममता को कोयला घोटाले से जुड़े आरोपों को लेकर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी

अर्थ प्रकाश/ कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने खुद को कोयला तस्करी मामले से जोड़ने को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। अधिकारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया कि उन्होंने मानहानि नोटिस का जवाब देने के लिए बनर्जी को जो समय–सीमा दी थी, वह अब समाप्त हो चुकी है। उन्होंने लिखा, 'ममता बनर्जी पूरी तरह असमंजस में दिख रही हैं। मेरी ओर से भेजे गए मानहानि नोटिस का जवाब देने के लिए उन्हें जो समय दिया गया था, वह अब खत्म हो चुका है और मुश्किल में होने के कारण वह जवाब नहीं दे पा रही हैं।' अधिकारी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के आरोप मनगढ़ंत हैं। उन्होंने कहा, 'अपने आचरण से मुख्यमंत्री ने यह साफ कर दिया है कि मेरे कोयला घोटाले में शामिल होने को लेकर लगाए गए उनके काल्पनिक आरोप उनकी अस्वस्थ मानसिक स्थिति की उपज हैं।' उन्होंने कानूनी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए कहा, 'अदालत में कानूनी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें। ममता बनर्जी, अब मैं आपसे अदालत में मिलूंगा।' अधिकारी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को कानूनी नोटिस भेजकर 72 घंटे में सबूत पेश कर यह साबित करने को कहा था कि वह कोयला तस्करी मामले में शामिल हैं। उन्होंने कहा था कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो वह दीवानी और फौजदारी दोनों तरह की मानहानि की कार्यवाही शुरू करेंगे। अधिकारी के इन बयानों पर बनर्जी या सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अधिवक्ता सूर्यनील दास के माध्यम से भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि बनर्जी ने आठ और नौ जनवरी को सार्वजनिक रूप से अधिकारी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को कथित कोयला घोटाले से जोड़ा था और सबूत होने का दावा किया था, लेकिन कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया गया। पिछले सप्ताह बनर्जी ने दो बार आरोप लगाया था कि निर्वाचन आयोग पक्षपाती है और अमित शाह के निर्देशों पर काम कर रहा है। उन्होंने केंद्रीय एजेंसियों पर तृणमूल कांग्रेस के सांसदों को निशाना बनाने का आरोप भी लगाया था और यह भी कहा था कि कथित कोयला घोटाले की रकम अधिकारी और भाजपा नेताओं के जरिए शाह तक पहुंचाई गई।

### राहुल गांधी की ओर से कोई संदेश नहीं आया, उन्होंने अच्छा काम जारी रखने को कहा हैः शिवकुमार

अर्थ प्रकाश/बेंगलुरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने बुधवार को स्पष्ट किया कि मीडिया में जिस तरह से कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी की ओर से कोई संदेश दिए जाने की खबरें आ रही हैं, वैसा कोई संदेश उन्हें नहीं मिला है। शिवकुमार ने कहा कि राहुल गांधी ने केवल राज्य सरकार से अच्छा काम जारी रखने को कहा है। शिवकुमार कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर जारी अटकलों को भी खारिज कर दिया। दरअसल उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा था, ''प्रयास विफल हो सकते हैं, लेकिन प्रार्थनाएं नहीं'' और इसे मंगलवार शाम को राहुल गांधी के साथ हुई अपनी संक्षिप्त बातचीत से जोड़ा था। मंगलवार शाम को राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उप मुख्यमंत्री एवं मुख्यमंत्री पद के दावेदार डी.के. शिवकुमार के साथ मुलाकात की जिसके बाद दोनों नेताओं के बीच जारी सत्ता संघर्ष को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी थीं। शिवकुमार ने एक सवाल के जवाब में कहा, ''मैं कांग्रेस की राज्य इकाई का अध्यक्ष हूं, वह (राहुल गांधी) लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं, वह पहले कांग्रेस अध्यक्ष भी रह चुके हैं। क्या उनसे हमारी मुलाकात, उनसे हुई चर्चा, उन्हें सम्मान देना और प्रोटोकॉल के अनुसार उनका स्वागत करना – इन सब पर सार्वजनिक रूप से चर्चा की जा सकती है? आप (मीडिया) अनावश्यक रूप से किसी के अनौपचारिक बयान को उद्धृत करके भ्रम पैदा कर रहे हैं और अपने टीवी चैनलों की प्रतिष्ठा को धूमिल कर रहे हैं।'' यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने जोर देकर कहा, 'कोई संदेश नहीं है, हम उनसे (राहुल गांधी से) मिले थे। उन्होंने हमें अच्छे तरीके से काम करते रहने को कहा, हम अच्छे तरीके से काम करते रहेंगे। हमने उन्हें राज्य में मनरेगा (मनरेगा बचाओ अभियान) से संबंधित अपनी योजनाओं के बारे में जानकारी दी है। हमने राज्य में भाजपा की राजनीति पर भी चर्चा की।' जब उनसे पूछा गया कि क्या राहुल गांधी के साथ ऐसी कोई बात हुई है जिसे मीडिया के साथ साझा नहीं किया जा सकता है, तो शिवकुमार ने कहा, ''मेरे साथ ऐसी कोई बात नहीं हुई, सब कुछ हमेशा मेरे पास रिकॉर्ड पर होता है।'' सोशल मीडिया पर उनके उस पोस्ट के बारे में पूछे जाने पर जिसमें लिखा था कि 'प्रयास विफल हो सकते हैं, लेकिन प्रार्थनाएं नहीं', उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है और उन्होंने यह बात पहले भी कही है। शिवकुमार ने कहा, ''हाल में मैं 'उद्यमी वोक्कालिगा–एफसी एक्सपो 2025' (वोक्कालिगा उद्यमों के विकास और सफलता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक कार्यक्रम) में गया था, वहां मैंने अपने अनुभव साझा करते हुए यह कहा था और इसे ट्वीट भी किया था।'' शिवकुमार ने बताया कि वह 16 जनवरी को नयी दिल्ली जा रहे हैं।

### जयपुर में सेना दिवस परेड की तैयारियां पूरी, रक्षा मंत्री भी शामिल होंगे

अर्थ प्रकाश/जयपुर। जयपुर में 'सेना दिवस परेड 2026' की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी भाग लेंगे। शहर में पहली बार हो रही यह परेड जगतपुरा इलाके की महल रोड पर होगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है। शहर में यातायात के लिए भी खास इंतजाम किए गए हैं। शहर में बृहस्पतिवार से पांच दिवसीय 'जयपुर साहित्य महोत्सव' भी शुरू हो रहा है। इसके अलावा शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक दिन के जयपुर दौरे पर रहेंगी। इसको देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां व पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। 'सेना दिवस परेड' की तैयारियां महल रोड पर एक जनवरी से चल रही हैं। भव्य सैन्य परेड के लिए दो फुल ड्रेस रिहर्सल हो चुकी हैं। मिली जानकारी के अनुसार, इस परेड की शुरुआत चेतक हेलीकॉप्टर द्वारा राष्ट्रीय ध्वज और सेना ध्वज फहराए जाने के साथ होगी।

## लारजी व दलासनी के जंगलों में भड़की आग, लपटें पहुंची ग्रामीण क्षेत्रों में

**पार्वती कोल डैम ट्रांसमिशन लाइन भी हुई प्रभावित**

अर्थ प्रकाश /अशेष शर्मा

**सैंज(कुल्लू) 14 जनवरी।** सराज वन मंडल के लारजी बीट में मंगलवार देर रात से आग भड़की हुई है तथा बुधवार को आग ने विकराल रूप धारण करते हुए दलासनी बीट में भी प्रवेश कर दिया है। करीब बीस हेक्टर क्षेत्र में फैली आग ने अब ग्रामीण क्षेत्र की ओर रुख कर दिया है जबकि एशिया की सबसे बड़ी विद्युत परियोजना पार्वती कोल डैम बिजली लाइन के टावरों को भी आग ने अपनी चपेट में लिया। हालांकि टावरों को ज्यादा नुकसान तो नहीं हुआ किंतु शरारती तत्वों द्वारा जंगलों में लगाई आग ने बिजली के टावरों को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। पार्वती कोल्ड डैम ट्रांसमिशन कंपनी के सहायक प्रबंधक राजीव कुमार ने बताया कि जंगलों में फैली आग ने तबाही मचाई हुई है। ट्रांसमिशन कंपनी की टीम ने बिजली टावरों के आसपास की आग को बुझाने में सफलता हासिल की है अन्यथा करोड़ों का नुकसान हो जाता। स्मरण रहे कि बंजार वन मंडल में बहुमूल्य वन संपदा का आग से धू-धू कर जलने का सिलसिला शुरू हो गया है। शाम ढलते ही कुछ शरारती तत्व व शिकारी किस्म के लोग जंगलों में आग लगा देते हैं। एक तरफ ऊपर से सूखा और कई महीनो से जंगलों में बारिश न होने से जंगल खूब दहकने लगे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ लोग अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए जंगलों में आग लगा देते हैं और कुछ शरारती तत्व व शिकारी किस्म के लोग शिकार के लिए घास को आग लगाते है ताकि उनका शिकार करने में आसानी हो। मंगलवार देर शाम शरारती लोगों ने सैंज के लारजी वन बीट में आग लगा दी जिस कारण आग ने विकराल रूप धारण कर पूरे जंगल को तबाह कर डाला। वन विभाग की टीम ने स्थानीय के साथ मिलकर अभियान चलाया तथा आग को काबू पा लिया, अन्यथा पंचायत के तीन गांव आग की चपेट में आ सकते थे। वन परिक्षेत्र अधिकारी सैंज लेनिन शर्मा ने बताया कि वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा है तथा शरारती लोगों की पहचान की जा रही है। उधर पंचायत प्रधान कुबेर सिंह ने बताया कि स्वार्थी लोगों की वजह से वनों में असंख्य जीव जंतुओं, वनस्पतियों के अतिरिक्त नन्हे पेड़ पौधों को भी अपनी जान से हाथ धोना पड़ रहा है। पंचायत प्रधानों, समाज सेवकों व पर्यावरण प्रेमियों ने वन विभाग से मांग की है कि शरारती तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि घाटी के वनों की रक्षा की जाए। फिलहाल बंजार व सैंज के जंगल आग से सुरक्षित नहीं है तथा शाम ढलते ही रोजाना वनों में आग लग रहे हैं।



*जंगलों में आग लगने वाले शरारती लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग आग की आपदा से निपटने के लिए हर समय तत्पर है।*
*मनोज कुमार*
*वन मंडल अधिकारी*
*सराज वन मंडल बंजार।*

## पूर्व सैनिक राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव : राज्यपाल

**–देहरादून में 10वां सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस गरिमा के साथ मनाया गया**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने पूर्व सैनिकों की राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और समर्पण को समाज के लिए अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि 'राष्ट्र सर्वोपरि' का मंत्र पूर्व सैनिकों ने केवल अपनाया नहीं, बल्कि जीवनभर जिया है। उनका यह समर्पण आज भी समाज को दिशा देने और राष्ट्र निर्माण को सशक्त बनाने की प्रेरणा देता है।



बुधवार को मुख्यालय उत्तराखंड सब एरिया की ओर से 10वां सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस गरिमा के साथ मनाया गया। यह दिवस भारत के प्रथम कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल के.एम करिअप्पा की सेवानिवृत्ति की वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उत्तराखंड के विशिष्ट पूर्व सैनिकों को सम्मानित भी किया गया।

राज्यपाल ने कहा कि बलिदानियों के परिवारों और उनके आश्रितों की देखभाल करना हमारा सर्वोच्च कर्तव्य है। प्रत्येक पूर्व सैनिक में नेतृत्व, अनुशासन और समर्पण का अद्वितीय गुण होता है, जो उन्हें समाज का आदर्श मार्गदर्शक बनाता है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक न केवल सेना में, बल्कि नागरिक जीवन में भी लोककल्याण की भावना के साथ राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। साथ ही वे हनी क्रांति, अरोमा क्रांति, मिलेट क्रांति, होमस्टे योजनाओं और स्वयं सहायता समूहों जैसे अभियानों को सशक्त बना सकते हैं।

इस कार्यक्रम में राज्य के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य सरकार पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। वहीं जनरल ऑफिसर कमांडिंग, उत्तराखंड सब एरिया, मेजर जनरल एमपीएस गिल, वीएसएम ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा और निर्माण में पूर्व सैनिकों के योगदान को सदैव स्मरण किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण के प्रति मुख्यालय उत्तराखंड सब एरिया की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। आयोजन में लगभग एक हजार पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर सेना, नौसेना और वायु सेना के सेवारत जवानों के साथ एनसीसी कैडेट्स भी उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव ने स्किल हब सहसपुर का किया दौरा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**देहरादून ।** मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को देहरादून जनपद में कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के अंतर्गत स्किल हब सहसपुर का दौरा किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में चलाए जा रहे पाठ्यक्रमों की विस्तार से जानकारी ली एवं प्रशिक्षण पा रहे छात्र-छात्राओं से बातचीत की।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में प्रदेश के सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के छात्र छात्राओं को भ्रमण कराया जाए। मुख्य सचिव ने क्षमता से कम छात्रों के प्रशिक्षण पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को एक माह में पूर्ण क्षमता का उपयोग किया जाए।

मुख्य सचिव ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में संचालित कोर्स को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने की बात भी कही। उन्होंने विदेशी भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ ही सम्बन्धित देश का लिविंग और वर्किंग कल्चर की जानकारी भी प्रशिक्षुओं को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य सचिव ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में प्रशिक्षण पा रहे छात्र - छात्राओं से बातचीत कर उनके अनुभवों और भावी योजनाओं पर चर्चा की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। निदेशक कौशल विकास एवं सेवायोजन श्री संजय कुमार ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य के देहरादून जनपद में कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग द्वारा स्किल हब सहसपुर की स्थापना की गयी है। स्किल हब सहसपुर में राज्य के युवाओं को देश में आईटी0आई0 उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार से जोड़ने के उददेश्य से उच्च स्तर का तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करने एवं विदेश रोजगार से जोडने के लिये आवश्यक विदेशी भाषा का प्रशिक्षण प्रदान करते हुये विभिन्न आरएएप के माध्यम से विदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जा रहे है। स्किल हब सहसपुर के अंतर्गत सेन्टर ऑफ ऐक्सीलेस एवं विदेश रोजगार प्रकोष्ठ है। वर्तमान में विदेश रोजगार प्रकोष्ठ द्वारा मुख्यत नर्सिंग, केयर गिवर एवं आतिथ्य के क्षेत्र में जापान एवं जर्मनी में राज्य के युवाओं को सेवायोजित किये जाने का कार्य किया जा रहा है। उक्त युवाओं को डोमेन प्रशिक्षण राज्य के नर्सिंग कॉलेज एव होटल मैनेजमेंट इन्स्टीयूट द्वारा दिया जा रहा है तथा प्रकोष्ठ द्वारा स्किल हब सहसपुर में आवासीय विदेशी भाषा का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी देहरादून श्री सविन बंसल, निदेशक कौशल विकास एवं सेवायोजन श्री संजय कुमार, संयुक्त निदेशक श्री अनिल सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




## भारत कोकिंग कोल का आईपीओ 143 गुना सब्सक्राइब, निवेशकों को अलॉटमेंट का इन्तजार

नई दिल्ली, ।

कोल इंडिया की सब्सिडायरी कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के 1,078.68 करोड़ रुपए का आईपीओ का अलॉटमेंट बुधवार को फाइनल हो सकता है। इश्यू अप्लाई करने के लिए 9 जनवरी को खुला था और 13 नवंबर को बंद हो गया था। बोली लगाने के आखिरी दिन यह आईपीओ 143 गुना सब्सक्राइब हुआ। सब्सक्रिप्शन का प्रोसेस पूरा होने के बाद अब निवेशक अलॉटमेंट का इन्तजार कर रहे हैं। अलॉटमेंट 14 नवंबर को फाइनल होने की संभावना है। भारत कोकिंग आईपीओ को निवेशकों से तगड़ा रिस्पांस मिला है। आईपीओ को कुल 143 गुना सब्सक्राइब किया गया। एनएसई आंकड़ों के मुताबिक इश्यू को 34,69,46,500 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 49,90,71,10,200 शेयरों के लिए बोलियां मिली। सबसे ज्यादा बोलियां क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल निवेशकों की तरफ से देखने को मिली जिन्होंने इश्यू को कुल 310.81 गुना अप्लाई किया। इसके अलावा नॉन इंस्टीट्यूशनल निवेशकों ने 240.49 गुना और क्वालिफाइड निवेशकों ने 49.37 गुना अप्लाई किया। भारत कोकिंग आईपीओ के शेयर ग्रे मार्केट में मजबूत प्रीमियम के साथ कारोबार कर रहे हैं। ग्रे मार्केट में भारत कोकिंग कोल के शेयर बुधवार को 36.4 रुपए के भाव पर ट्रेड कर रहे थे। यह अपर प्राइस बैंड 23 रुपए से 13.4 रुपए या करीब 58.26 फीसदी ज्यादा है। इससे शेयर की लिस्टिंग को लेकर बाजार में अच्छी उम्मीदें दिखती हैं।

## इलेक्ट्रिक एसयूवी ईएक्स 60 को ग्लोबल स्तर पर होगी लॉन्च




नई दिल्ली ।

वोल्वो कंपनी आगामी 21 जनवरी को अपनी नई मिड-साइज इलेक्ट्रिक एसयूवी ईएक्स 60 को ग्लोबल स्तर पर लॉन्च करेगी । कंपनी के मुताबिक, इएक्स60 को नए इलेक्ट्रिक-फोकस्ड आर्किटेक्चर और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी के साथ तैयार किया गया है। यह गाड़ी मौजूदा एक्ससी60 की जगह लेगी और वोल्वो के पूरी तरह इलेक्ट्रिक ब्रांड बनने की रणनीति का अहम हिस्सा होगी। वोल्वो इएक्स60 में 800-वोल्ट का हाई-वोल्टेज इलेक्ट्रिकल सिस्टम दिया गया है, जो मौजूदा 400-वोल्ट सिस्टम की तुलना में ज्यादा एफिशिएंट माना जाता है। इस तकनीक से चार्जिंग के दौरान गर्मी कम पैदा होती है और ऊर्जा की बचत होती है। ऑल-व्हील-ड्राइव वेरिएंट में यह एसयूवी यूरोपियन डब्ल्यूएलटीपी टेस्ट साइकिल के अनुसार सिंगल चार्ज पर करीब 810 किलोमीटर तक की रेंज दे सकती है। वहीं, नॉर्थ अमेरिकन मार्केट में ईपीए स्टैंडर्ड के तहत इसकी अनुमानित रेंज करीब 644 किलोमीटर बताई जा रही है। चार्जिंग स्पीड ईएक्स60 की बड़ी खासियत मानी जा रही है। कंपनी के अनुसार, 400 केडब्ल्यू डीसी फास्ट चार्जर से कनेक्ट होने पर यह इलेक्ट्रिक एसयूवी सिर्फ 10 मिनट में करीब 340 किलोमीटर तक की रेंज जोड़ सकती है। इसमें सेल-टू-बॉडी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है, जिससे बैटरी सीधे चेसिस का हिस्सा बन जाती है। इससे गाड़ी की मजबूती, सेफ्टी और हैंडलिंग में सुधार होता है। इसके अलावा, वोल्वो पहली बार मेगा-कास्टिंग तकनीक का इस्तेमाल कर रही है, जिससे वजन कम होगा और मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस ज्यादा सरल बनेगा। वोल्वो ने इस हाई-परफॉर्मेंस बैटरी सिस्टम के लिए 10 साल की बैटरी वारंटी देने की भी घोषणा की है। ईएक्स60 नए एसपीए3 प्लेटफॉर्म पर आधारित पहली कार होगी, जिसे खासतौर पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए डिजाइन किया गया है।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आया बदलाव

नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव आया है। घरेलू बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने लगी है।

इससे बुधवार सुबह घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में बदलाव आया है। कच्चा तेल महंगा होने से आज कई शहरों में तेल की कीमतों में तेजी रही है जबकि कुछ जगह गिरावट आयी है। नोएडा में पेट्रोल 94.90 रुपये और डीजल 88.01 रुपये प्रति लीटर हो गया है.

वहीं उत्तराखंड में भी तेल की कीमतों में कमी आई है। राजधानी देहरादून में पेट्रोल 26 पैसे नीचे आकर 93.43 रुपये प्रति लीटर और डीजल 31 पैसे सस्ता होकर 88.33 रुपये लीटर बिक रहा है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 35 पैसे उछलकर 105.58 रुपये लीटर हो गया जबकि डीजल 33 पैसे ऊपर आकर 91.82 रुपये लीटर पहुंच गया।

चारों महानगरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें पहले की तरह ही हैं। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर जबकि मुंबई में पेट्रोल 103.44





रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर। वहीं चेन्नई में पेट्रोल 100.76 रुपये और डीजल 92.35 रुपये प्रति लीटर पर है। कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर पर बना हुआ है।

इन शहरों में बदल गए रेट

- देहरादून में पेट्रोल 93.43 रुपये और डीजल 88.33 रुपये प्रति लीटर हो गया है.
- पटना में पेट्रोल 105.58 रुपये और डीजल 91.82 रुपये प्रति लीटर हो गया है.

## रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई ।



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 6 पैसे की गिरावट के साथ ही 90.30 पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस रुपया 90.24 पर बंद हुआ था। अमेरिकी डॉलर की मजबूती, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी के कारण भी रुपया नीचे आया। गत दिवस अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.24 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सत्र में इसमें हल्की मजबूती जरूर देखने को मिली, लेकिन यह 90.22 के स्तर तक ही सीमित रही, जो पिछले बंद भाव की तुलना में पांच पैसे की गिरावट को दिखाता है। इससे पहले सोमवार को रुपया 90.17 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख वैश्विक मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 फीसदी की बढ़त के साथ 98.73 पर बना रहा।

## सोने और चांदी की कीमतों में भारी उछाल

नई दिल्ली ।



घरेलू बाजार में बुधवार को सोने ओर चांदी की तेज शुरुआत हुई। आज सुबह एमसीएक्स पर सोना 1,43,088 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए स्तर पर पहुंच गया है। वहीं चांदी 4.15 फीसदी बढ़कर 2,86,600 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंची है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी दोनों की कीमतों में उछाल आया है। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें 6,000 रुपए ऊपर आकर 2,71,000 रुपए प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं जबकि सोना 1,45,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के अपने शीर्ष स्तर पर जा पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि चांदी की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही है। इसकी कीमतें 6,000 रुपए यानी 2.3 प्रतिशत उछलकर 2,71,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई हैं। वहीं सोमवार को चांदी 15,000 रुपए यानी छह प्रतिशत की जबर्दस्त उछाल के साथ ही 2,65,000 रुपए प्रति किग्रा के शीर्ष स्तर पर पहुंच गई थी। वहीं यह शुक्रवार को 2,50,000 रुपए प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। चांदी पिछले तीन कारोबारी सत्रों में कुल 21,000 रुपए यानी 8.4 फीसदी ऊपर आयी हैं। साल 2026 में अब तक चांदी कुल 32,000 रुपए करीब 13.4 फीसदी की तेज बढ़त दर्ज की है। यह 31 दिसंबर, 2025 को 2,39,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर रही थी।

# एनपीएस वात्सल्य योजना के नियमों में बदलाव, अब 80 फीसदी निकाल सकेंगे रकम

### अब खाताधारकों को निकासी-एग्जिट के मामले में मिलेगा ज्यादा लचीलापन

नई दिल्ली, ।

पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने नाबालिगों के लिए शुरू की गई एनपीएस वात्सल्य योजना के नियमों में बदलाव किया है। इन संशोधनों का उद्देश्य योजना को और सरल और आकर्षक बनाना है, ताकि अभिभावक अपने बच्चों के नाम पर इस योजना के तहत निवेश करने के लिए आगे आएं। नए नियमों के मुताबिक अब खाताधारकों को निकासी और एग्जिट के मामले में पहले की तुलना में ज्यादा लचीलापन मिलेगा।

संशोधित प्रावधानों के तहत एनपीएस वात्सल्य खाते से खाता खोलने के तीन साल बाद आंशिक निकासी की अनुमति दी गई है। शिक्षा, चिकित्सा उपचार और निर्धारित विकलांगता जैसी जरूरतों के लिए स्वयं के योगदान का अधिकतम 25 फीसदी तक निकाला जा सकेगा। वित्त मंत्रालय के मुताबिक यह आंशिक निकासी 18 साल की आयु से पहले दो बार और 18 से 21 वर्ष की आयु के बीच दो बार की जा सकती है, जो तय शर्तों के अधीन होगी। पहले नियमों में 18 वर्ष की उम्र तक अधिकतम तीन बार ही आंशिक निकासी की अनुमति थी।

एग्जिट नियमों में किए गए बदलाव अहम माने जा रहे हैं। अब खाताधारकों के पास यह विकल्प होगा कि वे अपनी पूरी राशि एनपीएस टियर-1 खाते में ट्रांसफर करें या कुल जमा राशि का 80 फीसदी तक एकमुश्त निकाल लें। शेष न्यूनतम 20 फीसदी राशि से पेंशन के लिए एन्युटी खरीदना अनिवार्य रहेगा। इसके अलावा यदि खाते में कुल जमा राशि आठ लाख रुपए या उससे कम है, तो पूरी राशि निकालने की अनुमति दी गई है। पहले के नियमों में कम से कम 80 फीसदी रकम से एन्युटी खरीदना जरूरी था और केवल शेष राशि ही एकमुश्त मिलती थी।




एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरुआत सितंबर 2024 में की गई थी। यह योजना एनपीएस का ही एक हिस्सा है, लेकिन इसमें खाता केवल 18 साल से कम उम्र के बच्चों के नाम पर खोला जाता है। खाते का संचालन माता-पिता या अभिभावक करते हैं, जबकि लाभार्थी केवल बच्चा होता है। इस योजना का मकसद बच्चों के लिए लंबे समय में रिटायरमेंट फंड तैयार करना है, ताकि कंपाउंडिंग का लाभ मिल सके और छोटी बचत भी बड़े फंड में बदल सके।

इस योजना में न्यूनतम 1000 रुपए से निवेश शुरू किया जा सकता है और अधिकतम निवेश की कोई सीमा नहीं है। एनआरआई भी अपने बच्चों के नाम पर यह खाता खुलवा सकते हैं। खाता एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पोस्ट ऑफिस या एनपीएस के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए खोला जा सकता है।

# ताइवान ने क्यों जारी किया वनप्लस कंपनी के सीईओ के खिलाफ अरेस्ट वारंट

ताइवान ।

मोबाइल कंपनी वनप्लस इनदिनों बड़ी परेशानी में है। रिपोर्ट के अनुसार कंपनी के सीईओ पीट लाउ के खिलाफ ताइवान ने अरेस्ट वारंट जारी किया है। लाउ पर आरोप है कि उन्होंने स्थानीय कानूनों का उल्लंघन कर ताइवान के मजदूरों को अवैध रूप से नौकरी पर रखा है। रिपोर्ट के अनुसार शिलिन डिस्ट्रिक्ट प्रोसिक्यूटर ऑफिस ने इस बात की पुष्टि की हैं कि 70 से अधिक ताइवानी इंजीनियरों की अवैध भर्ती के आरोपों की पूरी जांच के लिए वनप्लस सीईओ लाउ की तलाश हो रही है। प्रोसिक्यूटर्स (अभियोजकों) के अनुसार भर्ती प्रक्रिया में लाउ की कथित रूप से सहायता करने वाले दो ताइवानी नागरिकों पर पहले ही आरोप तय किए जा चुके हैं। मामला ताइवान के क्रॉस-स्ट्रेट एक्ट को अनदेखा करने का कथित प्रयास है, जो ताइवान और मेनलैंड चीन के बीच इकोनॉमिक और कारोबारी संबंधों को नियंत्रित करता है। इस अधिनियम के तहत चीनी कंपनियों को स्थानीय वर्कर्स को काम पर रखने या ताइवान में कुछ व्यावसायिक गतिविधियां करने से पहले ताइवानी सरकार से जरूरी अप्रूवल लेना अनिवार्य है।



अभियोजकों का दावा है कि वनप्लस ने हॉन्गकॉन्ग में एक अलग नाम से एक फर्जी कंपनी शुरू की, जिसका इस्तेमाल 2015 में ताइवान में एक अनधिकृत शाखा स्थापित करने के लिए किया गया। आरोप है कि यह इकाई बिना नियामक की मंजूरी के ऑपरेट हुई और वनप्लस स्मार्टफोन के लिए रिसर्च और डिवेलपमेंट का काम करती थी। जांचकर्ता ताइवानी अधिकारियों का तर्क है कि यह तामझाम जानबूझकर कंपनी के मेनलैंड चाइना ओनरशिप को छिपाने और कानूनी जांच से बचने के लिए हुआ था।

## अलग तरह का डिवाइस पेश करने की तैयारी में ऐपल

नई दिल्ली ।

टेक दिग्गज कंपनी ऐपल किसी पारंपरिक फोल्डेबल स्मार्टफोन की बजाय एक अलग तरह का डिवाइस पेश करने की तैयारी में है। आईफोन फोल्ड फोन से ज्यादा फोल्ड होने वाले आईपेड जैसा अनुभव दे सकता है। अब तक बाजार में मौजूद फोल्डेबल स्मार्टफोन, जैसे सैमसंग गैलेक्सी झेड फोल्ड और गूगल पिक्सल फोल्ड, बंद होने पर सामान्य फोन जैसे दिखते हैं और खोलने पर बड़ी स्क्रीन वाले फोन में बदल जाते हैं। हालांकि, आईफोन फोल्ड को लेकर दावा है कि इसका डिजाइन इससे काफी अलग होगा। लीक के मुताबिक, यह डिवाइस फोल्ड होने पर लंबा नहीं बल्कि चौड़ा और कॉम्पैक्ट होगा। जब आईफोन फोल्ड को पूरी तरह खोला जाएगा, तो इसका आकार और स्क्रीन अनुपात आईपेड मिनी के काफी करीब हो सकता है। इसी वजह से टेक एक्सपर्ट इसे ÷फोन जो खुलता है÷ के बजाय ÷आईपेड जो फोल्ड होकर बंद होता है÷ के रूप में देख रहे हैं। इस चर्चा को तब और मजबूती मिली, जब टेक एक्सपर्ट स्टीफन हैकेट ने लीक के आधार पर इसका 3डी-प्रिंटेड मॉडल तैयार किया। इस मॉडल को देखकर कई विशेषज्ञों ने सवाल उठाया कि यह डिवाइस फोन की कैटेगरी में आएगा या टैबलेट की। अगर ये लीक सही साबित होती हैं, तो ऐपल स्मार्टफोन और टैबलेट के बीच की सीमाओं को काफी हद तक खत्म कर सकता है।

# स्वास्थ्य सुरक्षा को कर्ज से जोड़ना दान नहीं, वित्तीय विकास का तरीका है नागेश्वरन

नई दिल्ली, ।

मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि कर्जदाताओं व कर्ज लेने वालों दोनों की रक्षा के लिए समावेशी फाइनैंस और स्वास्थ्य देखभाल बीमा व सामाजिक सुरक्षा के एक व्यापक इकोसिस्टम में शामिल किए जाने की जरूरत है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सुरक्षा को कर्ज से जोड़ना दान नहीं है, बल्कि वित्तीय विकास का तरीका है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीईए ने कहा कि लोगों के पुनर्भुगतान में पिछड़ने का एक मुख्य कारण आलस्य या गैर जिम्मेदारी नहीं, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी झटकों जैसी अप्रत्याशित घटनाएं हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी तरह से डिजाइन की गई ऋण व्यवस्था भी अपने दम पर कुछ नहीं कर सकती। जब बीमारी हमला करती है तो उभरता कारोबार भी लड़खड़ा जाता है। नागेश्वरन ने मुख्यधारा के बैंकों से अर्थव्यवस्था के औपचारिकीकरण की प्रक्रिया का दर्शक बनने के बजाय बल्कि नए उधारकर्ताओं के नए तरीकों को सक्रिय रूप से अपने मूल पोर्टफोलियो में शामिल करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि गली में सड़क पर सामान बेचने वाले भी अनुशासित हो सकते हैं और बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब सवाल यह है कि क्या औपचारिक बैंकिंग प्रणाली वास्तविकता को पहचानने और उन्हें ओवरड्राफ्ट, बीमा और कार्यशील पूंजी की सुविधा प्रदान करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति को हमेशा के लिए सूक्ष्म उधारकर्ता नहीं रहना चाहिए और उसका व्यवसाय बढ़ने पर उसके पास ज्यादा वित्तीय विकल्प होने चाहिए।

## 52 सप्ताह के हाई पर निजी बैंक का शेयर..........ब्रोकरेज फर्म ने खरीदी की सलाह दी

मुंबई ।

निजी सेक्टर बैंक एक्सिस बैंक के शेयर बुधवार (14 जनवरी) को इंट्रा-डे में चार प्रतिशत के करीब चढ़कर 1,308.40 रुपये के 52 सप्ताह के हाई पर पहुंच गए। बैंक के शेयरों में यह तेजी वित्त वर्ष 2025-26 के दूसरे हिस्से में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदों से आई है। बैंक के शेयर अब अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 1,339.55 रुपये के करीब पहुंच गए हैं, जो 12 जुलाई 2024 को बना था। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने एक्सिस बैंक पर खरीदारी की सलाह को बरकरार रखकर टारगेट प्राइस बढ़ाकर 1,420 रुपये किया है। यह स्टॉक के पिछले बंद भाव से 12 प्रतिशत ज्यादा है। एक्सिस बैंक के शेयर मंगलवार को 1261 रुपये पर बंद हुए। ब्रोकरेज ने रिपोर्ट में कहा कि कारोबार में लगातार मजबूती, मुनाफे पर सीमित दबाव और एक बार के प्रावधानों का सामान्य होने जैसे कारणों से वित्त वर्ष 2026 के दूसरे हिस्से में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। ब्रोकरेज ने कहा कि बैंक को उम्मीद है कि मुनाफे का दबाव अक्टूबर से दिसंबर 2025 की तिमाही में सबसे निचले स्तर पर आएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि आगे ब्याज दरों में कटौती की संभावना नहीं है। कैश रिजर्व रेश्यो



से राहत और जमा लागत के सामान्य होने से भी मदद मिलेगी। सितंबर 2025 की तिमाही में बैंक की ऋण लागत तिमाही आधार पर 65 आधार अंक घटकर 73 आधार अंक रह गई। इससे संकेत मिलता है कि पहली तिमाही में किए गए तकनीकी प्रावधानों का असर अब पूरी तरह खत्म हो चुका है।

एक्सिस बैंक के शेयर का प्रदर्शन एक माह में करीब सपाट रहा है। तीन और छह महीने में शेयर 10 प्रतिशत चढ़ा है। एक साल में स्टॉक ने 23 प्रतिशत, दो साल में 15 फीसदी और तीन साल में 38.72 फीसदी का रिटर्न दिया है।

## भारत का पूर्वी एशिया के बाजारों में यूपीआई का विस्तार करने पर विशेष जोर

### आज भारत में करीब 50 फीसदी डिजिटल लेनदेन हो रहा है




नई दिल्ली, ।

वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने कहा है कि सरकार स्वदेशी डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) की अंतरराष्ट्रीय मौजूदगी बढ़ाने की दिशा में कदम उठाया है। पूर्वी एशिया के बाजारों में इसका विस्तार करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूपीआई के कारण आज भारत में करीब 50 फीसदी डिजिटल लेनदेन हो रहा है। हमने कुछ देशों में विस्तार किया है और अब इसे कई अन्य देशों, खासकर पूर्वी एशिया में ले जाने की कोशिश कर रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नागराजू ने कहा कि यूपीआई पहले ही भूटान, सिंगापुर, कतर, मॉरिशस, नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), श्रीलंका और फ्रांस समेत आठ देशों में चल रहा है। इससे भारत के यात्रियों को इस प्लेटफॉर्म के जरिए भुगतान करने की सुविधा मिल रही है। नागराजू ने छोटी और सूक्ष्म इकाइयों को मध्यम उद्यमों में बदलने की जरुरत पर जोर दिया। देश में कई करोड़ इकाइयों की उपस्थिति के बावजूद सूक्ष्म इकाइयों का मध्यम और बड़े उद्यमों में रूपांतरण नहीं हो रहा है। दरअसल देश में सूक्ष्म इकाइयां मझोले और बड़े उद्योगों में परिवर्तित नहीं हो रही हैं, जबकि कई करोड़ इकाइयां मौजूद हैं। मुझे लगता है कि ऐसा तभी होगा, जब सूक्ष्म उद्यमों को समर्थन, बाजार तक पहुंच और उत्पादकता का लाभ मिले।

## दिसंबर में थोक महंगाई दर में बढ़ोत्तरी, खाने-पीने की चीजों के दाम

नई दिल्ली, ।



दिसंबर 2025 में देश की थोक महंगाई दर (डब्लयूपीआई) बढ़कर 0.83 फीसदी हुई है। यह लगातार दूसरा माह है, जब थोक महंगाई में बढ़त दर्ज हुई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक खाने-पीने की चीजों, गैर-खाद्य वस्तुओं और मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों के दाम बढ़ने से बढ़ोतरी हुई है। बीते दो महीनों में थोक महंगाई ने नकारात्मक रुख दिखाया था। अक्टूबर 2025 में थोक महंगाई -1.21 फीसदी और नवंबर में -0.32 फीसदी रही थी। वहीं दिसंबर 2024 में थोक महंगाई दर 2.57 फीसदी थी।

उद्योग मंत्रालय के मुताबिक, दिसंबर 2025 में थोक महंगाई सकारात्मक होने की मुख्य वजह मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में कीमतों का बढ़ना है। खास तौर पर मशीनरी, उपकरण, खाद्य उत्पाद, कपड़ा, खनिज और अन्य निर्माण से जुड़ी वस्तुओं के दाम बढ़े हैं। आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में खाद्य पदार्थों में गिरावट (डिफ्लेशन) घटकर 0.43 फीसदी रह गई, जबकि नवंबर में यह 4.16 फीसदी थी। सब्जियों के दामों में भी गिरावट कम हुई। दिसंबर में सब्जियों की कीमतों में 3.50 फीसदी की गिरावट रही, जबकि नवंबर में यह गिरावट 20.23 फीसदी तक थी।

दिसंबर 2025 में मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों की थोक महंगाई बढ़कर 1.82 फीसदी हुई, जो नवंबर में 1.33 फीसदी थी। वहीं गैर-खाद्य वस्तुओं में महंगाई बढ़कर 2.95 फीसदी रही, जो नवंबर में 2.27 फीसदी थी। दूसरी ओर, ईंधन और बिजली सेक्टर में थोक महंगाई नकारात्मक बनी हुई है। दिसंबर में सेक्टर में 2.31 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जो नवंबर के करीब बराबर है। इसके पहले जारी आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर में खुदरा महंगाई (सीपीआई) भी बढ़कर 1.33 फीसदी हो गई थी, जो नवंबर में 0.71 फीसदी थी।

महंगाई दर में नरमी को देखकर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष में अब तक 1.25 फीसदी की ब्याज दर कटौती की है। पिछले महीने आरबीआई ने पॉलिसी रेट में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती कर 5.25 फीसदी किया था। आरबीआई ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय ÷गोल्डीलॉक्स फेज÷ में है, जहां विकास तेज है और महंगाई कम है।

# ज़ाइडस पिंकाथॉन की दिल्ली में वापसी, 8 मार्च को जेएनयू स्टेडियम में आयोजन

अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता

**नई दिल्ली।** मुंबई में अपने ऐतिहासिक 10वें संस्करण की सफलता के बाद ज़ाइडस पिंकाथॉन ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अपने आठवें संस्करण की वापसी की घोषणा की है। यह आयोजन 8 मार्च 2026 को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होगा, जिसे दिल्ली की महिला रनिंग कम्युनिटी के लिए एक खास 'होमकमिंग' माना जा रहा है।
दिल्ली में आयोजित घोषणा कार्यक्रम में बताया गया कि पिंकाथॉन 2025-26 सीजन में लगातार विस्तार कर रहा है। मुंबई संस्करण में 5,300 से अधिक महिलाओं की भागीदारी के साथ दृष्टिबाधित महिलाओं की सामूहिक दौड़ का विश्व रिकॉर्ड भी बना था।
छह वर्षों के अंतराल के बाद दिल्ली लौट रहा पिंकाथॉन इस बार 3 किमी, लाइफलॉन्ग 5 किमी, 10 किमी के साथ 50 किमी, 75 किमी, 100 किमी और 100 किमी रिले जैसी अल्ट्रा-डिस्टेंस श्रेणियों में आयोजित होगा। यह आयोजन ज़ाइडस लाइफसाइंसेज़ की टाइटल पार्टनरशिप के साथ महिलाओं के स्वास्थ्य, समावेशन और सशक्तिकरण को बढ़ावा देता रहेगा। ज़ाइडस की 'ईज़एिस्ट एग्ज़ाम' मुहिम के तहत नियमित सेल्फ ब्रेस्ट एग्ज़ामिनेशन को प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे स्तन कैंसर की शुरुआती पहचान को लेकर जागरूकता बढ़े। इस वर्ष दिल्ली संस्करण में विभिन्न श्रेणियों की प्रेरणादायक महिलाओं को मैस्कॉट के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। 100 किमी में कमांडर प्रिया खुराना, 75 किमी में रितु चंदेल हांडा, 50 किमी में दृष्टिबाधित धाविका आरती लिमजे, 10 किमी में जसविंदर कौर, लाइफलॉन्ग 5 किमी में कैंसर सर्वाइवर भावना सक्सेना और 3 किमी में बेबीवियरिंग मदर मारिया बगातसिंग आयोजन का प्रतिनिधित्व करेंगी।
पिंकाथॉन के संस्थापक मिलिंद सोमन ने कहा कि दिल्ली हमेशा से पिंकाथॉन की यात्रा का अहम हिस्सा रही है और यहां लौटना उस संवाद को आगे बढ़ाने जैसा है जो कभी रुका नहीं। वहीं ज़ाइडस लाइफसाइंसेज़ के एमडी डॉ. शरविल पटेल ने महिलाओं से हर महीने केवल तीन मिनट का सेल्फ-एग्ज़ाम अपनाने की अपील की।
मुख्य आयोजन से पहले साड़ी रन, ग्रैंडमदर्स 10के, विज़ुअली इम्पेयर्ड ट्रेनिंग रन और कैंसर शेरो वॉक जैसे सामुदायिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। 2012 में शुरू हुआ पिंकाथॉन आज एक राष्ट्रव्यापी मंच बन चुका है, जो महिलाओं के लिए फिटनेस को सुलभ, समावेशी और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला अनुभव बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है।



## विशेष शिविर का आयोजन किया

अर्थ प्रकाश /चंडीगढ़। निदेशक, सीपीडीएल (CPDL) के सक्षम मार्गदर्शन में पुनर्वास कॉलोनी, बापू धाम, सेक्टर-26, चंडीगढ़ में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य उन निवासियों से बिजली कनेक्शन जारी किए जाने हेतु आवेदन प्राप्त करना था, जिनके बिजली मीटर भुगतान में चूक के कारण पूर्व में ईडब्ल्यूईडीसी (EWEDC) द्वारा हटाए गए थे।

मीटर हटाए जाने के उपरांत, स्थल पर कुंडी कनेक्शनों की लगातार उपस्थिति देखी जा रही थी। यह एक अवैध प्रथा है, जो क्षेत्र के निवासियों के जीवन एवं सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर रही थी। इस क्षेत्र में पहली बार सीपीडीएल द्वारा कुंडी कनेक्शनों की समस्या पर अंकुश लगाने तथा सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों के साथ वैध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने हेतु यह सराहनीय पहल की गई।


इस शिविर के माध्यम से निवासियों को बिना किसी जटिल दस्तावेजी प्रक्रिया के एक सरल एवं सुगम मंच उपलब्ध कराया गया। आवेदकों से केवल निवास अथवा कब्जे के प्रमाण के रूप में आधार कार्ड अथवा मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया। शेष सभी औपचारिकताएँ, जिनमें सुरक्षा राशि का मौके पर ही भुगतान स्वीकार करना भी शामिल है, सीपीडीएल के कर्मचारियों द्वारा पूर्ण रूप से संपन्न कराई गईं। शिविर की समाप्ति तक कुल 110 आवेदन, सुरक्षा राशि सहित, प्राप्त किए गए। इन आवेदनों के आधार पर संबंधित कार्यालय द्वारा विद्युत मीटरों की स्थापना हेतु आवश्यक कार्रवाई शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। यह पहल जनहित में एक उत्साहवर्धक और नागरिक-केंद्रित कदम है।

## राहगीरों की जान ले रहा चाइनीज मांझे पर सीओ सदर नेचलायाचेकिंग अभियान

अर्थ प्रकाश /हनुमान शरण पांडे / अयोध्या। जानलेवा चाइनीज मांझे के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। क्षेत्राधिकारी सदर (सीओ सिटी) श्रेयस त्रिपाठी ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अश्वनी पांडे के साथ मंगलवार को चौक सहित विभिन्न क्षेत्रों में पतंग व मांझा बेचने वाली दुकानों पर चेकिंग अभियान चलाया। यह कार्रवाई एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर की गई। अभियान के दौरान दुकानों से चाइनीज मांझा जब्त किया गया और दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई। क्षेत्राधिकारी सदर ने कहा कि चाइनीज मांझा अत्यंत खतरनाक है, जिससे गले व हाथ कटने, दुर्घटनाएं होने और करंट लगने जैसी घटनाएं सामने आती हैं। मकर संक्रांति के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस पूरी सतर्कता के साथ अभियान चला रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चाइनीज मांझे की बिक्री और इस्तेमाल किसी भी स्थिति में बर्दाशत नहीं किया जाएगा, उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## नयागांव के गोविंद नगर में चोको का पैकेट खोल कर दूध वाली प्लेट में चोको तो निकला मरा हुआ चूहा

अर्थ प्रकाश/ जे के बत्ता न्यू चंडीगढ। रोवन भाटिया गोबिंद नगर मकान नं 945 नयागांव ने बताया कि उसने अपने घर के पास वाली दुकान से अपने बच्चों के खाने के लिए चौकौ खरीद कर प्लेट में दूध डालकर चोको का पैकेट खोल कर दूध वाली प्लेट में चोको मिलाएं और बच्चों के खाने के रखे? अचानक हमारी ?नजर? पड़ी उस में एक छोटा सा चूहा मरा हुआ देखा तो हम हैरान और परेशान होंगे और उसी समय हम ने उसकी अपने मोबाइल फोन पर वीडियो बनाई और अपने मित्रो को इस की जानकारी दी शुक्र है कि अभी बच्चों ने खाना शुरू नहीं किया था। अगर अचानक हमारे बच्चे खा जाते किसी तरह की घटना घट जाती कौन जिम्मेदार होता। यह एक बेहद गंभीर और घृणित घटना है, जिसमें चोको के पैकेट में मरा हुआ चूहा मिलना खाद्य सुरक्षा का उल्लंघन है और यह उत्पाद की गुणवत्ता पर सवाल उठाता है । ऐसी स्थिति में आपको तुरंत कंपनी से संपर्क करने पर किसी ने फोन नही उठाया । स्थानीय खाद्य सुरक्षा विभाग को सूचित करना है और मामले की जांच के लिए पुलिस में शिकायत दर्ज करावाई जा रही है क्योंकि यह जानलेवा हो सकता है , साथ ही सोशल मीडिया पर सबूत (जैसे वीडियो/फोटो) शेयर की जा रही हैं ।



## सांसद चैंपियनशिप शुरू, 350 खिलाड़ी ले रहे भाग

अर्थ प्रकाश/देहरादून। राज्यसभा सांसद डॉ. नरेश बंसल ने बुधवार को यहां परेड ग्राउंड पर स्थित बहुउद्देश्य हॉल में सांसद चैंपियनशिप ट्रॉफी का उद्घाटन किया। इस प्रतियोगिता में जिले की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के करीब 350 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। राज्यसभा सांसद डॉ. नरेश बंसल ने खेलों का ध्वजारोहण और मशाल प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने ट्रॉफी का अनावरण कर खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका परिचय जाना और उन्हें जीत की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर सांसद बंसल ने कहा कि सांसद चैंपियनशिप ट्रॉफी में आधुनिक खेलों के साथ परंपरागत खेल भी शामिल हैं। इसमें अंडर-14 और अंडर-19 बालक-बालिका वर्ग में फुटबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, पिट्ठू, खो-खो, रस्साकसी, गोली-कंचा और मुर्गा झपट प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी और विजेता टीम को नकद पुरस्कार दिया जाएगा। सांसद बंसल ने खिलाड़ियों को अनुशासन और समर्पण के साथ खेलों को अपनाने की प्रेरणा दी और कहा कि यह केवल टाइमपास नहीं बल्कि करियर का अवसर है। उन्होंने यह भी बताया कि इस चैंपियनशिप के बाद प्रदेश स्तर के विजेता सरकारी नौकरियों में चार प्रतिशत आरक्षण के हकदार होंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का आरंभ 23 दिसंबर से खेल महाकुंभ के तहत न्याय पंचायत स्तर पर हुआ था। विजेता खिलाड़ी विधानसभा स्तर पर मुकाबला करने पहुंचे और अब सांसद चैंपियनशिप ट्रॉफी के लिए चयनित हुए हैं। प्रतियोगिता में राजपुर रोड, रायपुर, सहसपुर, देहरादून कैंट, मसूरी, डोईवाला, धर्मपुर, विकासनगर, चकराता और ऋषिकेश विधानसभा के खिलाड़ी शामिल हैं। इस अवसर पर युवा कल्याण अधिकारी प्रमोद पांडे, जिला क्रीड़ा अधिकारी रविंद्र भंडारी सहित संबंधित अधिकारी, कोच और खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### गांव बूथगढ़ न्यू चंडीगढ़ के ड्रेनेज का पानी गुरु घर ब्लॉक के सामने जमा - लोकहित मिशन ने एक हफ्ते का अल्टीमेटम दिया



अर्थ प्रकाश / जे.के. बत्ता, न्यू चंडीगढ़। गांव बूथगढ़ न्यू चंडीगढ़ के घरों से पानी की निकासी न होने के कारण गंदा पानी मेन हाईवे कुराली-सिसवां रोड और गुरु घर ब्लॉक के सामने लिंक रोड पर भी भर गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए लोकहित मिशन के नेता गुरमीत सिंह शंटू, रविंदर सिंह बजीदपुर, मंदीप सिंह खिजराबाद, भगत सिंह भगत माजरा और अच्छर सिंह कंसाला ने बताया कि गांव बूथगढ़ न्यू चंडीगढ के घरों का इस्तेमाल किया जाने वाला पानी मेन हाईवे कुराली-सिसवां रोड पर बिना निकासी का इंतजाम किए छोड़ दिया गया। जिससे चंडीगढ़, PGI, बद्दी और कुराली आदि जाने वाले राहगीरों के लिए बड़ी दिक्कत हो रही है, वहीं अब यह पानी गांव वजीदपुर के लिंक रोड तक पहुंच गया है। जिस कारण सड़क पर भारी मात्रा में गंदा पानी नदी की तरह बहने से गुरु घर ब्लॉक में आने वाली संगत समेत राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है। इस बारे में हाल ही में जिला प्रशासन और बीडीपीओ ब्लॉक माजरी को बताया गया था, लेकिन इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकला तो मिशन ने बीडीपीओ को फोन करके पानी की इस समस्या को हल करने के लिए एक हफ्ते का अल्टीमेटम दिया है, उन्होंने जल्द ही पाइपलाइन बिछाने और पानी को दूसरी जगह ले जाने का भरोसा दिया है।

### प्राचीन शिव मंदिर नाडा रोड पर श्री राम परिवार (राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान) और अन्य देवियो की मूर्तियों की स्थापना के लिए हुआ श्री अशोक राहेजा व उनकी पत्नी द्वारा भूमी पूजन -प्रेम शर्मा



अर्थ प्रकाश/ जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ । प्राचीन शिव मंदिर नाडा रोड के प्रधान श्री प्रेम शर्मा और श्री सुरेन्द्र पाल शर्मा ने बताया कि आज मंदिर के हाल में पर श्री राम परिवार (राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान) और अन्य देवियो की मूर्तियों की स्थापना के लिए मशहूर बिजनेसमैन श्री अशोक राहेजा व उनकी पत्नी द्वारा भूमि पूजन किया गया है, जो एक धार्मिक कार्यक्रम है और प्रधान श्री प्रेम शर्मा और सुरेन्द्र पाल शर्मा ने बताया कि इससे यह दर्शाता है कि क्षेत्र के लोग भगवान राम और अन्य देवी-देवताओं के प्रति बहुत आस्था रखते हैं, जिससे मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल बढ़ेगा और नए विग्रहों के साथ पूजा-अर्चना का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रधान श्री प्रेम शर्मा और श्री सुरेन्द्र पाल शर्मा ने यह भी बताया कि नाडा रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर में नए विग्रहों की स्थापना कर धार्मिक महत्व बढ़ाना और भक्तों के लिए पूजा का केंद्र बनाना। जिससे शिव और राम भक्तों के बीच जुड़ाव बढ़ेगा। यह समाचार स्थानीय धार्मिक आयोजनों का एक हिस्सा है, जो भारत के विभिन्न हिस्सों में मंदिरों के जीर्णोद्धार और नई मूर्तियों की स्थापना की परंपरा को दर्शाता है, जैसा कि अयोध्या राम मंदिर के भूमि पूजन और प्राण प्रतिष्ठा जैसी घटनाओं से पता चलता है। इस मोके पर श्री राम किशन चौधरी श्री पवन शर्मा,श्री गोरव सैनी, श्री सुखबीर जी सहित सैंकडो श्रध्दालू हाजिर थे ।

### कुराड़ी मोहल्ला, कालका में राधा कृष्ण मंदिर के पास धूमधाम से मनाया गया लोहड़ी पर्व



अर्थ प्रकाश/ कालका जग्गी। कुराड़ी मोहल्ला, राधा कृष्ण मंदिर के समीप लोहड़ी का पर्व इस वर्ष बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। पूरे क्षेत्र में सुबह से ही उत्सव का माहौल बना रहा और शाम होते-होते कार्यक्रम में विशेष रौनक देखने को मिली। मोहल्ले के लोगों ने एकत्र होकर परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार लोहड़ी की अग्नि प्रज्वलित की। सभी श्रद्धालुओं ने अग्नि की परिक्रमा कर माथा टेका और परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इसके पश्चात सभी ने एक-दूसरे को गुड़, गचक, रेवड़ी, मूंगफली, पॉपकॉर्न और अन्य पारंपरिक प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम की सबसे आकर्षक झलक तब देखने को मिली जब ढोल की गूंज के साथ सभी ने भांगड़ा और गिद्दा कर उत्सव का आनंद लिया। बच्चों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और देर रात तक वातावरण आनंद, संगीत और उल्लास से भरा रहा। स्थानीय निवासियों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द को मजबूत करते हैं और आने वाली पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हुए खुशहाल भविष्य की कामना की और कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

# नजफगढ़ का इंतज़ार खत्म : विधायक नीलम कृष्ण पहलवान की पहल पर मुख्यमंत्री स्वयं पहुँचीं नजफगढ़

अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता

**नई दिल्ली** नांगलोई-नजफगढ़ रोड पर ड्रेनेज व सड़क सुदृढ़ीकरण की ऐतिहासिक परियोजना शुरू
नजफगढ़, जिसे वर्षों तक बदहाल सड़कें, उफनते नाले और बरसात में जानलेवा जलभराव की पहचान के तौर पर जाना जाता रहा, अब विकास की नई तस्वीर गढ़ने जा रहा है। यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि इसके पीछे है नजफगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक नीलम कृष्ण पहलवान की निरंतर पहल, ज़मीनी संघर्ष और सरकार के भीतर मजबूत पैरवी।
नांगलोई-नजफगढ़ रोड पर ड्रेनेज की मरम्मत, सुधार और सड़क को मजबूत करने की बहुप्रतीक्षित विकास परियोजना का भव्य शुभारंभ आज किया गया। इस अवसर की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि दिल्ली की मुख्यमंत्री स्वयं नजफगढ़ पहुँचीं, जिससे साफ़ संदेश गया कि नजफगढ़ अब सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल हो चुका है।नजफगढ़ की समस्या, नीलम की आवाज़ नजफगढ़ क्षेत्र हर साल बरसात में सबसे ज्यादा प्रभावित रहता था। सड़कें तालाब बन जाती थीं, ड्रेनेज ओवरफ्लो होकर घरों और बाजारों तक पहुँच जाता था और लोगों को घंटों ट्रैफिक जाम में फँसना पड़ता था।



इन हालात को लेकर विधायक नीलम कृष्ण पहलवान ने बार-बार सरकार के सामने नजफगढ़ की ज़मीनी सच्चाई रखी, संबंधित विभागों के साथ बैठकें कीं और इस सड़क को ÷प्राथमिक परियोजना÷ के तौर पर मंजूरी दिलवाई।

**जब मुख्यमंत्री ज़मीन पर उतरीं**

मुख्यमंत्री का नजफगढ़ आकर इस परियोजना का उद्घाटन करना केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि यह इस बात का संकेत था कि नीलम कृष्ण पहलवान द्वारा उठाए गए मुद्दों को सरकार गंभीरता से ले रही है।कार्यक्रम में माननीय उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की उपस्थिति ने भी परियोजना के महत्व को और मजबूत किया।पूरी सरकार एक मंच पर - नजफगढ़ के लिए इस मौके पर सांसद योगेंद्र चांदोलिया, कमलजीत सहरावत, कैबिनेट सहयोगी प्रवेश साहिब सिंह, डॉ. पंकज सिंह, विधायक नीलम कृष्ण पहलवान, गजेंद्र द्राल, जिला अध्यक्ष राज शर्मा, पार्षद रेखा रानी सहित अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।
इतने बड़े स्तर पर सरकार और प्रशासन की मौजूदगी ने यह स्पष्ट कर दिया कि नजफगढ़ का विकास अब केवल वादों तक सीमित नहीं रहेगा।
परियोजना पूरी होने के बाद नजफगढ़ को मिलेंगी ये ठोस राहतें

**इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूरा होने से-**

बरसात के दौरान पानी की तेज़ और वैज्ञानिक निकासी होगी
जलभराव और ड्रेनेज ओवरफ्लो की समस्या से राहत मिलेगी
सड़क की मजबूती और गुणवत्ता में बड़ा सुधार होगा
रोज़ाना लगने वाले ट्रैफिक जाम से लाखों लोगों को छुटकारा मिलेगा
व्यापार, स्कूल, अस्पताल और दफ्तर आने-जाने में सुविधा होगी जनता बोली - अब दिख रहा है असली काम
स्थानीय निवासियों का कहना है कि नीलम कृष्ण पहलवान ने नजफगढ़ की समस्याओं को सिर्फ बयानबाज़ी तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें सरकार तक मजबूती से पहुँचाया और आज उसी का नतीजा है कि इतनी बड़ी विकास परियोजना ज़मीन पर उतर चुकी है।

**नजफगढ़ अब पीछे नहीं रहेगा**

नांगलोई-नजफगढ़ रोड परियोजना सिर्फ एक सड़क या ड्रेनेज का काम नहीं है, बल्कि यह नजफगढ़ को एक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और आधुनिक क्षेत्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। राजनीतिक जानकारों की मानें तो इस परियोजना के बाद नजफगढ़ के विकास को नई गति मिलेगी और क्षेत्र लंबे समय से चली आ रही बुनियादी समस्याओं से बाहर निकलेगा।
नजफगढ़ का संदेश साफ़ है अब विकास होगा, और ज़मीन पर होगा।

# सूरजकुंड मेले में लगेगा 'अधिकारों का मेला', हालसा का विशेष स्टॉल देगा कानूनी जानकारी : सीजेएम रितु यादव

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फरीदाबाद। दयाराम वशिष्ठ**

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रितु यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सूरजकुंड में सूरजकुंड इंटरनेशनल क्राफ्ट मेला में हालसा (HALSA) का विशेष स्टॉल लगाया जाएगा।
उन्होंने बताया कि इस स्टॉल के माध्यम से मेले में आने वाले आम नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों एवं विभिन्न कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसके साथ-साथ आमजन को कानूनी जागरूकता से संबंधित पुस्तकें एवं सामग्री निःशुल्क वितरित की जाएंगी, ताकि लोग सरल भाषा में कानून को समझ सकें। श्रीमती रितु यादव ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम नागरिक मनोरंजन के साथ-साथ अपने अधिकारों और कानूनों की जानकारी भी प्राप्त कर सकें। इस प्रकार सूरजकुंड मेले में 'अधिकारों का मेला' भी लगाया जाएगा, जिससे कोई भी व्यक्ति अपने कानूनी अधिकारों से वंचित न रह जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कानून की जानकारी प्रत्येक नागरिक के लिए आवश्यक है, ताकि वह न्याय तक अपनी पहुँच बना सके और संविधान द्वारा प्रदत्त न्याय के अधिकार से कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे। सीजेएम रितु यादव ने आमजन से अपील की कि वे सूरजकुंड इंटरनेशनल क्राफ्ट्स मेले में आकर मनोरंजन के साथ-साथ हालसा द्वारा लगाए गए 'अधिकारों के मेले' में भी अवश्य शामिल हों और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनें।



# मक्खन माजरा / रायपुर कलां गौशाला में बीजेपी-शासित प्रशासन की घोर लापरवाही से अनेकों गायों और बछड़ों की मौत : विजयपाल सिंह

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी, चंडीगढ़ के अध्यक्ष विजयपाल सिंह ने रायपुर कलां (मक्खन माजरा क्षेत्र) स्थित गौशाला में बड़ी संख्या में गायों और बछड़ों की मौत पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि जैसे ही उन्हें इस गंभीर घटना की जानकारी मिली, उन्होंने अपने सभी व्यक्तिगत कार्यक्रम तत्काल स्थगित कर दिए। यहां तक कि उनका पूर्व-निर्धारित डॉक्टर अपॉइंटमेंट भी उन्होंने गौ-सेवा को प्राथमिकता देते हुए रद्द कर दिया और तुरंत गौशाला पहुँचे।
गौशाला में मौके पर पहुँचकर उन्होंने देखा कि अब तक अनेकों गायों और बछड़ों की मौत हो चुकी है। कई मृत गायों की आँखें निकली हुई थीं और शरीर के अंग गायब थे, जो न केवल प्रशासन की घोर लापरवाही बल्कि अमानवीय संवेदनहीनता को भी उजागर करता है।
इस दौरान आम आदमी पार्टी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नेता भी मौके पर पहुँचे, जिनमें एससी सेल के प्रधान देसराज सनावर, विजय, माइनॉरिटी सेल से शादाब राठी, पार्षद प्रेमलता, तथा वार्ड 8 से सतपाल जी शामिल थे। गौशाला परिसर में बीजेपी मेयर और बीजेपी-शासित प्रशासन के खिलाफ ज़ोरदार नारेबाज़ी की गई
'बीजेपी मेयर मुर्दाबाद', 'बीजेपी प्रशासन मुर्दाबाद'।
सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि विजयपाल सिंह तीन घंटे से अधिक समय तक गौशाला में मौजूद रहे, लेकिन बार-बार आग्रह करने के बावजूद एक भी पशु चिकित्सक गायों की स्थिति देखने नहीं पहुँचा। उन्होंने बताया कि यह दृश्य उनके लिए बेहद पीड़ादायक था, जब मृत गायों को क्रेन से उठाकर बड़े गड्ढों में डाला जा रहा था।
उन्होंने यह भी खुलासा किया कि गौशाला में विशेष सैनिटेशन प्लांट, जो गैस से संचालित होता है और हाल ही में नया लगाया गया था, वह भी खराब पड़ा है। इतना ही नहीं, उससे जुड़े गैस सिलेंडर तक बाहर बेच दिए गए, और ज्ञात हुआ की 27 गौ सेवाकों की भर्तीयां हुई थीं, वे सब कहाँ थे या सिर्फ कागज़ पर ही थे? जो खुले भ्रष्टाचार और घोर लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण है।
विजयपाल सिंह ने याद दिलाया कि मालोया में कुछ समय पहले 8 गौ-माताओं की मौत बिजली का करंट लगने से हुई थी, लेकिन उस घटना से भी प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया, जिसका नतीजा आज इतनी बड़ी त्रासदी के रूप में सामने है।
उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी मेयर हरप्रीत कौर बबला घटना स्थल से भागती हुई नजर आईं और इतनी बड़ी घटना की जिम्मेदारी लेने के बजाय भीड़ से बचती दिखीं। उन्होंने कहा कि जब इतनी बड़ी संख्या में गायों की मौत हुई, तो जिम्मेदारी लेने की बात तो दूर, प्रशासन ने संवेदनशीलता तक नहीं दिखाई।
विजयपाल सिंह ने गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि यह घटना पूरी रात चलती रही, फिर भी किसी अधिकारी को इसकी भनक कैसे नहीं लगी?
गौशाला के सीसीटीवी कैमरे कहाँ थे?
रात की ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मी कहाँ थे?
उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह कोई साधारण चूक नहीं, बल्कि पूरी सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी की पूर्ण विफलता है।
बीजेपी सरकार पर सीधा हमला करते हुए उन्होंने कहा कि यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि गौ-सेवा के नाम पर जनता के पैसों का खुला घोटाला है।
उन्होंने कहा कि मनिमाजरा 24×7 पानी परियोजना, मनिमाजरा ज़मीन घोटाला और अब गौशाला कांड यह सब साबित करता है कि बीजेपी की यह सरकार घोटालों की सरकार बन चुकी है और यह चंडीगढ़ की अब तक की सबसे भ्रष्ट बीजेपी-मेयर सरकार है।
उन्होंने याद दिलाया कि रायपुर कलां गौशाला का उद्घाटन मई 2023 में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा किया गया था, और इसे मॉडल गौशाला के रूप में प्रचारित किया गया था। जिस गौशाला की क्षमता लगभग 1,000 गायों की है और जिस पर रू.6.4 करोड़ खर्च किए गए, वही गौशाला आज त्रासदी का प्रतीक बन चुकी है।
काऊ सेस (गौ-कल्याण कर) को लेकर भी उन्होंने गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में नगर निगम द्वारा लगभग रू.20.25 करोड़ काऊ सेस वसूला गया, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह लगभग रू.2.89 करोड़ रहने का अनुमान है, वहीं वार्षिक गौ-कल्याण खर्च करीब रू.12.64 करोड़ बताया जाता है।
उन्होंने पूछा कि जब गौ-सेवा के नाम पर इतने करोड़ रुपये वसूले गए, तो वह पैसा गया कहाँ? क्योंकि ज़मीन पर न तो पर्याप्त चारा दिखा, न चिकित्सा व्यवस्था और न ही निगरानी बल्कि केवल गायों की लाशें दिखाई दीं, जो सिस्टम की पूरी विफलता का प्रमाण हैं।
विजयपाल सिंह ने बीजेपी और उसके स्थानीय नेताओं पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि गौ-सेवा के नाम पर केवल दिखावा और राजनीति की गई, जबकि वास्तविकता में गायें भूख, बीमारी और लापरवाही से मरती रहीं। आम आदमी पार्टी की मांग है कि इस पूरे मामले की तत्काल स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच हो, काऊ सेस और गौशाला परियोजना का पूर्ण ऑडिट सार्वजनिक किया जाए और जिन अधिकारियों व एजेंसियों की लापरवाही से इतनी बड़ी संख्या में गायों की मौत हुई, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए।
विजयपाल सिंह ने तीखे शब्दों में कहा
'बीजेपी के नेता म्युनिसिपल हाउस में वंदे मातरम् गाते हैं,
लेकिन उसी वंदे मातरम् के नाम पर चंडीगढ़ की ज़मीन का कूड़ा टिपरों में भर-भर कर पंजाब में फेंका जा रहा है।
ये वही बीजेपी है,
जो वंदे मातरम् का नारा भी चुराती है,
ज़मीन का कूड़ा भी चुराती है,
गौ-माताओं की जान भी लेती है
और गौ-माता के चारे तक की चोरी करती है।
बीजेपी के लिए वंदे मातरम् सिर्फ़ नारा है,
गौ-सेवा सिर्फ़ दिखावा है, और जनता का पैसा सिर्फ़ लूट का साधन।
यह सरकार वंदे मातरम्, कूड़ा, गौ-हत्या और गौ-चारे
हर चीज़ में चोरी की सरकार बन चुकी है।'
उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने तुरंत ठोस कदम नहीं उठाए, तो यह मुद्दा सड़क से लेकर और अदालत तक उठाया जाएगा।
उन्होंने कहा - 'गायें चुप नहीं रह सकतीं, और आम आदमी पार्टी उनकी आवाज़ बनेगी।'

# विराट कोहली की बादशाहत फिर कायम, आईसीसी रैंकिंग में एक बार फिर बने नंबर 1

**राजकोट (एजेंसी)।** वनडे क्रिकेट में विराट कोहली की शानदार फॉर्म ने उन्हें जुलाई 2021 के बाद पहली बार आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया है। कोहली ने रविवार को वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में भारत की जीत की नींव रखते हुए 91 गेंदों पर 93 रनों की तूफानी पारी खेली और अपने साथी खिलाड़ी रोहित शर्मा को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान पर पुनः कब्जा जमा लिया।

जुलाई 2021 के बाद यह पहली बार है जब दिग्गज क्रिकेटर ने वनडे रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल किया है। कोहली पहली बार अक्टूबर 2013 में शीर्ष पर पहुंचे थे और आईसीसी की वेबसाइट के अनुसार, अब यह उनका 11वां कार्यकाल है। अब तक, उन्होंने शीर्ष पर कुल 825 दिन बिताए हैं - जो किसी भी खिलाड़ी द्वारा कुल मिलाकर 10वां सबसे अधिक और किसी भारतीय द्वारा सबसे अधिक है। विराट कोहली पिछले साल अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत वनडे श्रृंखला के आखिरी मैच के बाद से शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने अपने पिछले सभी सात 50 ओवर के मैचों में पचास से अधिक का स्कोर बनाया है। उनकी पिछली सात पारियों के स्कोर इस प्रकार हैं:- 93, 77 (विजय हजारे ट्रॉफी), 131 (विजय हजारे ट्रॉफी), 65, 102, 135 और 74।

2025 में, कोहली ने 13 वनडे मैचों में 65.10 के शानदार औसत से 651 रन बनाए और कैलेंडर वर्ष में भारत के सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में उभरे। अपने शानदार करियर में कोहली ने 11वीं बार आईसीसी पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इस प्रारूप में उनका प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा है। पिछले साल अक्टूबर में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद, कोहली ने सिडनी में 74 रनों की शानदार पारी खेलकर भारत को वनडे सीरीज में सांत्वनापूर्ण जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। घरेलू मैदान पर वापसी करते हुए, उन्होंने नवंबर-दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में 135, 102 और नाबाद 65 रन बनाए।



# इंडिया ओपन 2026: पीवी सिंधू पहले दौर में बाहर, वियतनाम की एनगुएन से मिली शिकस्त



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में घरेलू दर्शकों के सामने निराशा हाथ लगी। महिला एकल के पहले दौर में सिंधू ने दमदार शुरुआत करते हुए पहला गेम जरूर जीता, लेकिन इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सकीं और वियतनाम की थुई लिन एनगुएन के खिलाफ कड़े मुकाबले में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी और 2017 की इंडिया ओपन चैंपियन सिंधू को 1 घंटे 8 मिनट तक चले इस मुकाबले में 22-20, 12-21, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। मुकाबले के पहले गेम में सिंधू ने अनुभव का फायदा उठाया, लेकिन दूसरे और तीसरे गेम में एनगुएन ने बेहतर फिटनेस और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया।

यह हार सिंधू के लिए इसलिए भी चौंकाने वाली रही, क्योंकि वह पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 में सेमीफाइनल तक का सफर तय कर शानदार फॉर्म में नजर आ रही थीं। घरेलू कोर्ट पर उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन दबाव के क्षणों में वह बढ़त को भुना नहीं सकीं।

वहीं, विश्व रैंकिंग में 23वें स्थान पर काबिज थुई लिन एनगुएन ने इस जीत के साथ टूर्नामेंट में मजबूत दावेदारी पेश की और अगले दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। सिंधू की जल्दी विदाई से भारतीय प्रशंसकों को बड़ा झटका लगा है।

# डब्ल्यूपीएल में हरमनप्रीत के अर्धशतक से मुम्बई ने गुजरात जायंट्स को हराया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कप्तान हरमनप्रीत कौर के शानदार अर्धशतक से मुंबई इंडियंस ने यहां महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट (डब्ल्यूपीएल) के मैच में गुजरात जायंट्स को सात विकेट से हरा दिया। इस मैच में हरमनप्रीत ने 71 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलायी और वह अंत तक आउट नहीं। भारती फुलमाली 36 और जॉर्जिया वेयरहैम के 43 रनों की सहायता से गुजरात जाइंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 192 रन बनाए। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य की शुरुआत करते हुए मुम्बई इंडियंस की ओर से हरमनप्रीत ने तेजी से खेलते हुए 33 गेंद में ही अपने 50 रन पूरे कर लिए। हरमनप्रीत ने इसी के साथ ही डब्लयूपीएल में अपना 10 वां शतक लगाया। वहीं हरमनप्रीत के इस लीग में एक हजार रन भी पूरे हो गये हैं। उन्होंने 43 गेंद में सात चौकों और दो छक्के लगाकर 71 रन भी बनाये। वहीं मुंबई के दो विकेट पावरप्ले में ही 37 रन पर गिर गए।

दोनों के बीच 43 गेंद में 84 रन की साझेदारी भी हुई। मुंबई ने इस मैच में चार गेंद शेष रहते जीत दर्ज की। मुंबई के दो विकेट पावरप्ले के अंदर ही 37 रन पर गिर गए थे। इसके बाद हरमनप्रीत ने अमनजोत कौर के साथ 44 गेंद में 72 रन की साझेदारी कर टीम को आगे बढ़ाया। अमनजोत 40 रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद निकोल कैरी ने तेजी से छह चौके लगाकर 22 गेंद में नाबाद 37 रन बनाकर टीम को लक्ष्य की ओर बढ़ाया। निकोल और हरमनप्रीत के बीच 43 गेंद में 84 रन की साझेदारी हुई जिससे टीम ने आसानी से जीत हासिल कर ली।

# डेथ ओवरों में केएल राहुल साबित कर रहे हैं अपना दबदबा

**मुंबई (एजेंसी)।** राजकोट -वनडे इंटरनेशनल में केएल राहुल की असली वैल्यू अब पारी के आखिरी फेज में महसूस की जा रही है, और बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ उनका नाबाद शतक इस बात का एक और सबूत था कि जब प्रेशर सबसे ज़्यादा होता है, तो वह कितने निर्णायक बन जाते हैं।

राहुल ने यहां निरंजन शाह स्टेडियम में बिना किसी जल्दबाजी के 112 रन बनाकर अपना आठवां वनडे शतक पूरा किया, और एक बार फिर सबसे मुश्किल समय में टीम को संभाला। यह मील का पत्थर शानदार तरीके से हासिल हुआ, जब काइल जैमीसन ने राहुल के पैड्स पर फुल टॉस फेंकी, जिसे दाएं हाथ के बल्लेबाज ने शांति से आगे बढ़कर लॉन्ग-ऑन के ऊपर से छक्के के लिए भेज दिया। हेलमेट उतारकर और बल्ला उठाकर, राहुल ने शांत आत्मविश्वास के साथ इस पल का जश्न मनाया।



भारत 118 रन पर 4 विकेट गंवाकर कुछ मुश्किल में था, लेकिन राहुल की मौजूदगी से तुरंत स्थिरता आई। उन्होंने शुरुआत में तेजी लाने की जल्दबाजी नहीं की, गैप्स का फायदा उठाया और तेजी लाने के लिए सही पलों का इंतजार किया, पारी को आगे बढ़ाया और आखिरी ओवरों में कमान संभाली। उनका हालिया प्रदर्शन इस फिनिशिंग रोल को दिखाता है। राहुल के पिछले चार वनडे स्कोर अब 60, 66 नाबाद, 29 नाबाद और 112 नाबाद हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ उनके आंकड़े और भी प्रभावशाली हैं। उन्होंने 10 पारियों में 93.8 की औसत और 111.13 के स्ट्राइक रेट से 469 रन बनाए जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है, बुधवार का नाबाद 112 उनका सर्वोच्च स्कोर है। इसका असर डेथ ओवरों में सबसे साफ दिखता है। 2025 से राहुल ने फुल मेंबर टीमों में ओवर 41 से 50 के बीच सबसे ज़्यादा वनडे रन बनाए हैं, 140.09 के स्ट्राइक रेट से 283 रन बनाए हैं।

वह एक ऐसी लिस्ट में सबसे ऊपर हैं जिसमें ग्लेन फिलिप्स (244 रन), जनिथ लियानागे (201), जस्टिन ग्रीव्स (194) और कॉर्बिन बॉश (162) शामिल हैं, जो पारी के आखिर में उनकी बढ़ती अथॉरिटी को दिखाता है। जैसे-जैसे मैच आखिरी 10 ओवरों में तय हो रहे हैं, राहुल की शांति और फिनिशिंग क्षमता उन्हें चुपचाप भारत के सबसे वैल्यूएबल वनडे बल्लेबाजों में से एक बना रही है।

# रोहित ने एकदिवसीय में अपने 7,000 रन पूर किये

राजकोट ।भारतीय क्रिकेट के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में अपनी 24 रनों की पारी के दौरान ही एक अहम रिकार्ड भी अपने नाम किया। रोहित ने इस मैच में अपने 7000 रन पूरे कर लिए। रोहित ने इस मैच के साथ ही एशिया में 7,000 एकदिवसीय रन पूरे कर लिए। इसके साथ ही वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाले सातवें बल्लेबाज़ बन गए। इस खास क्लब में पहले से सचिन तेंदुलकर, महेन्द्र सिंह धोनी, विराट कोहली और श्रीलंका के कुछ दिग्गज बल्लेबाज़ शामिल हैं। रोहित ने साल 2007 में आयरलैंड दौरे पर भारत के लिए अपना एकदिवसीय डेब्यू किया था। तब से लेकर अब तक वह 281 एकदिवसीय मैचों में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग भूमिकाओं में अपने को साबित किया। रोहित ने अब तक एशिया में 165 एकदिवसीयमुकाबले खेले हैं। इनमें भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, यूएई और पाकिस्तान में खेले गए मैच शामिल हैं। खास बात यह है कि इनमें से 99 मैच उन्होंने घरेलू मैदान पर खेले हैं, जहां उनका औसत 56.85 का रहा है और उन्होंने 5,000 से अधिक रन बनाए हैं।



# ग्रीजमैन के गोल से कोपा डेल रे के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा एटलेटिको मैड्रिड

मैड्रिड ।एंटोनी ग्रिजमैन ने फ्री किक पर दर्शनीय गोल किया जिससे एटलेटिको मैड्रिड ने डेपोर्टिवो ला कोरुना को 1-0 से पराजित करके कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। ग्रीजमैन ने 61वें मिनट में बाएं पैर से करारा शॉट लगाकर यह गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इस तरह से 34 वर्षीय ग्रीजमैन ने पिछले छह मैचों में पांचवां गोल दागा। एटलेटिको मैड्रिड की टीम सऊदी अरब में खेले गए स्पेनिश सुपर कप के सेमीफाइनल में रियाल मैड्रिड से 1-2 से हार गई थी। कोपा डेल रे के अन्य मैचों में रियाल सोसिदाद ने ओसासुना को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। मैच नियमित समय और अतिरिक्त समय में 2-2 से बराबर रहा था। एथलेटिक बिलबाओ ने दूसरी डिवीजन की टीम कल्चरल लियोनेसा को 4-3 से हराया।



# विराट जब तक खेल का आनंद लेते हुए रन बना रहे हैं तब तक खेलेंगे : रमन



नई दिल्ली ।पूर्व क्रिकेटर डब्ल्यूवी रमन ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाज विराट तब तक खेलते रहेंगे जब वह खेल का आनंद लेते हुए अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। रमन ने कहा कि विराट में खेल के प्रति जुनून होने के साथ ही उसके प्रति प्रतिबद्धता भी अटूट है। 36 साल की उम्र में भी वह फिट है और लगातार रन बना रहे हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय में 93 रनों की पारी खेलकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। विराट अब केवल एकदिवसीय क्रिकेट ही खेलते हैं। रमन ने कहा, ऐसे क्रिकेटर आमतौर पर खेलने का फैसला इस आधार पर फैसले लेते हैं कि सुबह उठने पर उन्हें कैसा महसूस होता है। ऐस में वह तब तक खेलते रहेंगे जब तक खेल का मजा लेते हुए रन बनाते रहेंगे। वहीं जब तक वह अपने नाम के अनुसार खेल नहीं पायेंगे तो संन्यास में देर नहीं करेंगे। विराट ने अब तक 557 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 52.66 के औसत से 84 शतक और 146 अर्धशतक लगाये हैं। रमन ने कहा कि अपनी प्रदर्शन से वह आलोचकों को चुप कराते रहते हैं और संदेश देते हैं कि खेल से केवल अपनी शर्तों पर ही हटेंगे। उन्होंने साथ ही कहा, कोहली अपने आलोचकों को संदेश दे रहे हैं कि वह आने वाले समय में टिके रहेंगे और जब उन्हें ठीक नहीं लगेगा, तभी स्टेज छोड़ेंगे। और यह बिल्कुल सही भी है।

# पाक मूल के चार अमेरिकी खिलाड़ियों को अब तक नहीं मिला टी20 विश्वकप के लिए वीजा

**मुम्बई (एजेंसी)।** अमेरिकी क्रिकेट टीम में शामिल पाकिस्तानी मूल के चार खिलाड़ियों को अभी तक वीजा नहीं मिला है। ऐसे में इनके अगले माह भारत और श्रीलंका में संयुक्त रुप से होने वाले टी20 विश्वकप में खेलने पर संशय बना हुआ है। पाक मूल के अमेरिकी तेज गेंदबाज अली खान ने सोशल मीडिया में कहा है कि भारत ने उनका वीजा आवेदन खारिज कर दिया गया है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के चार खिलाड़ियों के वीजा आवेदन अभी भी पूरे नहीं हुए हैं। इससे टूर्नामेंट की तैयारियों को लेकर अनिश्चितता और बढ़ गई है। इससे पहले भी टीमों की यात्रा और मेजबानी को लेकर परेशानियां आयीं थीं।

अमेरिका की टीम के चार खिलाड़ी अली खान, शयान जहांगीर, मोहम्मद मोहसिन और एहसान आदिल अभी तक वीजा मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। ये सभी खिलाड़ी पाक मूल के हैं। ये खिलाड़ी अभी विश्वकप की तैयारी के लिए अमेरिका टीम के साथ श्रीलंका दौर पर हैं। इन खिलाड़ियों ने कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग में वीजा के लिए आवेदन किया पर अभी तक इन्हें वीजा नहीं मिला है। कहा जा रहा है कि इस आवेदन की अभी समीक्षा हो रही है। ।

वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के एक अधिकारी के अनुसार, खिलाड़ियों से पहले सभी जरूरी दस्तावेज जमा कर दिए थे। इस मामले में कुछ जरूरी सूचनाएं मिल चुकी हैं, जबकि कुछ जानकारी अभी भारत के विदेश मंत्रालय से आनी बाकी है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही खिलाड़ियों से आगे संपर्क किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों के वीजा आवेदन भारतीय सरकार के नियमों के तहत 'विशेष श्रेणी' में आते हैं। उन्होंने साफ किया कि यह अतिरिक्त जांच किसी खिलाड़ी, टीम या टूर्नामेंट के खिलाफ नहीं होती, बल्कि यह तय नियमों के अनुसार की जाती है।



गौरतलब है कि पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों को भारत आने में वीजा देरी का सामना करना पड़ा है, चाहे वे किसी भी देश की टीम से खेलते हों।

# ब्रैंडन किंग की कपतानी में अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में उतरेगी वेस्टइंडीज

**जमैका (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए वाले ब्रैंडन किंग की कप्तानी में अपनी टीम घोषित कर दी है। इस टीम में युवा क्वेंटिन सैम्पसन को पहली बार शामिल किया गया है। ये सीरीज 9 से 22 जनवरी तक दुबई में खेली जाएगी। नियमित कप्तान शाई होप के नहीं होने से ब्रैंडन को कप्तानी मिली है। होप अभी एस20 में व्यसत हैं। होप के अलावा रोस्टन चेज, अकील हुसैन और शेरफेन रदरफोर्ड भी टीम में नहीं हैं। 25 वर्षीय गयाना अमेजन वॉरियर्स के बल्लेबाज सैम्पसन कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 के बेहतरीन खिलाडियों में से एक थे, उन्होंने नौ मैचों में 151.57 के स्ट्राइक रेट से 241 रन बनाए थे। शमर जोसेफ और एविन लुईस भी टीम में वापस आ गए हैं, पिछली सीरीज में लगी चोटों से उबरने के बाद उन्हें खेलने की मंजूरी मिल गई है।



अल्जारी जोसेफ, जो पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण भारत में टेस्ट सीरीज से बाहर थे, उन्हें रिहैबिलिटेशन में प्रगति के बावजूद टीम में शामिल नहीं किया गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा कि यह फैसला मेडिकल जांच के बाद लिया गया है, तेज गेंदबाज को टी20 विश्व कप के लिए संभावित चयन से पहले निगरानी में रखा जाएगा। वहीं काम का बोझ कम करने के लिए वकलोंड मैनेजमेंट के तहत रोवमैन पॉवेल को जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड के साथ सीरीज से आराम दिया गया है। मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा कि अफगानिस्तान सीरीज भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**टी20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम**

ब्रैंडन किंग (कप्तान), एलिक अथानाज़े, केसी कार्टर, जॉनसन चार्ल्स, मैथ्यू फोर्डे, जस्टिन ग्रीव्स, शिमरोन हेटमायर, आमिर जांगू, शमर जोसेफ, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, खैरी पियरे, क्वेंटिन सैम्पसन, जेडन सील्स, रेमन सिमंड्स, शमर स्प्रिंगर।

# एशियन गेम्स 2026 मुकाबले 19 सितंबर से शुरु होंगे

नई दिल्ली ।जापान में होने वाले आइची-नागोया एशियन गेम्स क्रिकेट 2026 मुकाबलों का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। ये मुकाबले 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक चलेंगे हालांकि क्रिकेट सहित कई अन्य मुकाबले 17 सितंबर से 3 अक्टूबर के बीच खेले जाएंगे। इसमें क्रिकेट के मुकाबले टी20 प्रारुप में खेले जाएंगे। इसमें पुरुष और महिला दोनों ही टीमों के बीच मुकाबले होंगे। ये सभी मुकाबले आइची प्रीफेक्चर के कोरोजी एथलेटिक पार्क में आयोजित किये जाएंगे। इसमें महिला वर्ग के मुकाबले 17 सितंबर से शुरू हो जाएंगे। इसके पदक मुकाबले 22 सितंबर से शुरू होंगे। इसमें क्वार्टर फाइनल से ही आठ टीमें सीधे ही नॉकआउट प्रारुप में उतरेंगी। इसमें भारतीय टीम मौजूदा चैंपियन होने के कारण अपने खिताब को बचाने उतरेगी। पुरुष टीम का क्रिकेट मुकाबला 24 सितंबर जबकि पदक मुकाबले 3 अक्टूबर से होंगे। इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें शामिल होंगी। शीर्ष चार टीमें सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी जबकि शेष छह टीमें बाकी चार जगहों के लिए मुकाबले खेलेंगी। इस दौरान सभी मैच डबल-हेडर (एक ही दिन में दो मैच होंगे। ये मैच भारतीय समय के मुताबिक सुबह 5:30 बजे और सुबह 10:30 बजे शुरू होंगे। महिला क्रिकेट टूर्नामेंट 17 सितंबर से शुरू होगा। इसमें 8 टीमें हिस्सा लेंगी और मुकाबले नॉकआउट प्रारुप में खेले जाएंगे। भारत इस प्रतियोगिता में मौजूदा चैम्पियन के तौर पर उतरेगा, उसने 2023 के फाइनल में श्रीलंका को हराकर स्वर्ण पदक जीता था।



# पूर्व पाक क्रिकेटर अजमल ने आईसीसी पर निशाना साधा : बीसीसीआई के दबाव में फैसले लेने का आरोप लगाया

कराची ।पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर सईद अजमल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पर जमकर निशाना साधा है। अजमल ने कहा है कि अगर आईसीसी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के दबाव में फैसले लेती है तो उसका रहने का कोई मतलब नहीं है। अजमल ने कहा, 'अगर आईसीसी विश्व क्रिकेट के हित में निष्पक्ष तरीके से फैसला नहीं कर सकती है तो उसे अपना कामकाज बंद कर देना चाहिए। अजमल ने कहा कि आज अधिकतर टेस्ट खेलने वाले देशों का मानना है कि विश्व क्रिकेट में भारतीय बोर्ड का दबदबा है और आईसीसी भी उसकी बात नहीं टाल पाता पर कोई भी खुलकर ये बात नहीं कहता है। उन्होंने कहा कि भारत का आईसीसी प्रतियोगिताओं में भी पाकिस्तान में खेलने से इनकार करना साबित करता है कि उसपर विश्व संस्था का कोई दबाव नहीं चल पाता है। आईसीसी एक प्रकार से बीसीसीसीआई के आधीन नजर आता है। अजमल के अनुसा भारतीय टीम बिता किसी ठोस कारण के पाकिस्तान में खेलने से इंकार कर देती है और आईसीसी इसे मान लेती है। इसका एक कारण ये भी है कि अब इसमें आईसीसी चेयरमैन सहित अधिकतर भारतीय शामिल हैं। गौरतलब है कि भारतीय टीम सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान की यात्रा नहीं करती है। भारत सरकार का मानना है कि जब तक पाक आतंक वाद को समर्थन देता रहेगा उससे खेला नहीं जा सकता है। केवल आईसीसी टूर्नामेंटों में ही भारतीय टीम पाक से खेलती है। इससे पहले भी पाक के कई क्रिकेटरों ने भारतीय टीम के पाकिस्तान दौरे पर नहीं आने की आलोचना करते हुए कहा है कि खेल को राजनीति से अलग रखा जाना चाहिये।



# किदांबी श्रीकांत ने किया इंडिया ओपन का बचाव, हर देश में कोई ना कोई कमी होती है

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को कहा कि उन्हें इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेलने की स्थितियों में कुछ भी गलत नहीं लगा और हर मेजबान देश में कोई ना कोई कमी होती ही है। भारत के दिग्गज खिलाड़ी श्रीकांत ने साथ की कहा कि ऐसी चुनौतियां खेल का हिस्सा हैं और यह किसी एक मेजबान देश तक सीमित नहीं हैं और प्रत्येक मेजबान स्थल पर कमियां नजर आती हैं।

डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट ने मंगलवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर की सुविधाओं और आसपास के माहौल की आलोचना करते हुए उन्हें गंदा और स्वास्थ्य के लिए खराब बताया था। उन्होंने साथ ही विश्व बैडमिंटन महासंघ से इस साल अगस्त में इसी स्थल पर होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले दखल देने का आग्रह किया था। हमवतन थारुन मन्नेपल्ली को पहले दौर के कड़े मुकाबले में हराने के बाद 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने कहा कि उन्हें यह बात समझ ही नहीं आ रही कि मेजबान स्थल की आलोचना क्यों हो रही है। श्रीकांत ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों हो रहा है क्योंकि हर देश की अपनी परिस्थितियां होती हैं। सिंगापुर में बहुत अधिक ड्रिफ्ट होता है और मलेशिया में शायद इसकी तुलना में थोड़ा कम। इंडोनेशिया में नवीनीकरण से पहले शटल काफी तेज जाती थी। हर देश की अपनी चुनौती होती है।'



ब्लिचफेल्ट की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर श्रीकांत ने कहा कि उन्होंने उनका बयान विस्तार से नहीं पढ़ा है लेकिन उन्हें नहीं लगता है कि हालात अस्वीकार्य नहीं थे। श्रीकांत ने कहा, 'सच कहूं तो मुझे नहीं पता कि उन्होंने क्या कहा है। लेकिन मुझे लगता है कि परिस्थितियां ठीक हैं। मैंने कोई बुरी चीज होते हुए नहीं देखी। उन्होंने कहा, '2016 या 2017 में मुझे डेनमार्क में अपने मैच के बीच में लगभग एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा था क्योंकि बत्ती गुल हो गई थी।' श्रीकांत ने एचएस प्रणय से जुड़े एक मामले का भी जिक्र किया जिन्हें दो दिन में एक मैच पूरा करना पड़ा था। उन्होंने कहा, 'एक बार प्रणय मुझे बता रहे थे कि उन्हें अपना मैच अगले दिन खेलना पड़ा। उन्होंने पहले दिन एक गेम खेला और फिर अगले दिन दूसरा गेम।'

श्रीकांत ने कहा, 'ये चीजें हो जाती हैं, कोई जानबूझकर ऐसा नहीं करता। हर देश इसे बहुत अच्छे से करना चाहता है। ऐसी चीजें बहुत कम होती हैं और मुझे नहीं पता कि हर कोई इसके बारे में शिकायत क्यों कर रहा है।' ब्लिचफेल्ट ने कहा था कि मुकाबले का आयोजन कर रहे कोर्ट पर परिस्थितियां संतोषजनक थी लेकिन कुल मिलाकर हालात चिंताजनक हैं।